3 राजधानी
चलेंगी कई विशेष ट्रेनें

6 अभिमत
व्यापार व आपूर्ति में नई तकनीक

10 स्पोर्ट्स
चोटों से घिरी भारतीय टीम अभ्यास में जुटी

11 विदेश
चीन के खिलाफ शक्ति संतुलन बनाएगा मजबूत भारत

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 85
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 14 जनवरी, 2021
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com



अच्छी स्क्रिप्ट मुश्किल से हाथ आती है: काजोल
विविध-12

# देशभर में पहुंचाई गई टीके की खेप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**टीकाकरण की तैयारी**


● केंद्र ने पहले कुछ दिनों के लिए टीकाकरण स्थल को घटाया, ग्रामीण इलाकों में कोल्ड चेन सप्लाई बड़ी चुनौती

● सीरम इंस्टीट्यूट ने कोविशील्ड की 56 लाख डोज 13 शहरों में पहुंचाई, भारत बायोटेक का टीका 11 शहरों को भेजा

**गोवा** से मेघालय और जम्मू-कश्मीर से दक्षिण में केरल तक कोविड-19 का टीका के देश के हर हिस्से में पहुंचाया जा रहा। टीकाकरण अभियान शनिवार से शुरू होगा। वहीं सरकार ने बुधवार को तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए पूर्व में तय किए गए 4,895 अभियान स्थलों को घटाकर तकरीबन आधा कर दिया है। इसका आशय यह हुआ किया पहले किए गए फैसले विपरीत कम से कम से पहले कुछ दिनों तक कुछ ही स्थानों पर और कुछ ही लोगों का टीकाकरण होगा।

इससे पहले सरकारी अस्पतालों के जरिये देशभर में 4,895 स्थानों पर टीकाकरण होना निर्धारित था। सूत्रों ने कहा कि इन संख्या को तकरीबन आधा कर दिया गया है। उदाहरण के लिए पहले दिन पंजाब में इसकी संख्या घटाकर 110 से 59 जबकि असम से 74 से घटाकर 59 करने को कहा गया है। अनिवार्य कोल्ड चेन सप्लाई एक बड़ी चुनौती है खासतौर पर ग्रामीण इलाकों में।

महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने बताया कि केन्द्र ने राज्य से टीकाकरण केन्द्रों की संख्या 511 से घटा कर 350 करने की ताकीद की है और कहा है कि सरकार को अन्य आपात स्थितियों पर भी नजर रखनी चाहिए। बहरहाल टीकाकरण अभियान अब जोर पकड़ रहा है। बुधवार को विमानों के जरिये देश भर में विभिन्न हवाईअड्डों पर टीके की खेप पहुंचाई गई, जहां से ये छोटे शहरों को भेजी गईं। देशभर में 16 जनवरी से टीकाकरण अभियान शुरू होने जा रहा है। जम्मू कश्मीर से कन्याकुमारी तक और असम से गोवा तक, सहित देश के कोने-कोने तक कोविड-19 के टीके की खुराक सावधानीपूर्वक और तेज गति से पहुंचाई गयी। एक दिन पहले ही, मंगलवार को ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका के कोविशील्ड टीके की पहली खेप पुणे के सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) विनिर्माण केंद्र से रवाना की गई थी।



भोपाल में कोरोना टीके की पहली खेप पहुंचने पर उसे सुरक्षित स्थान पर ले जाते कर्मचारी

एसआईआई ने कोविशील्ड की करीब 56 लाख खुराक भेजी है, वहीं हैदराबाद स्थित भारत बायोटेक ने कहा कि उसने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईसीएमआर) और राष्ट्रीय विषाणुविज्ञान संस्थान के सहयोग से स्वेदश विकसित टीके कोवैक्सीन को 11 शहरों में भेजा है। उसने केंद्र को 16.5 लाख खुराक दान में देने की बात कही है। भारत बायोटेक ने बुधवार को एक बयान में कहा, 'सरकार से 55 लाख खुराक के लिए खरीद का आर्डर प्राप्त होने के बाद, कंपनी ने टीके की प्रथम खेप (प्रत्येक शीशी में 20 डोज है) रवाना की।' भारत बायोटक ने कहा कि टीके की खेप गणवरम (आंध्र प्रदेश), गुवाहाटी, पटना, दिल्ली, कुरूक्षेत्र, बेंगलुरु, पुणे, भुवनेश्वर, जयपुर, चेन्नई और लखनऊ भेजी गई। शनिवार से शुरू होने जा रहे देशव्यापी टीकाकरण अभियान के मद्देनजर टीके की शीशी के गंतव्य स्थानों तक पहुंचना शुरू होने के साथ, राज्यों ने अपनी योजनाओं को सुदृढ़ करना शुरू कर दिया है। वे साजो-सामान के विवरण को भी अंतिम रूप देने में जुट गये हैं। दिल्ली में 89 केंद्रों पर टीकाकरण अभियान शुरू होगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अगर केंद्र सरकार लोगों को कोरोना वायरस का टीका नि:शुल्क उपलब्ध कराने में नाकाम रहती है, तो दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी के निवासियों को मुफ्त में इसे उपलब्ध कराएगी। मध्यप्रदेश में कोविड-19 टीकाकरण अभियान के लिये टीकों की पहली खेप बुधवार को भोपाल के राजा भोज विमान तल (हवाईअड्डे) पर पहुंची। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग के एक अधिकारी ने बताया 'मध्यप्रदेश के लिए 94 हजार कोविड-19 टीकों की पहली खेप बुधवार सुबह करीब 11 बजे मुंबई से निर्धारित उड़ान के माध्यम से यहां लाया गया।' अधिकारी ने बताया कि इसके बाद इन टीकों को राजकीय टीका केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने इंतजामों का निरीक्षण किया।

अधिकारी ने कहा कि इन टीकों को अधिकारियों की निगरानी में भोपाल से संभाग के आठ जिलों में भेजा जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि 16 जनवरी से शुरू हो रहे टीकाकरण के पहले चरण में मध्यप्रदेश में करीब पांच लाख लोगों को टीके लगाए जाएंगे। केरल में भी कोविशील्ड टीके की पहली खेप बुधवार सुबह पहुंच गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुणे स्थित एसआईआई से कोविशील्ड टीके की पहली खेप कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंची। उन्होंने कहा कि एर्नाकुलम और कोझिकोड के लिए टीका लाने वाली गो एयर की उड़ान सुबह 10.35 बजे हवाई अड्डा पर उतरी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के सूत्रों ने बताया कि टीके की 4.33 लाख डोज में से ( शेष पेज 9 )

**स्वदेशी को बढ़ावा**

## एचएएल से खरीदे जाएंगे 83 तेजस लड़ाकू विमान



फाइल फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने 48,000 करोड़ रुपये के सौदे को दी मंजूरी

**सरकार** ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से 83 तेजस हल्के लड़ाकू विमान खरीदने के लिए 48,000 करोड़ रुपये के सौदे को मंजूरी दे दी है। रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में स्वदेशीकरण अभियान को बढ़ावा देने के लिए एचएएल को यह ऑर्डर देने जैसा बड़ा कदम उठाया गया है।

बेडे में इन विमानों के शामिल होने से भारतीय वायुसेना को बल के आधुनिकीकरण के प्रयासों और अपनी घटती हुई लड़ाकू जेट क्षमता को बढ़ाने में खासी मदद मिलेगी। वायुसेना के पास इस वक्त केवल 30 स्क्वाड्रन हैं, जबकि स्वीकृत लगभग 40 है। एक स्क्वाड्रन में 18 से 20 जेट होते हैं। यदि उत्पादन समय पर हुआ, तो 83 जेट का बेड़ा 2026 तक भारतीय वायुसेना में आना शुरू हो जाएगा। इस संबंध में एचएएल और वायुसेना के बीच एक अनुबंध अगले महीने होने की उम्मीद है। वर्तमान में वायुसेना के पास एचएएल निर्मित 18 तेजस हैं और ये जेट विमान तमिलनाडु के सुलूर में वायुसेना बेस से संचालित हो रहे हैं।

वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य को देखते हुए, जहां सशस्त्र बलों को पाकिस्तान और चीन के साथ एक साथ दो मोर्चों पर युद्ध का सामना करना पड़ सका है, ऐसे में वायुसेना को तत्काल अपने लड़ाकू जेट विमानों की ( शेष पेज 9 )

## बीएसएफ को सीमा पर 150 मीटर लंबी सुरंग मिली



कश्मीर के कठुआ जिले में मिली सुरंग के पास खड़े सुरक्षा बलों के जवान

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू

● कठुआ के पास मिली, पिछले अगस्त से अब तक तीन ऐसी सुरंगों का पता लगाया जा चुका है

**सीमा** सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बुधवार को जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटी एक 150 मीटर लंबी सुरंग का पता लगाया है। इसका निर्माण आतंकवादियों की घुसपैठ के मकसद से किया गया है।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के सतर्क जवानों ने पिछले छह महीने में कठुआ और सांबा जिलों में इस तरह की तीसरी सुरंग का पता लगाया है। बीएसएफ के महानिरीक्षक (जम्मू फ्रंटियर) एनएस जमवाल ने कहा, बुधवार सुबह एक अभियान के दौरान बीएसएफ के जवानों ने हीरानगर सेक्टर के बोबियान गांव में सीमा पार से बनाई गई एक करीब 150 मीटर लंबी सुरंग ( शेष पेज 9 )

## किसानों ने लोहड़ी पर जलाईं नए कृषि कानूनों की प्रतियां

● दर्ज कराया विरोध, एआईकेसीसी का दावा, देशभर में किसानों ने किया अनुसरण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सिंघू बॉर्डर पर लोहड़ी के मौके पर कृषि कानूनों की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराते किसान। फोटोः रंजन डिमरी

**केंद्र** के नए कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों ने लोहड़ी के मौके पर बुधवार को सभी प्रदर्शन स्थलों पर कानूनों की प्रतियां जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया। इस बीच अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति (एआईकेएससीसी) ने दावा किया कि देश भर में किसानों से 20 हजार से ज्यादा स्थानों पर प्रतियां जलाईं।

योगेंद्र यादव, गुरुनाम सिंह समेत बहुत से किसानों ने किसान आंदोलन कार्यालय के परिसर में आग में कानूनों की प्रतियां फेंकी। संयुक्त किसान मोर्चा के परमजीत सिंह ने कहा कि अकेले सिंघू बॉर्डर पर ही कृषि कानूनों की एक लाख प्रतियां जलाई गईं। वसंत की शुरुआत में पंजाब, हरियाणा समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में लोहड़ी का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन लोग लकड़ियां इकट्ठी करके जलाते हैं और सुख एवं समृद्धि की कामना करते हैं। हरियाणा के करनाल जिले से आए 65 वर्षीय गुरप्रीत सिंह संधू ने कहा कि उत्सव इंतजार कर सकते हैं। केंद्र की ओर से जिस दिन इन काले कानूनों को वापस लेने की हमारी मांग को मान लिया जाएगा, हम उसी दिन सभी त्योहारों को मनाएंगे।'

दिल्ली-हरियाणा सीमा पर कतार में लकड़ियां एकत्र कर जलाई गईं और उसके चारों तरफ घूमते हुए किसानों ने नए कृषि कानूनों की प्रतियां जलाईं। इस दौरान प्रदर्शनकारी किसानों ने ( शेष पेज 9 )

## 70 जिला पंचायतों का कार्यकाल पूरा, जिलाधिकारी आज लेंगे चार्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● प्रदेश की शेष पांच जिला पंचायतों का कार्यकाल भी पूरा होने को है

**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव की सरगर्मी बढ़ने के बीच बुधवार मध्यरात्रि 12 बजे पूरा हो गया। सूबे की 70 जिला पंचायतों का कार्यकाल पूरा हो गया। इन जिला पंचायतों में एक जीबी नगर की पहले से ही डीएम प्रशासक के तौर पर कार्यभार देख रहे हैं। जबकि बाकी बची पांच जिला पंचायतों का कार्यकाल अलग-अलग तिथियों में समाप्त होने से अलग अलग समय पर डीएम प्रशासक की जिम्मेदारी लेंगे।

इनमें सबसे आखिर में मऊ जिला पंचायत में 24 मार्च को प्रशासक की तैनाती होगी। अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के स्तर से सभी जिलाधिकारियों को भेजे गए पत्र कहा गया है कि पंचायत निर्वाचन वर्ष 2015 में कराए गए थे। निर्वाचन के बाद 69 जिला पंचायतों में प्रथम बैठक 14 जनवरी 2016 को की गई थी। उनके पांच वर्ष 13 जनवरी 2021 को पूरे होने पर उनका कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। वहां पर 14 जनवरी को जिलाधिकारी द्वारा प्रशासक का पद ग्रहण कर लिया जाएगा, जो नए जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव होने तक बना रहेगा। आदेश के मुताबिक संबंधित जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष बुधवार रात 12 बजे के बाद कोई लेनदेन या संबंधित अन्य कोई कार्य नहीं कर सकेंगे।

आदेश के मुताबिक क्षेत्र व जिला पंचायत अधिनियम 1961 की धारा 21 की उपधारा 3क में जिला पंचायत का कार्यकाल पूरा होने के बाद निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने या छह माह की अवधि तक जिलाधिकारी को प्रशासक नियुक्त किया जाता है। बता दें कि एटा, कासगंज, कुशीनगर, कानपुर नगर, मऊ में अलग अलग तिथियों में कार्यकाल खत्म हो रहा है।

## शादी के बाद भी बेटी को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के लिए परिजन माना जाएगा

**भाषा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में दोहराया है कि अनुकंपा के आधार पर सरकारी सेवा में नियुक्ति के लिए एक बेटी को मृतक सरकारी कर्मचारी के परिवार का सदस्य माना जाएगा, भले ही उस बेटी की वैवाहिक स्थिति जो भी हो। न्यायमूर्ति जेजे मुनीर ने मंजुल श्रीवास्तव नाम की एक महिला द्वारा दायर रिट याचिका पर सुनवाई के बाद पांच जनवरी को यह आदेश पारित किया। मंजुल श्रीवास्तव ने प्रयागराज जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी के 25 जून, 2020 के आदेश को चुनौती दी थी जिसमें अधिकारी ने प्रदेश सरकार के 1974 के नियमों के तहत अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के उसके दावे को इसलिए खारिज कर दिया था क्योंकि उसका विवाह हो चुका है। अदालत ने कहा कि यदि एक शादीशुदा बेटा अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के लिए पात्र है तो बेटी की उम्मीदवारी को उसके विवाहित होने ( शेष पेज 9 )

**बाजार**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 49,492 | ↓ | 24 | |
| निफ्टी | 14,564 | ↑ | 01 | |
| सोना | 48,877 | ↓ | 108 | /10g |
| चांदी | 65,351 | ↑ | 144 | /kg |

**क्विक न्यूज**

**कल से शुरू होगा नए संसद भवन का निर्माण**

**नई दिल्ली।** सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत नए संसद भवन का निर्माण कार्य मकर संक्रांति से एक दिन बाद 15 जनवरी को शुरू होगा। सूत्रों ने बताया कि मकर संक्रांति के अगले दिन को ऐसी परियोजनाओं की शुरुआत के लिए शुभ मुहुर्त माना जाता है। इस सप्ताह की शुरुआत में 14 सदस्यीय हेरिटेज पैनल ने सरकार की महत्वाकांक्षी सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास योजना के तहत नए संसद भवन के निर्माण को मंजूरी दी थी। नए संसद भवन का निर्माण टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) से हरी झंडी मिलने के बाद टाटा कंपनी ने अपनी हैवी मशीनरी साइट पर भेजनी शुरू कर दी है।

## बर्ड फ्लू की मार ने किया धोनी का सपना धराशायी

● रांची के फार्म में कड़कनाथ मुर्गे की फार्मिंग की बना रहे थे योजना, 2,500 चूजे मरे

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र



**भारतीय** क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का रांची में कड़कनाथ नस्ल के मुर्गी पालन का सपना बर्ड फ्लू के चलते धराशायी हो गया। मध्य प्रदेश के झाबुआ में जिस फार्म को उन्होंने 2000 चूजे खरीदने का ऑर्डर दिया था, उस फार्म में एवियन इन्फ्लूएंजा के प्रकोप से 2500 चूजे मर गए और अगले तीन महीने से यहां से पोल्ट्री के भेजने पर रोक लगा दी गई है।

अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि बुधवार को झाबुआ जिले के थांडला तहसील के अंतर्गत रुदीपांडा गांव में एक पोल्ट्री फार्म में लगभग 2,500 कड़कनाथ मुर्गियों की बर्ड फ्लू या एवियन इन्फ्लूएंजा से मृत्यु हो गई। यहीं पर धोनी की फर्म ने 2,000 कड़कनाथ चूजों की आपूर्ति के लिए ऑर्डर दिया था। यह फार्म कड़कनाथ के लिए जीआई-टैग है। बीते साल अगस्त में धोनी के फार्म मैनेजर कृषि विकास केंद्र और एमपी कड़कनाथ मोबाइल ऐप के जरिए इस पोल्ट्री फर्म के संपर्क में आए थे। धोनी के फार्म मैनेजरों ने चूजों की आपूर्ति के लिए अग्रिम रकम भी जमा कर दी थी। काले पंखों और खून जैसी लाल तान वाला कड़कनाथ मुर्गा उच्च आयरन और कम कोलेस्ट्रॉल के लिए जाना जाता है। चिकन की अन्य किस्मों की तुलना में यह बहुत अधिक कीमत पर बिकता है। अधिकारियों ने कहा कि अब संक्रमित क्षेत्र से चिकन के लाने और ले जाने पर तीन महीने तक प्रतिबंध लगा दिया गया है। मध्य प्रदेश उन राज्यों में शामिल है जहां बर्ड फ्लू संक्रमण की पुश्टि हो चुकी है। सबसे अधिक प्रभावित जिलों में इंदौर, मंदसौर, आगर, नीमच, देवास, उज्जैन, खंडवा, खरगोन, गुना, शिवपुरी, राजगढ़, शाजापुर, विदिशा, भोपाल, होशंगाबाद, अशोकनगर, दतिया और बड़वानी हैं। अधिकारियों ने कहा कि अब तक 10 राज्यों में फैल चुके एवियन इन्फ्लूएंजा या बर्ड फ्लू से बार-हेडेड गीज, बत्तख, पेंगियन, काले और भूरे रंग के सिर वाले गुल्ले अधिक संक्रमित हुए हैं। इसके अलावा प्रवासी पक्षियों, कौवों, मुर्गियां और यूरेशिया चौती भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले और झारखंड के चार जिलों में बर्ड फ्लू के नए मामले सामने आए हैं। राज्यों द्वारा एवियन फ्लू की स्थिति से निपटने के लिए केंद्र ने एक समिति का गठन किया है, जिसमें महानिरीक्षक, उप-महानिरीक्षक वन और वन्यजीव तथा एक परियोजना वैज्ञानिक शामिल हैं।

समिति ने स्थिति का जायजा लेने के लिए मंगलवार को सभी राज्यों के प्रमुख वन्यजीव वार्डन के साथ बैठक की। इस बैठक में समिति ने वन्यजीव वार्डन को बर्ड फ्लू से बचने के लिए केंद्र की सलाह का सख्ती से पालन करने को कहा। मंत्रालय ने बुधवार को फिर एक बयान जारी कर कहा कि राज्य यह सुनिश्चित करें कि संक्रमण पोल्ट्री में न फैले, क्योंकि इससे चिकिन फार्मिंग कर रहे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होगा, लेकिन कुछ राज्य दूसरे राज्यों से किचन और इसके उत्पादों के लाने ले जाने पर प्रतिबंध लगा रहे हैं। राज्यों से ऐसे फैसले लेने से बचने की सलाह दी गई है, क्योंकि इसका भी किसानों पर विपरीत असर पड़ेगा। मंत्रालय ने बर्ड फ्लू रोकने के कदम उठाने के लिए 17 राज्यों के साथ बैठक भी की है।

## विशेष विवाह अधिनियम के तहत 30 दिन पहले नोटिस का नियम अनिवार्य नहीं

● इलाहाबाद हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण आदेश

● कहा, यह नियम निर्देशात्मक है आदेशात्मक नहीं, युगल चाहें तभी हो नोटिस का प्रकाशन

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**इलाहाबाद हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में विशेष विवाह अधिनियम 1954 के तहत शादी से पहले 30 दिन की नोटिस के नियम को वैकल्पिक करार दिया है। कोर्ट ने कहा है कि यदि विवाह की इच्छा रखने वाले युगल चाहें तभी नोटिस का प्रकाशन किया जाएगा। यदि युगल ऐसा नहीं चाहते हैं, तो बगैर नोटिस के तुरंत उनका विवाह कराना होगा। हालांकि पीठ ने यह भी स्पष्ट किया है कि विवाह अधिकारी युगल का परिचय, उम्र, सहमति व अन्य प्रकार की समझता के बारे में पूछ सकते हैं व उसके बारे में सबूत मांग सकते हैं। जस्टिस विवेक चौधरी की एकल पीठ ने यह आदेश एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर दिया है। पीठ के समक्ष याचिका दायर करने वाले पति अभिषेक कुमार पांडेय का कहना था कि साफिया सुल्ताना ने हिन्दू धर्म अपनाकर उससे हिन्दू रीति रवाज के मुताबिक शादी की है। उसने अपना नाम बदलकर सिमरन भी कर लिया है। वह दोनों बालिग हैं। अभिषेक का कहना था कि सिमरन के पिता उनकी शादी से खुश नहीं है। अत: उन्होंने जबरन उसकी पत्नी को कैद कर रखा है। याचिका में पत्नी को आजाद कराने की मांग की गई थी। पीठ के आदेश पर सिमरन के पिता उसके साथ अदालत में ( शेष पेज 9 )

# सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किए कई बड़े बदलाव

## उप मुख्यमंत्री ने गिनाईं अपने चार साल की उपलब्धियां

● नई शिक्षा नीति के तहत सत्र 2021-22 से एमफिल कोर्स नहीं: डॉ. दिनेश शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में उप्र लोक सेवा आयोग से 712 पदों के सापेक्ष नवचयनित प्रवक्ताओं की संस्तुतियां प्राप्त हो रही हैं जिनकी तैनाती ऑनलाइन प्रक्रिया के जरिये की जाएगी। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत सत्र 2021-22 से एमफिल कोर्स को हटा दिया गया है। उप मुख्यमंत्री बुधवार को लोकभवन में अपने चार साल की उपलब्धियों को मीडिया के साथ साझा कर रहे थे। डिप्टी सीएम डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि बहुत कम समय में भाजपा सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कई बड़े बदलाव किए हैं। सरकार ने शैक्षणिक सत्र को नियमित किया है। माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा में समय पर परीक्षाए नकल विहीन परीक्षा कराई है। सरकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नये प्रयोग करने से लेकर नियुक्ति प्रक्रिया तक में पारदर्शी व्यवस्था लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कम समय में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। 28 पहले और दो बाद में कुल 30 निजी विश्वविद्यालयों को हमने आशय पत्र निर्गत किया है। शिक्षा क्षेत्र में नए विवि की स्थापना का प्रयास किया गया है। अलीगढ़, आगरा और सहारनपुर में राज्य विवि की स्थापना का कार्य तेजी से चल रहा है। आजमगढ़ विवि के लिए भूमि का चिह्नीकरण किया जा चुका है। बजट का निर्धारण भी हो चुका है।

**सामान्य वर्ग को दिया आरक्षण**

प्रदेश में गोरखपुर विवि में शोध पीठ की स्थापना की गई है। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में सामान्य वर्ग को 10 फीसदी आरक्षण देने की व्यवस्था शुरू की गई है। नियुक्ति के मामले में पारदर्शिता बरती जा रही है। नियुक्ति प्रक्रिया तेजी से चल रही है। शिक्षा के क्षेत्र में नए परिवर्तन किए गए हैं। कोरोना के दौरान ऑनलाइन पढ़ाई कराई गई। उत्कृष्ट श्रेणी का ऑनलाइन पाठ्यक्रम उपलब्ध कराया गया। 70 हजार से अधिक ई-कंटेंट छात्रों को नि:शुल्क उपलब्ध कराया गया। इसके लिए नेशनल डीजिटिल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया ने यूपी सरकार से सम्पर्क किया है।

**वरदान साबित हो रही राष्ट्रीय शिक्षा नीति**

डिप्टी सीएम ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति पूरे भारत में वरदान साबित हो रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने नीति को लागू करने के लिए 16 सदस्यीय टास्क फोर्स का गठन किया है। इसमें विशेषज्ञ शामिल हैं। विभागीय स्टीयरिंग कमेटी भी गठित की गई है। रोजगार परक शिक्षा पर भी सरकार का जोर है। इस दिशा में काम भी किया गया है। आकांक्षात्मक जिलों के महाविद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। इनमें राजकीय महाविद्यालयों को प्री लोडेड टैबलेट दिए जाएंगे।

# योगी ने दीं मकर संक्रांति व खिचड़ी पर्व की शुभकामनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मकर संक्रांति और खिचड़ी पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के विभिन्न भागों में मकर संक्रांति का विशिष्ट पर्व विभिन्न रूपों में मनाया जाता है। यह पर्व हमारे देश की समृद्ध विरासत एवं सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने मकर संक्रांति और खिचड़ी पर्व के अवसर पर समस्त अनुष्ठानों में कोविड-19 के प्रोटोकॉल तथा सोशल डिस्टेसिंग का पूर्ण पालन करने की अपील की है।

ज्ञातव्य है कि सम्पूर्ण भारत में मकर संक्रांति विभिन्न रूपों में मनायी जाती है। उत्तर प्रदेश और बिहार सहित विभिन्न राज्यों में इसे खिचड़ी पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं और उत्तरायण हो जाते हैं। उत्तरायण को सकारात्मकता का प्रतीक माना गया है। मकर संक्रांति पर सूर्यदेव की राशि में हुआ परिवर्तन अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होने का द्योतक है। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित मकर संक्रांति के अवसर पर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की है। श्री दीक्षित ने अपने संदेश में कहा कि मकर संक्रांति पर्व हमें उष्मा व प्रकाश अपने भीतर लाने और दूसरों तक इसका प्रसार करने की प्रेरणा प्रदान करता है, जिसमें हमारे देश की बहुरंगी संस्कृत के दर्शन होते हैं।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने देश व प्रदेशवासियों को बधाई व मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा है कि यह त्यौहार आपसी भाईचारे की भावना और राष्ट्रीय एकता की कड़ी को मजबूत करने का एक संदेश देता है और हमें अपनी गौरवशाली संस्कृति और परंपराओं के अनुरूप त्योहार को मनाना है ।

## घुमक्कड़ अपराधियों पर लगाया जाए प्रभावी अंकुश: डीजीपी

**लखनऊ।** डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ने प्रदेश के शहरों कस्बों और ग्रामीण अंचल के बाहरी क्षेत्रों पर घुमक्कड़ अपराधियों द्वारा घठित अपराध तथा अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के सख्त निर्देश जारी किए हैं। राज्य के सभी जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ व नोएडा के पुलिस आयुक्त, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक और जिलों के पुलिस कप्तानों को डीजीपी ने इस संबंध में परिपत्र जारी किया है। जारी निर्देशों में डीजीपी ने कहा है कि घुमक्कड़ अपराधियों के ठहरने के ठिकानों विशेष रूप से शहर, कस्बों के बाहरी इलाकों, रेलवे लाइन एवं सड़को के आस पास लगे अस्थायी टेन्टो पर चेकिंग करायी जाए। किन्तु यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति को अनावश्यक परेशान न किया जाए। जनपद के ऐसे क्षेत्र जो इस प्रकार के अपराधों के लिए संवेदनशील हो सकते हैं एवं प्रमुख बाजारों में विशेष रूप से रात्रि से प्रात: तक नियमित गश्त करायी जाए। संवेदनशील राजमार्गो पर गश्त के लिए पर्याप्त संख्या में पेट्रोलिंग वाहन लगाए जाएं तथा संवेदनशील एवं सुनसान स्थानों पर सुदृढ़ पुलिस पिकेट एवं गश्त लगायी जाए। बैंकों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, बाजारों के आस.पास पिकेट एवं गश्त की व्यवस्था करायी जाए। यदि किसी जनपद में इस प्रकार की घटना घटित होती है तो उस जनपद के पुलिस अधिकारियों द्वारा त्वरिततम संचार माध्यम से पड़ोस के सभी जनपदो को घटना की सूचना दी जाए।

# निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का निस्तारण समय से करें

● टॉय सिटी में फ्लैटेड फैक्ट्री की स्थापना को बढ़ावा दिया जाए

● अधूरी ग्रुप हाउसिंग परियोजनाओं को पूरा करने के लिए बनेगी नीति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने कहा कि औद्योगिक ने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का निस्तारण समयबद्ध सुनिश्चित किया जाए और इसकी नियमित रूप से मानीटरिंग भी की जाए। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को भूखण्ड आवंटन से संबंधित जितने भी प्रकरण लंबित है। उनकी सूची बनाकर तत्काल निस्तारण किया जाए। इसके पश्चात यदि कोई मामला प्रकाश में आयेगा तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

पिकप भवन में नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा यमुना प्राधिकरणों के कार्यों की समीक्षा करते हुए महाना ने कहा कि यमुना प्राधिकरण के तहत 875 प्लाट आवंटित किये जा चुके हैं। शीघ्र 125 हेक्टेअर भूमि पर 600 प्लाटों की स्कीम लांच की जायेगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रस्तावित इलेक्ट्रानिक सिटी और एविएशन हब के विकास को प्रमुखता दी जाए। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित टॉय सिटी में फ्लैटेड फैक्ट्री की स्थापना को बढ़ावा दिया जाए। औद्योगिक विकास मंत्री ने तीनों प्राधिकरणों से संबंधित फ्लैट वायर की समस्याओं, सिंगल विण्डो क्लियरेंस सिस्टम, मेट्रो प्रोजेक्ट, निवेश योजनाओं, लैण्ड बैंक, औद्योगिक सेक्टरों, अवस्थापना सुविधाओं का विकास, आय एवं व्यय की स्थिति, जीआईएस प्रणाली, भूमि अधिग्रहण तथा किसानों की समस्याओं के समाधान की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। निर्देश दिये कि अपूर्ण ग्रुप हाउसिंग परियोजनाओं को पूर्ण करने के लिए होम बायर्स के समाधान की नीति बनाई जाए। प्राधिकरण की सभी सुविधाएं ऑन लाईन उपलब्ध करायी जाए और इसे निवेश मित्र के पोर्टल पर अपलोड किया जाए। उन्होंने प्राधिकरणों को कड़े निर्देश दिए कि ऑफ लाईन प्रार्थना-पत्र स्वीकार न किए जाएं। प्राधिकरण के संबंधित विभागों से सभी रिक्त भूखण्डों की सूची प्राप्त कर शासन को उपलब्ध कराएं।

# बरेली व कुशीनगर एयरपोर्ट उड़ान के लिए तैयार: नंदी

● यूपी में 12 एयरपोर्ट जल्द बनकर होंगे तैयार, जनता को मिलेंगी बेहतर हवाई सेवाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नागरिक** उड्डयन मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने एयर कनेक्टिविटी में जितना कार्य किया है उतना पहले प्रदेश में कभी नहीं हुआ। निर्माणाधीन 12 नए एयरपोर्ट शीघ्र बनकर तैयार होंगे। श्री नंदी के अनुसार बरेली एवं कुशीनगर एयरपोर्ट उड़ान के लिए तैयार है। नंद गोपाल गुप्ता ने कहा है कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है।

एयर कनेक्टिविटी से जुड़ने के पश्चात राज्य में बेहतर हवाई सेवाएं नागरिकों को सुगमता से उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने बताया कि लखनऊ से 21, वाराणसी से 19, गोरखपुर से 6, आगरा से 5, प्रयागराज से 7, कानपुर नगर से 3, हिण्डन से 2 हवाई सेवाएं वर्तमान में उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि आजमगढ़, अलीगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती, चित्रकूट म्योरपुर सोनभद्र, झांसी में कुल 7 एयरपोर्ट तेजी से विकसित किये जा रहे हैं। अयोध्या में अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट निर्माण के लिए 500 करोड़ रूपये का प्राविधान किया गया है। गाजीपुर, सहारनपुर सरसांवा तथा मेरठ में भी एयरपोर्ट के विकास का कार्य प्रस्तावित है। प्रयागराज एयरपोर्ट के विषय में श्री नंदी ने बताया कि प्रयागराज में वाह्य ड्रेनेज के लिए 120.59 लाख रूपए का आगणन प्राप्त हुआ है जिसका परीक्षण मुख्य अभियन्ता लोक निर्माण विभाग से कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गोरखपुर एयरपोर्ट जहां से 6 स्थलों के लिए उड़ानें संचालित होती हैं वहां एक नए सिविल इंक्लेव बनाने का काम किया जा रहा है। कानपुर एयरपोर्ट में नए सिविल इंक्लेव बनाये जाने के लिए राज्य सरकार द्वारा लगभग 50 एकड़ भूमि क्रय करके निशुल्क रूप में एयरपोर्ट अथारिटी आफ इडिया को उपलब्ध कराई जा चुकी है जिस पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो वर्ष 2021-22 में पूर्ण होगा। 3.527 हेक्टेअर सरकारी भूमि के पुनर्ग्रहण के लिए 1.78 करोड़ रुपए तथा विद्युत संयोजन, विद्युत लाईन को भूमिगत करने के लिए 8.50 करोड़ की मांग के अनुसार वित्तीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है। नागरिक उड्डयन मंत्री ने बताया कि झांसी एयरपोर्ट का विकास बिड के अनुसार 19 सीटर वायुयानों के संचालन कराये जाने के लिए एएआई द्वारा प्री-फिजिबिलिटी स्टडी कराई गई है। ललितपुर एयरपोर्ट के लिए सर्वे का कार्य हो चुका है। अयोध्या एयरपोर्ट के लिए अब तक 145 एकड़ भूमि क्रय की जा चुकी है। कुशीनगर एयरपोर्ट को भारत सरकार द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित किया गया है। यह एयरपोर्ट अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए लगभग तैयार हो गया है।

## प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में होगी टेक्सटाइल पार्क की स्थापना

**लखनऊ।** यूपी में वस्त्रोद्योग को बढ़ावा देने के लिए गोरखपुर, वाराणसी तथा आगरा में टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क विकसित किया जाएगा। इन तीनों जनपदों में पार्क के विकास विकासकर्ताओं को भूमि खरीद के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा जिससे प्रोजेक्ट की लागत कम होगी और उद्यमी आसानी से अपनी इकाई स्थापित कर सकेंगे। एसीएस एमएसएमई डा नवनीत सहगल की अध्यक्षता में लोक भवन में आयोजित शासकीय स्वीकृति समिति की बैठक में निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में टेक्सटाइल एवं अपैरल के विकास के लिए आरएफपी आमंत्रित की गई। तीन विकासकर्ता कम्पनियों ने आरएफपी प्रस्तुत की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को वस्त्र उद्योग एवं गारमेंटिंग का हब बनाने की दिशा में सार्थक पहल की जा रही है। सहगल ने कहा कि प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में एक-एक टेक्सटाइल पार्क स्थापित किया जायेगा।

**सार्वजनिक सूचना**

अधोहस्ताक्षरी अपने मुवक्किल एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड, लखनऊ के निर्देशानुसार एल.आई.सी. एच.एफ.एल. एरिया आफिस सीतापुर रोड, लखनऊ की ओर से सर्कुलर नं0 422/एनेक्जर-ई एल.आई.सी.एच.एफ. एल. के अन्तर्गत सूचित करता है कि मदन लाल भगत पुत्र श्री महादेव प्रसाद भगत के पक्ष मे पकंज मौर्या व राजेश मौर्या द्वारा निश्पादित विक्रय पत्र दिनांक-09.01.2012 जो कार्यालय उपनिबन्धक बी0के0टी0 लखनऊ मे बही सं0-1, जिल्द सं0-4347, पृष्ठ सं0-219/246, क्रमांक-223 पर पंजीकृत है जो भवन सं0-बी-6/32, खसरा सं0-835 रकबा 862.42 वर्गफिट स्थित-ग्राम-मड़ियांव, परगना-महोना, जिला-लखनऊ के सम्बन्ध में है, वर्तमान स्वामी विनोद कुमार पुत्र श्री प्रेम शंकर से खो गयी है तथा उनके अधिपत्य में नहीं है। चूंकि विनोद कुमार पुत्र श्री प्रेम शंकर द्वारा एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लि0 में गृह ऋण के लिये आवेदन किया है तथा उक्त ऋण हेतु उक्त भूखण्ड/भवन के सम्बन्ध मे उक्त मूल विक्रय विक्रय पत्र दिनांक-09.01.2012 को बन्धक किया जाना है।

अत: जिस किसी व्यक्ति को उक्त मूल विक्रय पत्र दिनांक-09.01.2012 उससे सम्बन्धित सम्पत्ति हेतु कोई दावा करना हो तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों की अवधि के अन्दर अपना दावा अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा उक्त अवधि पूर्ण हो जाने पर यह मान लिया जायेगा कि उपरोक्त सम्पत्ति समस्त भारों विवादों व दायित्वों से मुक्त है तथा बन्धकर्ता तथा सम्पत्ति बन्धकदार के विरुद्ध कोई भी दावा व आपत्ति शून्य व अप्रभावी होगी।

महेन्द्र मोहन मिश्रा (एडवोकेट)
चेम्बर : शॉप नं. 4 व 5, भूतल, कृष्णा टॉवर, निकट सीएमओ ऑफिस, कैसरबाग, लखनऊ, मो. 9415426914

## प्रियंका ने कानून व्यवस्था पर खड़े किए सवालिया निशान

**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव और यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक बार फिर उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े किए हैं। प्रियंका ने एक रिपोर्ट साझा करते हुए योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। प्रियंका ने सोशल मीडिया पर डाली अपनी पोस्ट में लिखा है कि एक खबर के अनुसार गोरखपुर में पिछले दिनों 12 से अधिक लड़कियों की मौत के मामले आए। इन अपराधों में सजा दिलाना तो दूर कुछ मामलों में पुलिस मृत लड़कियों की पहचान तक नहीं कर पाई।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मेरा आर्मी नंबर 4008457 P. RANK-NK लोकेश कुमार पुत्र हेमचंद ठाकुर यूनिट डोगरा स्काउट सूचित किया जाता है कि मेरी पॉलिसी बांड पी.एल.आई. संख्या APS 10045 44-L जो की लोकेश कुमार पुत्र हेमचंद ठाकुर के नाम से है वास्तव में खो गया है, जिसका उपयोग अवैध माना जाएगा। R/o-हरतु 361 शैहोल सोलन हिमाचल प्रदेश पिन 173221.

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश का हाई स्कूल वर्ष 2016 रोल नंबर 1215284 इंटर-मीडिएट वर्ष 2018 रोल नंबर 0953514 का अंकपत्र प्रमाण पत्र टी0सी0 कंप्यूटर ADCA सर्टिफिकेट तथा आधार कार्ड वास्तव में खो गया है जिसका उपयोग अवैध माना जाएगा। तनुज कुमार मिश्रा पुत्र अनिल कुमार मिश्रा R/o गोडियानपुरवा रामपुर मथुरा उ0प्र0।

**सूचना**

मेरे सर्विस रिकार्ड नं. 200960-B में मेरी पत्नी सरिता सिंह की जन्मतिथि त्रुटिवश 3 मार्च 1962 अंकित है जबकि वास्तविक जन्मतिथि 06 मार्च 1962 है। अन्य सभी दस्तावेजों में जन्मतिथि 6 मार्च 1962 अंकित है। अतः सर्विस रिकार्ड में सुधार न्याय संगत है। कामेश्वर सिंह, पुत्र स्व. श्री राजपति सिंह, ग्राम-कमासिन, जिला-मिर्जापुर।

# कोविड एकमुश्त समाधान योजना का करें प्रचार-प्रसार: श्रीकांत

● उपभोक्ताओं को 31 जनवरी तक मिलेगा योजना का लाभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** सरकार ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के सभी व्यवसायिक, औद्योगिक एवं निजी संस्थानों के विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत बकाए में राहत देने के लिए 15 दिसंबर 2020 से कोविड-19 एकमुश्त समाधान योजना लागू की थी। इस योजना के तहत इस श्रेणी के उपभोक्ताओं को 30 नवंबर 2020 तक के उनके विद्युत बकाये पर सर चार्ज के रूप में लगाई गई धनराशि में 100 प्रतिशत की छूट प्रदान की गई है जिससे कि बकायेदार उपभोक्ता अपना विद्युत बिल आसानी से जमा कर सके। यह योजना 31 जनवरी तक के लिए लागू रहेगी।

ऊर्जा मंत्री ने उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के चेयरमैन को निर्देशित किया है कि योजना का लाभ उपभोक्ताओं को मिले, इसके लिए व्यापक अभियान चलाया जाए। योजना के प्रगति पर प्रतिदिन समीक्षा की जाए। उपभोक्ताओं का पंजीकरण एवं बिल संशोधन के लिए नियमित रूप से कैंपों का आयोजन किया जाए। उन्होंने इस श्रेणी के उपभोक्ताओं को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित भी किया जाए। ऊर्जा मंत्री ने कोविड-19 एकमुश्त समाधान योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए योजना का लाभ उपभोक्ताओं तक ले जाने के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि वेबसाइट पर जाकर उपभोक्ता घर बैठे भी सरचार्ज माफी के लिए पंजीकरण कर सकता है। इसके अतिरिक्त अधिशासी अभियंता तथा एसडीओ कार्यालय एवम ग्रामीण क्षेत्रों में सीएससी केंद्रों पर जाकर भी ऑनलाइन पंजीकरण कराया जा सकता है। इसके साथ ही उपभोक्ता 1912 पर भी काल कर सहायता ले सकता है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को पंजीकरण के समय नवंबर 2020 तक के विद्युत बीजक में प्रदर्शित मूल धनराशि का 30 प्रतिशत तथा इसके उपरांत के वर्तमान देवो के साथ जमा करना होगा।

ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने बताया कि प्रदेश भर में इस श्रेणी के 6.80 लाख उपभोक्ता है लेकिन अभी तक इस योजना का लाभ लेने के लिए मात्र 69234 उपभोक्ताओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है जो कि संपूर्ण बकायेदारों का मात्र 10.2 प्रतिशत है।

# ईज आफ लिविंग के जरिए योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाएगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव आरके तिवारी ने सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए ईज ऑफ लिविंग के सम्बन्ध में बैठक करते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ जनता को मिले इसके लिए प्रक्रिया का और सरलीकरण किया जाना चाहिए।

उन्होंने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि खरीफ, रबी एवं जायद में बीज, उर्वरक एवं कृषि रक्षा रसायनों की उपलब्धता के सम्बन्ध में बीज, उर्वरक लाइसेन्स दिये जाने की समय सीमा निर्धारित कर दी जाये। उन्नतिशील बीजों को कृषकों के डोर स्टेप डिलीवरी के लिए व्यवस्था एफपीओ के माध्यम से किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने खाद्य एवं रसद विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि उचित मूल्य की दुकानों पर राशन की उपलब्धता की सूचना अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था कराई जाए और साथ ही राशन की उपलब्धता की सूचना दिये जाने की समय सीमा के लिए माह की किसी तिथि को निर्धारित कर लिया जाये जिससे स्पष्टता बनी रहे। उन्होंने कहा कि राशन की दुकानों पर घटतौली रोकने के लिए प्रभावी व्यवस्था बनायी जाए तथा सभी दुकानों पर इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन भी लगाई जाए। श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा के दौरान विभाग द्वारा बताया गया कि ऑनलाइन पंजीकरण, नवीनीकरण, लाइसेन्सिंग इत्यादि से सम्बन्धित आम जनमानस, उद्यमियों को प्रदान की जा रही 35 सेवाओं को तेलांगना राज्य की तर्ज पर 7 सेवाओं में समेकित कराये जाने का कार्य प्रक्रियाधीन है। मुख्य सचिव ने सेवाओं को समेकित कराये जाने की समय-सीमा को निर्धारित किये जाने के निर्देश दिये।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद अकबरपुर-अम्बेडकरनगर ।**

पत्रांक-896/न0पा0परि0अ0/2020-21 दिनांक-12-01-2021

**संशोधित नीलामी सूचना**

कार्यालय के पत्रांक-866/न0पा0परि0अ0/2020-21 दिनांक-31.12. 2020 द्वारा तहसील परिसर में निर्मित सार्वजनिक शौचालय की नीलामी की तिथि 20.01.2021 को अपरान्ह 02:00 बजे निर्धारित की गयी थी। उक्त तिथि को अवकाश होने के कारण दिनांक-22.01.2021 को अपरान्ह 02:00 बजे नगर पालिका कार्यालय में नीलामी की जायेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका परिषद
अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद
अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

**कार्यालय उपजिलाधिकारी, सदर बस्ती**

पत्रांक 937/(III)/वा0वा0न0-2020 दिनांक 13 जनवरी 2021

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मे0 गोविन्दनगर शुगर मिल (ए यूनिट ऑफ फेनिल शुगर लि0) वाल्टरगंज एवं बस्ती शुगर मिल (ए यूनिट ऑफ फेनिल शुगर लि0) बस्ती के विरुद्ध विभिन्न विभागों से निर्गत वसूली प्रमाण पत्रों का बकाया मु0 5857.74 (लाख रु0 में) व अन्य न जमा करने की दशा में मेसर्स बस्ती शुगर मिल (ए यूनिट ऑफ फेनिल शुगर लि0) बस्ती की कुर्कशुदा चल सम्पत्ति जिसका मूल्यांकन 257983162.00 है एवं बस्ती शुगर मिल बस्ती ग्राम करमा तप्पा कडर स्थित भूमि रक्बा 9,1840 हे0 जिसका मूल्यांगकन 16500000.00 (एक करोड़ पैसठ लाख मात्र) प्रति हे0 की दर से लगभग 160000000.00 (सोलह करोड़ मात्र) है की नीलामी दिनॉक 27.01.2021 को तहसील बस्ती सदर के सभागार में समय 02:00 बजे अपरान्ह होगी। नीलामी में इच्छुक व्यक्ति मूल्यांकन धनराशि के 10 प्रतिशत धनराशि (पृथक-पृथक रूप से) डिमान्ड ड्राफ्ट तहसीलदार बस्ती सदर के नाम जमा कर नीलामी बोली में भाग लेने हेतु अधिकृत होगें। नियम एवं शर्तों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में संग्रह कार्यालय तहसील बस्ती सदर में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।


नीलामी में सर्वाधिकार नीलाम अधिकारी/स्वीकृत अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

उपजिलाधिकारी
सदर बस्ती।

# बारहवीं सीट पर टिकी सबकी निगाहें

● विधान परिषद चुनाव हुआ रोचक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**यूपी** में विधान परिषद का चुनाव अब और रोचक होता दिखाई दे रहा है। सपा ने विधान परिषद चुनाव में बड़ा दांव खेला है। विधायकों की संख्या बल के अनुसार समाजवादी पार्टी एक सीट जीत सकती है लेकिन दूसरा प्रत्याशी का ऐलान कर पार्टी ने मुकाबला रोचक कर दिया है। वहीं बीजेपी दस प्रत्याशियों को सीधे उच्च सदन भेजेगी लेकिन बीजेपी की रणनीति उस सीट के अलावा एक और सीट पर कब्जा करने की है। इसके लिए बीजेपी की निगाह विपक्षी खेमों के विधायकों पर टिकी है जो आसानी से उनके पाले में वोटिंग कर सके। सपा विधायकों की संख्या के बल पर 12 सीटों में से सिर्फ एक प्रत्याशी को ही जीत दिला सकती है। दूसरी सीट के लिए उसे अन्य विधायकों की जरूरत होगी। जाहिर है कि सपा भी बीजेपी की तरह बसपा के साथ ही दूसरे दलों के कुछ असंतुष्ट विधायकों का समर्थन हासिल अपनी दूसरी सीट जिताने पर है। सपा ने पिछले दिनों हुए राज्यसभा चुनाव में अंतिम समय में प्रकाश बजाज को उतार कर हलचल मचा दी थी। उस समय भी सपा के निशाने पर बसपा थी। बीजेपी के खाते में 10 सीटें तय मानी जा रही हैं जबकि सपा को एक सीट मिलनी तय है। वहीं कांग्रेस और बसपा एक भी सीट जीतने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है कि 12 वीं सीट पर किस सियासी दल का कब्जा होगा क्योंकि कोई भी पार्टी अपने दम पर यह सीट जीतने की स्थिति में नहीं है। विधान सभा में बीजेपी के पास सहयोगी दलों को मिला कर कुल 319 विधायक हैं। सपा के 48 सदस्य हैं जबकि के 18 सदस्यों में से पांच ने बीते नवंबर में हुए राज्यसभा चुनाव के बाद पार्टी से बगावत कर दी थी। बसपा ने अपने बागी नेताओं को नोटिस जारी किया है जबकि रामवीर उपाध्याय को पार्टी ने सदस्यता से निलंबित कर दिया है। पार्टी सदस्यों की संख्या 10 के करीब मानी जा रही है। कांग्रेस के सात विधायकों में से दो बागी रुख अपनाए हुए हैं जिसके चलते पांच ही विधायक पार्टी के साथ हैं। विशेष सचिव विधानसभा एवं निर्वाचन अधिकारी बृज भूषण दुबे ने बताया नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख 18 जनवरी नियत की गई है। नामांकन कराने की तिथि 11 जनवरी प्रारंभ की गई है । अब तक कुल 22 नामांकन पत्र खरीदे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच 19 जनवरी की तिथि नियत की गई है। नामांकन करने वाले अभ्यर्थी 21 जनवरी तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि आवश्यक होने पर 28 जनवरी को मतदान कराया जाएगा।

### सपा ने अहमद हसन व राजेंद्र चौधरी को बनाया प्रत्याशी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद चुनाव में समाजवादी पार्टी ने नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मंत्री अहमद हसन और सपा प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। देखा जाए तो विधायकों के संख्या बल के अनुसार समाजवादी पार्टी एक सीट ही जीत सकती है। बुधवार को सपा मुख्यालय में आयोजित विधायकों की बैठक के दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रत्याशियों का ऐलान किया।

बैठक में सपा प्रत्याशी के प्रस्तावक कौन कौन से विधायक होंगे यह भी तय किया गया है। 14 जनवरी गुरुवार को भी सपा विधायक की पार्टी मुख्यालय में बैठक होगी। पार्टी मुख्यालय में काफी लंबी चली विधायकों की बैठक के दौरान विधान परिषद की 12 सीटों को लेकर 28 जनवरी को होने वाले चुनाव की रणनीति तैयार की गई। बैठक का नेतृत्व सपा मुखिया अखिलेश यादव स्वयं कर रहे थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# नौ स्टेट स्टोर पर पहुंचीं कोविशील्ड की 10 लाख से अधिक डोज

### लखनऊ से हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, रायबरेली को भेजी गईं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एक** दिन पूर्व कोरोना वैक्सीन की पहली खेप लखनऊ पहुंचने के बाद बुधवार को प्रदेश में स्थापित 9 स्टेट स्टोर पर कोविशील्ड की 1055500 डोज पहुंच गई। स्टेट स्टोर से सीधे जनपदों में स्थापित सेंटरों पर वैक्सीन की डोज भेजी जाएगी। वहीं लखनऊ मंडल के लिए आई 1.60 लाख कोविशील्ड की पहली खेप में से आज हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, रायबरेली को भेजी गई।

महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ राकेश दुबे ने बताया कि कोविशील्ड की 1055500 डोज आज 9 स्टेट स्टोर लखनऊ, आगरा, बरेली, वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या, झांसी, मेरठ, कानपुर पर पहुंच गई। वहाँ से जनपदों और सीएचसी पर स्थापित सेंटरों को भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि आज लखनऊ से हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, रायबरेली के लिए कोविशील्ड की डोज भेजी गई है। पहली खेप में आई 1.60 लाख वैक्सीन में से लखनऊ के लिए 55000 वैक्सीन रखी गई हैं। बाकी वैक्सीन अन्य जिलों को भेजी गई है।

**सूबे में 487, लखनऊ में मिले 117 नए मरीज:** लखनऊ। सूबे में प्रतिदिन मिलने वाले नये कोरोना मरीजों का आंकड़ा बुधवार को पांच सौ से नीचे आ गया है। बीते 24 घंटों में प्रदेश में 487 नये मामले सामने आये हैं जबकि इस दौरान 15 लोगों की मौत हुई है। वही राजधानी लखनऊ में 117 नये मरीजों की पुष्टि हुईं है जबकि चार लोगों की मौत हुई है। हालांकि इस अवधि में लखनऊ में 199 तथा पूरे प्रदेश में 879 लोगों को ठीक होने के बाद डिस्चार्ज भी किया गया है, यानी ठीक होने वालों की संख्या संक्रमित होने वालों की संख्या से ज्यादा ही है।

## चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने की कोरोना वैक्सिनेशन की तैयारियों की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भारत** सरकार के निर्देश पर 16 जनवरी से शुरू हो रही कोरोना की वैक्सिनेशन प्रक्रिया को लेकर बुधवार शाम को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी पहुंचे प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना ने समीक्षा की। बैठक में विवि एडमिनिस्ट्रेशन के अलावा लोहिया संस्थान व पीजीआई के नोडल अफसर सहित सीएमओ व डीएम अभिषेक प्रकाश मौजूद थे। विवि पहुंचे चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना ने वैक्सिनेशन की प्रक्रिया को लेकर तीनों संस्थानों के नोडल अधिकारियों से तैयारियों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने आवश्यक निर्देश भी दिए। इसके बाद चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने कलाम सेंटर स्थित बनाये गए सेंटर में बनाये गए बूथ का निरीक्षण भी किया। कोरोना वैक्सीन को लेकर केजीएमयू के नोडल अधिकारी डॉ निशांत वर्मा ने बताया कि कलाम सेंटर में कुल 34 बूथ बनाये गए हैं। हर बूथ के साथ एक वेटिंग रूम और एक ऑब्जर्वेशन रूम बनाया गया है। उन्होंने बताया कि हमारी तैयारियां पूरी हैं।

## यात्रियों को राहत, चलेंगी कई विशेष ट्रेनें

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**रेलवे** प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए कई विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। जिससे यात्रियों को राहत मिल सके। इसी के तहत ट्रेन नंबर 03005 हावड़ा-अमृतसर त्योहार विशेष ट्रेन हावड़ा से शाम 07.15 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन सुबह 08.40 बजे अमृतसर पहुंचेगी। वापसी दिशा में ट्रेन नंबर 03006 अमृतसर-हावड़ा फैस्टिवल स्पेशल दैनिक रेलगाड़ी 20 से 22 जनवरी तक प्रतिदिन अमृतसर से सांय 06.25 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन सुबह 07.30 बजे हावड़ा पहुंचेगी। इस दौरान इस ट्रेन का ठहराव वर्धमान, दुर्गापुर, रानीगंज, आसनसोल, चितरंजन, मधुपुर, जसीदीह, झाजा, क्यिूल, मोकामा, बख्तीयारपुर, पटना साहेब, पटना, दानापुर, आरा, डुमरान, बक्सर, दिलदारनगरए जमनियां, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं, काशी, वाराणसी, भदोही, जंघई, बादशाहपुर, परतापगढ़, अमैठी, गौरीगंज, जैस, रायबरेली, बछरांवा, लखनऊ, बालामऊ, हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, धामपुर, नगीना, नजीबाबाद, लक्सर, रूडकी, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला छावनी, राजपुरा, लुधियाना, फगवाड़ा, जलंधर छावनी, जलंधर सिटी में होगा। वहीं ट्रेन नंबर 02317 कोलकता-अमृतसर त्योहार स्पेशल ट्रैन 20 को कोलकता से सुबह 07.40 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन शाम 5.20 बजे अमृतसर पहुंचेगी।

## किशोरी को अगवाकर रेप, एसीपी के आदेश पर एफआईआर

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**मोहनलालगंज** में घर पर सो रही किशोरी को अगवा कर युवक ने उसके साथ जबरदस्ती की। फिर धमकाते हुए भाग निकला। मां के वापस लौटने पर अगले दिन किशोरी ने आपबीती बताई। एसीपी के आदेश पर बुधवार को एफआईआर दर्ज की गई। आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

मोहनलालगंज के एक गांव में रहने वाली बेवा सोमवार को गोशाईगंज गई थी और रात वहीं रुक गई। घर पर उसके तीन बच्चे अकेले थे। आरोप है सोमवार की रात करीब 11 बजे गांव का युवक उसकी तेरह वर्षीय बड़ी बेटी को सोते समय अगवा कर घर से लगभग आधा किलोमीटर दूर गेहूं के खेत में ले गया और हैवानियत की। विरोध पर धमकाकर चुप करा दिया और भाग निकला। मंगलवार की शाम वापस घर लौटी बेवा मां से पीड़िता ने आपबीती बताई। पुलिस को सूचना दी गई लेकिन कार्रवाई में टालमटोल होता रहा। लिहाजा बुधवार को पीड़ित परिवार ने एसीपी प्रवीण मलिक से शिकायत दर्ज कराई। एसीपी के आदेश पर मोहनलालगंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। हालांकि इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्र सूचना मिलते ही कार्रवाई करने का दावा कर रहे हैं। यही नहीं उन्होंने आरोपी के हिरासत में होने की बात से इनकार कर तलाश जारी होने की बात कही।

### गाजीपुर पुलिस ने दो शातिर चोरों को दबोचा

**लखनऊ।** राजधानी की गाजीपुर पुलिस ने 2 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है। यह शातिर चोर बंद मकानों को निशाना बनाते थे इस दौरान दो साथी भागने में सफल रहे। इंस्पेक्टर गाजीपुर पीके मिश्रा ने बताया कि अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत उनके थाने की क्राइम टीम गस्त पर थे। तभी पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि सेक्टर 25 के पास दो शातिर मौजूद हैं जो चोरी के सामान बेचने के फिराक में हैं। सूचना पाते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और दो शातिरों को दबोच लिया जबकि उनके दो अन्य साथी मौके से भागने में सफल रहे। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम इंदिरानगर निवासी किशन यादव व हरदोई निवासी प्रह्लाद बताया।

## रिवीजन याचिका पर सुनवाई दो हफ्ते बाद

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**अयोध्या** के विवादित ढांचा को ढ़हाए जाने के आपराधिक मामले में सीबीआई की विशेष अदालत के फैसले के खिलाफ दाखिल रिवीजन याचिका पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में बुधवार को सुनवाई टल गई। जस्टिस राकेश श्रीवास्तव की एकल पीठ ने अब इस याचिका को दो हफ्ते बाद सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है।

बुधवार को पीठ के समक्ष सुनवाई शुरु होते ही याचिकाकर्ताओं के वकील ने याचिका में डिफेक्ट को दूर करने के लिए समय की मांग की। पीठ ने इसे मंजूर कर लिया। पीठ के समक्ष यह याचिका इस मामले के गवाह व अयोध्या निवासी 74 वर्षीय हाजी मुहम्मद व 81 साल के सैयद अखलाक अहमद ने दाखिल किया है। याचिका में कहा गया है कि 30 सितंबर 2020 को सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा सुनाए गए फैसले के खिलाफ सीबीआई ने आज तक अपील दाखिल नहीं किया है। लिहाजा रिवीजनकर्ताओं को आगे आना पड़ रहा है क्योंकि विचारण अदालत के फैसले में कई खामियां हैं। रिवीजनकर्ताओं ने अपनी याचिका में कहा है कि विचारण अदालत ने पेश सबूतों को ठीक से नहीं परखा। उसने मुल्जिमों को रिहा करने में गलती की है। उसका फैसला तर्कसंगत नहीं है। लिहाजा 30 सितंबरए 2020 के फैसले को खारिज किया जाए।

## समर विहार वेलफेयर एसोसिएशन ने मनाई लोहड़ी



**लखनऊ।** समर विहार वेलफेयर एसोसिएशन आलमबाग लखनऊ के तत्वावधान में सदैव की भांति इस वर्ष भी समर विहार सेंट्रल पार्क में लोहड़ी उल्लास पूर्वक मनायी गई। इस कार्यक्रम में  क्षेत्र के पार्षद सहित बड़ी संख्या में कॉलोनी निवासियों ने भाग लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान कोरोना प्रोटोकॉल का पूर्णत: पालन किया गया। इस वर्ष नव विवाहित प्रथम एवं वैशाली सेठी तथा पुत्र रत्न प्राप्त निपुन एवं नेहा सभरवाल द्वारा लोहड़ी की पूजा तथा आग प्रजल्वित की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया।

## एलयू में बैकपेपर परीक्षाएं 15 से, दिशा निर्देश जारी

**लखनऊ।** 15 जनवरी से प्रस्तावित बैकपेपर परीक्षाओं को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। विवि की तरफसे जारी निर्देश में कहा गया है कि परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र के बिना विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। कैंपस के गेट नंबर एक, दो, चार और पांच से सुबह 8:30 बजे अंदर आने की अनुमति दी जाएगी। परीक्षा ड्यूटी करने वाले शिक्षक व कर्मचारी गेट नंबर दो और चार पर अपने वाहन खड़ा कर परिसर में प्रवेश कर सकेंगे। परीक्षार्थी अपने साथ परीक्षा से संबंधित कोई भी किताब, मोबाइल और बैग आदि नहीं ला सकेंगे। अगर निरीक्षण के दौरान यह सामग्री परीक्षा कक्ष में पाई जाती है तो स्टूडेंट्स की परीक्षा निरस्त की जा सकती है।

## चलती बस का टायर फटने से लगी आग, सवारियां सुरक्षित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** के पारा इलाके में उस समय हड़कम्प मच गया जब हरियाणा से यात्रियों को मुजफ्फनगर लेकर जा रही डबल डेकर एसी स्लीपर बस एच आर 38 एक्स 8800 आगरा एक्सप्रेस वे पुल से उतरते ही जैसे ही मोहान रोड पर आयी तो अचानक उसका टायर फट गया। जिससे तेज गति में चल रही बस ने आग पकड़ ली। यह देख बस में चीखपुकार मच गया। वहीं आग लगने से दहशत में आया चालक व क्लीनर बस में रोक कर फरार हो गए।

बस में आग लगती देख राहगीरों ने पुलिस की मदद से बस में सवार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल कर पास में स्थित सुधीर ढाबे के बगल में बने छप्पर में पहुचांया। जिसमें सभी यात्री बाल बाल बच गये। बस में चालक और क्लीनर समेत कुल 99 लोग सवार थे। सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया है। मौके पर आलमबाग, चौक, हजरतगंज और सरोजनीनगर से आयी सात दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। इस दौरान करीब एक घंटे तक सड़क पर अफरातफरी का माहौल बना रहा। बस में सवार बिहार निवासी श्रीकांत, विनोद कुमार, शिवा व अर्जुन समेत सभी लोगों ने बताया कि वह सभी लोग हरियाणा में मजदूरी का काम करते है। वह सभी लोग काम समाप्त करके अपने घरों को जा रहे थे। आग से उनका सारा सामान जलकर खाक हो गया।

## सूबे में 700 आयुष डाक्टरों की भर्ती के लिए आयोग को भेजा प्रस्ताव

**लखनऊ।** सूबे के गोरखपुर जनपद में स्थापित हो रहे आयुष विश्वविद्यालय व कई कालेजों में आयुष विशेषज्ञ के खाली पदों को देखते हुए राज्य सरकार ने लोक सेवा आयोग को 700 आयुष डाक्टरों की नियुक्ति का प्रस्ताव भेजने के साथ भेजा है। इसके साथ ही सरकार की तरफ से 30 प्रोफेसरों और 130 असिस्टेंट प्रोफेसरों की भी जल्द भर्ती की जाएगी। आयुष विभाग के विशेष सचिव राजकमल यादव ने बताया कि हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1045 आयुष डाक्टरों को नियुक्ति पत्र सौंपे हैं। प्रदेश में बन रहे मेडिकल कालेजों के लिए करीब 700 आयुष डाक्टरों की और जरूरत है। लिहाजा मुख्यमंत्री की अनुमति के बाद लोक सेवा आयोग को प्रस्ताव भेजा गया है ताकि डाक्टरों की जल्द से जल्द नियुक्ति की जा सके।

### नक्शे के विपरीत निर्माण पर हुई सीलिंग कार्रवाई

**लखनऊ।** एलडीए द्वारा अवैध निर्माण किए जाने पर सीलिंग कार्रवाई की गयी है। विहित प्राधिकारी के आदेश पर प्रवर्तन दल द्वारा यह कार्रवाई की गयी। इनके द्वारा पास नक्शे के विपरीत निर्माण किया गया था। बुधवार को निशातगंज में सुष्मा रस्तोगी द्वारा प्लाट संख्या पर अवैध निर्माण करने पर एलडीए ने कार्रवाई की। फैजाबाद रोड पर प्लाट संख्या 567 पर पास नक्शे के विपरीत निर्माण किया था, जिसपर विहित प्राधिकारी ऋतु सुहास के आदेश पर सीलिंग कार्रवाई की गयी। बताया जाता है कि निर्माण पर अधिकारियों ने नोटिस देकर चेतावनी दी, लेकिन नहीं मानने पर प्रवर्तन दल के  अधिशाषी अभियंता जोन 6 के कमलजीत सिंह ने सीलिंग कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान क्षेत्रीय थाने के पुलिस व एलडीए के सहायक अभियंता एसएन शाक्य और अवर अभियंता डीके शुक्ला भी मौजूद रहे।

### सीटीईटी के प्रवेश पत्र जारी, 31 जनवरी को होगी परीक्षा

**लखनऊ।** केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) का प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। परीक्षा 31 जनवरी को आयोजित की जायेगी। अभ्यर्थी एडमिट कार्ड अधिकारिक वेबसाइट से अपलोड कर सकते हैं। बता दें कि जिन उम्मीदवारों ने जुलाई 2020 की परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन किया था, वे अब जनवरी में आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए उपस्थित होंगे। बता दें कि सीटीईटी परीक्षा साल में दो बार जुलाई और दिसंबर में आयोजित की जाती है। इसके तहत पहले सेशन में दिसंबर सत्र की परीक्षा के लिए अधिसूचना आमतौर पर अगस्त-सितंबर में जारी की जाती है।

### दस दिवसीय उत्तरायणी कौथिग आज से

**लखनऊ।** राजधानी में लगने वाले उत्तरायणी कौथिग का आयोजन भारत रत्न पं. गोविन्द बल्लव पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन गोमती तट पर 14 से 23 जनवरी तक किया जायेगा।   कौथिग स्थल पूर्ण रूप से तैयार है अगले 10 दिन तक होने वाले भव्य कार्यक्रमों के लिए इस वर्ष कौथिग के मंच पर अभिनव प्रयोग के रूप में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यकमों के दौरान पर्वतीय प्राकृतिक सौन्दर्य के सुन्दर दृश्य एवं उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति, लोक विधाओं का ज्ञान वर्धक प्रस्तुतिकरण किया जायेगा।  पर्वतीय महापरिषद के महासचिव महेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि 14 जनवरी को उत्तरायणी कौथिग भव्य शोभा यात्रा के साथ महानगर रामलीला पार्क से प्रारम्भ होगी।


## कार्यालय-नगर पालिका परिषद खलीलाबाद, जनपद-संतकबीरनगर

पत्रांक-528/न0पा0

**आवश्यक सूचना**

दिनांक-12.01.2021

सभी सम्बन्धित एवं एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद खलीलाबाद के नगर क्षेत्र में निम्नलिखित भवनों पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र के विरूद्व अगर कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अपना लिखित आवेदन/आपत्ति पत्र साक्ष्य के साथ नगर पालिका परिषद कार्यालय में उपलब्ध करा दें, अन्यथा वाद मियाद प्राप्त आवेदन एवं साक्ष्यों के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | दर्ज होने वाले व्यक्ति का नाम | मकान संख्या | मोहल्ला/वार्ड नं0 | नामान्तरण का प्रकार | खारिज होने व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हसीनाबानों पत्नी आजम अली आदि। | 142 | वार्ड नं0-24 गोला बाजार उत्तरी | वरासतन | सहीदुन्निशा पत्नी कमरुदीन |
| 2 | रामअधारे गुप्ता पुत्र गोर्वधन | 28 | वार्ड नं0-24 गोला बाजार उत्तरी | वरासतन | गोर्वधन पुत्र तामेश्वर |
| 3 | अरविन्द शर्मा पुत्र रामानुज शर्मा | 185 | वार्ड नं0-21 शास्त्रीनगर | वरासतन | रामसवारी देवी पत्नी रामानुज |
| 4 | दीपा मिश्र पत्नी स्व0 रामलौट मिश्रा आदि | 111, 219, 263, 309, 311 | मोतीनगर वार्ड नं0-17 | वरासतन | रामलौट मिश्रा पुत्र मुरलीधर |
| 5 | अनसुईया पत्नी रामवृक्ष राय आदि | 98 | वार्ड नं0-12 औद्योगिकनगर | वरासतन | रामवृक्ष राय पुत्र मुराली |
| 6 | कन्हैया लाल पुत्र पारसनाथ | 184 | वार्ड नं0-06 पुरानी तहसील दक्षिणी | वरासतन | केदारनाथ, पारसनाथ पुत्र राजाराम |
| 7 | नन्दलाल पुत्र केदारनाथ | 184 | वार्ड नं0-06 पुरानी तहसील दक्षिणी | वरासतन | केदारनाथ, पारसनाथ पुत्र राजाराम |
| 8 | उमा देवी पत्नी किशनलाल | 108 | वार्ड नं0-16 बरदहिया बाजार | दानपत्र पंजीकृत | हरिहर पुत्र हरिद्वार |
| 9 | जगदम्बा प्रसाद पुत्र बासदेव | 57 | वार्ड नं0-15 बंजरिया पूर्वी | बैनामा | सत्यनरायन पुत्र बलदेव गुप्ता |
| 10 | गौरव पुत्र गोविन्द, रीना पत्नी सुनील | 122 | वार्ड नं0-15 बंजरिया पूर्वी | पंजीकृत वसीयत | कमलकिशोर, श्रीकृष्ण, ऋषिकेश, सुनील पुत्र ठाकुर |
| 11 | सुशीला देवी पत्नी रामानन्द | 11 | वार्ड नं0-15 बंजरिया पूर्वी | वरासतन | रामचन्द, दिनेश पुत्र मिश्रीलाल |
| 12 | लाजोरानी गुप्ता पत्नी कमलेश | 69 | वार्ड नं0-13 भिटवा | बैनामा | अब्दुल अजीज पुत्र मकबूल |
| 13 | अमित कुमार, राकेश पुत्र नरेन्द्र कुमार | 14 | वार्ड नं0-12 औद्योगिकनगर | वरासतन | शिवलोचना देवी पत्नी नरेन्द्र कुमार |
| 14 | सुनीता गुप्ता पत्नी अवधबिहारी | 133 सी | वार्ड नं0-16 बरदहिया बाजार | बैनामा | बृजबिहारी पुत्र रामदेव |
| 15 | मंशा देवी पत्नी राजेन्द्र प्रसाद आदि | 62 | वार्ड नं0-24, गोलाबाजार उत्तरी | पंजीकृत वसीयत | भवानी प्रसाद पुत्र अलगू |
| 16 | अफरोजा खातून पत्नी सकील अहमद | 89 | वार्ड नं0-25 पठान टोला पश्चिमी | बैनामा | अकील अहमद, मो0 राईस पुत्र सोहराब |
| 17 | कुसुम देवी पत्नी सिकन्दर | 257 | वार्ड नं0-19 अंसार टोला | वरासतन | सिकन्दर गुप्ता पुत्र सम्पत गुप्ता |
| 18 | ईलायची देवी पत्नी बालेन्दर | 355 | वार्ड नं0-17 मोतीनगर | वरासतन | बालेन्दर प्रसाद पुत्र आयोध्या |
| 19 | कुतुबुन्निशा पत्नी स्व0 मुतुर्जा | 47, 156 | वार्ड नं0-02 विधियानी | वरासतन | मुतुर्जा हुसेन पुत्र सोहरत अली |
| 20 | शोभा देवी पत्नी रमाकान्त | 58 | वार्ड नं0-05 बरई टोला | वरासतन | रमाकान्त पुत्र मुनेसर |
| 21 | उर्मिला देवी पत्नी ओमप्रकाश | 320 | वार्ड नं0-17 मोतीनगर | बैनामा | रामनयन पुत्र दूधनाथ |
| 22 | विष्णु प्रसाद पुत्र रामप्रसाद | 60, 74 | वार्ड नं0-21 शास्त्रीनगर | वरासतन | रामप्रसाद पुत्र दुर्गा प्रसाद |
| 23 | नूरजहॉ पत्नी शरीफ | 30 | वार्ड नं0-30 भिटवा टोला | वरासतन | शरीफ अहमद पुत्र हाजी जमादार |
| 24 | सुमित्रा देवी पत्नी कैलासनाथ | 18 | वार्ड नं0-23 गोला बाजार दक्षिणी | वरासतन | कैलास नाथ पुत्र प्रहलाद |
| 25 | किरन पत्नी सुनील | 267 | वार्ड नं0-14 मटिहना | बैनामा | शिवलाल पुत्र जितई |
| 26 | विजय कुमार, अशोक कुमार पुत्र मोहनलाल | 33 | वार्ड नं0-20 माली टोला | समझौता पत्र | विजय कुमार, अशोक कुमार पुत्र मोहनलाल |
| 27 | इफतखार अहमद आदि पुत्र स्व0 अजीज | 35 | वार्ड नं0-17 मोतीनगर | वरासतन | अजीज अहमद पुत्र ईसमदार |
| 28 | मनोज कुमार पुत्र नन्दलाल | 07 | वार्ड नं0-23 गोला बाजार दक्षिणी | बैनामा | पवन कुमार पुत्र राधाकृष्णन |
| 29 | रेनू राय पत्नी विरेन्द्र राय आदि | 215, 216 | वार्ड नं0-02 विधियानी | खतौनी के आधार | विनोद कुमार राय, प्रमोद राय पुत्र हरिहर राय |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**खलीलाबाद, संतकबीरनगर**


# एंटी गार्बेज यूनिट गठित, गंदगी पर होगी कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**शहर** को स्वच्छता में नंबर एक बनाने के लिए अपर नगर आयुक्त द्वारा एंटी गार्बेज यूनिट का गठन किया गया है। यह यूनिट हर जोन स्तर पर बनायी जाएगी। इसका कार्य लोगों को जागरूक करने और स्वच्छता बनाए रखने का होगा। साथ ही गंदगी करने वालों पर कार्रवाई करने के आदेश भी दिए गए हैं। वहीं नगर निगम मुख्यालय में यूनिट के सदस्यों को शपथ भी दिलायी गयी।

नगर निगम लखनऊ लाल बाग मुख्यालय में नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त अर्चना द्विवेदी द्वारा  एंटी गार्बेज यूनिट का गठन किया गया। हर ज़ोन में गठित इस यूनिट द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत लखनऊ वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जायेगा, जिससे शहर को स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी। इस कार्य से चल रहे स्वच्छ सर्वेक्षक 2021 की रैंकिंग में उच्च स्थान प्राप्त होने मे मदद मिलेगी। यूनिट द्वारा ऐसे व्यक्ति जो गन्दगी फैलाते हैं और स्वच्छता के नियमों का पालन नहीं करते है। उन्हें सर्वप्रथम जागरूक किया जाएगा कि शहर में गंदगी ना फैलाएं एवं कूड़ा नगर निगम द्वारा अधिकृत कूड़े वाले को 4 भागों में अलग अलग करके दें। साथ ही पॉलीथिन का उपयोग न करें। न मानने वालों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही भी की जाएगी।

## फाइटोरेमिडिएशन विधि से नालों का ट्रीटमेंट कराने की तैयारी में नगर निगम

**लखनऊ( पीएनएस )।** शहर की गोमती नदी में ओवर फ्लो हो रहे नालों को फाइटोरेमिडिएशन विधि से ट्रीटमेंट करने की तैयारी नगरनिगम द्वारा की जा रही है। नगर आयुक्त सहित आला अफसर गोमती नदी के किनारे पहुंची, जहां नालों की ट्रीटमेंट की संभावना तलाशी जा रही है। फाइटोरेमिडियेशन विधि से पार्क में एक एमएलडी प्रदूषित जल का ट्रीटमेंट किया जाता है, जिसको समझने के लिए अधिकारियों ने भ्रमण किया। बुधवार को गोमती नदीं में ओवर फ्लो हो रहे नालों का फाइटोरेमिडियेशन विधि से ट्रीटमेंट किए जाने के संबंध में जानकारी एवं प्रक्रिया देखने के लिए नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी ने मुख्य अभियंता महेश वर्मा, अधिशासी अभियंता मनीष अवस्थी एवं पर्यावरण अभियंता पंकज भूषण के साथ दिल्ली स्थिल नीला हौज बायोडायवर्सिटी पार्क का भ्रमण किया गया। फाइटोरेमिडियेशन विधि से पार्क में एक एमएलडी प्रदूषित जल का ट्रीटमेंट किया जाता है एवं ट्रीटमेंट के बाद इस जल को नीला हौज झील में प्रवाहित किया जाता है। इस तकनीक के संबंध में दिल्ली विश्वविद्यालय के रिटायर्ड  प्रो. सीआर बाबू ने बताया कि प्रदूषित जल को सेडीमेन्टेशन टैंक के माध्यम से स्क्रीन, मैश एवं स्टोन/बोल्डर्स की दीवार बनाकर विशेष प्रकार के पौधों के मध्य से गुजारा जाता है, जिसके कारण प्रदूषित जल का प्रदूषण स्तर वॉटर बाडीज के लिए आवश्यक मानकों के अनुरूप हो जाता है।

## मथुरा के चर्चित अपहरण कांड में वांछित एक लाख का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**लखनऊ।** मथुरा के डॉक्टर विकल्प अग्रवाल अपहरण कांड में वांछित एक लाख से इनामी अपराधी अनूप को एसटीएफ ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। एसटीएफको सूचना मिली कि एक लाख रुपए का ईनामी अपराधी अनूप पुत्र जगदीश निवासी कोलाहार थाना नोहझील मथुरा , दिल्ली की न्यू अशोक नगर कॉलोनी में छिपकर रह रहा है। इस सूचना पर एसटीएफ नोएडा की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अनूप को गिरफ्तार किया। जब एसटीएफ नोएडा की टीम द्वारा इस अपराधी को थाना हाईवे जनपद मथुरा के उक्त अभियोग में दाखिल करने के लिए जनपद मथुरा ले जाया जा रहा था तो थानाक्षेत्र सुरीर जनपद मथुरा में अभियुक्त अनूप के द्वारा लघुशंका का बहाना बनाकर गाडी से नीचे उतरते हुए एक आरक्षी की पिस्टल छीनकर एसटीएफ टीम पर फायर करते हुए भागने का प्रयास किया गया। जिस पर एसटीएफकी टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ एवं नियंत्रित रूप से की गयी फायरिंग में बदमाश अनूप के पैर में गोली लग गयी। इस मुठभेड़ में एसटीएफ टीम के दो आरक्षी राजन कुमार व आरक्षी मनोज कुमार भी घायल हुए हैं।

उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड अति-अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या 46/अनु0ई0/श0भ0वि0/2020–21

अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई–निविदा विशिष्टि सं0–53/अनु0ई0/श0भ0वि0/2020–21 द्वारा **शक्ति भवन (मु0) के कक्ष संख्या – 517 में विद्युतीय, नेटवर्किंग एवम् टेलीफोन वायरिंग इत्यादि कार्य कराये जाने हेतु निविदायें** दिनांक 22.01.2021 को 14.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त ई–निविदाओं के तकनीकी भाग को उसी दिन 16.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा। निविदा के विक्रय व धरोहर धनराशि सम्बन्धी एवं अन्य विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in से प्राप्त किये जा सकते हैं। **अधिशासी अभियन्ता** अनुरक्षण इकाई, कक्ष सं0–104, प्रथम तल, शक्ति भवन (विस्तार) 14–आशोक मार्ग, लखनऊ। पत्रांक–74, दिनांक – 13.01.2021, **"राष्ट्रहित में बिजली बचायें" हेल्प लाईन नं0 18001808752**

# यह समय सामाजिक बदलाव लाने का है

● **राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अलीगढ़ के सर्किट हाउस में स्वयं सहायता समूहों तथा हस्तशिल्प उत्पाद प्रदर्शनी का किया उद्घाटन**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समूह** में कार्य करना मानव स्वभाव का हिस्सा है। क्योंकि समाज में रहकर मनुष्य एक दूसरे के सहयोग के बिना कार्य नहीं कर सकता है। उक्त उद्गार बुधवार को प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अलीगढ़ के सर्किट हाउस में स्वयं सहायता समूहों तथा हस्तशिल्प उत्पाद प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किये।

राज्यपाल ने कहा कि अलीगढ़ के ताले विश्व प्रसिद्ध हैं। प्रदर्शनी के अवलोकन के समय तालों की विभिन्न सुन्दर डिजाइनों को देखकर उन्होंने इसकी प्रशंसा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे इस उद्योग में लगी महिलाओं की सुरक्षा के लिये भी उचित उपाय करें। उन्होंने कहा कि यह समय सामाजिक बदलाव लाने का है। हमें समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों को समाप्त करने के लिये प्रयास करना चाहिए। इस कार्य में युवा वर्ग अपना विशिष्ट योगदान दे सकते हैं। प्रदेश सरकार सामूहिक विवाह आयोजन को प्राथमिकता से प्रत्येक जिलों में आयोजित कर रही हैं। हम सभी का दायित्व है कि हम ऐसे आयोजनों में बढ़ चढ़कर भाग लें। आनंदीबेन पटेल ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा हस्त शिल्पियों से संवाद के दौरान कहा कि बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिए महिलाएं सशक्त पहल करें, जिससे आने वाली पीढ़ी शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहे और पूरे परिवार एवं समाज का विकास हो सके। राज्यपाल ने किसान आन्दोलन पर चर्चा करते हुए कहा कि नये कृषि कानून कृषि एवं किसान हित में हैं। इससे किसानों को आगे बढ़न, नये प्रयोग करने और अपनी जमीन का अधिकतम सदुपयोग करने का मौका मिलेगा। ये किसानों के लिये बहुत अच्छा अवसर हैं।

## 14वें वित्त आयोग की उपयोगिता अवधि बढ़ने से विकास कार्य को मिलेगी गति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● **महापौर ने मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री और नगर विकास मंत्री का आभार जताया**

**शहर** में 14वें वित्त आयोग की उपयोगिता अवधि बढने पर महापौर ने मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री और नगर विकास मंत्री का आभार जताया । महापौर के अनुरोध पर शासन ने 14वें वित्त आयोग की उपयोगिता अवधि को 31 मार्च तक बढ़ा दिया है, इस संबंध में शासन ने पत्र भी जारी किया है।

14वें वित्त की उपयोगिता अवधि बढ़ने से शहर में विकास कार्य गति और तेज होगी, जिसकी आदेश शासन ने कर दिया है। राजधानी में कोरोना काल के दौरान 14वें वित्त आयोग की निधि से कार्य नहीं कराए जा सके थे, लेकिन महापौर संयुक्ता भाटिया के प्रयास से 14वें वित्त की उपयोगिता अवधि बढ़ा दी गयी है। महापौर ने 14वें वित्त की उपयोगिता बढ़ाने पर मु यमंत्री, वित्त मंत्री और नगर विकास मंत्री का आभार जताया है। महापौर के अनुरोध पर शासन ने 14वें वित्त आयोग की उपयोगिता अवधि को 31 मार्च 2021 तक बढ़ा दिया है, इस संबंध में शासन ने पत्र भी जारी किया है। वहीं महापौर ने नगर आयुक्त अजय द्विवेदी को फ़ोन कर समस्त कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर्यंत पूर्ण कराने के लिए भी निर्देशित किया। गौरतलब है कि कोरोना महामारी और लॉक डाउन के कारण 14वें वित्त आयोग से संस्तुत धनराशि से महापौर द्वारा स्वीकृत कुछ कार्य विशेषकर जलनिकासी के लिए नाला निर्माण के कार्य 31 दिस बर तक अधूरे रह गए थे, कार्यों के अधूरे रह जाने से कार्य का औचित्य ही समाप्त होता देख जनहित में महापौर ने वित्त मंत्री और नगर विकास मंत्री से मिल कर उपयोगिता अवधि को बढ़ाने का अनुरोध किया था।

## एलआईसी के प्रबन्ध निदेशक राज कुमार आज से तीन दिवसीय लखनऊ दौरे पर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** जीवन बीमा निगम के प्रबन्ध निदेशक राज कुमार 14 जनवरी, गुरुवार को तीन दिन के आधिकारिक दौरे पर लखनऊ आ रहे हैं। गुरुवार को ही वे लखनऊ मंडल के अधिकारियों, विकास अधिकारियों एवं अभिकर्ताओं के समूह को संबोधित करेंगे। एलआईसी उत्तर मध्य क्षेत्र का विस्तार उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड दो राज्यों में है। 15 जनवरी को वे उत्तर मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबन्धक एके शर्मा की उपस्थिति में आयोजित होने वाले वरिष्ठ मंडल प्रबन्धक सम्मेलन में 12 मंडलों के वरिष्ठ मंडल प्रबन्धकों तथा क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नव व्यवसाय एवं अन्य प्रशासनिक विषयों पर चर्चा करेंगे। वे 13वें बैच के डॉयरेक्ट रिक्रूट ऑफिसर हैं। पूर्व में उन्होंने उत्तर मध्य क्षेत्र में आगरा मंडल में विपणन प्रबन्धक एवं गोरखपुर मंडल में वरिष्ठ मंडल प्रबन्धक के रूप में कार्य किया है।

## अनापत्ति प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ी

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने शैक्षिक सत्र 2021-22 के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा ऑनलाइन अनापत्ति एवं संबद्धता प्रस्तावों के निस्तारण हेतु विशेष परिस्थिति में संशोधित समय सारणी निर्धारित की है। विशेष सचिव उच्च शिक्षा अब्दुल समद ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विश्व विद्यालय में नए पाठ्यक्रमों हेतु अनापत्ति प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2020 से बढ़ाकर 15 जनवरी 2021 तक कर दी गई है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में ऑनलाइन जमा किए गए प्रस्ताव के भूमि संबंधी अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन कराए जाने की तिथि 31 जनवरी से बढ़ाकर 5 फरवरी कर दी गई है।

## कैट परीक्षा में सीएमएस के तीन छात्र चयनित



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के तीन प्रतिभाशाली छात्रों ने कॉमन एडमीशन टेस्ट (कैट) के परीक्षा परिणाम में चयनित होकर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। इन छात्रों में सीएमएस राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस) के छात्र कृष्ण द्विवेदी ने 97.53 परसेंटाइल एवं महेन्द्र प्रताप सिंह ने 91.08 परसेंटाइल एवं स्टेशन रोड कैम्पस के छात्र जुहैब उमर रहमान ने 92 परसेंटाइल प्राप्त कर यह उपलब्धि अर्जित की है। अब ये छात्र देश के प्रतिष्ठित मैनेजमेन्ट कालेजों में एडमीशन ले सकते हैं। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने सीएमएस के इन मेधावी छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं व आशीर्वाद देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सीएमएस के मेधावी छात्र विद्यालय की शिक्षा पद्धति के अनुसार 'सर्वधर्म समभाव' एवं वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को जहाँ पर रहेंगे, वहीं पर प्रवाहित करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## सत्ता के अहंकार में किसानों का अपमान कर रहे हैं भाजपा सांसदः कांग्रेस

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद साक्षी महाराज के बयान पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता बृजेन्द्र कुमार सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह सत्ता के अहंकार में हमारे अन्नदाता किसानों का अपमान कर रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि साक्षी महाराज का यह कहना कि वही किसान आन्दोलन कर रहे हैं जिन्हें राम मन्दिर बनने से खुशी नहीं हुई है या सीएए-एनआरसी के समर्थक हैं, वही लोग धरने पर बैठे हैं। यह कहना अन्नदाता किसानों का अपमान करना है। भगवान श्रीराम के मंदिर बनने से हर किसान को तथा हर भारतवासी को गर्व और खुशी है परन्तु इसका मतलब यह नहीं होता कि किसान अपनी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करवाने, अपनी खेती को बचाने तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम के खत्म होने की वजह से व्यापारियों को जमाखोरी करने की असीमित छूट देने का समर्थन करें। मोदी सरकार द्वारा बनाये गए तीनों कृषि कानून किसानों के हितों के खिलाफहैं तथा अपने चहेते चंद पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए ही बनाए गए हैं। सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत के अन्नदाता किसानों के साथ पूरी दृढ़ता के साथ खड़ी है।

## मकर संक्रांति पर लल्लू ने दीं शुभकामनाएं

**लखनऊ।** मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए उनके सुख, समृद्धि एवं उन्नति की कामना की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि संक्रान्ति अर्थात सूर्य का धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश, खरमास समाप्त करके सूर्य का उत्तरायण होना हिन्दू धर्मावलम्बियों और भारतीय सभ्यता दोनों में शुभता का प्रतीक पर्व माना जाता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने लोहड़ी के पवित्र पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा है कि खुशी का और शुभता का यह प्रतीक पर्व सभी के जीवन में खुशहाली लाए।

## महान दल ने समाजवादी पार्टी को दिया समर्थन

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से गुरुवार को महान दल के नेताओं ने मुलाकात कर अपना समर्थन दिया। महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव देव मौर्य के साथ महान दल के प्रमुख नेता, बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से पार्टी मुख्यालय में मिले। इनमें प्रमुख थे शिवकुमार यादव, रामानंद सैनी, ब्रजमोहन कुशवाहा, सर्वेश शाक्य तथा बदन सिंह सैनी आदि।


## शहरी क्षेत्र की गर्भवतियों व किशोरियों को मिलेगा काला चना

**लखनऊ।** कुपोषण व एनीमिया से शहरी क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं और किशोरियों को अब पोषाहार में दाल के स्थान पर काला चना उपलब्ध कराया जाएगा। जबकि छह साल तक के बच्चों को डाल उपलब्ध कराई जाएगी। इस बाबत बाल विकास पुष्टाहार विभाग की निदेशक डॉ सारिका मोहन ने आदेश जारी कर दिए हैं। निदेशक बाल विकास सेवा व पुष्टाहार की तरफसे नैफेड के प्रबंध निदेशक को पत्र लिख कर कहा गया है कि इन 38 जिलों में नैफेड देशी काले चने व दाल की सप्लाई करे। नैफेड ने देशी काला चना और दाल के दाम 60 रुपये तक ही बताएं हैं।

## दो तस्कर गिरफ्तार, 10.62 कुन्तल गांजा बरामद

लखनऊ। एसटीएफलखनऊ की टीम ने सोनभद्र से अंतरराज्यीय गिरोह के दो तस्करों को गिरफ्तार कर 10.62 कुंतल गांजा बरामद किया। एसटीएफके मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद गांजे की कीमत तकरीबन ढाई करोड़ रुपए है। एसटीएफलखनऊ की टीम को मुखबिरों के माध्यम से ज्ञात हुआ कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में उड़ीसा से मादक पदार्थ गांजा की तस्करी की जा रही है, जो वहा से आने वाले ट्रको में लाए जा रहे सामान में छिपाकर लाया जा रहा है तथा पूर्वी उप्र के प्रयागराज एवं आस पास के जनपदों में बेचा जा रहा है। इसी क्रम में मुखबिर के माध्यम से ज्ञात हुआ कि ट्रक नम्बर यूपी 70 एटी.4135 उड़ीसा से प्रयागराज जाने वाला है, जिसमें भारी मात्रा में गांजा लदा हुआ है। इस सूचना पर एसटीएफकी टीम स्थानीय पुलिस को साथ लेकर लोढ़ी टोल प्लाजा, मारकुण्डी पर आने जाने वाले वाहनों का इन्तजार करने लगी। कुछ देर बार मुखबिर द्वारा बताए गए ट्रक आती हुई दिखाई दी, जिस पर एसटीएफटीम द्वारा एनसीबी व स्थानीय पुलिस को साथ लेकर उक्त ट्रक को रोककर तलाशी ली गयी, तो धान की भूसी से भरी बोरियों के बीच में अवैध मादक पदार्थ गांजा छिपाकर रखा गया था, जिसे कब्जे में लेकर ट्रक चालक राम सिंह ननका पुत्र अर्जुन और संजय सिंह पटेल लल्लू पुत्र ज्ञानचंद्र पटेलको गिरफ्तार किया। गिरपतार अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि यह गांजा उड़ीसा के बलनगीर से लाया जा रहा था, जिसे केसरवानी पुत्र ठाकुरदीन गंगोत्री नगर, नैनी प्रयागराज के प्रदीप ने मंगाया था।

## तहसीलदार ने बांटे कम्बल, की सहयोग की अपील



**मोहनलालगंज।** कड़ाके की ठण्ड में जरुरतमंद लोगों को राहत दिलाने के लिए बुधवार को तहसीलदार निखिलचन्द्र शुक्ल ने कालेबीर बाबा मंदिर परिसर के आधा दर्जन पुजारियों और सफाईकर्मी को कम्बल वितरित किए। इस दौरान तहसीलदार ने पुजारियों से मंदिर परिसर में कोई भी जरुरतमंद नजर आने पर फौरन उसकी सूचना उन तक पहुंचाने की अपील की। जिससे आश्रयविहीन और जरुरतमंद को रैन बसेरे में आसरा और कम्बल दिलाया जा सके। तहसीलदार ने बताया लेखपालों के जरिए गांव गांव जरुरतमंद लोगों को कम्बल वितरित कराए जा रहे हैं। कोई भी जरुरतमंद छूट गया हो तो जागरुक लोग उसकी सूचना स्थानीय लेखपाल अथवा सीधे उन्हें देकर प्रशासन का सहयोग करें।

## मास्टर डाटाबेस तैयार करने की समय सारिणी जारी

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष एवं शैक्षिक सत्र 2020-21 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति कक्षा 9-10 कक्षाओं से सम्बंधित पाठ्यक्रमों का मास्टर डाटाबेस तैयार करने, सत्यापन लाक करने एवं छात्रों को छात्रवृत्ति आवदेन से सम्बंधित विवरण हेतु संशोधित समय सारिणी जारी कर दी है।

## एनएसयूआई ने लिया हर विश्वविद्यालय महाविद्यालय तक पहुंचने का संकल्प

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** सेंट्रल जोन के अध्यक्ष अनस रहमान और एनएसयूआई के राष्ट्रीय सह प्रभारी सचिन द्विवेदी की मौजूदगी में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में एनएसयूआई उप्र मध्य जोन की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक व भावी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैठक में राष्ट्रीय सह प्रभारी सचिन द्विवेदी ने विश्वविद्यालय, महाविद्यालय में स्कालरशिप, आरक्षण, शिक्षा पर घटता खर्च और संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा के निजीकरण, उच्च शिक्षा के बजट में लगातार हो रही कटौतीए शिक्षा के भगवाकरण और छात्र संघों की अघोषित तालाबंदी के खिलाफ एनएससयूआई संघर्ष करेगी। उन्होंने योगी सरकार पर आरोप लगाया कि छात्रसंघों की तालाबंदी करके लोकतंत्र का गला घोंटने का काम कर रही है लेकिन एनएसयूआई के कार्यकर्ता संविधान की रक्षा के लिए और लोकतंत्र के लिए अपने संघर्ष को जारी रखेंगे। योगी सरकार एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं पर कितने भी मुकदमें लाद दे और जेल भेजे। इसके अलावा बैठक में विश्वविद्यालय सहित डिग्री कालेज विधानसभावार और ब्लॉक स्तर पर एनएसयूआई की कार्यकारिणी गठित करने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, शैलेश शुक्ला, विशाल वर्मा, महासचिव शिवतेन्द्र, जीशान, सौरभ लखनऊ के अध्यक्ष मोहम्मद तारिक, प्रशासन प्रभारी मोहम्मद शारिक अनीस सहित 24 जिलों के एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष मौजूद रहे।

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आरडीएसओ** में महानिदेशक वीरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में महानिदेशक ने पिछली तिमाही में राजभाषा के प्रचार प्रसार और राजभाषा में किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। महानिदेशक ने बैठक के दौरान सभी अधिकारियों से अधिकाधिक कार्य राजभाषा में करने का आग्रह किया। महानिदेशक द्वारा संगठन की राजभाषा पत्रिका मानक रश्मि का विमोचन किया गया। आरडीएसओ के मुख्य राजभाषा अधिकारी राजीव कान्तन जैन ने समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए राजभाषा संबंधी उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। आरडीएसओ के एलबी यादव, उप निदेशक वित्त एवं लेखा द्वारा मांग संख्या 16 से संबंधित प्रस्तावों की स्वीकृति प्रक्रिया विषय पर राजभाषा में सूचनाप्रद प्रस्तुति दी गयी। संगठन के कार्मिकों हेतु नवंबर 2020 में आयोजित हिंदी निबंध, हिंदी वाक् एवं हिंदी टिप्पणी एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिताओं के विजेता कर्मियों को मुख्यि राजभाषा अधिकारी के करकमलों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

## ट्राई साइकिल पाकर दिव्यांगों के चेहरों पर खिली मुस्कान

**बीकेटी ।** बख्शी का तालाब ब्लाक मुख्यालय पर बुधवार को क्षेत्र के दिव्यागों को ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक अविनाश त्रिवेदी थे। उनके साथ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामेंद्र सिंह व बीडीओ पूजा सिंह द्वारा 51 पात्रों को ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। बीडीओ ने बताया कि इस वितरण के बावजूद जो लोग छूट गये हैं उन्हें भी ट्राई साइकिल का वितरण सुनिश्चित किया जायेगा । इस दौरान विधायक ने कहां की संसार का कोई भी व्यक्ति पूर्ण नहीं होता। ऊपर वाले के नजर में सभी का बराबर महत्व है। ये साइकिल दिव्यांगों के जीवन की सुस्त रफ्तार को तेजी देगी जिससे उनके आत्मबल को संबल मिलेगा। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे।

## कार्यालय नगर पंचायत बभनान बाजार बस्ती।

पत्रांकः 1273 (3)/न0प0ब0बा0/2020–21 दिनांक : 8.1.2021

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

एतदद्वारा समस्त सम्बन्धित ठेकेदारों का सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बभनान बाजार बस्ती में 15वॉ वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग के अन्तगत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदा दिनांक 20–01–2221 समय 02 बजे दिन तक कायार्लय जिलाधिकारी बस्ती (एल0बी0सी0 पटल) पर आमंत्रित किया जाता है तथा प्राप्त निविदाओं को उसी दिन समय 03 बजे दिन में अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बस्ती द्वारा उपस्थित ठेकेदारों/प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 19–1–2021 तक नगर पंचायत बभनान बाजार बस्ती कार्यालय पर कार्यालय समय में की जायेगी। यदि इस सन्दर्भ में इसके अतिरिक्त कोई अन्य सूचना/जानकारी चाहते है तो दिनांक 19–1–2021 तक कार्यालय समय में नगर पंचायत बभनान बाजार कार्यालय ज्ञात कर सकते है। विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0 सं0 | निर्माण कार्य का नाम | योजना का नाम | आगणन धनराशि (लाख रू० में) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0 08 बागेश्वर नगर में स्पायर एकेडमी से सुन्दर टाकीज होते हुए रेलवे क्रासिंग तक इण्टर लाकिंग पटरी निर्माण कार्य। | 15वॉ वित्त आयोग | 9,90,000.00 | 2 प्रतिशत | 900 | 06 माह |
| 2 | वार्ड नं0 02 पटेल नगर में आसरा आवास से रामसूरत लकड़ी के दुकान तक इण्टरलाकिंग पटरी निर्माण कार्य। | 15वॉ वित्त आयोग | 9,92,000.00 | 2 प्रतिशत | 900 | 06 माह |
| 3 | वार्ड नं0 06 लक्ष्मीबाई नगर में जुबेर के मकान से रामकेवल के मकान तक नाला निर्माण कार्य। | 15वॉ वित्त आयोग | 4,98,000.00 | 2 प्रतिशत | 400 | 06 माह |
| 4 | वार्ड नं0 01 अम्बेडकर नगर में राम तीरथ चाय के दुकान से पुलिया तक नाला निर्माण कार्य। | 15वॉ वित्त आयोग | 4,95,000.00 | 2 प्रतिशत | 400 | 06 माह |
| 5 | वार्ड नं0 01 अम्बेडकर नगर में जमुना, सप्पू अशोक, दिलीप, हरी, रामकुमार, पुलिया के बगल, आज्ञा राम एवं गेंदालाल, रामदयाल के मकान तक नाली मरम्मत कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 2,14,500.00 | 2 प्रतिशत | 200 | 06 माह |
| 6 | वार्ड नं0 02 पटेल नगर में बभनान गौर मार्ग से प्राथमिक विद्यालय पटेल नगर तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं आर०वाल0 का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 1,88,000.00 | 2 प्रतिशत | 200 | 06 माह |
| 7 | वार्ड नं. 06 लक्ष्मीबाई नगर में मिडिल स्कूल मन्दिर में अवशेष भाग पर इण्टरलांकिग लगाने का कार्य एवं नाली ढक्कन सहित। | राज्य वित्त आयोग | 2,83,000.00 | 2 प्रतिशत | 300 | 06 माह |
| 8 | वार्ड नं0 11 चन्द्रशेखर आजाद नगर में हरिराम, डा0 जे0पी0 पाण्डे के सामने क्रासिंग तथा रामकेश सोनकर के घर के सामने इण्टरलाकिंग का कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 1,28,300.00 | 2 प्रतिशत | 200 | 06 माह |
| 9 | वार्ड नं0 08 बागेश्वर नगर में लक्ष्मी के मान से ज्ञान स्थलीय स्कूल तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली सुधार कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 9,75,600.00 | 2 प्रतिशत | 1000 | 06 माह |
| 10 | वार्ड नं0 08 बागेश्वर नगर में यकीन के बाउण्ड्रीवाल से रामजी कुल्फी वाले के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली सुधार कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 4,84,200.00 | 2 प्रतिशत | 500 | 06 माह |
| 11 | वार्ड न0 02 पटेल नगर में राम कदम के बगीच के सामने से मानिकराम के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व आर०वाल का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 9,81,799.00 | 2 प्रतिशत | 1000 | 06 माह |
| 12 | वार्ड न० 11 चन्द्रशेखर आजाद नगर में दयाराम के बाउण्ड्री से इण्टरलाकिंग सड़क तक इण्टरलाकिंग सड़क व आर०वाल का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 1,41,325.00 | 2 प्रतिशत | 200 | 06 माह |
| 13 | वार्ड न0 02 पटेल नगर में दिलीप के मकान से देवकी नन्दन के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व आर०वाल का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 981,799.00 | 2 प्रतिशत | 1000 | 06 माह |
| 14 | वार्ड नं0 11 चन्द्रशेखर आजाद नगर में शेखर के प्लाट से सुधा वर्मा के खेत तक इण्टरलाकिंग सड़क व आर0 वाल का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 2,43,122.00 | 2 प्रतिशत | 300 | 06 माह |
| 15 | वार्ड न0 04 भगत सिंह नगर में 05 सीट महिला प्रसाधन काम्पलेक्स निर्माण कार्य | स्वच्छ भारत मिशन | 574000 | 2 प्रतिशत | 400 | 06 माह |

**(रमेश कुमार गुप्ता)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बभनान बाजार,**
**जनपद–बस्ती।**

**(सईद खा)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत बभनान बाजार,**
**जनपद–बस्ती।**

## मतदाता सूची में गड़बड़ी की शिकायतें बरकरार, फरियादी परेशान

**पंचायत चुनाव**

संवाददाता। मोहनलालगंज

**मतदाता** सूची में गड़बड़ी की शिकायतों ने प्रशासन की उलझन बढ़ा दी है। आधा दर्जन शिकायतों पर जांच के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों का दावा है कि रिपोर्ट मिलते ही मतदाता सूची की गड़बड़ी दूर कराकर जिम्मेदारों का उत्तरदायित्व भी तय किया जाएगा। मोहनलालगंज तहसील के सलेमपुर एबलसिंह खेड़ा एभदेसुवा और लवल समेत आधा दर्जन ग्राम पंचायतों में मतदाता सूची की गड़बड़ी से जुड़ी शिकायतें अधिकारियों से की गई हैं। जिन पर तहसील अधिकारियों ने जांच के निर्देश दिए हैं। पंचायत चुनाव की मतदाता सूची फइनल होने को है लेकिन शिकायतों का निपटारा अब तक नहीं हो सका है। लिहाजा शिकायतकर्ता चुनाव में गड़बड़ी की आशंका जता रहे हैं। हालांकि अधिकारियों की मानें तो शिकायतों की जांच कराकर मतदाता सूची की गड़बड़ी दूर कराई जा रही है। अगर कहीं भी बीएलओ और सुपरवाइजर की लापरवाही मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

**इन्द्रजीतखेड़ा और डलौना में मतदाता सूची सर्वेक्षण ठपः** मोहनलालगंज के इन्द्रजीतखेड़ा और डलौना गांव में नगर पंचायत परिसीमन की प्रक्रिया अधर में लटके होने से पंचायत चुनाव मतदाता सूची पुनरीक्षण की कार्रवाई ठप पड़ी हुई है। जिससे अब तक न घर घर मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया पूरी कराई गई है और न विलोपन और संशोधन की कार्रवाई ही कराई गई है। पंचायत चुनाव नजदीक होने से ग्रामीण तहसील अधिकारियों से जल्द मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य कराए जाने की मांग कर रहे हैं।

## दर्जनभर पंचायतों में सफाईकर्मी नदारद, गन्दगी से पटी नालियां

संवाददाता। मोहनलालगंज



**सफाईकर्मियों** के नदारद रहने से मोहनलालगंज और सरोजनीनगर की दर्जनभर पंचायतों में कूड़े कचरे के ढ़ेर लग गए हैं। गन्दगी से पटी नालियां उफनाकर लबालब हो गई हैं। लेकिन शिकायत के बावजूद ब्लाक अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं।

मोहनलालगंज ब्लाक की दहियर ,दयालपुर, रामपुरगढ़ी, पतौना ,उदयपुर ,भद्दीसिर्स ,उतरावां ,जमालपुर ददुरी ,अचलीखेड़ा अमवा मुर्तजापुर समेत 11 ग्राम पंचायतों में तैनात सफाईकर्मियों को पिछले दो माह से ईवीएम वेयर हाऊस में ड्यूटी पर लगा रखा गया है। इसी तरह सरोजनीनगर ब्लाक की 5 पंचायतों के सफाईकर्मी भी वेयर हाऊस में ड्यूटी दे रहे हैं। लिहाजा इन सभी पंचायतों में कूड़े कचरे और गन्दगी ने डेरा डाल दिया है। साफ–सफाई के अभाव में जगह जगह कचरे के ढ़ेर लग गए हैं। जबकि गन्दगी से पटी नालियां उफनाकर आवागमन के रास्ते पर बह चली हैं। परेशानहाल ग्रामीणों के फोन करने पर सफाईकर्मी ईवीएम वेयर हाऊस में ड्यूटी बताकर पल्ला झाड़ ले रहे हैं। जबकि ग्राम पंचायत सचिव और एडीओ पंचायत से शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार चुप्पी साधकर बैठे हुए हैं।

**दो महीने पहले डीपीआरओ ने लगाई थी ड्यूटीः** मोहनलालगंज और सरोजनीनगर ब्लाक के दर्जनभर सफाईकर्मियो की ड्यूटी नवम्बर माह में डीपीआरओ आफिस की ओर से मोहनलालगंज ईवीएम वेयर हाऊस में लगाई गई थी। दो महीने बीत गए फिर भी उन सफाईकर्मियों को ड्यूटी से मुक्त कर गांव जाकर सफाई करने की इजाजत नहीं दी गई है। लिहाजा इन सफाईकर्मियो की तैनाती वाली पंचायतों में गन्दगी की भरमार हो गई है। ग्रामीणों की मांग है कि जिला प्रशासन को रोटेशन के जरिए हर सप्ताह अलग अलग पंचायतों के सफाईकर्मियों की ड्यूटी लगानी चाहिए जिससे सरकारी कामकाज के साथ पंचायतों की सफाई व्यवस्था भी बेपटरी होने से बचाया जा सके।

# मुख्यमंत्री ने किया दो दिवसीय महोत्सव का समापन

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**चम्पा** देवी पार्क में आयोजित दो दिवसीय गोरखपुर महोत्सव का समापन प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस अवसर पर उन्होंने गोरखपुर महोत्सव स्मारिका 'अभ्युदय' 2021 का विमोचन किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने महोत्सव/मेला परिसर में लगे स्टाल एवं प्रदर्शनी आदि का अवलोकन भी किया तथा कृषि विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में फार्म मशीनरी बैंक परियोजना के तहत विकास खण्ड भटहट के प्रकाश उत्पादक कृषि समिति, भिसवा के अभय प्रताप सिंह तथा गंगा आजीविका स्वयं सहायता समूह की श्रीमती संगीता सिंह को ट्रैक्टर की चाभी प्रदान किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने 100 दिव्यांगों को मोटराइज्ड साइकिल प्रदान किया तथा हरी झण्डी दिखाकर उन्हें रवाना किया। मुख्यमंत्री ने देश एवं दुनिया में गोरखपुर को गौरव दिलाने वाले 10 महानुभावों को 'गोरखपुर रत्न सम्मान' से सम्मानित किया। इसके पश्चात् उन्होंने रामगढ़ताल के निकट 75 मीटर (246 फीट) ऊंचाई का राष्ट्रीय ध्वज और पैडलेगंज से सर्किट हाउस रोड पर बनाये गये गौतम बुद्ध द्वार का वर्चुअल लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि मकर संक्रान्ति पर्व के अवसर पर एक 10 रुपये का डाक टिकट जारी होगा जो गोरखपुर की पहचान होगा तथा उत्तर प्रदेश सरकार की डिजिटल डायरी का लोकार्पण भी होगा।



### कोरोना के खिलाफ लड़ाई पर अंतिम प्रहार

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री ने कहा कि 16 जनवरी को प्रदेश/देश में प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में कोरोना के खिलाफ लड़ाई का अंतिम प्रहार कोरोना वैक्सीन के साथ ही प्रारम्भ हो रहा है इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री को बधाई दी तथा कहा कि पिछले वर्ष का लगभग 80 प्रतिशत भाग हमने कोरोना से लड़ते, जूझते, बचते हुए व्यतीत किया है। लेकिन वर्ष 2021 हमारे लिए शुभ समाचार लेकर आया है कि हम कोरोना के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में यह लड़ाई मार्च 2020 से आरम्भ हुई और सफलता पूर्वक कोरोना प्रबंधन के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाते हुए एक-एक नागरिक के जीवन को बचाते हुए और उनकी जीविका को भी बचाने और नये अवसरों को प्रदान करने का कार्य किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब खुशखबरी आती है तो महोत्सव जैसा होता है, गोरखपुर महोत्सव उस खुशखबरी की ही एक पहली मंजिल है जिसका आयोजन करने का गौरव गोरखपुर के प्रशासन को प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन, उत्साह व उमंग का नाम है, हताशा और निराश का नहीं। हमें स्वदेशी आन्दोलन को आगे बढ़ाना है इसके लिए खादी, स्वच्छता एवं स्वावलम्बन को अपनाना होगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास में देश के प्रधानमंत्री की तारीफ करते हुए सरकार द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों को एक-एक करके गिनाया।

### रामगढ़ ताल के पास उतरेगा सी-प्लेन

उन्होंने कहा कि कुशीनगर में इंटरनेशनल हवाई अड्डा बन रहा है, गोरखपुर में रामगढ़ताल स्थित है शीघ्र सी-प्लेन उतारा जायेगा यह एक आधुनिक सुविधा है। उन्होंने बताया कि चौरी चौरा काण्ड 4 फरवरी 1922 को हुआ था, चौरी चौरा सहित पूरे प्रदेश में हर शहीद स्मारक पर कुछ न कुछ कार्यक्रम शताब्दी वर्ष के अवसर पर मनाये जाने हेतु व्यापक कार्य योजना तैयार की जा रही है, आजादी की लड़ाई में आने वाले महापुरूषों को स्कूल कालेज के पाठ्यक्रम का हिस्सा भी बनाया जायेगा।

### विभूतियों की तैयार की जाय सूची

उन्होंने कहा कि गोरखपुर के गौरव एवं लोक कल्याण के क्षेत्र में कार्य करने वाले महान विभूतियों की सूची तैयार की जाये ताकि उन्हें सम्मानित किया जाये इससे नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि गोरखपुर जू शीघ्र प्रारम्भ होगा यह प्रदेश का सबसे खूबसूरत जू होगा। उन्होंने बताया कि 24 फरवरी को उ.प्र. दिवस का कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अवसर पर मण्डलायुक्त जयन्त नार्लिकर/अध्यक्ष महोत्सव समिति ने मुख्य अतिथि सहित उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया।

अंत में जिलाधिकारी के. विजयेन्द्र पाण्डियन ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह, पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा. नीलकण्ठ तिवारी, सदर सांसद रविकिशन, सांसद बासगांव कमलेश पासवान, राज्यसभा सांसद जय प्रकाश निषाद, विधायक फतेह बहादुर सिंह, महेन्द्रपाल सिंह, संत प्रसाद, विपिन सिंह, डा. राधामोहन दास अग्रवाल, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल आदि उपस्थित रहें।

## विवक न्यूज

### सीएम ने किया रुद्राभिषेक, जनकल्याण की कामना

**गोरखपुर।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गोरखनाथ मंदिर स्थित अपने आवास पर रुद्राभिषेक कर जनकल्याण की प्रार्थना की। सुबह परम्परागत दिनचर्या के तहत आवास से निकलने के बाद उन्होंने सबसे पहले मुख्य मंदिर में गुरु गोरखनाथ की पूजा-अर्चना की। अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर गए और उनका आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले सीएम ने कर्मचारियों और जिला प्रशासन के अधिकारियों को मकर संक्रांति पर लगने वाले खिचड़ी मेला की तैयारियों से सम्बन्धित जरूरी दिशानिर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने आधा घंटे का वक्त गोशाला में गायों के साथ गुजारा। सीएम ने मंदिर कार्यालय में कुछ लोगों से मुलाकात भी की। मुख्यमंत्री रुद्राभिषेक के लिए अपने आवास के शक्तिपीठ में पहुंचे। आचार्यगण पहले से तैयारी के साथ बैठे थे। सीएम के पहुंचने के बाद गणेश वंदना और शिव पूजा के साथ दुग्ध और जल से रुद्राभिषेक का अनुष्ठान शुरू हुआ। रुद्राभिषेक करीब एक घंटे तक चला। आरती हुई और प्रसाद वितरित किया गया। रुद्राभिषेक कराने वाले आचार्यों में प्रधान पुरोहित के अलावा प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, डॉ. अरविंद चतुर्वेदी, डॉ. रोहित मिश्र, डॉ. रंगनाथ त्रिपाठी, पुरुषोत्तम चौबे और बनारस से आए महंत संतोष दास उर्फसतुआ बाबा शामिल रहें।

### अवैध गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** पुलिस महा निरीक्षक ध्वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या दीपक कुमार के निर्देश पर अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने और मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने एक आरोपी को दो किलो गांजा के साथ किया गिरफ्तार। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के चौकी प्रभारी राहुल पांडे हमराही सिपाही अश्वनी सोनकरए अनिल यादव के साथ रात गश्त कर रहे थे उसी बीच मुखबिर ने पुलिस को सूचना दिया कि एक व्यक्ति अवैध गांजा लेकर कहीं जाने के लिए थाना क्षेत्र के जालपा देवी मंदिर के पास खड़ा होकर किसी का इंतजार कर रहा। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने जालपा मंदिर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए अवैध गांजे के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना नाम सूरज मिश्रा पुत्र माधव प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम रामगंज चरकवा थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या बताया पुलिस ने तलाशी कर आरोपी के पास से 2 किलो अवैध गांजा बरामद कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर भेजा जेल। यह जानकारी प्रभारी निरीक्षक थाना कुमारगंज नीरज सिंह ने दी।

### क्रिटिकल सामानों की प्रदर्शनी का आयोजन

**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे के तीनों मंडलों-लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर के में ''रिसर्च, डिजाइन एण्ड स्टैण्डर्ड आर्गेनाइजेशन (आर.डी.एस.ओ.), लखनऊ द्वारा अनुमोदित संरक्षा एवं अन्य महत्वपूर्ण क्रिटिकल सामानों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में प्रदर्शित सभी सामनों के आर.डी.एस.ओ. स्पेसिफिकेशन, रेलवे की वार्षिक आवश्यकता एवं उनकी दरों के साथ प्रदर्शित किया गया है, जिनकी आवश्यकता रेल परिचालन (सवारी एवं माल डिब्बा, टी.आर.डी. एवं सिगनलिंग) के क्षेत्र में पड़ती है। उल्लेखनीय है कि इन सामानों की आपूर्ति करने वाली आई.एस.ओ. प्रमाणित मात्र एक या दो एजेन्सियां ही हैं। उक्त जानकारी देते हुए सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया है कि प्रदर्शनी का उद्देश्य विक्रेता आधार को बढ़ाना, मेक इन इंडिया अभियान को गति देना, व्यवसाय को सरल एवं सुविधाजनक बनाना तथा प्रतिर्स्पधात्मक माहौल विकसित करना है। प्रदर्शनी में 25 के.वी. डबल पोल वैक्यूम सर्किट ब्रेकर, लाइट वेट सेक्सन इन्सुलेटर एसेम्बली, माइक्रो प्रोसेसर आधरित न्यूमेरिकल इन्टीग्रेटेड फीडर प्रोटक्शन माड्यूल, डेल्टा-1 टाइप हाई रिसेस्टिव फाल्ट सलेक्टिव रिले, पैन्टो फ्लैश ओवर प्रोटेक्शन रिले, थरमो स्रिंक ज्वाइंटिंग किट, प्राइमरी डिजिटल मल्टी फ्लैक्सिंग इक्यूपमेन्ट आदि जैसे लगभग 40 सामान प्रदर्शित किये गये। प्रदर्शनी के माध्यम से स्टार्ट अप प्रारम्भ करने वाले उद्यमियों को इन सामानों के निर्माण एवं रेलवे को आपूर्ति करने हेतु आकर्षित करना है।

### युवक को गोली मारने के आरोपी पकड़ से दूर

**अम्बेडकरनगर।** पांच दिन पूर्व जन सेवा केंद्र संचालक को बदमाशों द्वारा गोली मारे जाने के मामले में अभी तक पुलिस सिर्फलकीर ही पीटती हुई नजर आ रही है। अब तक कोई आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा है जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। बता दें कि जैतपुर थाना क्षेत्र के सिंगीपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार पुत्र रामस्वरूप 30 वर्ष तिघरा में जन सेवा केंद्र का संचालन करता है । वह 8 जनवरी को सुबह अपने केंद्र पर जा ही रहा था कि बीच रास्ते में कुछ बदमाशों ने लूट के इरादे से गोली मार दी थी जिसमें जैतपुर पुलिस अभी तक किसी भी आरोपी को पकड़ नहीं पा रही है जिससे लोगों में जैतपुर थाना अध्यक्ष के खिलाफतरह-तरह की चर्चाएं हो रही है । फिलहाल थानाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता के रवैये से क्षेत्रवासी नाराज दिखाई पड़ रहे हैं। क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक कोई आरोपी पुलिस की गिरफ्त में नहीं है परंतु आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है जो जल्द ही पुलिस के हाथ लग जाएंगे।

### विधिक साक्षरता जागरूकता कैम्प का उद्घाटन आज

**गोरखपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राष्ट्रीय विधिक साक्षरता मिशन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मकर संक्रान्ति के अवसर पर 14 से 28 जनवरी तक गोरखनाथ मन्दिर परिसर के मेले में विधिक साक्षरता जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया है। उक्त कैम्प का उद्घाटन जनपद न्यायधीश के द्वारा 14 जनवरी को अपरान्ह 12 बजे से किया जायेगा। प्रतिदिन ग्रामीण अंचल से अये हुए समस्त लोगों को प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क कानूनी सलाह दी जायेगी, हैण्ड बिल आदि वितरित कर कानूनी संबंधी जानकारी दी जायेगी। उक्त जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राहुल कुमार सिंह ने दी है।

### किसान कल्याण मिशन अभियान अब 18 को

**गोरखपुर।** जिलाधिकारी ने बताया है कि किसान कल्याण तथा किसान की आमदनी दोगुना करने का एक अभियान किसान कल्याण मिशन के रूप में चलाये जाने हेतु 13 जनवरी को विकास खण्ड पिपराइच, खोराबार, बेलघाट, बांसगांव, ब्रम्हपुर व गोला को निर्देशित किया गया था। कृषि मंत्री उ.प्र. तथा कृषि निदेशक उ.प्र. के निर्देशानुसार जनपद में गोरखपुर महोत्सव कार्यक्रम को देखते हुए उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए उक्त कार्यक्रम अब 18 जनवरी को होगा। अन्य सभी निर्देश पूर्वतः रहेंगे।

### प्रभारी मंत्री ने पीड़ित परिवार को बंधाया ढांढस

**अम्बेडकरनगर।** जिले के राजेसुल्तानपुर थाना अंतर्गत मल्लूपुर मजगवां गांव में बीते 4 जनवरी को हुये दोहरे हत्याकांड मामले में प्रभारी मंत्री बृजेश पाठक ने पीड़ित के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया।गौरतलब है कि गांव के निवर्तमान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल मिश्रा एवं उनके सगे भाई सुरेंद्र मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बुधवार को जिले में पहुंचे कानून मंत्री बृजेश पाठक ने पीड़ित के घर पहुंचकर ढ़ाढस बंधाते हुए सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ शस्त्र लाइसेंस आर्थिक सहायता एवं शासन द्वारा अनुमन्य अन्य सहायता प्रदान किए जाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता यमुना प्रसाद चतुर्वेदी जिलाध्यक्ष कपिलदेव वर्मा विधायक अनीता कमल पूर्व विधायक त्रिवेणी राम महामंत्री डॉ मिथिलेश त्रिपाठी वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञानेंद्र पांडे उर्फछोटे पांडे दिवाकर ओझा सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने कई आरोपियों को किया गिरफ्तार



पुलिस द्वारा गिरफ्तार की गई महिलाएं

**अम्बेडकरनगर।** जिले की जलालपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में चलाये गये विशेष अभियान में जुआरी, चेन स्नेचिंग गिरोह की महिलाएं तथा गोवध अधि. के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने छापा मारा तो वहां जुआ खेलते हुए चार लोगों को पकड़ा गया। बृजेश पाण्डेय मोहल्ला छाछू कस्बा, विनोद कुमार गौड़,मुकेश कुमार एवं रवि गौड़ निवासी मंगुरा डिला को ताश के पत्ते व 970 रूपये के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने गोवध निवारण अधि. के तहत सूरज गुप्ता निवासी रूदौली माफी थाना मालीपुर को भी गिरफ्तार किया है। थाने की गरूण वाहिनी चेकिंग द्वारा पांच शातिर महिला चोरों को गिरफ्तार किया गया जो महिलाओं से चेने स्नेचिंग करती थीं। दो जोड़ी पायल, आठ बिछिया व छः सौ रूपया नगद बरामद किया गया। पकड़ी गई महिलाओं में मीरा पत्नी राजेश, झिकना पत्नी बुधई तथा मुस्कान पुत्री राजेश निवासी कस्बा थाना बूढ़नपुर आजमगढ़ व नेहा पत्नी झुक्की तथा अन्नु पुत्री झुक्की निवासी पुरवा अतरौलिया थाना अतरौलिया जिला आजमगढ़ शामिल हैं।

## बीओबी के कर्मचारियों ने की बैठक

**अम्बेडकरनगर।** जोन के वन ट्रिलियन रुपए बिजनेस के उद्देश्य से बैंक ऑफ बड़ौदा के कर्मचारियों ने बैठक किया। बैंक ऑफ बड़ौदा लखनऊ अंचल प्रमुख व महाप्रबंधक बृजेश कुमार सिंह ने उद्देश्य को पूरा करने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया। इस दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक, उपक्षेत्रीय प्रबंधक, एलडीएम व आरसेटी निदेशक के साथ-साथ सैकड़ों ब्रांच के अधिकारी मौजूद रहे। अम्बेडकरनगर रीजन बनाए जाने के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा लखनऊ अंचल प्रमुख व महाप्रबंधक बृजेश कुमार सिंह का प्रथम आगमन हुआ। क्षेत्रीय प्रबंधक, उपक्षेत्रीय प्रबंधक, एलडीएम व आरसेटी निदेशक ने बुके प्रदान करते हुए उनका स्वागत किया। बैंक महाप्रबंधक ने दीप प्रज्वलित करके मुख्यालय स्थित आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वर्तमान वित्तीय वर्ष मे जोन को वनवटीवबीवजेडव (वन ट्रिलियन बिजनेस जोन) बनाने का लक्ष्य रखा गया।

# जिला पंचायत परिसर में महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण





महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण करते प्रभारी मंत्री, परिसर में स्थापित आदमकद मूर्ति

● प्रभारी मंत्री बृजेश पाठक रहे मुख्य अतिथि

**अम्बेडकरनगर।** जिला पंचायत के कार्यकाल के अंतिम दिन जिला पंचायत परिसर में स्थापित महाराणा प्रताप की आदमकद मूर्ति का प्रदेश के विधायी एवं न्याय मंत्री बृजेश पाठक द्वारा अनावरण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू की अध्यक्षता में आयोजित अनावरण समारोह में भारी संख्या में लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री मिथिलेश त्रिपाठी ने किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि उनकी बरसों पुरानी इच्छा आज पूरी हो गई है। मुगलों के बर्बर शासन से बचाने के लिए जिस वीर महाराणा प्रताप ने अपनी जान न्योछावर कर दिया था उनकी प्रतिमा लगवा कर उन्होंने अपनी इच्छा को पूरी कर दिया है। कानून मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि महाराणा प्रताप के जीवन से हम सभी को सीख लेनी चाहिए। मुगलों के साथ युद्ध में जिस प्रकार का साहस एवम पराक्रम दिखाया, वह आज भी इतिहास के पन्नों में दर्ज है। उनके वीर चेतक का भी वर्णन स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो गया है। जिले के विकास के लिए उनसे जो भी हो सकेगा, वह करते रहेंगे इशारों इशारों में उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिन्टू ने आगे के लिए तैयार रहने को कहा। भाजपा जिला अध्यक्ष कपिल देव वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष सरिता गुप्ता, विधायक संजू देवी, भाजपा नेता डॉ रजनीश सिंह, बाबा राम शब्द यादव, राणा रणधीर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष शिव नायक वर्मा, राम प्रकाश यादव, ज्ञान सागर सिंह, बाल्मीकि उपाध्याय, घिसियावन मौर्य, दीपक केडिया, पूर्व वायु सैनिक लाल बिहारी सिंह, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष उपाध्यक्ष अतुल मिश्रा व कवि अभय निर्भीक आदि लोग मौजूद रहे।

# अयोध्या में वाहन स्टैण्ड स्थल निर्धारित करने एवं रूट प्लान को लेकर डीएम ने की बैठक

संवाददाता। अयोध्या

**जिलाधिकारी** अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में अयोध्या में वाहन स्टैण्ड स्थल निर्धारित करने एवं रूट प्लान की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि अयोध्या के लिए दो प्रकार की यातायात व्यवस्थाएं निश्चित की जाय जिसमें एक सामान्य दिन और एक त्यौहारों के दिन, रूट नम्बर एक जो नियावां से अयोध्या तक जाता है उस पर टैम्पों, ई.रिक्शा एवं अन्य पब्लिक वाहनों के संख्या आदि निश्चित किया जाय जिससे कि उनको यातायात से नियंत्रित किया जा सकें।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि अयोध्या क्षेत्र में वाहनों की पार्किंग व्यवस्था हेतु पुराना बस अड्डा, बन्धा तिराहा, राम सेवक पुरम मैदान, गांधी आश्रम, हनुमान गुफा, रामकथा पार्क के सामने बिजली घर का खाली मैदान, दन्तधावन कुंड के सामने का स्थान, रेलवे ब्रिज के पास का स्थान, साकेत पेट्रोल पम्प के आसपास के स्थानों को विकसित किया जाय तथा आटो रिक्शा एसोसिएशन आदि से आवश्यक बैठक कर उनसे भी संवाद करते हुये आवश्यक कार्यवाही किया जाय। टेढ़ीबाजार के पास पंचायत विभाग का बहुतलीय भवन का निर्माण प्रस्तावित है। वहां पर भी अस्थायी पार्किंग के रूप में विकसित किया जा सकता है। कौशलेश कुंज के पास की जमीन को वहां के खण्डहर को हटाकर पार्किंग के रूप में तैयार किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि गोंडा और बस्ती से आने वाले तथा लखनऊ, रायबरेली, अम्बेडकरनगर, सुल्तानपुर रोड से आने वाले त्यौहार के समय यातायात के वाहनों को नियंत्रित किया जायए पर यह भी ध्यान रखा जाय कि किसी भी आम श्रद्वालु को परेशानी न हों। नगर निगम एवं विकास प्राधिकरण से बात कर मुख्य मंदिरों के आसपास के क्षेत्रों में कुछ अस्थायी शेड के निर्माण किया जायेंगे जिससे कि श्रद्वालुओं और वृद्व महिलाओं एवं बच्चों को कोई दिक्कत न हों। यातायात से सम्बंधित प्रस्तावों को जो मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय परिवहन समिति है उससे भी नियमानुसार अनुमोदन लिया जायेगा। इस बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर वैभव शर्मा, पुलिस अधीक्षक नगर विजयपाल सिंह, नगर मजिस्टे,ट एसपी सिंह, क्षेत्राधिकारी अयोध्या राजेश राय, सहायक सम्भागीय अधिकारी नन्दलाल सिंह सहित पुलिस, नगर निगम अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं सहायक उपस्थित थे।

## उच्च अधिकारियों की मिलीभगत से कुमारगंज रेंज में हो रहा अवैध कटान

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** सरकार हरियाली को बचाने के लिए लाखों करोड़ों रुपए भले ही खर्च कर रहा है लेकिन जिनके के हाथों में पेड़ों की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है उन्हीं की मिलीभगत से पुराने से पुराने पेड़ों को लकड़ कट नष्ट कर रहे है। कुमारगंज वन रेंज अंतर्गत इनायतनगर थाना क्षेत्र के बसवार कला गांव से बिना परमिट के हरे भारे तीन पेड़ महुआ व दो पेड़ा आम का ठेकेदार काटकर रातों.रात ठिकाने लगा दिया। लोगों ने अवैध कटान की जानकारी वन क्षेत्राधिकारी कुमारगंज को दी, वन क्षेत्राधिकारी पियूष मोहन श्रीवास्तव मौके पर ना जाकर डिप्टी रेंजर रविंदर सिंह को मौके पर भेज दिया । डिप्टी रेंजर की जांच से खुलासा हुआ कि पांच पेड़ अवैध तरीके से मौके पर काटे गए हैं। बसवार कला गांव में अवैध तरीके से काटे गए पेड़ों के बारे में जानकारी के लिए बुधवार की दोपहर जब संवाददाता कुमारगंज वन रेंज कार्यालय पहुंचा तो मौके पर वन क्षेत्राधिकारी तो नहीं मिले।

# डीएम ने एजेंसीवार केन्द्रवार चावल खरीद की समीक्षा की

**अयोध्या।** डीएम द्वारा एजेंसीवार केन्द्रवार खरीद की समीक्षा की गयी तथा केन्द्रों पर अवशेष धान एवं चावल मिलों पर भारी मात्रा में अवशेष सीएमआर की डिलीवरी हेतु केन्द्र प्रभारियों, परिवहन ठेकेदारों एवं चावल मिल मालिकों को निर्देश दिये गये। जिला खाद्य विपणन अधिकारी अपर जिला खरीद अधिकारी एवं चावल मिल मालिकों द्वारा विगत 10.12 दिन से भाखानि मे लगातार गेहूँ की रैक तथा भौतिक सत्यापन के कारण सीएमआर उतार में व्यवधान के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। क्षेत्र प्रबन्धक भाखानि द्वारा इस तथ्य की पुष्टि करते हुए बताया गया कि इस सप्ताह में कोई रैक प्रस्तावित नहीं है तथा तीव्र गति से सीएमआर का उतार किया जायेगा। डीएम द्वारा बैठक में समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी एसडीएम अपने.अपने क्षेत्र में केन्द्रों पर तैनात नोडल एवं लेखपालों, केन्द्र प्रभारी एवं ठेकेदार के साथ बैठक कर यह सुनिश्चित करें कि किसी भी दशा में किसी भी क्रय केंद्र पर फर्जी किसान अथवा बिचैलियों के माध्यम से धान क्रय न हो। शासन द्वारा वास्तविक किसानों से खरीद किये जाने के सम्बन्ध में समय.समय पर जारी निर्देशों का पालन करायें तथा क्रय केन्द्रों पर वास्तविक किसानों या उनके पारिवारिक सदस्यों द्वारा धान विक्रय हेतु लाये जाने की स्थिति में केन्द्र पर बनाये गये रजिस्टर में उसके आधार नम्बरए मोबाइल नं. तथा किसानों के हस्ताक्षर सहित विवरण रखे जाने का प्रभावी पर्यवेक्षण सुनिश्चित करायें। किसी भी क्रय केंद्र पर बिचैलिए अथवा फर्जी किसानों के नाम पर धान क्रय की सूचना पाए जाने पर संबंधित पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिन क्रय केंद्रों पर धान की उठान अभी नहीं हुई है वहां पर धान को त्रिपाल से ढक कर रखा जाए जिससे बारिश होने पर वह सुरक्षित रहे। किसानों के धान मूल्य के भुगतान में और तेजी लाने के निर्देश दिए।

# तीन पुरस्कार जीत पूरे ने दर्ज की शानदार उपस्थिति

**गोरखपुर।** केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय के ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसियन्सी द्वारा ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिये राष्ट्रीय स्तर पर दिये जाने वाले 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार' में भारतीय रेल का बोलबाला रहा एवं इसे विभिन्न श्रेणियों से 13 पुरस्कार प्राप्त हुए। पूर्वोत्तर रेलवे ने भी तीन पुरस्कार जीत कर अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज की। पूर्वोत्तर रेलवे को ट्रान्सपोर्ट, बिल्डिंग एवं वर्कशाप कटेगरी में सर्टिफिक्रेट आफमेरिट से नवाजा गया। पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा रेल यात्रियों एवं उपभोक्ताओं को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त परिवहन सेवा उपलब्ध कराये जाने हेतु किये जा रहे अथक एवं निरन्तर प्रयासों को इन पुरस्कारों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। सम्पूर्ण पूर्वोत्तर रेलवे एवं यहां स्थित कारखानें विभिन्न अभिनव प्रयासों से ऊर्जा संरक्षण के साथ ही ऊर्जा कार्यकुशलता को बढ़ाने के लिये सतत् प्रयासरत है। सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया है कि पूर्वोत्तर रेलवे पर तेजी से हो रहे रेल पथ के विद्युतीकरण के फ्लस्वरूप विद्युत इंजन चालित ट्रेनों के संचलन से ऊर्जा बचत में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त हुई है। मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय भवन, लखनऊ में ऊर्जा संरक्षण के तहत किये गये उपायों में पुराने 40 ए.सी. मशीनों को ऊर्जा दक्ष 5 स्टार मशीनों से बदलने, 100 प्रतिशत एल.ई.डी. लाइट एवं ऊर्जा दक्ष पंखों का इस्तेमाल एवं सोलर एनर्जी का बड़े पैमाने पर उपयोग सम्मिलित है। इन प्रयासों से मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय, लखनऊ भवन में दो लाख यूनिट की कमी एवं फ्लस्वरूप रू. 11 लाख के रेल राजस्व की वार्षिक बचत हुई। यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर में ऊर्जा संरक्षण एवं ऊर्जा कार्यकुशलता हेतु पावर फैक्टर में सुधार के लिये ए.पी.एफ.सी. पैनल का इंस्टालेशन, मौजूदा पम्पों के स्थान पर स्टार रेटेड पम्पों का प्रावधान, केन्द्रीयकृत एयर कम्प्रेसर के स्थान पर छोटे पोर्टेबल कम्प्रेशर, बेल्डिंग सेटों पर ऊर्जा रक्षक का प्रबन्ध, पारम्परिक बेल्डिंग प्लान्ट के स्थान पर सीनरजिक पल्स इन्वर्टर आधारित बेल्डिंग प्लान्ट का प्रावधान, एल.ई.डी. लाइट की व्यवस्था तथा पारम्परिक ए.सी. के स्थान पर स्टार रेटेड ए.सी.की उपलब्धता सम्मिलित है।

# प्रभारी मंत्री ने 18 बालिकाओं को दिया गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र

● विकास कार्यों की हुई समीक्षा

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**प्रदेश** के विधायी एवं न्याय ,ग्रामीण अभियंत्रण मंत्री बृजेश पाठक द्वारा महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण किया गया।इसके उपरांत कलेक्ट्रेट परिसर में मंत्री द्वारा मिशन शक्ति योजना अंतर्गत एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जनपद की 18 बालिकाओं को गोल्ड मेडल, प्रशस्ति पत्र तथा दिवाल घड़ी दिया गया। इसके उपरांत उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान किसानों के हितों को सर्वोपरि बताते हुए उन्हें शासन द्वारा दी जाने वाली योजनाओं एवं सुविधाओं की समीक्षा किया गया।



बालिका को गोल्ड मेडल प्रदान करते प्रभारी मंत्री बृजेश पाठक

जिसमें जनपद के समस्त नहरों की शील्ड सफाई की कार्मिक प्रगति 98.66 प्रतिशत पाई गई। वही जनपद में संचालित 130 टेलो में शत-प्रतिशत पानी की उपलब्धता पाई गई। समीक्षा में सड़कों के नवनिर्मित एवं चौड़ीकरण की कुल 40 सड़कों की वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष 28 सड़कें पूर्ण पाई गई जिनमें 25 का नव निर्माण एवं तीन का चौड़ीकरण किया गया था। बैठक के दौरान माननीय मंत्री जी ने किसानों की मांग पर सोलर पंप की उपलब्धता कराने के निर्देश दिए। वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा में पाया गया कि जनपद में आपदा एवं अन्य कारणों से 131 किसानों का फसल का नुकसान हुआ था इसमें सभी किसानों के नुकसान की भरपाई हेतु धन उपलब्ध करा दिया गया है। समीक्षा के दौरान उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी गोआश्रय स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं एवं गोवंशो के सकुशल संरक्षण में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री द्वारा जनपद में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की बिंदुवार समीक्षा की। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता है एंबुलेंस सेवा निरंतर संचालित है। कोविड-19 वैक्सीनेशन हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जनपद में 174000 लोगों का गोल्डन कार्ड बनाया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की प्रगति 72 प्रतिशत है वही जननी सुरक्षा योजना में आशाओं का दिसंबर माह का भुगतान कर दिया गया है।

विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान नगर पंचायतों में 239 हैंडपंपों की मरम्मत एवं 640 पंपों का रिबोर किया गया था। जनपद में 446 नवनिर्मित पंचायत घरों में अब तक जनपद में 356 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। बाकी का कार्य प्रगति पर पाया गया। अमृत योजना जनपद में संचालित तीन नवनिर्मित योजना में दो पूर्ण पाया गया। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जनपद में 103 वार्डो में ओडीएफ घोषित कर दिए गए हैं। आवास योजना अंतर्गत जनपद की प्रगति प्रदेश में प्रथम स्थान पर पाई गई। वहीं विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन, छात्रवृत्ति आदि में भी प्रगति पाई गई। कन्या सुमंगला योजना अंतर्गत जनपद में 14605 बालिकाओं का भुगतान किया गया था। किसानों की आय दोगुनी करने हेतु माननीय मंत्री जी ने कृषि अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन द्वारा संचालित प्रत्येक योजनाओं से हर किसान को जोड़ने के लिए निर्देश दिए। साथ ही साथ उन्होंने किसानों के हितों को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि जनपद में खाद ,बीज, टेलो के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। मंत्री ने जनपद के विकास कार्यों की अच्छी प्रगति देख कर अधिकारियों को बधाई देते हुए उन्हें हौसलों को अपेक्षाएं करते हुए कहा कि हम सबको जनकल्याण की जिम्मेदारी मिली है जिसका सभी को ईमानदारी से अपने दायित्व का निर्वहन करना होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में जनपद एवं प्रदेश निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है।

## सांसद ने शहरवासियों के साथ उठाया आनंद

**गोरखपुर।** गोरखपुर महोत्सव का आज अंतिम दिन है। शहरवासियों ने भाजपा सांसद रविकिशन के साथ रामगढ़ झील में बर्ड वॉच और नेचर वॉक का आनंद उठाया। गोरखपुर के 4 वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफरों की पक्षियों पर प्रदर्शित 200 फोटोग्राफ और पक्षियों पर प्रकाशित 1000 डाक टिकट की गैलरी का भी आनंद उठाया। हेरिटेज फाउंडेशन, शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणी उद्यान और गोरखपुर वन प्रभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में शहरवासी शामिल हुए। बर्ड फ्लू की गाइड लाइन का अनुपालन करते हुए कार्यक्रम प्राणी उद्यान के निकट रामगढ़ झील के निकट आयोजित हुआ। 6.30 बजे 9.30 बजे तक आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर सांसद एवं फिल्म अभिनेता रवि किशन शुक्ला रहे। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक एलवी झा, जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशु शेखर ठाकुर, रोटरी क्लब गोरखपुर के अध्यक्ष अरविंद विक्रम चौधरी, प्रोफेसर शिव शरण दास और डॉ नरेश अग्रवाल मौजूद रहें। 250 से ज्यादा पक्षी प्रेमी महिला पुरुष और बच्चे शामिल हुए।

# किसानों की जिम्मेदारी

## स्वीकारें मध्यस्थता

**सर्वोच्च** न्यायालय ने कृषि विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने के लिए आंदोलनकारियों से नाम मांगे थे। ऐसे में किसानों को मध्यस्थता स्वीकार करते हुए अदालत को मौका देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने नए कृषि कानूनों पर किसानों के साथ वार्ता ठीक से न चलाने के कारण उसकी खिंचाई की और मध्यस्थता के लिए समिति गठित की, लेकिन अभी अनेक सवालों के जवाब नहीं मिले हैं। ये प्रयास किसानों को स्वीकार नहीं है क्योंकि वे इसे न्यायिक रास्ते से भटकाने का एक और तरीका मानते हैं। अदालत ने किसानों को आश्वस्त किया है कि 'किसी की जमीन नहीं बेची जाएगी' और इस प्रकार उसने गेंद उनके पाले में डाल दी है। उसने 'राजनीति और न्यायपालिका के बीच' अंतर स्पष्ट कर किसानों से अपनी पसंद निर्धारित करने को कहा है। लेकिन किसान लंबी लड़ाई के संकेत दे रहे हैं, जबकि उनको अदालत की मध्यस्थता स्वीकार करनी चाहिए थी। अदालत ने उनके समक्ष एक गंभीर मंच रखा था जिसमें वे अपने सरोकार सामने रख सकते थे। यह कृषि के कथित निगमीकरण के खिलाफअपनी भयानक आशंकाओं के खिलाफअपने विचार रखने का एक और अवसर था। हालांकि, किसानों की आशंकाओं को निराधार नहीं कहा जा सकता है क्योंकि वे अमेरिका में खेती के निगमीकरण से परिचित हैं जहां फैक्ट्री फार्मिंग ने 'फार्म टु फोर्क' की अबाधित श्रृंखला वाली खेती को जन्म दिया है। इससे ग्रामीण कृषि समुदायों, उनकी आर्गेनिक विधियों तथा उनके विशिष्ट उत्पादों पर संकट पैदा हो सकता है। इसकी शुरुआत 1970 के दशक में हुई जब औद्योगिक प्रक्रियाओं के माध्यम से दुनिया के खाद्य बाजार पर कब्जे का सपना देखा गया। लेकिन थोड़े ही समय में अति-उत्पादन के कारण सही दाम मिलने बंद हो गए और किसान कर्ज में डूब गए। ऐसे में उनके पास अपनी खेती बेचने के सिवा और कोई रास्ता नहीं था। लेकिन भारतीय कानूनों के विवादास्पद प्राविधान कुछ धाराओं तक सीमित हैं और राजनीतिक इच्छाशक्ति से उनका समाधान किया जा सकता है। सरकार का कहना है कि नए कानून 'एक देश एक बाजार' बनाने में सहायता कर व्यापार की बाधाएं दूर करेंगे, पर किसानों को खुले व प्रतियोगी बाजार से डर लगता है जिसमें उनको न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी न मिलने की आशंका है। उनको यह भी लगता है कि अनुबंध करने से कार्पोरेट को चाहे-अनचाहे अधिक शक्तियां मिल जाएंगी। हालांकि, पुरानी व्यवस्था बनी रहेगी, पर वह समानान्तर व्यवस्था से कमजोर पड़ सकती है तथा एकाधिकारी कंपनियों के सामने अंततः ध्वस्त हो सकती है। कृषि उत्पाद व्यापार एवं वाणिज्य कानून, 2020 में घोषित कृषि उत्पाद बाजार समिति-एपीएमसी मंडियों के बाहर खरीद और बिक्री की अनुमति दी गई है और इससे कार्टेलीकरण पर विराम लगाने का प्रयास किया गया है। इसमें राज्य सरकारों को एपीएमसी बाजारों के बाहर बाजार फीस, सेस या लेवी लेने पर रोक लगाई गई है। लेकिन किसानों ने वर्तमान कमीशन एजेंटों पर विश्वास प्रकट किया है क्योंकि उनके लाइसेंस विश्वसनीयता के प्रमाण हैं। कई दौर की बातचीत के बाद सरकार खरीदारों को परिभाषित करने तथा उनको प्रमाणपत्र देने पर तैयार हुई थी। जहां तक ठेका खेती का सवाल है, इसका विकास कुछ खास फसलों के संदर्भ में हुआ है जिनका प्रसंस्करण आसानी से किया जा सकता है या जो बड़ी खाद्य कंपनियों के उपयुक्त हैं। जहां तक एपीएमसी मंडियों के बाहर कृषि उत्पादों की खरीद व बिक्री का सवाल है, कृषि उत्पादों के लिए 'व्यापार' शब्द को इस शर्त के साथ जोड़ा जा सकता है कि किसान पहले अपने उत्पाद अपनी शर्तों पर मंडियों में बेचेंगे और व्यापारी उनको वहां से खरीद सकते हैं। आवश्यक वस्तु संशोधन कानून, 2020 का उद्देश्य अनाजों, दालों, तिलहनों, खाद्य तेलों, प्याज व आलू को नियंत्रित सूची से बाहर कर केवल आपातस्थितियों में हस्तक्षेप का प्राविधान किया गया है। भंडारण की यह सीमा केवल व्यापारियों पर लागू होती है तथा किसान इससे प्रभावित नहीं होंगे। इससे वे लाभान्वित हो सकते हैं।



# व्यापार व आपूर्ति में नई तकनीक

व्यापार व सप्लाई श्रृंखला में ब्लाकचेन टेक्नोलोजी ने प्रासांगिकता सिद्ध की है। हालांकि, यह सभी बिजनेसों के लिए समाधान नहीं है, पर यह अन्य उद्योगों में परिवर्तन ला सकती है।




**हिमा बिंदू कोटा**
(लेखिका एमिटी विश्वविद्यालय में सह प्रोफेसर हैं)





**ब्लाकचेन** एक नवीनतम तकनीक है जिसका प्रयोग बिजनेस की दुनिया में होता है। हालांकि, यह तकनीक 1990 के आसपास आई थी, पर इसे पिछले दशक में क्रिप्टोकरेंसी आने के बाद लोकप्रियता मिली। इसकी ओर बहुत से लोगों का ध्यान आकर्षित हो रहा है, पर बिजनेसों पर इसे लागू करने के लिए समग्र समझदारी जरूरी है क्योंकि इसके बिना इसे पूरी तरह लागू नहीं किया जा सकता है। दुनिया अभी इसे स्वीकार करने, परीक्षण तथा क्रियान्वयन के शुरुआती चरण में है और ब्लाकचेन तकनीक का मुख्यधारा में आना बाकी है। यह एक प्रकार का डेटाबेस है जहां डेटा ब्लाकों में संग्रहीत होता है जो परस्पर एक दूसरे से जुड़े होते हैं। इस प्रकार किसी ब्लाक में आने वाला नया डेटा वर्तमान डेटा से जुड़ जाता है। यह वर्तमान डेटाबेसों से अलग है जहां डेटा को टेबलों के रूप में संग्रहीत किया जाता है और उसका प्रयोग व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह कर सकते हैं। इस प्रकार के डेटा तक पहुंच आसान होती है क्योंकि उसका स्वामित्व व प्रबंधन बिजनेसों के पास होता है। वे आंकड़ों पर नियंत्रण रखते हैं तथा फर्म की जरूरतों के अनुसार उसमें परिवर्तन कर सकते हैं। ब्लाकचेन इसमें महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है।

इस विशिष्ट तकनीक के चार आयाम हैं। यह सभी प्रासांगिक प्रयोगकर्ताओं के प्रति सचेतन होती है तथा सबके द्वारा लेनदेन वैध ठहराने पर ही लागू होती है। कोई लेनदेन अनुमति के बाद स्वतः सभी प्रयोगकर्ताओं के लेजरों में दर्ज हो जाता है। रिकार्ड स्थाई होता है अर्थात बलाक जोड़ने के बाद उसे हटाया नहीं जा सकता है। इस तकनीक का चौथा और मुख्य आयाम इसकी सुरक्षा है क्योंकि इसे डेटा ब्लाक का हर प्रयोगकर्ता अधिकृत करता है। हालांकि, यह मुख्यतः बिटक्काइन जैसी क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी है, पर समुचित स्वीकार्यता के बाद यह बिजनेसों के कामकाज में व्यापक परिवर्तन कर सकती है। नई प्रक्रियाओं का प्रयोग बिजनेसों को प्रतियोगी बनाने तथा उनमें नए आयाम शामिल करने के लिए हो सकता है। इससे बिजनेस समाज कल्याण के काम में भी योगदान कर सकते हैं। इसका प्रयोग खाद्य उद्योग में 'फूड फ्राम फार्म टु फोर्क' के रूप में हो सकता है। 2006 में अमेरिका में खासकर पालक में इस्ट्रेचिया कोलई की महामारी आई। सरकार को बैक्टीरिया का स्रोत पता लगाने में केवल दो सप्ताह का समय लगा तथा टनों पालक प्रदूषित होने के भय से अस्वीकार की गई।

ब्लाकचेन तकनीक से सप्लाई श्रृंखला में सभी कंपनियों व उनकी परिस्थितियों के बीच विश्वसनीयता पैदा होती है जिससे प्रदूषण का पता चल जाता है। वालमार्ट, नेस्ले व यूनीलीवर जैसी बड़ी कंपनियां इस तकनीक का प्रयोग कर कच्चे माल की गुणवत्ता पर नियंत्रण करती हैं। इस संबंध में वालमार्ट ने एक प्रयोग किया। वह 2.2 सेकेंड में इसके प्रयोग से आमों के बाग का पता लगाने में सफल हुई। पहले परंपरागत विधियों से कटे आमों के मूल का पता लगाने में लगभग सात दिन का समय लगता। अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन-एफडीए ने हाल ही में इस तकनीक का प्रयोग फूड लेबेलिंग के लिए शुरू किया ताकि ग्राहकों को उत्पादों में 'अतिरिक्त चीनी' की जानकारी दी जा सके। इससे कंपनियों को उत्पाद तैयार करने व उनमें अवयवों का पता लगाना आसान हो गया क्योंकि सूचना ब्लाकों में दर्ज होती है तथा उसे छांटने में समय और पैसे की बचत होती है। वर्तमान युग में सूचना का विशेष महत्व है और निजता की सुरक्षा ब्लाकचेन तकनीक प्रयोग का एक और महत्वपूर्ण आयाम है। पहचान, पासवर्ड, पता, स्थाई एकाउंट नंबर-पैन, बैंक का विवरण आदि इंटरनेट से सभी जगह फैल जाता है जिससे डेटा चोरी का खतरा पैदा होता है। अमेरिकी फेडरल व्यापार आयोग-एफटीसी द्वारा 2019 में पता लगाए 3.2 मिलियन धोखाधड़ी मामलों में से लगभग 20 प्रतिशत का संबंध डेटा व आइडेंटिटी की चोरी से था। 2019 की नार्टन लाइफलाक साइबर सेफ्टी इनसाइट रिपोर्ट के अनुसार लगभग 40 प्रतिशत भारतीय उपभोक्ताओं ने साइबर अपराधों के कारण 2019 में आइडेंटिटी चोरी का सामना किया जिससे 1.2 ट्रिलियन का नुकसान हुआ।

ब्लाकचेन तकनीक का प्रयोग व्यक्तियों के डेटा की सुरक्षा में होता है तथा सूचना की निजता सुरक्षित रहती है। केन्द्रीय डेटाबेस के वर्तमान व्यवहार की तुलना में ब्लाकचेन लेजर एक डिजिटल अधिकार प्रबंधन व्यवस्था की तरह काम करती है जिस तक पहुंच के लिए उपयुक्त अनुमति जरूरी होती है। उदाहरण के लिए, यदि आयु संबंधी जानकारी चाहिए तो केवल उससे संबंधित आंकड़े ही जारी होंगे, जबकि पते आदि का अतिरिक्त डेटा अलग रहेगा। चूंकि डेटा किसी सेंट्रल डेटाबेस में नहीं रहता है, इसलिए इसकी चोरी का संकट बहुत घट जाता है। इस तकनीक से तीन स्तरीय सुरक्षा डेटा एक्सचेंज से डिजिटल सूचना का पता लगाना आसान नहीं होता है। इसमें डेटा मांगने वाला, डेटा देने वाला व नेटवर्क आपरेटर एक दूसरे को नहीं जानते हैं। यह उपभोक्ताओं का डेटा और उनकी निजता सुनिश्चित करने का एकमात्र रास्ता है। सप्लाई चेन का किसी बिजनेस पर भारी प्रभाव पड़ता है जहां कोई भी बाधा विनाशकारी हो सकती है। ब्लाकचेन तकनीक प्रतिभागियों को सप्लाई श्रृंखला की सभी गतिविधियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करती है। इससे एक मजबूत व्यवस्था बनती है जो बिजनेस स्थितियों को पहले से परिभाषित करती है ताकि ये शर्तें पूरी होने पर अनुबंध स्वतः हो सकें।

इस तकनीक से बिजनेस में कोई सप्लायर या वेंडर आसानी से जोड़ा जा सकता है, जबकि परंपरागत रूप से इसमें काफी समय लगता था। इस प्रक्रिया में नए वेंडर के विस्तृत विवरण विश्वसनीय तरीके से कम समय में दर्ज हो जाते हैं। बैंकिंग व वित्तीय बाजारों, बीमा, जोखिम प्रबंधन, स्वास्थ्यरक्षा उद्योग, शोध एवं क्लीनिकल परीक्षण, वाणिज्य, खुदरा प्रबंधन, मीडिया व स्वचालन उद्योग, आदि में इस तकनीक का प्रयोग हो सकता है। आज की दुनिया में सीमाओं के पार से व्यापार और बिजनेस सामान्य बात हो गई है। लेकिन इस में विश्वास का संकट पैदा हो सकता है। परंपरागत बिजनेस माडलों में यह बड़ी बाधा है जहां प्रक्रिया का संबंध आमतौर से अनेक पक्षों के बीच होता है। ब्लाकचेन तकनीक विभिन्न पक्षों के बीच विश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान कर सकती है।

इसका प्रयोग उबर, एयरबीएनबी व नेटफ्लिक्स जैसी कंपनियां करती हैं। हालांकि, इसके प्रयोग में कुछ चुनौतियां भी हैं। इसके बारे में जानकारी अभी पूरी नहीं है और इसके विकास में कुछ समय लगेगा। यह इंटरनेट तकनीक की तरह है जिसका जन्म केवल चार दशक पहले हुआ था। बिजनेसों को यह तकनीक स्वीकार करने की क्षमता भी विकसित करनी होगी तथा समुचित प्रशासनिक ढांचा सुनिश्चित करना होगा।

ब्लाकचेन तकनीक की संभावना सरकारी नीतियों, बिजनेस परिवेश, कानूनों, विनियमनों व नौकरशाही पर भी निर्भर है। जटिल प्रशासनिक संरचना विरोधाभास, बाधाओं व अधिक खर्च का कारण बनती है। सार्वजनिक क्षेत्र में ब्लाकचेन तकनीक की स्वीकृति में विलंब हो रहा है, जबकि निजी क्षेत्र की तुलना में वहां अनेक प्रतिभागी होने के कारण खतरा भी अधिक है। ब्लाकचेन तकनीक सभी उद्योगों में अपनी प्रासांगिकता सिद्ध कर रही है जिनमें फाइनेंस, सीमाओं के पार व्यापार व सप्लाई श्रृखलायें शामिल हैं। हालांकि, इसमें भले ही हर बिजनेस लक्ष्य का समाधान न हो, पर इसमें अन्य उद्योगों को बदलने की क्षमता है। अनेक बिजनेसमैन ब्लाकचेन तकनीक के प्रयोग से अपनी बिक्री बढ़ाने तथा प्रतियोगी लाभ पाने में सफल हुए हैं। इस तकनीक से निरंतरता, पारदर्शिता तथा विश्वास बनता है, नई परिस्थितियां तैयार होती हैं तथा बिजनेस माडलों के विकास से राजस्व प्राप्ति के नए साधन बनते हैं।

# चिकित्सीय ज्ञान को संरक्षित करना आवश्यक

"नमूनों एवं कार्य प्रणालियों पर जानकारियां संरक्षित करने के लिए क्लाउड स्टोरेज का समुचित उपयोग महत्वपूर्ण होता है जो भविष्य में जीवन सुरक्षा में मददगार हो सकता है।"




**के एम चेरियन**
(लेखक पद्म श्री पुरस्कार विजेता एवं कार्डियोथौरैसिक सर्जन हैं)


**हम** रोमांचक दौर में जी रहे हैं जहां हम चिकित्सा क्षेत्र में प्रतिदिन नई चीजों की खोज कर रहे हैं। यह उन तकनीकी उन्नतियों कह बदौलत हुआ है जो हमने की हैं। उदाहरण के लिए, कोविड-19 वायरस को ही ले लीजिए। 2020 में इसकी उत्पत्ति के समय से ही, हम रोज इसके बारे में एक नए तथ्य की खोज करते रहे हैं। यह सब उन तकनीकी उच्चीकरणों की बदौलत हुआ है जो मनुष्य ने चिकित्या विज्ञान के क्षेत्र में किए हैं, खासकर शल्य क्रिया की शाखा में।

देश में भावी सर्जनों व स्वास्थ्यरक्षा पेशेवरों के लिए विविध कार्य प्रणालियों के इतिहास को समझना व उस पर आगे और विकसित करना महत्वपूर्ण है। लेकिन, चिकित्सा क्षेत्र में हुई सारी प्रगति को सही ढंग से दस्तावेजीकृत नहीं किया गया है। इसलिए, ताजा तकनीकी प्रक्रियाओं का उपयोग करने, संरक्षण करने एवं भावी चिकित्सा पेशेवरों की पीढ़ी को ज्ञान देने के लिए ईमानदारी से प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

इंटरनेट के माध्यम से ज्ञान के आदान-प्रदान के इस युग में, नमूनों एवं कार्य प्रणालियों पर जानकारियां संरक्षित करने के लिए क्लाउड स्टोरेज का समुचित उपयोग महत्वपूर्ण होता है जो भविष्य में बहुत से जीवन बचाने में मददगार हो सकता है। यद्यपि नालंदा दुनिया के पहले विश्वविद्यालयों में से एक था, उस समय विविध अध्ययनों के माध्यम से अर्जित ज्ञान को आगे बढ़ाते रहने के लिए संरक्षित नहीं किया जा सका। यह मानव प्रजाति के लिए बड़ा नुकसान था।

इसलिए, चिकित्सा विज्ञान में निरंतरता और विकास को सुनिश्चित करने के लिए, पहला काम जो किया जाना आवश्यक है वह है केस फाइलों एवं कार्य प्रणालियों का डिजिटलीकरण। यद्यपि बहुत से अस्पतालों एवं स्वास्थ्यरक्षा संगठनों ने अपने मरीजों की फाइलों को डिजिटलीकृत किया हे तथा उन्हें सरवर समर्थित चिकित्सा दस्तावेज प्रणालियों में संग्रहीत किया है, छोटे संगठनों को भी यही करना महत्वपूर्ण है।

शल्य क्रिया संचालन को बॉडी कैमरों अथवा सीसीटीवी कैमरों में कैद किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, इन फाइलों को उचित तरीके से एक सुरक्षित क्लाउड सर्वर में संग्रहीत किया जाना अनिवार्य है क्योंकि हार्ड डिस्क और ड्राइवरों के दोषग्रसित हो जाने, चुरा लिए जाने व उनमें छेड़छाड़ किए जाने की संभावना रहती है। इस तथ्य के चलते कि उनमें मरीजों गोपनीय आंकड़े सग्रहीत होते हैं मगर गलत हाथों में पड़ जाने पर उनके दुरुपयोग की संभावना होती है, इन फाइलों को सुरक्षित रखना व सुरक्षा बनाए रखना बेहद अहम होता है।

दूसरे, हमारे लिए उन आंकड़ों से अंतरदृष्टि प्राप्त करने की प्रबल आवश्यकता होती है जिनका इस्तेमाल हम उपचार, सर्जरी एवं शोध व विकास के लिए करते हैं। आंकड़े प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं लेकिन हमें बिग डाटा एवं एनेलिटिक्स जैसे उचित उपकरणों की आवश्यकता होती है जिससे कि दी गई जानकारियों से अंतरदृष्टि प्राप्त कर प्रभाव पैदा किया जा सके। ऐनालिटिक्स का इस्तेमाल कुछ चिकित्सीय स्थितियों में पैटर्न का पूर्वानुमान लगाने व उपचार करने में किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, यदि हम किसी विशेष आयु वर्ग के लोगों की पिछले कुछ दशकों में अभी तक की गई बाइपास सर्जरियों के सभी मामले लेते हैं व एक साझा पैटर्न प्राप्त करते हैं, तो भविष्य के लिए यह बहुत उपयोगी हो सकता है।

इसी प्रकार, त्रिआयामी प्रिंटिंग एवं त्रिआयामी मॉडलिंग डाक्टरों, नर्सों एवं अन्य स्वास्थ्यरक्षा पेशेवरों को को प्रशिक्षित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण नई पहल है। त्रिआयामी प्रिंटिंग, अथवा एडिटिव विनिर्माण एक प्रक्रिया है जिसमें त्रिआयामी वस्तु का सृजन सामग्री की उत्तरोत्तर सतहों को निर्धारित करके किया जा सकता है, जिसमें से सभी प्रस्तावित वस्तु के पतले काटे गए सेक्शन होते हैं। फिर उस वस्तु को कम्प्यूटर समर्थित प्रारूपण साफ्टवेयर का इस्तेमाल कर प्रारूपित किया जाता है तथा त्रिआयामी प्रिंटिंग की आवश्यकताओं के उपयुक्त बनाया जाता है। चूंकि चिकित्सा छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए वास्तविक मॉडल, खासकर कोविड-19 के दौर में होना संभव नहीं होता है, जहां प्रत्येक अंग की दुर्बोधताओं का अन्वेषण किया जाता है, चलनशील हिस्सों के साथ त्रिआयामी मॉडलों का होना शल्य क्रिया प्रशिक्षण के लिए बहुत उपयोगी होता है।

सर्जनों व स्वास्थ्यरक्षा पेशेवरों के भावी प्रशिक्षण हेतु अगला महत्वपूर्ण कदम है ज्ञान को पहुंच के योग्य बनाना। इसका अर्थ है जानकारियों को माध्यमों एवं मंचों पर सभी के लिए उपलब्ध कराना। हमें धन संबंधी रुकावटें डालकर ज्ञान के प्रवाह को रोकना नहीं चाहिए। इसके बजाए, हमारा उद्देश्य दवा तथा सर्जरी के प्रत्येक क्षेत्र में आभासी ज्ञान केंद्र सृजित करने का होना चाहिए। दुनिया के जाने-माने विशेषज्ञ इस समूह का हिस्सा हो सकते हैं और आकांक्षी पेशेवरों की मार्गदर्शन के द्वारा समय-समय पर मदद कर सकते हैं।

नालंदा विश्वविद्यालय दुनिया के पहले विश्वविद्यालयों में से एक था, जिसकी स्थापना 5वीं सदी ईसा पूर्व हुई थी, और कहा जाता है कि भगवान बुद्ध अपने जीवनकाल के दौरान स्वयं वहां गए थे। अपने चरम पर, 7 वीं सदी में, नालंदा विश्वविद्यालय में 10,000 छात्र और 20,000 शिक्षक थे जब चीनी विद्वान ह्वेनसांग वहां पहुंचा था। लेकिन उस ज्ञान को संरक्षित करने की तकनीक के अभाव में सारा ज्ञान नष्ट हो गया।

प्राचीन काल की बुद्धिमत्ता को वर्तमान उन्नत एवं उच्चीकृत आधुनिक विज्ञान से जोड़ना महत्वपूर्ण है। इन प्रयासों का परिणाम भावी पीढ़ियों को शिक्षित करने में आंकड़ों के हस्तांतरण एवं पुनरोवलोकन के तौर पर सामने आएगा, अतः ज्ञान का नष्ट होना संभाव नहीं होगा। सौभाग्य से, हम अब ज्ञान को संरक्षित करने की स्थिति में पहुंच गए हैं।

## आप की बात

### जरूरी है डब्लूएचओ की पहल

**ब्रिटेन** से आए नए स्ट्रेन के विश्व के कई अन्य देशों में फैलने के साथ ही अमेरिका की महामारी से हो रही दुर्गति चिंताजनक है।टीकाकरण की शुरुआत के बावजूद 1 दिन में 4000 से अधिक लोगों की मौत बताती है कि संक्रमण की गति कैसी है? लगातार बढ़ रहे आंकड़ों से दुनिया के अन्य देशों को भी सबक लेना चाहिए और कम से कम टीकाकरण के बाद भी सतर्क रहने की समझ रखनी चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन कोई पहल क्यों नहीं करता? कोराना लगातार दुनिया को आतंकित करता जा रहा है। ब्रिटेन से नए स्वरूप में आया कोरोना दुनिया के 22 देशों को संक्रमण की जद में ले चुका है। इससे भय बढ़ता जा रहा है। अमेरिका इस समय सबसे अधिक आहत है क्योंकि टीकाकरण और अन्य उपायों के बाद भी बड़ी संख्या में वहां मौतें प्रतिदिन हो रही है। 4000 लोगों का एक ही दिन बीमारी के आगोश में समा जाना इस बात का संकेत है कि वहां किस कदर संक्रमण फैल रहा है। बावजूद इसके सरकार क्या कर रही है? संक्रमण भले ही अमेरिका में बढ़ रहा हो पर इसका खामियाजा दुनिया को भी भुगतना पड़ सकता है। वुहान की लापरवाही किस कदर लोगों के गले पड़ी है यह समझाने की जरूरत नहीं है। डब्लूएचओ इस दिशा में ठोस पहल करे।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### पर्यटन केंद्रों में स्वच्छता

**वर्तमान** में पर्यटन स्थलों पर और बेहतर सुविधाओं की आवश्यकता है। फिल्म निर्माताओं को भी म.प्र.के पर्यटन स्थलों का सोंदर्य व ऐतिहासिक धरोहरे काफी भा रही है विशेष कर मांडू ,महेश्वर में कई फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है , इंदौर, उज्जैन ,भोपाल, जबलपुर ,पंचमढ़ी आदि मप्र के कई क्षेत्रों में फिल्मो की शूटिंग भी की जा कर बड़े परदे पर देखी जा रही हैं। फिल्म निर्माताओं को लोकेशन हेतु विदेश जाकर दृश्य फिल्माने पर काफी लागत आती थी। मप्र में ही कई सुंदर स्थल उपलब्ध होने से फिल्म लागत निर्माण में फायदा हुआ है। लोगों को भी चाहिए की पर्यटन स्थलों पर गंदगी .कूड़ा-करकट ना फैलाएं ,दीवारों पर कुछ ना लिखें, क्योंकि सौंदर्य निहारने ऐतिहासिक महत्व को जानने, स्थानीय कला को पहचानने के लिए और दो पल सुकून पाने के लिए लोग आते हैं। स्वच्छ पर्यटन सभी जगह बना रहे ऐसा स्वच्छता का कार्य जागरूकता से करना होगा, ताकि पर्यटकों को व फिल्म निर्माताओं को पर्यटन स्थलों का आकर्षण दिलों में जगह बना सके। इसके अलावा और भी रमणीय स्थल चिन्हित करके पर्यटन क्षेत्र विकसित करने के लिए शासन का ध्यान आकर्षित कर क्षेत्र की सौन्दर्य और पहचान स्थापित करने में मदद की जाना चाहिए। – **संजय वर्मा,** मनावर, मप्र

### नकेल कसे सरकार

**स्वामी** विवेकानन्द, श्री राम, मोहम्मद पैगम्बर, गुरु गोविंद सिंह क्या सोचते होंगे ?देश में महिलाओं के प्रति दिन प्रतिदिन बढ़ते अपराध, किसी देश को आखिर कैसे विकासशील बना सकते हैं ?ये किसी एक धर्म या पंथ की बात नहीं है, बल्कि सभी को इस विषय के बारे में सोचने और समझने की जरूरत है। चूंकि बलात्कार जैसे घिनौने कुकर्म करने वाला आसमान से नहीं बल्कि हमारे और आपके बीच से ही होता है। ऐसे में हमसब की जिम्मेदारी बनती है कि ऐसे लोगों के खिलाफ सतर्क रहे और खुल के आवाज उठाए, तभी कुछ हो सकता है।ताजा सर्वे के अनुसार, राजस्थान में लगभग 5000, उत्तरप्रदेश में लगभग 3000 बलात्कार के केस है।जिस राज्य के मुखिया राम राज को बढ़ावा देते हैं, वहां ऐसे घटनाएं रोज हो रही, क्या यही राम राज है, जहां सीता सुरक्षित नहीं? इसके नकारात्मक प्रभाव के कारण, लड़कियों को अभिभावक शिक्षालय नहीं भेजते, असुरक्षा महसूस करते हैं। लगातार तूल पकड़ रहे मामलों का निस्तारण अत्यंत आवश्यक है।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**किसानों** को भ्रमित करने के सरकार के प्रयास निरर्थक हैं। किसान इरादा समझते हैं और उनकी मांगे स्पष्ट हैं कि कृषि कानून वापस लिए जाएं।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**समझदारी** भरी नीतियों एवं उचित निवेशों के द्वारा हम ऐसा रास्ता निर्धारित कर सकते हैं जो सभी के लिए स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्थाओं के पुनरोत्थान एवं जैव विविधता संरक्षण में सहायक हो।

– **एंटोनियो गुटरेस**
संयुक्त राष्ट्र महासचिवा



**वंशवाद** की राजनीति लोकतंत्र की सबसे बड़ी दुश्मन है। इसने एक नए प्रकार की तानाशाही को जन्म दिया और देश पर अदक्षता का बोझ लाद दिया।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# मकर संक्रांति आज, शहर का यातायात रहेगा परिवर्तित

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**मकर संक्रांति** दिनांक 14/15/01/2021 को मनाया जायेगा। मकर संक्राति के अवसर पर जनपद वाराणसी में श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। उक्त पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं, जनता को किसी प्रकार की कोई असुविधा न होए उसके दृष्टिगत जनहित में सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था प्रदान करने के लिए यातायात पुलिस एसपी श्रवण कुमार सिंह ने दिनांक: 14.01.2021 से 16.01.2021 को प्रात:काल तक जनपद वाराणसी में निम्न प्रकार यातायात डायवर्जन, पार्किंग व्यवस्था किये जाने का निर्णय लिया गया है।

मैदागिन से चैक होते हुए गोदौलिया की तरफ जाने वाले हर प्रकार की सवारी गाड़ी, रिक्शा, ताँगा, सायकिल आदि को मैदागिन से आगे नही जाने दिया जायेगा। इन वाहनों को हरिश्चन्द्र डिग्री कालेज व कबीर चैराए लहुराबीर मार्ग पर मोड़ दिया जायेगा। लक्सा की तरफ से रामापुराए गोदौलिया जाने वाली सभी सवारी गाड़ियों को लक्सा थाने से आगे नही जाने दिया जायेगा। इन वाहनों को बेनियाबाग तथा गुरूबागए कमच्छा मार्ग पर मोड़ दिया जायेगा। लहुराबीर से होकर गोदौलिया के तरफ जाने वाली सभी प्रकार की सवारी गाड़ी को बेनिया तिराहे से आगे नही जाने दिया जायेगा। इन वाहनों को पियरी मार्ग कबीर चैरा अथवा लहुराबीर वापस मोड़ दिया जायेगा। अस्सी सोनारपुरा से होकर गोदौलिया जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों को सोनारपुरा से आगे नही जाने दिया जायेगा। इन वाहनों को थाना भेलूपुर मार्ग पर मोड़ दिया जायेगा। इसी प्रकार थाना भेलूपुर से रेवड़ी तलाब होकर रामापुरा जाने वाली सभी प्रकार के वाहन तिलभाण्डेश्वर से आगे ले जाना प्रतिबंधित होगा। इन वाहनों को लक्सा मार्ग की तरफ मोड़ दिया जायेगा। उपरोक्त मार्गों में मिलने वाली बीच की गलियों से होकर आने वाले वाहनों पर भी यह प्रतिबंध लागू होगा।

बेनियाबाग से आगे अत्यधिक भीड़ होने पर वाहनों को लहुराबीर चैराहे से ही रोक दिया जायेगा तथा वाहनों को क्वींस इण्टर कालेज व सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय में पार्क कराया जायेगा। भदऊचुंगी से भैंसासुर घाट व राजघाट की तरफ किसी भी प्रकार के वाहनों को जाने नहीं दिया जायेगा। गोलगड्डा तिराहे से कोई भी वाहन विशेश्वरगंज तिराहा होते हुए भैंसासुर घाट की तरफ नहीं जाने दिया जायेगा। शव वाहनए बीमार एवं विकलांग व्यक्तियों को उक्त प्रतिबंध से मुक्त रखा जायेगा। लहुरावीर से मैदागिन के तरफ जाने वाले अधिकारीध् कर्मचारीगण के वाहन मैदागिन स्थित कम्पनी बागध्टाउन हाल में खड़ी होगी। बेनिया बाग की तरफ से ड्यूटी पर जाने वाले अधिकारीध् कर्मचारीगण के वाहन सनातन धर्म इण्टर कालेज में पार्क होंगे। इसी प्रकार दर्शन हेतु जाने वाले वीआईपी तथा उनके स्कोर्ट के वाहन भी इन्ही स्थलों पर पार्क किये जायेगें। मैदागिन से आगे किसी भी वाहन को जाने नही दिया जायेगा। सिगरा चैराहा से रथयात्रा होकर गुरुबाग की तरफ जाने वाले वाहनों को सिगरा चैराहा से ही दाहिने मोड़कर आकाशवाणी महमूरगंज ककरमत्ता होते हुए बीएचयू की तरफ भेजा जायेगा। इसी प्रकार बीएचयू से शहर की तरफ आने वाले वाहन इसी मार्ग से वापस आयेगें। सिगरा चैराहा से ट्रामा सेंटर की तरफ जाने वाले एम्बुलेंस व मरीज वाहनों को रथयात्रा, गुरुबाग तिराहा होकर जाने व वापस आने दिया जायेगा। पुलिस फोर्स एवं अर्द्धसैनिक बलों को ले जाने आने वाले वाहनों की पार्किंग कम्पनी बाग, टाउन हाल में होगी। एम्बुलेंस व फायर बिग्रेड की वाहनों को इन प्रतिबन्धों से मुक्त रखा जायेगा। मकर संक्राति के अवसर पर दिनांक: 14/15/01/2021 को ट्रकों सहित समस्त प्रकार के भारी वाहनों हेतु शहर में आवागमन हेतु नो.इन्ट्री नहीं खुलेगी। समस्त प्रकार के वाहन पास दिनांक: 14/15/01/2021 को निरस्त रहेंगे। वहीं मकर सक्रांति के पर्व को देखते हुए बुधवार को एडीएम सिटी गुलाबचंदए एसपी सिटी विकास चन्द्र त्रिपाठीए सीओ दशाश्वमेध अवधेश पांडेयए प्रभारी निरीक्षक दशाश्वमेध प्रभारी निरीक्षक लक्सा हमराह पुलिस फोर्स के साथ गिरजाघर चौराहे से गोदौलिया गोदौलिया से दशाश्वमेध घाटए ललिता घाटए मान मंदिर घाट आदि घाटों का निरीक्षण किया गया और जल पुलिस के स्टीमर में बैठकर रेती पार जाकर वहां की भी सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। विदित हो कि मकर संक्रांति के पावन पर्व पर काशी के समस्त घाटों पर श्रद्धालुओं के स्नान करने की भीड़ रहेगी।

## बचत करके मजबूत रिटर्न का दोहरा लाभ

**वाराणसी।** ईएलएसएस फंड दरअसल म्यूचुअल फंड के तहत एक ऐसी श्रेणी है जो निवेशकों को निवेश के कई लाभों को हासिल करने की अनुमति देता है। ईएलएसएस म्युचुअल फंड उनके द्वारा प्रदान किए जाने वाले कर लाभों के लिए ही जाने जाते हैं। इसके अलावाए इक्विटी प्रतिभूतियों में निवेश के फायदे भी इसमें जोड़े जाते हैं। मुख्य रूप से इसी तरह के कर लाभ प्रदान करने के कारण ज्यादातर लोग पीपीएफए एनएससीए एफडी आदि जैसे अन्य कर बचत साधनों के साथ उनकी तुलना करते हैंए लेकिन यदि आप अन्य कर साधनों के साथ इसके कई लाभों की तुलना करते हैंए तो ईएलएसएस सूची में सबसे ऊपर है। एक तरफ ईएलएसएस प्रत्येक वित्तीय वर्ष में कुल कर योग्य आय पर 1ण्50 लाख रुपये तक की कटौती करने में सक्षम बनाता हैए वहीं दूसरी तरफ यह भविष्य की आवश्यकताओं और लक्ष्यों को पूरा करने के लिए संपत्ति के सृजन का असाधारण फायदा भी प्रदान करता है।

# आईआईए ने जिलाधिकारी का किया सम्मान

**संवाददाता।** उन्नाव



**इण्डियन इण्डस्ट्री** एसोशिएसन ने विशेष समारोह का आयोजन कर जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार का कोरोना संक्रमण के दौरान किए गये कार्यो के लिए आभार ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जी0एन मिश्रा ने समस्त उद्यमियों व जनपद की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण काल में जिलाधिकारी के नेतृत्व में हुए कार्यो की प्रशंसा की। कहा जनपद में बहुआयामी क्षेत्र में बहुविध कार्य करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान प्रादेशिक व राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने पर सफलता प्राप्त की है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने धन्यवाद देते हुए कहा कि कोरोना लॉकडाउन एक बड़ी चुनौती थी जहां लोगों को संक्रमण से बचाना ही था, साथ ही साथ यह भी सुनिश्चित करना था कि जनसामान्य को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़ें। हर व्यक्ति तक प्रशासन की पहुंच सुनिश्चित करते हएु उसकी आवश्यकताओं को पूर्ण करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता थी। उन्होनें कहा कि अब हम कोविड से कोविन की ओर बढ़ चलें है। जनपद को वैक्सीन की आपूर्ति प्राप्त हो चुकी है, जो कि आज शाम तक पहुंच जायेगी। बताया 16 जनवरी को 16 बूथ पर प्रथम चरण की वैक्सीनेशन कार्यक्रम आरम्भ किया जाएगा। प्रथम चरण में 11751 हेल्थ वर्कस को वैक्सीन दी जाएगी। वहीं पर द्वितीय चरण में फ्रंट लाइन कोरोना वरियर्स (पुलिस कर्मी, सफाईकर्मी आदि) तथा तृतीय चरण में 50 वर्ष से ऊपर कोमार्बिड व्यक्तियों को वैक्सीन की खुराक दी जाएगी। कार्यक्रम में इस अवसर सीडीओ, सिटी मजिस्ट्रेट आदि अधिकारी उपस्थित थे।

**चौकाघाट के दोहरे हत्याकांड का मामला**

# शराब कारोबारी से रंगदारी मांगने के मुख्य आरोपी विवेक कट्टा को मिली बड़ी राहत

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**शराब कारोबारी** महेश जायसवाल से रंगदारी मांगने के मामले में आरोपित विवेक सिंह कट्टा को जमानत मिल गयी। प्रभारी अपर जिला जज ;द्वितीयद्ध जनार्दन प्रसाद यादव की अदालत ने आरोपित विवेक सिंह कट्टा को 50.50 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। फिलहाल वह चौकाघाट दोहरे हत्याकांड के आरोप में अभी जेल में बंद रहेगें। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता फौजदारी अनुज यादव बृजपाल सिंह यादव व बिनित सिंह ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार संदहा ;कैंटद्ध निवासी शराब कारोबारी महेश जायसवाल ने 18 नवंबर कैंट थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि उसका सोयेपुर में पांच बीघा का प्लाट हैए जिसका 7.8 सालों से चंद्रा चौराहाए सारनाथ निवासी अजय गुप्ता व महाबीर गुप्ता से विवाद चल रहा है। इस बीच अजय उसके पार्टनर चरनजीत दत्ता पर दबाव बनाकर उसे जेल में बंद माफिया मुन्ना बजरंगी के पास ले गया। जहां जमीन का समझौता एक करोड़ 40 लाख में भय व दबाव बनाकर करा लिया। जिसके बाद वादी ने विभिन्न खातों से कुछ पैसा अजय गुप्ता के खाते में ट्रांसफर भी कर दियाए लेकिन मुन्ना बजरंगी के मरने के बाद अजय गुप्ता पुन: मुकदमा शुरू कर दबाव बनाने लगा। साथ ही अजय जमीन पर की गई बाउंड्री को झुन्ना पंडित नामक बदमाश के सहयोग से गिराने लगा था। इस पर जब वादी ने अजय गुप्ता से समझौता करने को कहा तो उसने पीडब्ल्यूडी आफिस वरूणापुल पर स्थित एक दुकान पर पंचायत के लिए बुलाया। जहां पहले से ही दारानगर निवासी तनुज पांडेयए करण्डा गाजीपुर के ब्लाक प्रमुख रिंकू सिंह के साथ ही कई असलहाधारी मौजूद थे। इस बीच अजय गुप्ता ने रिंकू सिंह व तनुज पांडेय से कहा कि जमीन का मामला सलटा दो। इस पर उनलोगों ने कहा कि एक करोड़ देना पड़ेगा। इस पर वहां मौजूद अभिषेक सिंह हनी व उसके साथियों ने कहा कि तुम दो लाख 50 हजार दे दो तो मैं प्रदीप सिंह से सारा मामला मैनेज करवा दूंगा। इस पर उसने जान के भय से 50 हजार रुपये तत्काल दे दिया तो उन्होंने धमकाते हुए बाकी पैसे की व्यवस्था करने की बात कहकर वहां से चले गए। इस मामले में विवेचना के दौरान आरोपित विवेक सिंह कट्टा का नाम भी प्रकाश में आने पर पुलिस ने उसे भी आरोपित बनाया था।

# मुख्यमंत्री से की विकास योजनाओं में धांधली की शिकायत

- सुमेरपुर ब्लॉक के वाजिदपुर गांव का मामला

**संवाददाता।** पाटन, उन्नाव



**गांवों के** विकास के लिए ग्राम पंचायतों के खाते में भारी-भरकम धनराशि भेजी गई। किंतु सरकारी योजनाएं धरातल पर उतरते ही भृष्टाचार की भेंट चढ़ गई। इसमें धांधली किए जाने की ग्रामीण शिकायत कर रहे हैं। सुमेरपुर ब्लॉक के वाजिदपुर गांव में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में गोलमाल हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत में सीसी रोड के निर्माण में मानकों को नजरंदाज किया गया।मनमाने तरीके से घटिया सामग्री का उपयोग किया गया। वहीं नाली के निर्माण में थर्ड ग्रेड ईंटों के अलावा निर्धारित अनुपात के इतर डस्ट व बालू का इस्तेमाल किया गया। स्ट्रीट लाइट, वृक्षारोपण, हैंडपंप मरम्मतीकरण एवं मनरेगा कार्यों में जमकर फर्जीवाड़ा हुआ। वॉल पेंटिंग के नाम पर सांठगांठ की फर्म के जरिए लागत से अधिक भुगतान करा लिया गया।

समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली के जरिए मुख्यमंत्री को भेजे सामूहिक शिकायती पत्र में स्थानीय निवासी अवधेश प्रताप सिंह, शिवरतन, अखंड प्रताप आदि ने बताया कि खड़ंजा दुरस्तीकरण में पुरानी ईंटों में खेल करने के अलावा प्रधानमंत्री आवास एवं शौचालयों के वितरण में अपात्रों को लाभ पहुंचाकर जेबें गर्म की। वहीं गरीब एवं पात्र परिवारों को लाभ से वंचित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि गांव में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य आधा अधूरा करा कर लावारिश हालत में छोड़ दिया गया। जबकि पंचायत भवन के निर्माण में मानक विहीन तरीके से पुरानी व घटिया निर्माण सामग्री उपयोग में लाई जा रही है।

# खुशहाल किसान देश के भविष्य का आधारः कृषि निदेशक

- कृषि संगोष्ठी एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम में पहुंचे कृषि निदेशक ने किसानों को किया जागरूक



**पाटन।** किसान कल्याण मिशन के तहत बुधवार को सुमेरपुर विकासखंड परिसर में किसान गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमे किसानो ने आधुनिक कृषि तकनीकों व सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी हासिल की। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे कृषि निदेशक विवेक सिंह ने किसानों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से बारीकी पूर्वक अवगत कराया। इस दौरान उन्होने कृषि विभाग द्वारा लगाये गये स्टालों का भी निरीक्षण किया। सरकारी योजनाओं से कितने किसानों को लाभान्वित किया गया इस बात की विभागीय अधिकारियों से समीक्षा की।कार्यक्रम में मौजूद रहे ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश बाजपेयी ने किसानों को संबोधित करते हुये कहा कि कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने हेतु बेहतर उतपादन आवश्यक है। पाटन राजकीय बीज भंडार प्रभारी हरेन्द्र सिंह ने किसान सम्मान निधि, फसल बीमा आदि के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर सोलर पम्प योजना से लाभान्वित किसानों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। गोष्ठी में बैजनाथ सिंह, कल्लू सिंह बिहार, आशू सिंह, कृष्णमोहन सिंह, पशु चिकित्साधिकारी डॉ अनुज समेत लगभग एक सैकड़ा से अधिक किसान मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### पत्रकार पर जानलेवा हमला

**वाराणसी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के बुलानाला इलाके में पंजाब केसरी के पत्रकार विपिन मिश्रा के ऊपर किया गया जानलेवा हमलाए पटिया पटक कर हत्या की कोशिश की गई। बुलानाला में आर्य समाज मंदिर के पास विपिन मिश्रा के ऊपर इलाके के मनगढ़ मनोज पांडे और कई दबंग प्रकार के लोगों ने साथ मिलकर की जान से मारने की कोशिशए शरीर पर कई जगह चोट के निशान और पत्रकार को पीटकर कपड़ा भी फाड़ डाला ॉ पत्रकार के ऊपर बदमाशों द्वारा किये गये हमले से छेतर में दहशत व्यापत है।

### कोरोना योद्धा सम्मान से नवाजा



**वाराणसी।** श्री श्री गीता सोसाइटी के द्वितीय वार्षिक उत्सव का आयोजन बहुत ही उत्साह पूर्ण तरीके से काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के डेयरी टेक्नोलॉजी विभाग के कामधेनु सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुरुआत मुख्यातिथि कुलपति प्रो राकेश भटनागर के व्यख्यान से आरम्भ हुआ तद्प्रश्चात संस्था के अध्यक्ष स्वामी त्रिगुणतितनन्द पूरी जी ने सुभ आशीर्वचन देकर लोगो का उत्साहवर्धन किया। सभी सम्मानित अतिथियों ने संस्था की वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया जो की चार भाषा हिंदी, इंग्लिश, बंगला एवं स्पेनिश भाषा में इस वर्ष प्रकशित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. डीसी राय ने किया। वार्षिक उत्सव के मौके पर संस्था द्वारा लोगो मे कोरोना योद्धा सम्मान पत्र से समाजसेवी का सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री श्री गीता सोसाइटी द्वारा पायनियर के पत्रकार सुशील कुमार मिश्र का सम्मान किया गया। इस अतिमहत्वपूर्ण कार्यक्रम में संस्था की सचिव वृन्दा अग्रवाल, प्रोण्लाखेन्द जीएसौरभ राय, दीपेश जायसवाल, संगीता, रचना जी, आनद पटेल इत्यादि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में बंगाली टोला इंटर कालेज के वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता डॉ. दिनेश कुमार तिवारी ने स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन पर अपने उदगार व्यक्त किया।

### अतीक अहमद के चचेरे भाई राशिद के मकान पर चला जेसीबी

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के चचेरे भाई चकिया निवासी राशिद के मकान पर आज पीडीए ने कार्यवाही की। राशिद उर्फनीलू अतीक के साथ कई जमीनों के कारोबार में पार्टनर रहा है। कई जमीनों पर कब्जे में भी इसका नाम सामने आया था। इसने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके बिना नक्शा पास कराये किया निर्माण कराया था। जोनल आफिसर आलोक पाण्डेय ने बताया कि यह प्राधिकरण की 44वीं कार्यवाही है। इसके पूर्व प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने अतीक समेत कई माफियाओं के मकानों को ध्वस्त कर दिया है। आज सुबह बड़ी तादाद में पुलिस फोर्स और प्राधिकरण के कर्मचारी जेसीबी के साथ खुल्दाबाद थाने से चकिया रवाना हुए और पहले उन्होंने मकान से अपना सामान निकाल लेने का अवसर दिया। जब उन लोगों ने अपना सामान निकाल लिया तो इसके बाद प्राधिकरण के जेसीबी ने अपना काम शुरू किया और देखते ही देखते पूरा मकान ध्वस्त कर दिया।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक में मारी टक्कर, चालक की दर्दनाक मौत

**बांगरमऊ उन्नाव।** पड़ोसी थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के गांव जोगी कोट के निकट सर्विस रोड पर किसी अज्ञात कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर बैठे दो लोग उछल कर खंती में जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से नगर की सीएससी मे दोनों घायलों को भर्ती कराया गया। जहां एक युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वही दूसरे को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना बेहटा मुजावर अंतर्गत गांव रसूलपुररूरी के मजरा शिवबक्स खेड़ा निवासी कमलेश कुमार 42 अपने रिश्तेदार सोनू उर्फसौरभ 35 निवासी ग्राम खढ़वल थाना औरास को लेकर बाइक से बांगरमऊ नगर आया था। काम निपटाकर घर वापस जा रहा था। जैसे ही वह बाइक से आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे सर्विस लाइन पर पहुंचा तभी ग्राम जोगीकोट के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सरकारी एंबुलेंस ने दोनों को गंभीर हालत में सीएचसी में भर्ती कराया। जहां कमलेश कुमार को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया और सोनू को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पंचायत चुनाव को लेकर सियासी कवायदें तेज, जिला महामंत्री ने की बूथ स्तरीय समीक्षा

**पाटन।** आगामी पंचायत चुनाव को लेकर सियासी दलों ने अपनी गोटियां बिछानी शुरू कर दी हैं। इसमें भाजपा सबसे आगे दिख रही है। सुमेरपुर ब्लॉक में बुधवार को बिहार व ऊंचगाव में भाजपा कार्यकर्ता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बूथ स्तरीय तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला महामंत्री आशीष बाजपेयी अटल ने कहा कि पंचायत चुनाव में भाजपा पूरी दमखम के साथ जोर आजमाइश करेगी। इसके लिए शीर्ष नेतृत्व से निर्देश मिल चुके हैं। उन्होंने मतदाताओं के बीच पार्टी की पैठ मजबूत करने हेतु कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान ब्लॉक संयोजक महेश गुप्ता, बृजेश बाजपेई, जगत नारायण त्रिवेदी, राजेश तिवारी, शत्रुघ्न सिंह सहित ग्राम संयोजक व बूथ स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सब्जी किसानों से मनमानी तहबाजारी वसूली जारी

**बांगरमऊ उन्नाव।** नगर के नौनिहालगंज बाजार से सटे मोहल्ला भटपुरी में ठेकेदारों द्वारा मनमाने ढंग से वसूली जा रही तहबाजारी को लेकर सब्जी किसानों में गहरी नाराजगी है। किसानों ने जिला प्रशासन से कार्यवाही की मांग उठाई है। नगर एवं क्षेत्र के सब्जी किसान यहां के प्रमुख बाजार नौनिहाल गंज एवं इससे सटे मोहल्ला भटपुरी में नगर पालिका की सड़क के किनारे पट्टा बिछाकर अपनी उपज बेचते हैं। यहाँ भी इन छोटे किसानों से बाजार के ठेकेदारों द्वारा तहबाजारी के रूप में मनमाने ढंग से वसूली की जाती है। किसानों ने बताया कि महंगी तहबाजारी के चलते वे लोग नौनिहाल गंज बाजार में दुकान न लगाकर बाजार से सटे मोहल्ला भट पुरी में नगर पालिका की सड़क पर अपनी दुकाने लगाकर सब्जी बेचते हैं। लेकिन नौनिहालगंज बाजार के ठेकेदार मोहल्ला भटपुरी में भी तहबाजारी की वसूली करते हैं।

# कोविड 19: बदला-बदला सा नजर आएगा माघमेला क्षेत्र

- मेले में आने वाले हर श्रद्धालु की होगी कोरोना जांच, रिपोर्ट पास में रखना होगा अनिवार्य
- 675 हेक्टेयर में बसाया गया है माघमेला, पांच सेक्टरों में बंटा है मेला
- कोविड संक्रमण के चलते पहली बार माघमेले में बनाए गए हैं 16 प्रवेश द्वार



**मनीष द्विवेदी।** प्रयागराज

**वैश्विक महामारी** कोरोना वायरस कोविड 19 की वजह से इस बार गंगा यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम तट पर लगने वाले माघमेला में बहुत कुछ बदला बदला नजर आएगा। गांव, घर अथवा किसी भी शहर से बेरोक टोक मेले में प्रवेश करने वाले श्रद्धालुओं को इस बार कोविड 19 की जांच रिपोर्ट साथ लेकर ही मेले में आना होगा। माघमेला क्षेत्र के प्रवेश द्वार पर कोविड रिपोर्ट को चेक कराना होगा, तभी मेले में प्रवेश मिल सकेगा। माघमेले के क्षेत्रफल से लेकर यहां आने वाले श्रद्धालुओं के आकड़े में भी इस बार कमी की गयी है। पहली बार माघमेला क्षेत्र में सामाजिक दूरी का अनुपालन के साथ ही स्नान घाटों पर श्रद्धालु डुबकी लगा सकेंगे। माघमेला क्षेत्र में महिला हेल्प डेस्क और कोविड 19 हेल्प डेस्क की व्यवस्था है। ताकि महिलाओं से संबंधित अपराधों को रोका जा सके और कोरोना जांच नियमित रूप से कराई जा सके। मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी और मेला प्रबंधक विवेक शुक्ला ने संयुक्त रूप से बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार मेला का क्षेत्रफल घटाया गया है। 675 हेक्टेयर में बसने वाले माघमेला को पांच सेक्टरों में बांटा गया है। कोविड संक्रमण के चलते पहली बार माघमेले में 16 गेट बनाए गए हैं। हर गेट पर पर आने वाले श्रद्धालुओं की थर्मल स्क्रीनिंग के साथ सेनेटाइजेशन करने का भी इंतजाम है। पूरे मेला क्षेत्र को प्रतिदिन सेनेटाइज कराया जाएगा। मेला परिसर में 20 बेड का अस्पताल बनाया गया है। आपातकालीन सेवाओं के लिए 40 एंबुलेंस रखी जाएगी। कोविड मरीजों के लिए अलग एंबुलेंस की व्यवस्था होगी। हर बार बनने वाले पांच पान्टून पुल के बजाए इस बार लोक निर्माण विभाग द्वारा चार पांटून पुल ही बनाए गए हैं। मेला क्षेत्र में छह स्टैटिक बूथ परीक्षण केंद्र पर एंटीजन एवं आरटीपीसीआर परीक्षण सुविधा उपलब्ध है। लैब टेक्नीशियन एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों से युक्त 20 मोबाइल परीक्षण वैन होंगी। बीस बेड के दो अस्पताल त्रिवेणी अस्पताल सेक्टर दो एवं गंगा अस्पताल सेक्टर चार में बनाए गए हैं। छह स्वास्थ्य विशेषज्ञ, 12 मेडिकल अफसर तथा एंबुलेंस के लिये डॉक्टर्स 24 घंटे रहेंगे। कोविड 19 संक्रमितों की पहचान के लिए सौ विशेष डोर टू डोर टीमों का गठन है। मेले में प्रवास के दौरान सभी कल्पवासियों का तीन बार एंटीजन टेस्ट कराया जाएगा। उन्हें आईवरमेक्टिन का डोज दिया जाएगा। हर कल्पवासी से संबंधित जानकारी उन्हें जारी किए गए विशेष कोविड केयर कार्ड में दर्ज की जाएगी। मेले में पाए जाने वाले कोरोना संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए भी समुचित व्यवस्था होगी। हर सेक्टर में नियुक्त रैपिड रिस्पांस टीम अलक्षणिय मरीज को एल वन कोविड 19 सेंटर, कालिंदीपुरम एवं लक्षणयुक्त मरीज को बेली और एसआरएन तक ले जाएगी। संक्रमितों का मेले में प्रवेश प्रतिबंधित करने के लिये मेले के 16 प्रवेश मार्गों में थर्मल स्कैनिंग की व्यवस्था है। स्टेटिक कोविड सैंपलिंग सेंटर से मेला क्षेत्र में संक्रमितों की पहचान के लिए प्रतिदिन 500 से 600 टेस्ट कराए जा रहे हैं। स्वास्थ्य कर्मी रोजाना लोगों का हाल लेंगे। हर 15 दिन में एंटीजन टेस्ट भी करेंगे। कोरोना संक्रमण के बीच वर्ष 2021 के माघ मेले में मेला प्रशासन ने संस्थाओं और सामान्य लोगों को बड़ी राहत दी है। ऐसे लोग और संस्थाएं जो इस मेले में कोरोना के कारण नहीं आएंगे, उनकी सुविधा में वर्ष 2022 के मेले के दौरान कोई कटौती नहीं होगी। सभी को सुविधाएं पूर्व के मेले को आधार बना कर दी जाएगी। मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने इस बार मेले की जारी गाइड लाइन में यह व्यवस्था दी है कि लोगों की सुविधाएं नहीं काटी जाएंगी।

### प्रमुख स्नान पर्व

14 जनवरी को मकर संक्रांति
28 जनवरी को पौष पूर्णिमा
11 फरवरी को मौनी अमावस्या
16 फरवरी को बसंत पंचमी
27 फरवरी को माघी पूर्णिमा
11 मार्च को महाशिवरात्रि

### गंगाजल प्रदूषित होने से संतों में भारी आक्रोश

**प्रयागराज।** माघमेला शुरू होने से पहले गंगा का पवित्र जल काला होने को लेकर साधु संतों में आक्रोश है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हस्तक्षेप के बावजूद गंगा का जल साफ नहीं हुआ। चरखी दादरी हरियाणा के स्वामी ब्रम्हाश्रम जी महाराज का कहना है कि गंगाजल आचमन करने योग्य तक नहीं है। नहाने अथवा पीने की बात तो दूर है। जिसकी एकमात्र वजह गंगा में गिर रहे नाले आदि हैं। इसको लेकर संतों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

### यह होगी माघमेला की सुरक्षा व्यवस्था



**प्रयागराज।** इस बार माघमेला को पांच सेक्टरों में विभाजित किया गया है। जिसमें यात्रियों की सुरक्षा के लिए पांच हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने बताया कि मेला क्षेत्र में इस बार 13 थाने और 38 पुलिस चौकियां बनाई गई हैं। पूरे माघमेला क्षेत्र में सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। वॉच टॉवर बनाए गए हैं। पांच कंपनी पीएसी, आरपीएफ जल पुलिस की टीमें भी लगाई गई हैं। माघमेला में ड्यूटी कर चुके पुलिसकर्मियों की ही तैनाती की गयी है। एसटीएफ और एटीएस, एलआईयू, आईबी, बीडीएस की टीमें मेले की निगरानी रखेंगी। पूरे माघमेले की ड्रोन कैमरे से 24 घंटे निगरानी भी की जायेगी। 57 दिनों तक चलने वाले मेले में 13 फायर स्टेशन, गोताखोर और नाव एलर्ट होगी।

### मेले में पुलिस करेगी श्रद्धालुओं की मदद

**प्रयागराज।** माघमेला पुलिस गाइड की तरह श्रद्धालुओं की मदद मेला क्षेत्र में करेगी। माघमेला में आए सभी पुलिसकर्मियों को इसी तरह से व्यवहार करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। आईजी के पी सिंह और डीआईजी एवं एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने माघमेला पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों को सॉफ्ट स्किल की जानकारी दी है। बताया गया कि ड्यूटी के दौरान अचारण पर ध्यान देना सबसे ज्यादा जरूरी है। इसके बाद आईजी के पी सिंह और डीआईजी एवं एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने एसपी माघमेला राजीव नारायण मिश्रा के साथ विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर पुलिस तैयारियों का निरीक्षण किया।

# एदियुरप्पा ने कैबिनेट का विस्तार किया, सात मंत्रियों ने शपथ ली

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** में 17 महीने पुरानी कैबिनेट का बुधवार को विस्तार करते हुए मुख्यमंत्री बी. एस. एदियुरप्पा ने सात नए मंत्रियों को इसमें शामिल किया। राज्यपाल वजुभाई वाला ने राजभवन में आयोजित एक समारोह में मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। नए मंत्रियों में विधायक उमेश कट्टी (हुक्केरी), एस. अंगारा (सुल्लिआ), मुरुगेश निरानी (बिल्गी) और अरविंद लिम्बावली (महादेवपुरा) और एमएलसी आर. शंकर, एम. टी. बी. नागराज और सी. पी. योगेश्वर शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री एदियुरप्पा, उनकी कैबिनेट सहयोगी, भाजपा नेता और पदाधिकारी, पार्टी के महासचिव और कर्नाटक के प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नलिन कुमार कतील, राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, नए मंत्रियों के परिजन और समर्थक सहित अन्य लोग उपस्थित थे। जुलाई 2019 में एदियुरप्पा के फिर से मुख्यमंत्री बनने के बाद यह कैबिनेट का तीसरा विस्तार है। कांग्रेस-जद(एस) गठबंधन की पूर्ववर्ती सरकार 17 विधायकों के इस्तीफे के बाद गिर गई थी। सभी विधायक बाद में भाजपा में शामिल हो गए थे।

मंत्रियों में पार्टी के कुछ पुराने चेहरों के अलावा कांग्रेस-जद(एस) से आए विधायक एवं विधान पार्षद (एमएलसी) शामिल हैं। एदियुरप्पा ने वादा निभाते हुए पुरानी सरकार से बगावत करके भाजपा में आए नेताओं में से एमएलसी आर. शंकर और एम. टी. बी. नागराज को मंत्रिमंडल में शामिल किया है। ए दोनों पूर्ववर्ती कांग्रेस-जद(एस) गठबंधन सरकार में भी मंत्री थे। राज्य में 2019 में राजनीतिक संकट के दौरान कांग्रेस-जद(एस) के बागी विधायकों को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले एक अन्य एमएलसी योगेश्वर को भी मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। यह पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में भी मंत्री थे। आज मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले भाजपा के पुराने चेहरे हैं... कट्टी, अंगारा, निरानी और लिम्बावली। कट्टी (आठ बार के विधायक), निरानी और लिम्बावली (राज्य भाजपा के उपाध्यक्ष) पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में भी मंत्री थे जबकि अंगारा (छह बार से विधायक) को पहली बार मंत्री पद मिला है। सुबह मंत्रिमंडल के लिए सात नए नामों की घोषणा करते हुए एदियुरप्पा ने कहा था कि आबकारी मंत्री एच. नागेश को मंत्रिमंडल से बाहर किया जाएगा। इससे एदियुरप्पा मंत्रिमंडल में एक सीट अब भी खाली है। कर्नाटक मंत्रिमंडल में अधिकतम 34 मंत्री हो सकते हैं।



बेंगलुरू में राजभवन में कर्नाटक के राज्यपाल वजूभाई वाला। साथ में कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा नए मंत्रियों के साथ शपथ ग्रहण समारोह में

## नड्डा आज चेन्नई में मनाएंगे पोंगल

**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा 14 जनवरी को तमिलनाडु का एकदिवसीय दौरा करेंगे और इस दौरान वे चेन्नई में पार्टी की राज्य इकाई की ओर से पोंगल के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी और राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी ने एक बयान जारी कर कहा, नड्डा पश्चिमी चेन्नई जिले के मदुरावोयल में पार्टी की ओर से पोंगल पर आयोजित नम्मा ओरू पोंगल कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। चेन्नई में ही नड्डा एक पत्रिका की 51वीं वर्षगांठ पर आयोजित एक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। ज्ञात हो कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी 14 जनवरी को पोंगल के दिन तमिलनाडु के दौरे पर रहेंगे। मदुरै जिले के अवनीपुरम में एक जल्लीकट्टू कार्यक्रम में उन्हें शामिल होना है। जल्लीकट्टू तमिलनाडु के ग्रामीण इलाक़ों का एक परंपरागत खेल है जो पोंगल त्यौहार पर आयोजित किया जाता है।

# मंत्रिमंडल में स्थान न पाने पर भाजपा के कुछ नेता नाराज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी. एस. एदियुरप्पा द्वारा अपने 17 महीने पुराने कैबिनेट में विस्तार के लिए बुधवार को सात नए नामों की घोषणा किए जाने के बाद राज्य भाजपा में नाराजगी की स्थिति पैदा हो गई है। सत्तारूढ़ दल के विधायकों ने जनता द्वारा चुने गए विधायकों के बजाय विधान परिषद सदस्यों को मंत्री बनाए जाने, कुछ क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व में कमी और उनकी वरिष्ठता और काम पर ध्यान नहीं दिए जाने को लेकर नाराजगी जताई। राज्य में ज्यादातर मंत्री बेंगलुरु और बेलगावी जिलों से हैं।

एदियुरप्पा ने आज दिन में विधायकों उमेश कट्टी, अरविंद लिम्बावली, मुरुगेश निरानी, सी. पी. योगेश्वर, एस. अंगारा और एमएलसी एम. टी. बी. नागराज और आर. शंकर को मंत्री पद का शपथ दिलाने की घोषणा की है। इसके बाद मंत्री पद पाने के इच्छुक कुछ भाजपा विधायकों ने नाराजगी जाहिर की है। एदियुरप्पा की आलोचना करने वाले विजयपुरा सिटी के विधायक बी. पाटिल यत्नाल ने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया कि वह वरिष्ठता और ईमानदारी को ध्यान में रखे बगैर ब्लैकमेल होकर नियुक्तियां कर रहे हैं। मुख्यमंत्री और उनके परिवार पर कर्नाटक भाजपा को हाईजैक करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि वह राज्य को एदियुरप्पा परिवार के वंशवाद की राजनीति से मुक्त कराएं।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा, मुख्यमंत्री उन्हें ब्लैकमेल करने वालों को मंत्री बना रहे हैं। तीन लोग... एक राजनीतिक सचिव और दो मंत्री पिछले तीन महीने से एदियुरप्पा को सीडी के माध्यम से ब्लैकमेल कर रहे हैं। उन्होंने कहा, उनमें से एक आज मंत्री बनेगा, सीडी से ब्लैकमेल के अलावा विजएन्द्र (मुख्यमंत्री के पुत्र) को धन देना भी शामिल है।

## सिद्धरमैया ने तीन नए कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग की

**बेंगलुरु।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया ने बुधवार को मांग की कि केंद्र के तीन नए कृषि कानूनों को वापस लिया जाए। एक दिन पहले ही उच्चतम न्यायालय ने उसके क्रियान्वयन पर रोक लगा दी थी। अपने ट्वीटों में सिद्धरमैया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर देश में किसानों की दुरावस्था से मुंह मोड़ लेने का आरोप लगाया। विपक्ष के नेता ने कहा, नए कृषि कानूनों पर रोक लगाने का उच्चतम न्यायालय का आदेश बस इस बात को दोहराता है कि नए कानून किसानों के हितों के विरूद्ध हैं। उन्होंने कहा, शीर्ष अदालत समझ गई है कि किसान अपनी मांगों में सही हैं, इसलिए उसने किसानों को प्रदर्शन जारी रखने की इजाजत दी है। कांग्रेस नेता ने मोदी को दिल्ली में वर्तमान प्रदर्शन के दौरान कई किसानों की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया। प्रधानमंत्री पर किसानों की चिंताओं का समाधान करने की एक भी सच्ची कोशिश नहीं करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, उन्हें (मोदी को) देश के किसानों एवं लोगों से माफी मांगनी चाहिए। नए कृषि कानून वापस लिए जाने चाहिए। एक अन्य ट्वीट में सिद्धरमैया ने कहा कि किसानों की राय है कि शीर्ष अदालत द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति में जो सदस्य हैं, वे नए कृषि कानूनों का समर्थन कर चुके हैं।

# तृणमूल ने वाम मोर्चा, कांग्रेस से भाजपा के खिलाफ लड़ाई में ममता का समर्थन करने की अपील की

**भाषा।** कोलकाता

**तृणमूल कांग्रेस** ने बुधवार को वाम मोर्चे और कांग्रेस से भाजपा की सांप्रदायिक एवं विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ लड़ाई में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का साथ देने की अपील की है। हालांकि, दोनों दलों ने इस सलाह को सिर से खारिज कर दिया है। वहीं कांग्रेस ने इस सलाह के बाद तृणमूल कांग्रेस को पेशकश की है कि वह भाजपा के खिलाफ लड़ाई के लिए गठबंधन बनाने के स्थान पर पार्टी (कांग्रेस) में विलय कर ले।राज्य की 294 विधानसभा सीटों पर अप्रैल-मई में चुनाव होने हैं। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद सौगत रॉय ने पत्रकारों से कहा, अगर वाम मोर्चा और कांग्रेस वास्तव में भाजपा के खिलाफ हैं तो उन्हें भगवा दल की सांप्रदायिक एवं विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ लड़ाई में ममता बनर्जी का साथ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ही भाजपा के खिलाफ धर्मनिरपेक्ष राजनीति का असली चेहरा हैं। रॉय ने दावा कि केन्द्र में भाजपा नीत सरकार द्वारा शुरू की गई एक भी योजना सफल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस विकास के हितों में रचनात्मक आलोचना में विश्वास रखती है। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक रूप ले चुके पशु-तस्करी के मामले पर उन्होंने कहा कि इसे रोकने की जिम्मेदारी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की है, न कि राज्य पुलिस की।

तृणमूल के सांसद ने कहा, बीएसएफ, देश की सीमाओं की रक्षा करती है और वह केन्द्र सरकार के अधीन आती है। सीमा पार पुश-तस्करी को रोकना पुलिस की नहीं उनकी जिम्मेदारी है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, अलग-अलग जगह भोजन करने के बजाय उन्हें सीमा पर जाकर देखना चाहिए था कि बीएसएफ अपना काम अच्छे से कर रही है या नहीं। शाह पिछले महीने राज्य के दौरे पर आए थे। यह पूछे जाने पर कि विधानसभा चुनाव में भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख दिलीप घोष क्या भगवा पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे इसपर उन्होंने कहा कि यह भाजपा का आंतरिक मामला है। उन्होंने कहा, डायमंड हार्बर के सांसद एवं तृणमूल की युवा शाखा के प्रमुख अभिषेक बनर्जी को घोष की तुलना में अधिक राजनीतिक अनुभव है, जो 2015 से ही राजनीति में सक्रिय हुए हैं।

## क्विक न्यूज

### महाराष्ट्र को कोविड-19 के 17.5 लाख टीकों की जरूरत, 9.83 लाख टीके मिले: टोपे

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार को कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए टीके की 9.83 लाख खुराकें मिली है पहले चरण के टीकाकरण के लिए 17.5 लाख टीकों की जरूरत है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने बुधवार को यह बात कही। टोपे ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य को सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से कोविशील्ड के 9.63 लाख टीके और भारत बायोटेक द्वारा निर्मित 20,000 टीके मिले है। हमें एक व्यक्ति को चार सप्ताह के अंतर में टीके की दो खुराकें देनी हैं, इस प्रकार से आठ लाख पंजीकृत स्वास्थ्य कर्मियों में से करीब 55 प्रतिशत स्वास्थ्यकर्मियों का ही अभी टीकाकरण हो पाएगा। टोपे ने कहा, महाराष्ट्र में टीकाकरण के पहले चरण में 17.50 लाख टीकों की जरूरत है। हमें ज्यादा टीकों की जरूरत है क्योंकि 10 प्रतिशत का नुकसान होने का अनुमान है। लेकिन हमें सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से 9.63 लाख टीके मिले है और भारत बायोटेक द्वारा निर्मित कोवैक्सीन के 20,000 टीके मिले हैं। केन्द्र ने राज्य से टीकाकरण केन्द्रो की संख्या 511 से घटा कर 350 करने की ताकीद की है और कहा है कि सरकार को अन्य आपात स्थितियों पर भी नजर रखनी चाहिए।

### सिक्किम में मादक पदार्थ संबंधी परीक्षण में खरे न उतरने वाले पुलिसकर्मियों की जाएगी नौकरी : तमांग

**गंगटोक।** सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने कहा है कि राज्य के सभी पुलिसकर्मियों को मादक पदार्थ संबंधी परीक्षण अनिवार्य रूप से कराना होगा और इसमें खरे न उतरने वाले कर्मियो को अपनी नौकरी गंवानी पड़ेगी। राज्य में अनेक पुलिसकर्मियों के मादक पदार्थों का इस्तेमाल करते पाए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए तमांग ने पुलिस महानिदेशक ए शंकर राव को जल्द से जल्द मादक पदार्थ संबंधी परीक्षण शुरू करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सिक्किम के पूर्वी जिले रांगपो में एक कार्यक्रम में कहा, राज्य के सभी पुलिसकर्मियों के लिए मादक पदार्थ संबंधी परीक्षण अनिवार्य होगा। यदि कोई भी नशीले पदार्थों का सेवन करते पाया जाएगा तो उसे आवश्यक रूप से सेवानिवृत्त कर दिया जाएगा। तमांग ने कहा कि यह परीक्षण पुलिसकर्मियों को भविष्य में मादक पदार्थों के इस्तेमाल के प्रति हतोत्साहित करेगा।

### मंत्री नवाब मलिक के दामाद को एनसीबी ने तलब किया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री नवाब मलिक के दामाद समीर खान को ड्रग्स मामले में स्वापक नियंत्रण ब्यूरो ने बुधवार को तलब किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। खान को सुबह लगभग 10 बजे दक्षिण मुंबई के बलार्ड एस्टेट स्थित एनसीबी के कार्यालय में प्रवेश करते देखा गया। सूत्रों ने बताया कि ड्रग्स मामले के एक आरोपी और उनके बीच 20,000 रुपए का कथित ऑनलाइन लेन-देन का मामला सामने आने के बाद एजेंसी ने उन्हें तलब किया। इस मामले में ब्रिटिश नागरिक करण सजनानी और दो अन्य को पिछले सप्ताह 200 किलोग्राम मादक पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि एनसीबी इस सौदे के बारे में खान का बयान दर्ज करना चाहती है। गौरतलब है कि एजेंसी ने मंगलवार को मुंबई के प्रसिद्ध मुच्छड़ पानवाला दुकान के एक मालिक रामकुमार तिवारी को गिरफ्तार किया।

### किसानों के धैर्य की परीक्षा न ले मोदी सरकार : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को कहा कि केंद्र की मोदी सरकार को किसानों के धैर्य की परीक्षा लेने की बजाय कृषि कानूनों को वापस लेना चाहिए, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसानों के संघर्ष में उनके साथ है। गहलोत ने ट्वीट किया, कांग्रेस पार्टी किसानों के संघर्ष में उनके साथ खड़ी है, कृषि कानूनों का समर्थन कर चुके सदस्यों की कमेटी से उन्हें उम्मीद नही है। मोदी सरकार को किसानों के धैर्य का इम्तिहान लेने की बजाय तीनों काले कृषि कानून वापस लेने चाहिए। मुख्यमंत्री ने ऋग्वेद की एक ऋचा - क्षेत्रस्य पतिना वयं हितेनेव जयामसि - का हवाला देते हुए कहा कि इसका अर्थ है कि किसान के हित से ही हमारा कल्याण होता है। राजनीति के लिए धर्म का सहारा लेने वाली भाजपा को हमारे धार्मिक ग्रंथों में लिखी बातों का भी अनुकरण करना चाहिए। केंद्र सरकार को तुरंत तीनों कृषि कानूनों को वापस लेकर अन्नदाता को राहत देनी चाहिए।

### पिता ने मेला देखने से मना किया तो बेटी ने लगाई फांसी

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पलामू जिले के छत्तरपुर थाने के बैरोही गांव में पिता द्वारा मेला देखने जाने से मना करने पर बुधवार को सोलह साल की लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बैरोही गांव में पिता नगीना सिंह ने आज अपनी पुत्री संजू को मेला देखने जाने से मना कर दिया। उन्होंने बताया कि इससे व्यथित होकर संजू अपने कमरे में चली गई और छत की कुंडी से फांसी का फंदा लगा लिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शव को मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल भेजा गया है और पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



नई दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करते हुए महाराष्ट्र के डीजीपी सुबोध कुमार जायसवाल।

# धन शोधन मामले में तृणमूल के पूर्व सांसद केडी सिंह गिरफ्तार

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन निदेशालय** ने धन शोधन के मामले में तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद के डी सिंह को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने एलकेमिस्ट लिमिटेड के संस्थापक पर जांच में सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया और धनशोधन निषेध अधिनियम की धाराओं के तहत उन्हें मंगलवार रात गिरफ्तार किया। ईडी उन्हें यहां एक अदालत में पेश करेगी और उन्हें हिरासत में भेजे जाने का अनुरोध करेगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तृणमूल कांग्रेस की मुखिया हैं और कहा जा रहा है कि सिंह कुछ समय से पार्टी के कामकाज को भी देख रहे हैं। केन्द्रीय जांच एजेंसी ने धन शोधन के दो मामलों में सिंह और उनसे जुड़े लोगों के परिसरों पर सितंबर 2019 में छापे मारे थे।

सिंह एलकेमिस्ट लिमिटेड के अध्यक्ष थे और उन्होंने 2012 में पद से इस्तीफा दे दिया था। कहा जाता है कि वह वर्तमान में कारोबारी समूह के एमरिटस चेयरमैन और संस्थापक हैं। ईडी दो मामलों में उनके खिलाफ जांच कर रही है। पहला मामला कोलकाता पुलिस की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर और दूसरा मामला बाजार नियामक सेबी की ओर से दाखिल आरोप पत्र के आधार पर दायर किया गया है। 2108 में कोलकाता पुलिस ने सिंह, उनके बेटे करनदीप सिंह, एलकेमिस्ट टाउनशिप इंडिया लि., एलकेमिस्ट होल्डिंग्स लिमिटेड तथा अन्य कंपननियों तथा निदेशकों के खिलाफ हजारों उपभोक्ताओं से धोखाधड़ी करने के आरोप में मामला दर्ज किया था। वहीं सिंह और उनकी कंपनी एलकेमिस्ट इंफ्रा रेड रिएलिटी लिमिटेड के खिलाफ एक अन्य मामला 2016 में दर्ज किया गया था।

# मुठभेड़ में इनामी नक्सली ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने पांच लाख रूपए के इनामी नक्सली को मुठभेड़ में मार गिराया है। दंतेवाड़ा जिले के पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव ने बुधवार को बताया कि जिले के चिकपाल और मारजुम गांव के मध्य जंगल में सुरक्षा बलों ने कटेकल्याण एरिया कमेटी के सदस्य हिड़मा मुचाकी को मार गिराया है। पल्लव ने बताया कि मुचाकी के सर पर पांच लाख रूपए का इनाम था। क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान में डीआरजी और छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के संयुक्त दल को रवाना किया गया था। दल जब चिकपाल और मारजुम गांव के मध्य जंगल में था तब नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, इसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्वाई की। कुछ देर तक दोनों ओर से गोलीबारी हुई जिसके बाद नक्सली वहां से भाग गए, बाद में जब सुरक्षा बलों ने घटनास्थल की तलाशी ली तब वहां नक्सली मुचाकी का शव और नौ एमएम पिस्टल बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कटेकल्याण एरिया कमेटी का सदस्य मुचाकी के खिलाफ क्षेत्र में कई नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप है। क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है।

## सोनू सूद ने शरद पवार से मुलाकात की

**मुंबई।** बालीवुड अभिनेता सोनू सूद ने बुधवार को राकांपा प्रमुख शरद पवार से यहां उनके आवास पर मुलाकात की। सूद के खिलाफ बीएमसी ने अवैध निर्माण को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। मुलाकात के कारणों का तत्काल पता नहीं चल पाया है। बृहन्मुंबई नपा ने पिछले सप्ताह जुहू पुलिस थाने में एक शिकायत दर्ज कराई थी और कथित रूप से रिहायशी इमारत को बिना अनुमति के होटल में परिवर्तित किए जाने को लेकर सूद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी। बीएमसी ने इमारत का मुआयना किया और यह पाया कि सूद ने नियमों का पालन नहीं किया है। उसने पुलिस को शिकायत भेजी थी। बीएमसी ने यह भी पाया था कि पिछले साल अक्टूबर में सूद को एक नोटिस दिए जाने के बाद भी कथित अवैध निर्माण जारी रहा। पुलिस ने इस मामले में अभी एफआईआर दर्ज नहीं किया है। बीएमसी के नोटिस को चुनौती देने के लिए सूद बंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

# 26 को खालिस्तानी झंडा फहराने पर इनाम की घोषणा पर चौधरी ने सिख फॉर जस्टिस को आड़े हाथ लिया

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय कृषि** राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने 26 जनवरी को खालिस्तानी झंडा फहराने पर इनाम की घोषणा करने के लिए बुधवार को प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस को आड़े हाथों लिया और कहा कि ऐसी कोई भी कोशिश देशद्रोह होगी। उन्होंने तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने की मांग को लेकर दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर आंदोलन कर रहे किसान संगठनों से 26 जनवरी को प्रस्तावित ट्रैक्टर रैली रद्द करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे देश के स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। सिख फॉर जस्टिस द्वारा 26 जनवरी को खालिस्तान झंडा फहराने पर इनाम की घोषणा किए जाने के सवाल पर चौधरी ने कहा, जो लोग ऐसा कह रहे हैं वे देश के हित में नहीं बोल रहे हैं। ए राष्ट्रद्रोह की बात है। जो ऐसी बातें कर रहे हैं पूरा देश उन्हें देख रहा है। उन्होंने कहा, जो भारत माता से प्रेम करते हैं वे कभी भी अपने देश का सिर झुकने नहीं देंगे। वह चाहे 26 जनवरी हो या स्वतंत्रता दिवस, ए हमारे राष्ट्रीय त्यौहार हैं। ऐसी कोई घटना होती है तो वह देश के स्वाभिमान पर सवालिया निशान होगा। उन्होंने कहा, मैं किसान नेताओं से आग्रह करता हूं इस प्रकार की ट्रैक्टर रैली का कार्यक्रम रद्द किया जाना चाहिए ताकि देश के स्वाभिमान पर कोई आंच ना आए। यह पूछे जाने कि क्या किसान नेताओं को टैक्टर रैली के लिए उकसाया जा रहा है, उन्होंने कहा कि किसान नेताओं को यह समझना चाहिए कि यदि उनकी पहले की मांगों पर वार्ता होगी तो निश्चित तौर पर कोई समाधान निकलेगा। उन्होंने कहा, ...नहीं तो खालिस्तान समर्थक लोग आ सकते हैं...या फिर ऐसे लोग जो इस आंदोलन का फायदा उठाने के मकसद से किसानों के कंधों पर बंदूक रखकर चला सकते हैं। भारतीय किसान इन कानूनों के समर्थन में हैं और किसान नेताओं को यह समझना चाहिए।

ज्ञात हो कि उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को तीन नए कृषि कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक लगा दिया था। केन्द्र सरकार और दिल्ली की सीमाओं पर धरना दे रहे किसानों के संगठनों के बीच जारी गतिरोध को खत्म करने के मकसद से शीर्ष अदालत ने चार सदस्ईय समिति भी गठित की है। हालांकि किसान संगठनों ने कहा है कि वे उच्चतम न्यायालय की तरफ से गठित समिति के समक्ष पेश नहीं होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार समर्थक समिति है। किसान संगठनों ने कहा कि उन्हें तीनों कृषि कानूनों को वापस लिए जाने से कम कुछ भी मंजूर नहीं है। चौधरी ने कहा कि सरकार वार्ता के लिए हमेशा तैयार रही है लेकिन यह किसान संगठनों पर निर्भर है कि 15 जनवरी को निर्धारित नौवें दौर की वार्ता में वे आगे बढ़ना चाहते है या नहीं।



हुगली में उप्र के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सुलतान गरही गांव में एक घर में खाना खाते हुए।

# नई राष्ट्रीय पर्यटन नीति जल्द लाएगी सरकार
## विशिष्ट, स्मार्ट पर्यटक स्थलों पर होगा जोर

**भाषा।** नई दिल्ली

**आजादी** की 75वीं वर्षगांठ पर देश में पर्यटन क्षेत्र को गति देने के लिए वैश्विक सुविधाओं के साथ 20 अति विशिष्ट पर्यटक स्थलों (आइकॉनिक साइट) का मॉडल के तौर पर विकास किया जाएगा। इसके अलावा देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए 100 स्मार्ट पर्यटक स्थल भी विकसित किए जाएंगे।

यह प्रस्ताव नई राष्ट्रीय पर्यटन नीति के मसौदे में किया गया है। पर्यटन मंत्रालय के एक अधिकारी के अनुसार इस मसौदा नीति में राज्यों के सुझावों को भी शामिल किया गया है। देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई राष्ट्रीय पर्यटन नीति के मसौदे को जल्द ही केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा। अति विशिष्ट पर्यटक स्थल (आइकॉनिक साइट) की योजना में स्मारकों व स्थलों का विकास विश्व स्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में करने की बात कही गई है ताकि उन्हें मॉडल के रूप में पेश किया जा सके। इनके आसपास पर्यटन की दृष्टि से समग्र विकास किया जाना है। इसमें सड़क, आधारभूत संरचना, होटल, लॉज, सम्पर्क आदि से संबंधित काम शामिल हैं। इसके साथ ही स्मार्ट पर्यटक स्थल के रूप में उन स्थानों में ऐसी सुविधाओं का विकास किया जाएगा जिससे अधिक से अधिक विदेशी एवं घरेलू पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। पर्यटन मंत्रालय के एक अधिकारी ने भाषा को बताया कि राष्ट्रीय पर्यटन नीति के मसौदे को राज्यों एवं अन्य पक्षकारों के साथ साझा किया गया था। इस पर राज्यों की ओर से कई सुझाव प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि इन सुझावों के अनुरूप मसौदा नीति में संशोधन करके उसे फिर से राज्यों को भेजा गया था। इसके बाद मसौदे को जल्द ही इसे मंजूरी के लिए कैबिनेट में पेश जाएगा। देश में इससे पहले राष्ट्रीय पर्यटन नीति 2002 में आई थी।

हालांकि व्यापक एवं एक दूसरे से जुड़ी वैश्विक गतिविधि और विकास तथा पर्यटन क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए एक नई राष्ट्रीय पर्यटन नीति की जरूरत महसूस की गई। मसौदे में कहा गया है कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आइकॉनिक साइट योजना के तहत 20 स्थलों का विकास किया जाएगा। वित्त वर्ष 2020-21 के बजट में आइकॉनिक साइट के विकास का प्रस्ताव किया गया था।

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल ने हाल ही में अति विशिष्ट पर्यटक स्थलों से जुड़ी आइकॉनिक साइट योजना की समीक्षा की। इसमें तय हुआ कि शीघ्र ही राज्य सरकार, निजी क्षेत्र और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के साथ मिलकर कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जाएगा ताकि आजादी के 75वें वर्ष में लक्ष्य प्राप्त किए जा सके। नई नीति के मसौदे में 100 स्मार्ट पर्यटक स्थलों का भी विकास का भी प्रस्ताव किया गया है। पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राज्य एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रत्एक 75 किलोमीटर पर सुविधाओं का विकास सुनिश्चित किया जाएगा। इसमें कहा गया है कि 75 नए पर्यटन स्थलों को हवाई सम्पर्क से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा आसियान क्षेत्र का बौद्ध सर्किट के साथ संपर्क मजबूत बनाया जाएगा। विदेशी और घरेलू निवेश को सुगम बनाने के लिए निवेश प्रोत्साहन प्रकोष्ठ स्थापित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 महामारी के दौरान पर्यटन क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में शामिल है और इस क्षेत्र को गति प्रदान करने के लिए सरकार इससे जुड़े पक्षकारों के साथ चर्चा कर रही है।

अधिकारी ने बताया कि मंत्रालय एक ऐसा प्लेटफॉर्म विकसित कर रहा है जिसमें राज्यों की सड़कों, होटलों और सभी पर्यटन स्थलों की अन्य सुविधाओं के बारे में सभी जानकारियां होंगी। उन्होंने कहा कि मौसम और पर्यटन संबंधी अन्य जानकारियों के बारे में भी उसमें अद्यतन सूचना मिलती रहेगी। राज्यों से भी इस बारे में जानकारी देने का अनुरोध किया गया है। मंत्रालय ने पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अतुल्य भारत पर्यटक सुविधा प्रमाणन कार्यक्रम (आईआईटीएफ) नामक गाइडों को प्रशिक्षित करने के लिए एक ऑनलाइन कार्यक्रम शुरू किया है।




अमृतसर में बुधवार को पंजाबी पोशाक पहनकर 'लोहड़ी त्योहार' पर एक 'गिद्दा' नृत्य का प्रदर्शन करती शहजादा नंद कॉलेज की छात्राएं।

# देश में कोविड-19 के 15,968 नए मामले, 202 मौतें

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** में एक दिन में कोविड-19 के 15,968 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 1,04,95,147 हो गए। इनमें से 1,01,29,111 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के साथ ही देश में मरीजों के ठीक होने की दर बढ़कर 96.51 प्रतिशत हो गई।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, 202 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,51,529 हो गई। आंकड़ों के अनुसार 1,01,29,111 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के साथ ही देश में मरीजों के ठीक होने की दर बढ़कर 96.51 प्रतिशत हो गई। कोविड-19 से मृत्यु दर 1.44 प्रतिशत है। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या तीन लाख से कम है। अभी 2,14,507 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 2.04 प्रतिशत है। भारत में सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख के पार चली गई थी।



वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवम्बर को 90 लाख और 19 दिसंबर को एक करोड़ के पार चले गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार देश में 12 जनवरी तक कुल 18,34,89,114 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई। उनमें से 8,36,227 नमूनों की जांच मंगलवार को की गई।

आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में जिन 202 लोगों की मौत हुई, उनमें से महाराष्ट्र के 50, केरल के 25, पश्चिम बंगाल के 18 और दिल्ली के 16 लोग थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में वायरस से कुल 1,51,529 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से महाराष्ट्र के 50,151, तमिलनाडु के 12,236, कर्नाटक के 12,149, दिल्ली के 10,707, पश्चिम बंगाल के 9,975 , उत्तर प्रदेश के 8,514 , आंध्र प्रदेश के 7,133 और पंजाब के 5,456 लोग थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जिन लोगों की मौत हुई, उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मामलों में मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का आईसीएमआर के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से करोड़ों किसानों को लाभ मिला हैः नरेंद्र मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के पांच साल पूरा होने के अवसर पर लाभार्थी किसानों को बधाई दी और कहा कि इससे करोड़ों किसानों को लाभ हुआ है। मोदी ने ट्वीट कर कहा, देश के अन्नदाताओं को प्रकृति के प्रकोप से सुरक्षा प्रदान करने वाली पीएम फसल बीमा योजना के आज 5 साल पूरे हो गए हैं।

इस स्कीम के तहत नुकसान का कवरेज बढ़ने और जोखिम कम होने से करोड़ों किसानों को लाभ हुआ है। इसके सभी लाभार्थियों को मेरी बहुत-बहुत बधाई। प्रधानमंत्री ने 13 जनवरी 2016 को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरुआत की थी। इसके अंतर्गत किसानों को प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाले नुकसान से पूरे फसल चक्र को बीमा-सुरक्षा उपलब्ध करवाई जाती है। प्रधानमंत्री ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि इस योजना ने कैसे किसानों को अधिक से अधिक लाभ सुनिश्चित किया है और दावों के निस्तारण में कैसे पारदर्शिता बरती गई है जैसी संबंधित जानकारियां नमो एप्प के योर वॉइस भाग में उपलबध है। उन्होंने लोगों से इन जानकारियों को साझा करने का भी आग्रह किया।

# हाईकोर्ट ने एससी/एसटी कानून के तहत जमानत अर्जी पर सुनवाई की समय सीमा तय की

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने सोमवार को व्यवस्था दी कि अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कानून के तहत जमानत की अर्जी या अपील पर एक समय सीमा के भीतर सुनवाई हो। उच्च न्यायालय ने कहा कि इसके लिए सरकारी वकील को इस संबंध में नोटिस जारी होने की तिथि से सात दिन पूरे होने पर संबद्ध पीठ के समक्ष जमानत की अर्जी पेश की जानी चाहिए।

न्यायमूर्ति अजय भनोत की पीठ ने कहा कि जमानत की अर्जी को तेजी से आगे बढ़ाया जाना चाहिए और उचित एवं निश्चित समय सीमा के भीतर सुनवाई के लिए इसे अदालत के समक्ष पेश किया जाना चाहिए। अदालत ने कहा, जहां कानून के तहत पीड़ित व्यक्ति के अधिकारों की हर समय रक्षा की जानी है, जमानत की अर्जी/अपील के संबंध में नोटिस को आगे बढ़ाने में राज्य द्वारा अनुचित विलंब नहीं किया जा सकता और ना ही पीड़ित व्यक्ति जमानत याचिका पर सुनवाई को अनिश्चित काल के लिए टलवा सकता है। एससी/एसटी कानून के विभिन्न प्रावधानों पर गौर करने के बाद अदालत ने कहा कि जमानत के संबंध में नोटिस की जानकारी पीड़ित व्यक्ति को देना सरकार का दायित्व है। एक जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत के संज्ञान में यह बात लाई गई कि आरोपी की जमानत की अर्जी में अनुचित विलंब किया जा रहा है।

इसके पीछे बहाना बनाया जाता है कि पीड़ित व्यक्ति को नोटिस नहीं मिला या पीड़ित व्यक्ति हाजिर नहीं हुआ। जमानत की अर्जी के संबंध में नोटिस राज्य के अधिकारी को देने के सात दिन में इस अर्जी पर सुनवाई का निर्देश देते हुए अदालत ने कहा कि इस बारे में नोटिस जारी होने के सात दिन की अवधि के दौरान पुलिस के अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सरकारी वकील को उचित जानकारी उपलब्ध करा दी जाए जिससे वह सुनवाई के दौरान अदालत की मदद कर सके। यह निर्देश एससी एसटी कानून के तहत आरोपी अजीत चौधरी नाम के एक व्यक्ति द्वारा दाखिल जमानत की अर्जी पर सुनवाई के दौरान पारित किया गया। चौधरी को अदालत द्वारा इस आधार पर जमानत प्रदान की गई कि इसी मामले में सह आरोपी को पहले ही जमानत मिल चुकी है।

# भविष्य में आम सर्दी-जुकाम जैसा बन सकता है कोविड-19ः वैज्ञानिक

**भाषा।** नई दिल्ली

**यदि** बचपन में अधिकतर लोग कोविड-19 के लिए जिम्मेदार सार्स-सीओवी-2 से संक्रमित हो जाते हैं तो भविष्य में यह वायरस अपना स्वरूप बदलकर उन कोरोना वारयस जैसा ही हो जाएगा, जिनसे केवल मामूली सर्दी-जुकाम होता है। पत्रिका साइंस में मंगलवार को प्रकाशित एक अध्ययन के निष्कर्ष में यह बात कही गई है।

इस अध्ययन में आम सर्दी-जुकाम करने वाले चार कोरोना वायरस और सार्स-सीओवी-1 को लेकर अनुसंधान किया गया। इस विषाणु से संबंधित प्रतिरक्षा विज्ञान और महामारी विज्ञान के डेटा के विश्लेषण से वैज्ञानिकों को सार्स-सीओवी-2 के भविष्य के स्वरूप के संबंध में अनुमान लगाने वाला एक मॉडल विकसित करने में मदद मिली। वैज्ञानिकों ने कहा कि आम सर्दी-जुकाम करने वाले कोरोना वायरस पिछले लंबे समय से लोगों को संक्रमित कर रहे हैं और लगभग हर व्यक्ति कम आयु में उनसे संक्रमित हो चुका है। अध्ययन की लेखिका एवं अमेरिका की इमोरी यूनिवर्सिटी की जेनी लाविने ने कहा कि बचपन में हुआ यह संक्रमण आयु बढ़ने पर गंभीर बीमारी से रक्षा करता है।

इसमें कहा गया है कि भविष्य में सार्स-सीओवी-2 ऐसा संक्रमण बन सकता है, जिससे बच्चे तीन से पांच वर्ष तक की आयु में ही संक्रमित हो जाएंगे और ऐसा होने पर यह संक्रमण मामूली बन जाएगा। इसमें कहा गया है कि लोग बड़े होने पर भी इससे संक्रमित हो सकते हैं, लेकिन बचपन में संक्रमित हो जाने के कारण उनमें इसके खिलाफ रोग प्रतिरोधी क्षमता विकसित हो चुकी होगी। अध्ययन में कहा गया है कि वायरस का यह स्वरूप कितनी तेजी से बदलता है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि वायरस कितना तेजी से फैलता है और सार्स-सीओवी-2 रोधी टीके किस प्रकार से रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करते हैं।

# कांग्रेस ने देशभक्तों को हमेशा गालियां दी हैंः साध्वी प्रज्ञा

**उज्जैन।** भोपाल लोकसभा सीट से सांसद और अपने बयानों के लिए अक्सर विवादों में रहने वाली साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने यहां कहा कि कांग्रेस ने देशभक्तों को हमेशा से गालियां दी हैं। महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोड़से को पहला आतंकवादी बताने संबंधी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर मंगलवार शाम को साध्वी प्रज्ञा ने मीडिया से कहा, कांग्रेस ने देशभक्तों को हमेशा से गालियां दी हैं। भगवा आतंक तक भी कह दिया उसने। इससे ज्यादा निकृष्टता उसकी और क्या होगी। इससे ज्यादा मुझे कुछ नहीं कहना है। भाजपा सांसद यहां एबीवीपी (अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद) के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंची थीं। एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए धनराशि जमा करने के अभियान के दौरान शहर में विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) की रैली पर पत्थरबाजी करने वालों के साथ सख्ती से निपटने के लिए राज्य की भाजपा सरकार की प्रशंसा की।

# महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे पर दुराचार का आरोप

## ● मंत्री ने किया आरोपों से इनकार

**भाषा।** मुंबई

**एक** महिला ने महाराष्ट्र के सामाजिक न्याय मंत्री धनंजय मुंडे पर बलात्कार का आरोप लगाया है। साथ ही उसने कहा कि मुंबई पुलिस ने उसकी शिकायत नजरअंदाज की।

राकांपा नेता मुंडे ने इन आरोपों को खारिज किया है और कहा कि शिकायतकर्ता और उसकी बहन उन्हें ब्लैकमेल कर रही हैं। मुंडे ने कहा कि शिकायतकर्ता की बहन के साथ उनका रिश्ता था और वह उसके दो बच्चों के पिता हैं। महिला (37) ने कहा कि उसने 10 जनवरी को मुंबई पुलिस आयुक्त को एक पत्र लिख कर बताया था कि मुंडे ने 2006 में कई बार उसके साथ बलात्कार किया। उसने यह भी आरोप लगाया कि उसने यहां पहले ओशिवारा पुलिस से संपर्क किया था, लेकिन उसकी शिकायत



दर्ज नहीं की गई। मुंडे (45) ने कहा कि महिला ने उसे ब्लैकमेल करने की साजिश के तहत ए आरोप लगाए हैं। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि उनका शिकायतकर्ता की बहन के साथ संबंध था और उनके दो बच्चे हैं। मुंडे ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि उनकी पत्नी, परिवार और मित्रों को इस संबंध की जानकारी है और उसके परिवार ने दोनों बच्चों को स्वीकार कर लिया है।

उन्होंने कहा कि उनका जिस महिला से संबंध था, वह 2019 से उन्हें ब्लैकमेल कर रही है और उन्होंने पुलिस में एक शिकायत भी दर्ज कराई थी और अपने खिलाफ अपमानजनक सामग्री बांटने पर रोक लगाने के लिए बंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया था।

# बीकानेर के युवक ने दुनिया की सबसे लंबी पगड़ी बांधने का रिकार्ड बनाया

**जयपुर।** राजस्थान के बीकानेर जिले के 20 वर्षीय युवक ने विश्व की सबसे लंबी पगड़ी बांधने का रिकार्ड बनाया है और वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस में अपना नाम दर्ज करवाया है। जानकारी के अनुसार 108 शैलियों की पगडी बांधने के लिए अपनी पहचान बनाने वाले पवन व्यास ने 478.5 मीटर (1569 फीट) की सबसे लंबी पगड़ी को हेयर पिन या गोंद का उपयोग किए बगैर बांधकर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस में अपना नाम दर्ज करवाया है। व्यास ने बताया कि उन्होंने बताया कि 16 दिसम्बर को उन्होंने रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया था और उन्हें सात जनवरी को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। उन्होंने 2019 में अंगुलियों की टिप्स पर विभिन्न प्रकार की सबसे छोटी एक सेंटीमीटर से तीन सेंटीमीटर की पगडी बनाने का भी रिकार्ड बनाया था। व्यास ने बताया कि बदलती जीवन शैली के साथ हम जो पहनते है उसमें भी बदलाव आया है। वर्तमान में पगडी पहनने का चलन कम हो रहा है जो कभी लोगो के लिए गर्व की बात थी।

# मकान खरीदारों की शिकायतों का निपटारा तीन माह में करें सक्षम अधिकारीः अदालत

**भाषा।** प्रयागराज

**फ्लैट** खरीदारों और प्रवर्तकों के बीच विवाद के बढ़ रहे मामलों पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसला देते हुए यूपी अपार्टमेंट एक्ट, 2010 और यूपी औद्योगिक क्षेत्र विकास कानून, 1976 या किसी अन्य कानून के तहत सक्षम अधिकारियों को मकान के खरीदारों या उनके संघों की शिकायत का तीन महीने के भीतर निपटारा करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि इसके अलावा, सक्षम अधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी निर्णय करने से पूर्व संबद्ध पक्षों को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाए। गाजियाबाद के क्षिप्रा सृष्टि अपार्टमेंट द्वारा दायर रिट याचिका निस्तारित करते हुए न्यायमूर्ति पंकज नकवी और न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल की खंडपीठ ने आगे निर्देश दिया कि एक राजपत्रित अधिकारी छह महीने में कम से कम एक बार उस (विवाद वाले) अपार्टमेंट का दौरा करेगा और इस संबंध में वहां पंजीकृत संघ को पहले से सूचना दी जाएगी ताकि सदस्य अपनी शिकायतें बता सकें। अदालत ने कहा, किसी भी तरह के उल्लंघन को तत्काल संबद्ध अधिकारी के संज्ञान में लाया जाएगा जो तत्काल उपचारात्मक कदम उठाएगा। ये निर्देश पारित करते हुए अदालत ने कहा, हमें देखने को मिलता है कि मकान के खरीदारों की ओर से बड़ी संख्या में मामले इस अदालत में आ रहे हैं। ये खरीदार अपनी गाढ़ी मेहनत की कमाई से फ्लैट खरीदते हैं और उन्हें प्रवर्तकों, बिल्डरों, विकास प्राधिकरणों की ओर से मनमानी का सामना करना पड़ता है तथा इस तरह के विवादों को हल करने के बजाय वे मूक दर्शक बन जाते हैं। अदालत ने कहा कि यह निर्देश इसलिए जारी किया गया है ताकि एक मकान क्रेता या पंजीकृत संघ को बार बार इस अदालत का रुख न करना पड़े। गाजियाबाद की क्षिप्रा सृष्टि अपार्टमेंट ने एक रिहाइशी परियोजना के प्रवर्तक की ओर से समझौते के उल्लंघन में की गई कई अनियमितताओं को उजागर करते हुए यह याचिका दायर की थी।

# पेज 1 का शेष

## देशभर में...

1,100 माहे भेजी जाएंगी, जो पुडुचेरी का एक क्षेत्र है और कोझीकोड तथा कन्नूर जिलों के बीच स्थित है। इस टीके को कोच्चि, तिरुवनंतपुरम और कोझीकोड के क्षेत्रीय टीका केंद्रों में संग्रहित किया जाएगा, जहां से इसे राज्य भर के 133 केंद्रों में वितरित किया जाएगा। टीकाकरण के लिए अब तक राज्य में 3,62,870 लोगों ने अपना पंजीकरण कराया है। महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने बताया कि राज्य को टीके की 9.83 लाख डोज मिली हैं, जबकि पहले चरण के टीकाकरण के लिए 17.5 लाख टीकों की जरूरत है। टोपे ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य को 'सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया' से कोविशील्ड के 9.63 लाख टीके और भारत बायोटेक द्वारा निर्मित 20,000 टीके मिले हैं। उन्होंने कहा, 'हमें एक व्यक्ति को चार सप्ताह के अंतर में टीके की दो डोज देनी हैं, इस प्रकार से आठ लाख पंजीकृत स्वास्थ्य कर्मियों में से करीब 55 प्रतिशत स्वास्थ्यकर्मियों का ही अभी टीकाकरण हो पाएगा।' बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) ने एक बयान में कहा कि मुंबई को कोविशील्ड की 1.39 लाख से अधिक डोज मिली हैं। बीएमसी ने एक बयान में कहा कि खुराकों की पहली खेप 16 जनवरी को शुरू होने वाली टीकाकरण मुहिम के लिए शहर भर में चिह्नित केंद्रों में पहुंचाई जाएगी। बीएमसी ने बताया कि उसे सीरम इंस्टीट्यूट से सुबह करीब साढ़े पांच बजे टीकों की 1,39,500 डोज प्राप्त हुई। राज्य के औरंगाबाद और ठाणे को भी प्रथम डोज के तहत अपना हिस्सा प्राप्त हुआ है। कोविशील्ड टीके की 23,500 डोज की पहली खेप बुधवार सुबह मुंबई से गोवा पहुंची। गोवा के स्वास्थ्य सेवा निदेशक जोस डीसा ने बताया कि कोविशील्ड टीके की 23,500 डोज वाले दो बक्से सुबह प्राप्त हुए। गोवा हवाई अड्डे ने एक ट्वीट में कहा, 'गोवा के लिए कोविड-19 टीके की पहली खेप आज सुबह छह बजकर 22 मिनट पर पहुंची।

## एचएएल से...

संख्या को बढ़ाने की आवश्यकता है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 73 तेजस (एलसीए) एमके-1ए लड़ाकू विमान और 10 तेजस एमके-1 (एलसीए) प्रशिक्षण विमान की खरीद को मंजूरी दी है। इन पर 45,696 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसी के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर के डिजाइन और विकास के लिए 1,202 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। एमके-1ए वैरिएंट स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित अत्याधुनिक चौथी पीढ़ी का लड़ाकू विमान है। यह विमान एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकल स्कैन एरे (एईएसए) रडार, बियॉन्ड विजुअल रेंज (बीवीआर) मिसाइल, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर (ईडब्ल्यू) सुइट और एयर टू एयर रिफ्यूलिंग (एएआर) की महत्वपूर्ण परिचालन क्षमताओं से लैस है। यह 50 प्रतिषत स्वदेशी सामग्री से बना पहला लड़ाकू विमान है। कार्यक्रम के अंत तक 60 प्रतिषत तक पहुंच जाएगा। मंत्रिमंडल ने वायुसेना द्वारा बुनियादी ढांचे के विकास को भी मंजूरी दे दी है ताकि वे अपने बेस डिपो में मरम्मत या सर्विसिंग का काम अंजाम दे सकें। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की सुरक्षा समिति ने बुधवार को एयरफोर्स के बेड़े को मजबूत करने के लिए 48,000 करोड़ रुपये के सबसे बड़े स्वदेशी रक्षा खरीद सौदे को मंजूरी दे दी है। यह सौदा भारतीय रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता के लिए गेम-चेंजर साबित होगा। उन्होंने यह भी कहा कि एलसीए-तेजस आने वाले वर्षों में भारतीय वायुसेना के लड़ाकू बेड़े की रीढ़ बनने जा रहा है। एलसीए-तेजस में बड़ी संख्या में नई प्रौद्योगिकियां शामिल हैं, जिसका इस्तेमाल भारत में पहले कभी नहीं किया गया।

## बीएसएफ ने...

का पता लगाया। सुरंग का पता चलने के बाद जामवाल और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। बीएसएफ अधिकारी ने कहा, इसके दूसरी तरफ पाकिस्तान का शेकरगढ इलाका है जो आतंकवादियों के ठिकानों के लिए कुख्यात है। हमारे पास सूचनाएं हैं जिसके चलते हम यहां होने वाली गतिविधियों को लेकर सतर्क थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी साजिशों को नाकाम करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। जमवाल ने कहा कि रेत के बोरों पर मिले पाकिस्तानी चिन्ह इस सुरंग के निर्माण में पाकिस्तानी संगठनों का हाथ होने का साक्ष्य पेश करते हैं जोकि पिछली बार पता लगाई गई सुरंगों की तरह ही 25 से 30 मीटर गहरी और दो से तीन फुट व्यास की हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या यह सुरंग हाल-फिलहाल में बनाई गई है या पुरानी है तो उन्होंने कहा कि यह जांच का विषय है। हालांकि, अधिकारी ने यह भी कहा कि सुरंग से मिले रेत के बोरों पर उत्पादन वर्ष 2016-17 है, ऐसे में यह पुरानी भी हो सकती है। उन्होंने कहा, हम इस सुरंग की लंबे समय से तलाश कर रहे थे और सुरंग-रोधी अभियान के दौरान इसका पता चला है जोकि पूरे अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चलाया जा रहा है।

## किसानों ने...

नारे लगाए, गीत गाए और अपने आंदोलन की जीत की प्रार्थना की। पंजाब के बरनाला जिले से आए 34 वर्षीय किसान राजबीर सिंह ने कहा कि यह लोहड़ी संघर्षों से भरी है। इस बार घर में हर साल मनाई जाने वाली लोहड़ी के दौरान होने वाले नृत्य और गीत जैसा उत्साह नहीं है। हालांकि, मैं यहां प्रदर्शन में शामिल होकर खुश हूं और अपने किसान परिवार के साथ उत्सव मना रहा हूं।' उन्होंने कहा कि आज, हमनें प्रतियां जलाई हैं और कल, केंद्र इन्हें जलाएगा। उन्हें ऐसा करना पड़ेगा, हम उन्हें ऐसा करने को मजबूर कर देंगे।' हजारों किसान केन्द्र के नए कृषि कानूनों के खिलाफ 28 नवम्बर, 2020 से दिल्ली की सीमाओं पर डटे हैं। इस साल सितम्बर में अमल में आए तीनों कानूनों को केन्द्र सरकार ने कृषि क्षेत्र में बड़े सुधारों के तौर पर पेश किया है।

## शादी के...

के आधार पर खारिज करना भेदभावपूर्ण है। अदालत ने कहा कि इससे पूर्व, विमला श्रीवास्तव के मामले में यह व्यवस्था दी गई थी कि अनुकंपा के आधार पर नौकरी के लिए नियमों में परिवार की परिभाषा से शादीशुदा बेटियों को बाहर रखना असंवैधानिक है और यह संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 का उल्लंघन है। इसलिए, भले ही राज्य सरकार ने आज की तारीख तक इस नियम में संशोधन नहीं किया है, तो भी इस नियम को एक विवाहित बेटी के दावे पर निर्णय के लिए विद्यमान प्रावधान नहीं समझा जा सकता। अदालत ने कहा कि बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा दावे को खारिज करने का आदेश साफ तौर पर अवैध है। अदालत ने अधिकारी को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के याचिकाकर्ता के दावे पर कानून के मुताबिक और उसकी वैवाहिक स्थिति का संदर्भ लिए बगैर विचार करने और दो महीने के भीतर निर्णय करने का निर्देश दिया।

## विशेष विवाह...

हाजिर हुए। सुनवायी के दौरान पांडेय और सिमरन ने साथ साथ रहने की बात कही। और अंततः सिमरन के पिता भी राजी हो गए। उन्होंने अदालत कक्ष में ही दोनो को आशीर्वाद भी दिया। एकल पीठ ने इस मामले की सुनवाई के दौरान पाया कि विशेष विवाह अधिनियम 1954 के तहत अधिकांश युगल विवाह करने से बचते हैं। क्योंकि इस प्रावधान के मुताबिक युगल को विवाह से पहले 30 दिन की नोटिस का प्रकाशन कराना होगा। ताकि यदि किसी को विवाह पर आपत्ति है, तो वह विवाह अधिकारी को बता सके। एकल पीठ ने इसका कड़ा संज्ञान लिया और सुप्रीम कोर्ट की कई नजीरों का जिक्र किया। कहा कि यह पाबंदी विवाह करने वाले युगल की आजादी व उसकी निजता जैसी मूलभूत अधिकारों का उल्लंघन है। पर्सनल लॉ में इस प्रकार की कोई पाबंदी नहीं है, तो फिर विशेष विवाह अधिनियम में इस प्रकार के प्रावधान का कोई तार्किक कारण नहीं है। एकल पीठ का कहना था कि नोटिस का प्रावधान इसलिए रखा गया है कि यदि कोई युगल अपने साथी के बारे में अधिक जानना चाहता है, तो इसका प्रयोग करे। यदि कोई युगल ऐसा नहीं चाहता, तो इस नियम को आदेशात्मक रुप में लागू नहीं किया जा सकता है। पीठ ने स्पष्ट किया कि यह नियम निर्देशात्मक है आदेशात्मक नहीं।

# चोटों से घिरी भारतीय टीम अभ्यास में जुटी

भाषा। ब्रिसबेन



**चोटों** की समस्याओं से जूझ रही भारतीय टीम ने बुधवार को यहां गाबा में अपने पहले अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया और उसे आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में 11 फिट खिलाड़ियों को उतारने की उम्मीद है। सिडनी में तीसरे टेस्ट में पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अंतिम टेस्ट से बाहर हुए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अब भी ट्रेनिंग सत्र के लिए भारतीय टीम के साथ हैं।

रोहित शर्मा, शुभमन गिल, कप्तान अजिंक्य रहाणे और अन्य को उनकी ट्रेनिंग किट के साथ देखा गया। बुमराह ने हालांकि अभ्यास करने के हिसाब से कपड़े नहीं पहने हुए थे और वह गेंदबाजी कोच भरत अरुण के साथ चर्चा कर रहे थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने अपने ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किया, सिडनी में शानदार जज्बा दिखाने के बाद फिर एकजुट होने का समय। हमने गाबा में अंतिम टेस्ट के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव को नेट में गेंदबाजी करते हुए देखा गया। ऐसी उम्मीद है कि उन्हें मैच के लिए चुना जा सकता है क्योंकि हरफनमौला रविंद्र जडेजा अंगूठे में फ्रेक्चर के कारण नहीं खेलेंगे। तेज गेंदबाज शारदुल ठाकुर और हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर भी अभ्यास सत्र का हिस्सा थे। गाबा में अंतिम एकादश में बुमराह की जगह टी नटराजन या शारदुल को उतारे जाने की उम्मीद है, जिससे मोहम्मद सिराज और नवदीप सैनी के साथ तेज गेंदबाजी आक्रमण नए स्वरूप में होगा। मुख्य कोच रवि शास्त्री अभ्यास के दौरान खिलाड़ियों के साथ थे और उन्होंने टीम के खिलाड़ियों से बातचीत भी की। वह सहयोगी स्टाफ के अपने साथियों के साथ भी बात करते हुए दिखे जिसमें अरूण के अलावा बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ और क्षेत्ररक्षण कोच आर श्रीधर शामिल थे। भारतीय टीम को आस्ट्रेलिया दौरे पर लगातार चोटों का सामना करना पड़ रहा है। टेस्ट श्रृंखला शुरू होने से पहले ही इशांत शर्मा और भुवनेश्वर कुमार चोटों के कारण बाहर हो गए थे। पहले टेस्ट में बांह में चोट के कारण मोहम्मद शमी भी श्रृंखला के बाकी मैचों में हिस्सा नहीं ले सके जबकि उमेश यादव पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अंतिम दो टेस्ट से बाहर हो गए। रविचंद्रन अश्विन और हनुमा विहारी दर्द के बावजूद भारत को सिडनी में ड्रा कराने में सफल रहे और अंतिम मैच में उनकी भागीदारी भी निश्चित नहीं है। विकेटकीपर ऋषभ पंत ने सिडनी में 97 रन की पारी खेली, लेकिन पहली पारी में लगी चोट के कारण विकेटकीपिंग नहीं कर सके थे।


## सही नहीं थी आईपीएल की टाइमिंग चोटें उसी की देन: जस्टिन लैंगर

**ब्रिसबेन**। आस्ट्रेलिया के कोच जस्टिन लैंगर को इंडियन प्रीमियर लीग पसंद है लेकिन उन्होंने पिछले सत्र की टाइमिंग पर सवाल उठाते हुए कहा कि मौजूदा श्रृंखला में भारत और आस्ट्रेलिया के इतने क्रिकेटरों के चोटिल होने में इस लीग का भी योगदान है। कोरोना महामारी के कारण आईपीएल सितंबर से नवंबर के बीच यूएई में खेला गया।आम तौर पर यह अप्रैल मई में भारत में होता है। आईपीएल के बाद से भारत के कई खिलाड़ी चोटिल हैं और आस्ट्रेलिया टीम भी फिटनेस समस्याओं से जूझ रही है। लैंगर ने एक वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि इस सत्र में चोटों की सूची लंबी है। मुझे लगता है कि आईपीएल 2020 की टाइमिंग सही नहीं थी। खास तौर पर इतनी बड़ी श्रृंखला से पहले तो कतई नहीं। भारत के प्रमुख खिलाड़ी मोहम्मद शमी, केएल राहुल और उमेश यादव तो चोटों के कारण श्रृंखला से बाहर हुए ही और अब ताजा नाम रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह का भी जुड़ गया है। आस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर पहले दो टेस्ट नहीं खेल सके। लैंगर ने हालांकि आईपीएल की तारीफ करते हुए कहा , मुझे आईपीएल पसंद है। यह उसी तरह है जैसे मेरे युवा दिनों में काउंटी क्रिकेट था। काउंटी खेलकर क्रिकेट कौशल का विकास होता था और अब आईपीएल से सीमित ओवरों के खेल में निखार आ रहा है। उन्होंने कहा कि लेकिन इस बार टाइमिंग सही नहीं थी। दोनों टीमों में कितने खिलाड़ी चोटिल हैं जो लीग का असर भी हो सकता है। मुझे यकीन है कि इसकी समीक्षा की जाएगी।

### स्टीव स्मिथ की आलोचना पर उखड़े लैंगर

**ब्रिसबेन**। सिडनी टेस्ट में पंत के बल्लेबाजी गार्ड (क्रीज पर बनाए गए निशान) हटाने की कोशिश के कारण निंदा झेल रहे स्टीव स्मिथ का बचाव करते हुए आस्ट्रेलिया के कोच जस्टिन लैंगर ने इस आलोचना को बकवास, अनर्गल और सीमा के बाहर बताया। सिडनी में ड्रॉ रहे टेस्ट के आखिरी दिन पहले सत्र में ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान स्मिथ बल्लेबाज का गार्ड मिटाने की कोशिश करते नजर आए। वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर क्रिकेटप्रेमियों और माइकल वॉन समेत पूर्व खिलाड़ियों ने इसकी आलोचना की। लैंगर ने कहा कि स्टीव स्मिथ के बारे में जो बकवास मैं पढ रहा हूं, मुझे यकीन नहीं हो रहा। सरासर बकवास।

## क्रिकेट में नस्लीय टिप्पणियों के लिए कोई जगह नहीं: नाथन लियोन



**ब्रिसबेन**। आस्ट्रेलिया के शीर्ष आफ स्पिनर नाथन लियोन ने बुधवार को कहा कि दर्शकों के खराब बर्ताव की निंदा करके भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने नए मानदंड कायम किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि क्रिकेट का खेल सभी के लिए है और इसमें किसी तरह के नस्लवाद की जगह नहीं है। सिडनी क्रिकेट मैदान पर सिराज और जसप्रीत बुमराह को चौथे और पांचवें दिन दर्शकों की नस्लीय टिप्पणियों का सामना करना पड़ा। इसके बाद भारतीय टीम ने आईसीसी के पास शिकायत दर्ज कराई। लियोन ने एक वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि खेल में किसी तरह की नस्लीय छींटाकशी की गुंजाइश नहीं है।लोगों को लगता है कि वे मजाक कर रहे हैं लेकिन इससे लोगों पर अलग तरह से प्रभाव पड़ सकता है। क्रिकेट का खेल सभी के लिए है और इसमें नस्लवाद की कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि आपको लगता है कि मैच अधिकारियों से शिकायत करने की जरूरत है तो करनी चाहिए। आजकल मैदान पर इतने सुरक्षाकर्मी होते हैं कि नस्लीय टिप्पणी करने वालों को तुरंत निकाल बाहर किया जा सकता है। इससे मैच अधिकारियों से शिकायत का चलन भी बनेगा। सिराज को स्क्वेयर लेग सीमा पर दर्शकों ने मंकी और ब्राउन डॉग कहा। सुरक्षाकर्मियों ने इन दर्शकों को मैदान से बाहर कर दिया। लियोन ने कहा कि इससे घटना की शिकायत का चलन कायम होगा। यह खिलाड़ी पर निर्भर करता है कि वह शिकायत करना चाहता है या नहीं।

# साइना और श्रीकांत दूसरे दौर में कश्यप ने मुकाबला बीच में छोड़ा

### थाईलैंड ओपन

भाषा। बैंकॉक



**भारत** की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और दुनिया के पूर्व नंबर एक किदाम्बी श्रीकांत ने बुधवार को थाईलैंड ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के पुरूष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया जबकि पारूपल्ली कश्यप पहले दौर का मुकाबला बीच में ही छोड़कर फिटनेस कारणों से बाहर हो गए।

साइना ने महिला एकल के पहले दौर में मलेशिया की सेल्वादुरारे किसोना को 21-15 21-15 से शिकस्त दी और अब उनका सामना थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरूंगफान से होगा। साइना को मंगलवार को कोविड-19 पॉजिटिव आने के कारण टूर्नामेंट से हटने को बाध्य होना पड़ा था लेकिन बाद में वह परीक्षण में नेगेटिव आई और उन्होंने बैडमिंटन विश्व महासंघ के अधिकारियों और डॉक्टरों को उन्हें भाग लेने की अनुमति देने के लिए धन्यवाद किया।

साइना ने मैच जीतने के बाद कहा कि मुझे पीसीआर परीक्षण के बाद कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया लेकिन मैंने उन्हें पहले ही बता दिया कि मुझे पिछले साल नवंबर में कोविड-19 हुआ था तो मेरे अंदर एंटीबॉडी हैं। मैंने डॉक्टरों को यह समझाने का प्रयास किया और मेरे रक्त परीक्षण और एक्स-रे के बाद डॉक्टर ने कहा कि मैं ठीक हूं और मुझे कोविड-19 नहीं है। इससे पहले श्रीकांत ने हमवतन सौरभ वर्मा को 21-12, 21-11 से हराने में महज 31 मिनट का समय लिया।

वहीं पूर्व राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन कश्यप को मैच के बीच में रिटायर होना पड़ा। वह उस समय तीसरे गेम में 8-14 से पीछे थे जब उनकी मांसपेशी में खिंचाव आ गया। वह कनाडा के जासन एंथोनी हो शू से पहला गेम 9 . 21 से हार चुके थे लेकिन दूसरे गेम में 21 . 13 से वापसी की। श्रीकांत का सामना अब मलेशिया के आठवें वरीय जि जिया ली से होगा जिन्होंने एक अन्य भारतीय एच एस प्रणय को 13-21, 21-14, 21-18 से शिकस्त दी। समीर वर्मा भी इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रूस्तावितो से 15-21, 17-21 से हारकर बाहर हो गए। पुरुष युगल में सात्विकसाइराज रंकिरेड्डी और चिराग शेट्टी ने एक गेम हारने के बाद वापसी करते हुए कोरिया के किम जि जुंग और ली योंग डाए को 19-21, 21-16, 21-14 से हराया। वहीं अर्जुन एम रामचंद्रन और ध्रुव कपिला को मलेशिया के ओंग यू सिन और टियो ई यि ने 13-21, 21-8, 24-22 से मात दी। मनु अत्री और बी सुमित रेड्डी की पुरूष युगल जोड़ी को भी शुरूआती दौर में वीराफट फाकजारूंग और वोंगसाथोर्ण थोंगखाम की थाईलैंड की जोड़ी से 19-21 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में एन सिक्की रेड्डी और सुमित रेड्डी बी भी पहले दौर में चुंग मैन तांग और योंग सुएत से से 20-22, 17- 21 से हार गए।

## राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल्स में राही सरनोबट, शेरोन और राजेश्वरी की जीत

**नई दिल्ली**। एशियाई खेलों की चैंपियन और टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी राही सरनोबट ने राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल्स में बुधवार को यहां महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा का खिताब जीता। सरनोबट ने फाइनल्स में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी मनु भाकर और चिंकी यादव के अलावा अनुभवी अनु राज सिंह और अनीसा सैय्यद को हराया। सरनोबट ने फाइनल में 50 में से 36 अंक बनाकर मध्य प्रदेश की चिंकी को पीछे छोड़ा जिन्होंने 34 अंक बनाए। क्वालीफाईंग में शीर्ष पर रहने वाली भाकर फाइनल्स में 27 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही। ट्रैप स्पर्धा में लक्ष्य शेरोन और राजेश्वरी कुमारी ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में जीत दर्ज की। हरियाणा के लक्ष्य ने फाइनल्स में राजस्थान के आदिराज राठौड़ को 46-42 से हराया। क्वालीफाईंग में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले तेलंगाना के कायनान चेनाई फाइनल्स में जोरावर सिंह के बाद चौथे स्थान पर रहे। महिलाओं के वर्ग में पंजाब की राजेश्वरी ने क्वालीफाईंग और फाइनल्स में अपना दबदबा बनाए रखा। उन्होंने फाइनल्स में 43 अंक का स्कोर बनाया और बिहार के श्रेयसी सिंह को सात अंक से पीछे छोड़ा। जूनियर ट्रैप फाइनल्स में उत्तराखंड के शपथ भारद्वाज ने लड़कों जबकि दिल्ली की कीर्ति गुप्ता ने लड़कियों का खिताब जीता।

### मशहूर खेल विज्ञान विशेषज्ञ भारत में तैराकी शिविर का संचालन करेंगे

**नई दिल्ली**। मशहूर फिजियोलॉजिस्ट और खेल विज्ञान विशेषज्ञ डॉक्टर जी सोकोलोवास बेंगलुरू सीएसई में 11 जनवरी से 21 फरवरी तक राष्ट्रीय तैराकी शिविर का संचालन करेंगे। भारतीय खेल प्राधिकरण ने बुधवार को यह जानकारी दी। सोकोलोवास के मार्गदर्शन से श्रीहरि नटराज, कुशाग्र रावत, मिहिर आंब्रे जैसे टॉप्स में शामिल उदीयमान तैराकों और सीनियर तैराकों को तैयारी में मदद मिलेगी। सोकोलोवास अमेरिकी तैराकी महासंघ में फिजियोलॉजी और खेल विज्ञान विभाग के आठ साल तक प्रमुख रहे। साइ ने कहा कि उन्होंने अपनी रिसर्च तैयार करने में 28 बार के ओलंपिक पदक विजेता माइकल फेल्प्स समेत शीर्ष तैराकों से सलाह ली है।

### अंकिता आखिरी दौर का मुकाबला हारीं

**मेलबर्न**। अंकिता रैना का ग्रैंडस्लैम एकल मुख्य ड्रा में खेलने का सपना एक बार फिर अधूरा रह गया, जब वह आस्ट्रेलियाई ओपन क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के आखिरी दौर में सर्बिया की ओल्गा डानिलोविच से हार गई। दुबई में चल रहे महिला एकल क्वालीफायर में अंकिता को तीसरे और आखिरी दौर में सर्बियाई खिलाड़ी ने दो घंटे में 6-2, 3-6, 6-1 से मात दी। अंकिता का ग्रैंडस्लैम के मुख्य दौर में जगह बनाने का यह छठा प्रयास था। अब सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम में एकल वर्ग में भारत की उम्मीदें सिर्फ सुमित नागल पर टिकी है। उन्हें पुरुष एकल में वाइल्ड कार्ड मिला है। रामकुमार रामनाथन पुरुष एकल क्वालीफायर के पहले दौर में हार गए जबकि प्रजनेश गुणेश्वरन को दूसरे दौर में पराजय झेलनी पड़ी।

### मास्टर्स गोल्फ में हो सकती है दर्शकों की वापसी

**वाशिंगटन**। आगस्टा मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट के आयोजक अप्रैल में होने वाली इस शीर्ष प्रतियोगिता में सीमित संख्या में दर्शकों को आने की अनुमति देने पर विचार कर रहे हैं। आगस्टा नेशनल के चेयरमैन फ्रेड रिडले ने कहा कि क्लब की आठ से 11 अप्रैल तक होने वाले मास्टर्स में दर्शकों को सीमित संख्या में प्रवेश देने की योजना है लेकिन इसके लिए कोविड-19 महामारी की रोकथाम के सभी उपाय किए जाएंगे। अप्रैल में अन्य गोल्फ कोर्स पर होने वाले मास्टर्स टूर्नामेंट की स्थिति हालांकि नवंबर जैसी ही होगी। रिडले ने कहा कि इसके लिए स्वास्थ्य और सुरक्षा के सभी उपाय अपनाए जाएंगे।

### सबालेंका को लगातार तीसरा टूर खिताब

**अबुधाबी**। बेलारूस की चौथी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने बुधवार को यहां अबुधाबी ओपन टेनिस फाइनल में वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 6-2, 6-2 से हराकर लगातार तीसरा टूर खिताब अपने नाम किया। उन्होंने लगातार 15वें मैच में जीत भी दर्ज की। सबालेंका ने पिछले सत्र के अंत में ओस्त्रावा और लिंज में दो इंडोर टूर्नामेंट जीते थे। वह अक्टूबर में फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में हार गई थीं। इस खिताब से सबालेंका रैंकिंग में तीन पायदान के सुधार से सातवें स्थान पर पहुंच जाएंगी।

### प्रीमियर लीग : युनाइटेड ने बर्नले को हराया

**बर्नल**। पॉल पोग्बा के गोल की मदद से मैनचेस्टर युनाइटेड ने बर्नले का 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। सत्र के इस चरण में पिछले आठ साल में पहली बार शीर्ष पर पहुंचने के लिए युनाइटेड को एक अंक की जरूरत थी। पोग्बा ने मार्कस रशफोर्ड के क्रास पर 71वें मिनट में यह गोल किया। इस जीत से युनाइटेडकी लीवरपूल पर तीन अंक की बढत हो गई है। दोनों का सामना रविवार को होगा।

### डीसीए जालौन जोन ने घोषित की टीमें

**जालौन**। जिला क्रिकेट एसो.जालौन सचिव विकास कुमार ने बताया कि डीसीए जालौन जोन के तत्वाधान में औरैया इटावा जालौन के अंडर-14, 16 और 19 के खिलाड़ियों का ट्रायल किया गया। जिसमें चयन समिति ने औरैया, इटावा, जालौन के चयनित खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की औरैया के लिए 14 वर्षीय दो, 16 वर्षीय दो, 19 वर्षीय दो टीम, और इटावा के लिए 14 वर्षीय एक, 16 वर्षीय दो, 19 वर्षीय तीन टीम की घोषणा की गई, जबकी जालौन की चार टीमो की घोषणा पहले की जा चुकी है । बताया गया कि जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा घोषित सभी टीमों के बीच लीग मैचों का आयोजन किया जाएगा। क्रिकेट डेववलपमेंट कमेटी के चेयरमैन व सदस्य अपेक्स कमेटी यूपीसीए श्याम बाबू ने बताया कि खिलाड़ियों के अभ्यास व अन्य लीग मैचों का आयोजन किया जाएगा।

### चेन्नइयन एफसी ने ओडिशा एफसी को 2-1 से हराया

**बोम्बोलिम**। इस्माइल गोंजालवेस के दो गोल की मदद से दो बार के चैम्पियन चेन्नइयन एफसी ने बुधवार को ओडिशा एफसी को 2-1 से हराकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल प्रतियोगिता की अंक तालिका में पांचवां स्थान हासिल कर लिया। गोंजालवेस ने छह मिनट के अंदर दो गोल करके चेन्नइयन को आगे कर दिया था। उन्होंने पहला गोल 15वें मिनट में किया और फिर 21वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। डिएगो मोर्सियलो ने 61वें मिनट में ओडिशा की तरफ गोल दागा लेकिन काफी प्रयासों के बावजूद टीम बराबरी का गोल नहीं कर पाई। दोनों टीमों ने अब तक 11 मैच खेले हैं। चेन्नई ने तीन जीत, पांच ड्रा और तीन हार से अब तक 14 अंक जुटाए हैं।

## तीसरे स्थान पर पहुंचने की कोशिश करेंगे गोवा और जमशेदपुर

**फातोर्दा**। जमशेदपुर एफसी और एफसी गोवा के बीच गुरुवार को यहां होने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबाल प्रतियोगिता के मैच में दोनों टीमों की निगाह तीसरा स्थान हासिल करने पर टिकी रहेगी।गोवा के अभी 10 मैचों में 15 जबकि जमशेदपुर के इतने ही मैचों में 13 अंक हैं। हैदराबाद के भी गोवा के समान 15 अंक हैं लेकिन गोल अंतर में वह आगे है। ऐसे में इस मैच में जीत दर्ज करने वाली टीम तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी। मुंबई 25 अंक लेकर पहले और एटीके मोहन बागान 20 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। गोवा के कोच जुआन फेरांडो एक समय पर एक ही मैच पर ध्यान देना चाहते हैं। फेरांडो ने कहा कि अब हमारे लिए यह जरूरी है कि हम एक समय पर एक ही मैच पर ध्यान दें। फुटबाल में प्रत्येक मैच मायने रखता है। हमें एक समय पर एक ही मैच पर ध्यान केंद्रित करना होगा और अगला मुकाबला भी हमारे लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर एक अच्छी टीम है और उसमें बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। हमारे लिए यह एक नया अध्याय है और हम हर दिन रक्षापंक्ति और आक्रमण में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। हम जमशेदपुर के खिलाफ पिछली गलतियों को नहीं दोहराएंगे। जमशेदपुर के कोच ओवेन कॉयले इस बात से अच्छी तरह से अवगत हैं कि वे एफसी गोवा के खिलाफ कोई गलती नहीं कर सकते हैं। कॉयले ने कहा कि हमें व्यक्तिगत गलतियों को सुधारकर आगे बढ़ना है और सुधार जारी रखना है। यह हमें एफसी गोवा के खिलाफ करना होगा, जो कि बहुत अच्छी टीम है। हमें कड़ी मेहनत जारी रखनी है।

# दिल्ली की लगातार दूसरी जीत आंध्र को छह विकेट से हराया

### मुश्ताक अली ट्राफी एलीट ग्रुप ई

### तेज गेंदबाज प्रदीप सांगवान ने 33 रन देकर तीन विकेट लिए

भाषा। मुंबई

**दिल्ली** ने बुधवार को यहां आंध्र प्रदेश को छह विकेट से हराकर सैयद मुश्ताक अली ट्राफी एलीट ग्रुप ई मैच में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में आंध्र की टीम पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर नौ विकेट पर 124 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से अश्विन हेब्बर ने सर्वाधिक 32 रन बनाए। दिल्ली की तरफ से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रदीप सांगवान ने 33 रन देकर तीन विकेट लिए। इशांत शर्मा ने चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट हासिल किए। उनके अलावा सिमरजीत सिंह और ललित यादव ने भी दो दो विकेट लिए। दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही और जल्द ही उसका स्कोर दो विकेट पर 10 रन हो गया। पवेलियन लौटने वाले बल्लेबाजों में कप्तान शिखर धवन (पांच) और उनके सलामी जोड़ीदार हितेन दलाल (चार) शामिल थे। इसके बाद नितीश राणा (27) और अनुज रावत (32) ने तीसरे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी की। इन दोनों के आउट होने के बाद हिम्मत सिंह (नाबाद 32) और ललित यादव (नाबाद 20) टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। दिल्ली ने अपने पहले मैच में मुंबई को हराया था। ग्रुप ई के एक अन्य मैच में हरियाणा ने हिमांशु राणा के 58 और शिवम चौहान के 45 रन की मदद से पुदुच्चेरी को छह विकेट से पराजित किया। पुदुच्चेरी ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर शेल्डन जैकसन के 82 रन की मदद से चार विकेट पर 148 रन बनाए। हरियाणा ने 19 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया।

## कोल इंडिया ने निवेश लक्ष्य 3,000 करोड़ बढ़ाया

भाषा। नई दिल्ली

**सार्वजनिक** क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लि. (सीआईएल) ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने निवेश या पूंजीगत व्यय के लक्ष्य को संशोधित कर 13,000 करोड़ रुपए कर दिया है। कंपनी ने अपने निवेश लक्ष्य में 3,000 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी की है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों से कहा है कि वे आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए अपने व्यय में बढ़ोतरी करें। कोल इंडिया ने बयान में कहा कि 2020-21 के 10,000 करोड़ रुपए के निवेश लक्ष्य में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। कुल 3,000 करोड़ रुपए के अतिरिक्त निवेश में सीआईएल की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक अनुषंगी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि. का हिस्सा करीब 800 करोड़ रुपए है। इसमें सीआईएल मुख्यालय का हिस्सा 585 करोड़ रुपए और महानदी कोलफील्ड्स लि. का हिस्सा 550 करोड़ रुपए है। सेंट्रल कोलफील्ड्स लि. का अतिरिक्त व्यय में हिस्सा 460 करोड़ रुपए है। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में सीआईएल का निवेश लक्ष्य 166 प्रतिशत बढ़कर 7,801 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कंपनी का वास्तविक खर्च 4,871 करोड़ रुपए रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कंपनी ने 2,930 करोड़ रुपए खर्च किए थे। इस तरह कंपनी ने अप्रैल-दिसंबर की अवधि में मूल निवेश बजट का 78 प्रतिशत इस्तेमाल किया है। सरकार ने कंपनी को निर्देश दिया था कि वह दिसंबर के अंत तक 7,500 करोड़ रुपए के निवेश को पूरा करे। कंपनी ने कहा कि उसने कुल 7,801 करोड़ रुपए के निवेश का इस्तेमाल किया है, जो सरकार के निर्देश से 301 करोड़ रुपए अधिक है।

### इंफोसिस का तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 16.6 प्रतिशत बढ़ा

भाषा। नई दिल्ली

**सूचना** प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी इंफोसिस का शुद्ध लाभ दिसंबर 2020 को समाप्त तिमाही में 16.6 प्रतिशत बढ़कर 5,197 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी ने शेयर बाजारों से कहा कि साल भर पहले की समान अवधि में उसे 4,457 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था।

इस दौरान कंपनी का राजस्व 12.3 प्रतिशत बढ़कर साल भर पहले के 23,092 करोड़ रुपए की तुलना में 25,927 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने स्थिर मुद्रा के आधार पर वित्त वर्ष 2020-21 के लिए राजस्व वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 4.5 से पांच प्रतिशत कर दिया। कंपनी ने इससे पहले अक्टूबर में दो से तीन प्रतिशत राजस्व वृद्धि का अनुमान जाहिर किया था।

## सेंसेक्स में तीन दिन के तेजी के सिलसिले पर ब्रेक

भाषा। मुंबई

**बीएसई** सेंसेक्स में तीन दिन के तेजी के सिलसिले पर बुधवार को बेक लगा और उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में इसमें 25 अंक की मामूली गिरावट आई। वैश्विक बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच निवेशकों द्वारा बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में मुनाफा काटने से बाजार नीचे आया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स दिन में कारोबार के दौरान 721 अंक ऊपर-नीचे हुआ। अंत में यह 24.79 अंक या 0.05 प्रतिशत के नुकसान से 49,492.32 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 49,795.19 अंक का अपना सर्वकालिक उच्चस्तर भी छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 1.40 अंक या 0.01 प्रतिशत के लाभ से 14,564.85 अंक के अपने नए रिकॉर्ड पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान इसने 14,653.35 अंक का सर्वकालिक उच्चस्तर भी छुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 6.24 प्रतिशत चढ़ गया। एसबीआई, आईटीसी, एनटीपीसी, भारती एयरटेल और एक्सिस बैंक के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी, बजाज फिनसर्व, टाइटन, सन फार्मा और डॉ. रेड्डीज के शेयरों में 2.85 प्रतिशत की गिरावट आई। रिलायंस सिक्योरिटीज के प्रमुख-रणनीति विनोद मोदी ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव रहा और इसने अपना शुरुआती लाभ गंवा दिया। बड़ी संख्या में शेयरों में मुनाफावसूली का सिलसिला चला। मोदी ने कहा कि नवंबर, 2020 के औद्योगिकी उत्पादन (आईआईपी) में गिरावट से संकेत मिलता है कि वित्त मंत्री आगामी बजट में आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन के लिए अधिक उपाय करेंगी।

### आईआरएफसी का 4,600 करोड़ रुपये का आईपीओ 18 को खुलेगा

**नई दिल्ली**। भारतीय रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) का 4,600 करोड़ रुपए का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 18 जनवरी को खुलेगा। निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कान्त पांडेय ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट किया कि आईआरएफसी का आईपीओ 4,600 करोड़ रुपए का होगा।

इसके लिए मूल्य दायरा 25-26 रुपए रखा गया है। यह रेलवे की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी का पहला आईपीओ होगा। आईपीओ 20 जनवरी को बंद होगा। जनवरी, 2020 में आईआरएफसी ने आईपीओ के लिए दस्तावेज जमा कराए थे। यह आईपीओ 178.20 करोड़ शेयरों का होगा। इसके तहत 118.80 करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे।

वहीं सरकार 59.40 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश लाएगी। आईआरएफसी की स्थापना 1986 में हुई थी।

# देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पहले कभी इतने खतरे में नहीं थी



● ट्रंप ने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी ने इस साल को और चुनाव को काफी कठिन बना दिया। राष्ट्रपति ने कहा, यह हमारे देश के लिए बेहतर स्थिति में आने का समय है... कानून प्रवर्तन और उससे जुड़े लोगों पर विश्वास रखें

**भाषा।** वाशिंगटन

**कैपिटल हिल** पर हुए हमले के बाद तमाम सोशल मीडिया मंचों द्वारा प्रतिबंधित किए जाने के बाद अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पहले कभी इतने खतरे में नहीं थी।यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) पर छह जनवरी को ट्रंप समर्थकों द्वारा किए हमले के बाद अपने पहले भाषण में निवर्तमान राष्ट्रपति ने अपने खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही, पिछले सप्ताह हुए हमले और अमेरिकी संविधान के 25वें संशोधन का इस्तेमाल करने के आह्वान (जिसके द्वारा उनके मंत्रिमंडल के सदस्य उन्हें हटा सकते हैं) जैसे तमाम मुद्दों पर बात की।ट्रंप ने कहा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पहले कभी इतने खतरे में नहीं थी। मुझे 25वें संशोधन से ज़रा सा भी खतरा नहीं है, लेकिन नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके प्रशासन के लिए यह आगे खतरा जरूर बन सकता है। उन्होंने कहा, देश के इतिहास में जानबूझकर किसी (ट्रंप) को परेशान करने के सबसे निंदनीय कृत्य को आगे बढ़ाते हुए महाभियोग का इस्तेमाल किया जा रहा है और इससे काफी गुस्से एवं विभाजन की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इसका दर्द इतना अधिक है कि कुछ लोग इसे समझ भी नहीं सकते, जो कि खासकर इस नाजुक समय में अमेरिका के लिए बेहद खतरनाक है। ट्रंप ने पिछले सप्ताह यूएस कैपिटल में हुई घटना पर कहा, मैंने अपने कार्यकाल में हमेशा कहा है कि हम अमेरिका के इतिहास एवं परम्पराओं का सम्मान करने में विश्वास करते हैं, उन्हें तोड़ने में नहीं। हम कानून के शासन में विश्वास करते हैं, हिंसा या दंगों में नहीं। गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने हार स्वीकार नहीं की है और वह तीन नवम्बर को हुए चुनाव में धोखाधड़ी के बेबुनियाद दावे लगातार करते रहे हैं। उनके इन दावों के बीच ही, कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) में ट्रंप के समर्थकों ने धावा बोला था और हिंसा की थी, जिसमें कैपिटल पुलिस के एक अधिकारी तथा चार अन्य लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद ही उन पर महाभियाग चलाए जाने की मांग भी की गई।ट्रंप ने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी ने इस साल को और चुनाव को काफी कठिन बना दिया। राष्ट्रपति ने कहा, यह हमारे देश के लिए बेहतर स्थिति में आने का समय है... कानून प्रवर्तन और उससे जुड़े लोगों पर विश्वास रखें।

## चुनाव को प्रमाणित करने के लिए मतदान करने वाले सांसदों को मिल रही हैं धमकियां: रो खन्ना

**भाषा।** वाशिंगटन



**भारतीय-अमेरिकी** सांसद रो खन्ना ने कहा है कि जो बाइडन की जीत की पुष्टि के लिए तीन नवंबर को हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव के परिणाम को प्रमाणित करने के पक्ष में मतदान करने वाले अमेरिकी सांसदों को हिंसक धमकियां मिल रही हैं जिनमें जान से मारने की धमकियों भी शामिल हैं।खन्ना ने सीएनएन न्यूज को मंगलवार के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी, दोनों दलों के सांसदों को धमकियां मिल रही हैं।खन्ना ने सीएनएन के प्रस्तोता ब्रूक बाल्डविन से कहा, लोगों को यह समझ नहीं आता कि हिंसा का खतरा केवल डेमोक्रेटिक नेताओं को ही नहीं है, यह खतरा रिपब्लिकन नेताओं को भी है। मैंने अपने कुछ सहकर्मियों से बात की है -- मैं यह नहीं बताना चाहता कि ए धमकियां किन लोगों को मिली हैं, लेकिन उन्हें जान से मारे जाने की भी धमकियां मिली हैं। कैलिफोर्निया से डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता खन्ना ने कहा, चुनाव परिणाम को प्रमाणित करने के लिए मतदान करने वालों को हिंसा की धमकियां मिल रही हैं। सेवारत कई लोगों के लिए स्थिति भयानक है और दोनों दलों के नेताओं को यह सब झेलना पड़ रहा है। अमेरिकी संसद के छह जनवरी को हुए संयुक्त सत्र में निर्वाचक मंडल (इलेक्टोरल कॉलेज) ने चुनाव में अगले राष्ट्रपति के तौर पर बाइडन और अगली उपराष्ट्रपति के तौर पर कमला हैरिस की जीत को औपचारिक रूप से प्रमाणित किया था। खन्ना ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यह दलील तार्किक नहीं है कि महाभियोग चलाने के इस कदम से देश के लिए बहुत नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा, इसका मतलब यह हुआ कि कोई व्यक्ति अपराध करता है, बैंक लूटता है और फिर कहता है कि उसे गिरफ्तार करने वाली पुलिस या उसे जवाबदेह बनाने वाला अभियोजन दोषी है। उल्लेखनीय है कि कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) पर पिछले सप्ताह हुए हिंसक हमले के मद्देनजर ट्रंप के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर डेमोक्रेटिक नेताओं के नियंत्रण वाली अमेरिकी प्रतिनिधि सभा बुधवार को मतदान करेगी।प्रतिनिधि सभा ने ट्रंप को उनके पद से हटाने के लिए अमेरिका के निवर्तमान उपराष्ट्रपति माइक पेंस से 25वां संशोधन लागू करने की अपील करने का प्रस्ताव पारित किया था, लेकिन पेंस ने 25वें संशोधन को लागू करने से इनकार कर दिया है।



सीओल के एक धार्मिक स्थल पर जमी बर्फ को मास्क पहनकर हटाते कर्मचारी।

## चीन के खिलाफ शक्ति संतुलन बनाएगा मजबूत भारत

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका के** निवर्तमान ट्रंप प्रशासन ने सार्वजनिक किए गए एक दस्तावेज में कहा है कि भारत में सीमा पर चीन की उकसाने वाली कार्वाई का जवाब देने की क्षमता है और एक मजबूत भारत समान सोच रखने वाले देशों के सहयोग से रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के खिलाफ शक्ति संतुलन बनाने का काम करेगा।


10 पृष्ठीय दस्तावेज को अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रोबर्ट ओ ब्रायन ने हाल में सार्वजनिक किया था और अब इसे व्हाइट हाउस की वेबसाइट पर पोस्ट किया गया है।

हिंद प्रशांत के लिए यूएस स्ट्रैटेजिक फ्रेमवर्क दस्तावेज में कहा गया है, भारत सुरक्षा मामलों पर अमेरिका का पंसदीदा साझेदार है। दोनों दक्षिण एवं दक्षिण पूर्व एशिया और आपसी चिंता वाले अन्य क्षेत्रों में समुद्री सुरक्षा बनाए रखने और चीनी प्रभाव को रोकने में सहयोग करते हैं। भारत में सीमा पर चीन की उकसावे की कार्वाई का जवाब देने की क्षमता है। इसमें कहा गया है कि भारत दक्षिण एशिया में अग्रणी है और वह हिंद प्रशांत की सुरक्षा बनाए रखने में नेतृत्व की भूमिका निभा रहा है। वह दक्षिण पूर्व एशिया में मौजूदगी बढ़ा रहा है और क्षेत्र में अमेरिका के अन्य सहयोगियों एवं साझेदारों के साथ आर्थिक, रक्षात्मक एवं राजयनिक सहयोग को विस्तार दे रहा है। दस्तावेज में कहा गया है, एक मजबूत भारत एक जैसी सोच रखने वाले देशों के सहयोग से चीन के खिलाफ शक्ति संतुलन बनाने का काम करेगा।

इसमें कहा गया है कि दस्तावेज में बताई गई नीति का लक्ष्य भारत के विकास एवं क्षमता को बढ़ाना है, ताकि वह बड़ा रक्षा साझेदार बन सके। इसका लक्ष्य भारत के साथ स्थाई रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करना है, जिसे क्षेत्र में अमेरिका और उसके साझेदारों के साथ प्रभावशाली गठजोड़ करने में सक्षम मजबूत भारतीय सेना आधार प्रदान करती है। इसमें रक्षा सहयोग के लिए मजबूत आधार बनाने और रक्षा क्षेत्र में व्यापार बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया है। इस फ्रेमवर्क में एक बड़े रक्षा साझेदार के तौर भारत का दर्जा बढ़ाने के लिए रक्षा तकनीक के हस्तांतरण की क्षमता को विस्तार देने, क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी साझा चिंताओं पर सहयोग बढ़ाने और भारत की मौजूदगी हिंद महासागर से आगे बढ़ाने को प्रोत्साहित करने का प्रस्ताव रखा गया है।दस्तावेज में परमाणु आपूर्ति समूह में भारत की सदस्यता को सहयोग देने की बात की गई है। दस्तावेज में राजनयिक, सैन्य और खुफिया माध्यमों से भारत को सहयोग देने का प्रस्ताव रखा गया है ताकि चीन के साथ सीमा पर विवाद समेत महाद्वीप की चुनौतियों से निपटने में मदद मिल सके। इसमें भारत की एक्ट ईस्ट नीति और अग्रणी वैश्विक शक्ति बनने की उसकी महत्कांक्षाओं को समर्थन देने का प्रस्ताव रखा गया है।

## क्यूबा ने नए अमेरिकी प्रतिबंधों की निंदा की, बाइडन के आने पर बेहतर स्थिति की उम्मीद जताई

**हवाना।** क्यूबा का कहना है कि वह इस बात को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त है कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन इस बात को नहीं मानते कि कैरेबियाई द्वीप राष्ट्र आतंकवाद प्रायोजित करता है। निवर्तमान अमेरिकी प्रशासन द्वारा क्यूबा को आतंकवाद प्रायोजित करने वाले देशों की सूची में फिर से शामिल करने के एक दिन बाद क्यूबा के एक वरिष्ठ राजनयिक ने यह बात कही।गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन ने देश के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के फैसले को पलटते हुए क्यूबा को आतंकवाद प्रायोजित करने वाले देशों की सूची में फिर से शामिल किया है। यह फैसला बाइडन के सत्ता संभालने से कुछ दिन पहले लिया गया है। क्यूबा के विदेश मंत्रालय में अमेरिकी विभाग के महानिदेशक कार्लोस फर्नांडिज डी कोसिओ ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा,"हम आश्वस्त हैं कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति बाइडन और उनकी टीम पूरी तरह से जानती है कि क्यूबा आतंकवाद प्रायोजक देश नहीं है और न ही कभी रहा है। उन्होंने कहा,"और हमें विश्वास है कि 20 जनवरी को आने वाली सरकार पर इस सच्चाई का एक निश्चित प्रभाव होगा। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने सोमवार को कहा, विदेश मंत्रालय ने आतंकवादियों को पनाह मुहैया कराकर अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के कृत्यों का बार-बार समर्थन करने के कारण क्यूबा को आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देशों की सूची में शामिल किया है। उन्होंने कहा, इस कदम के जरिए, हम क्यूबा सरकार को एक बार फिर जवाबदेह बनाएंगे और एक स्पष्ट संदेश देंगे कि कास्त्रो शासन को अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद को अपना समर्थन और अमेरिकी न्याय व्यवस्था को नष्ट करना बंद कर देना चाहिए।



इंडोनेशिया में श्री विजया एअरपैसेंजर हादसे के बाद मिले मलबे को इकट्ठा करते कर्मचारी

### यूट्यूब ने कम से कम एक हफ्ते के लिए ट्रम्प के चैनल को निलंबित किया

**हांगकांग।** यूट्यूब ने हिंसा की आशंकाओं को लेकर जारी चिंताओं के मद्देनजरको कम से कम एक सप्ताह के लिए निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का चैनल निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही वह ट्रम्प की ऑनलाइन गतिविधियों को निलंबित करने वाले सोशल मीडिया मंचों मे शामित हो गई है।यूट्यूब ने एक ट्वीट मे कहा कि उसने नई सामग्री अपलोड होने के बाद ट्रम्प के चैनल को निलंबित कर दिया, जिसने उसकी नीतियों का उल्लंघन किया है। बयान मे यह स्पष्ट नही किया गया कि कौन से वीडियो पर सवाल खड़ा किया गया है या उसने किस तरह से उसकी नीतियो का उल्लंघन किया है।गौरतलब है कि पिछले हफ्ते कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) मे ट्रंप के समर्थको ने हमला किया था जिसमे कैपिटल पुलिस के एक अधिकारी तथा चार अन्य लोगो की मौत हो गई थी। इस घटना से नवनिर्वाचित राष्ट्रपति की जीत को प्रमाणित करने की प्रक्रिया बाधित हुई थी।इस घटना के बाद अब तक फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम समेत कई सोशल मीडिया मंचो ने ट्रम्प के अकाउंट को निलंबित कर दिया है। यूट्यब ने ट्विटर पर एक बयान मे कहा,"सामग्री की समीक्षा के बाद और हिंसा की आशंका को लेकर जारी चिंताओ के मद्देनजर, हमने अपनी नीतियो का उल्लंघन करने पर डोनाल्ड जे ट्रम्प के चैनल पर अपलोड की गई नई सामग्री हटा दी।

### एफबीआई ने कैपिटल हिल दंगाइयों के खिलाफ 160 से अधिक मामलों में जांच शुरू की: अधिकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका मे एफबीआई ने कैपिटल हिल मे छह जनवरी को दंगा करने वालो के खिलाफ 160 से अधिक मामलो मे जांच शुरू की और कहा कि यह महज़ शुरुआत है।फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) वाशिंगटन के फील्ड ऑफिस असिस्टेंट डायरेक्टर इंचार्ज स्टीवन एम. डी अनटूनो ने एक संवाददाता सम्मेलन मे बताया कि एजेंसी पिछले सप्ताह कैपिटल (संसद भवन) पर हमला करने वाले लोगो को गिरफ्तार करने और उनके खिलाफ आरोप तय करने के लिए अमेरिका के अटॉर्नी कार्यालय एवं अपने कानून प्रवर्तन साथियो के साथ मिलकर काम कर रही है।उन्होने कहा, छह दिनो मे हमने 160 से अधिक मामलो की फाइल खोली है और यह महज़ शुरुआत है। उन्होंने कहा कि एफबीआई को डिजिटल मीडिया की एक लाख से अधिक सामग्रियां मिली है, जो कैपिटल पर हुए हमले से जुड़ी है।डी अनटूनो ने कहा कि एजेंसी एकैपिटल पर हमला करने वाले एक-एक व्यक्ति तक पहुंचेगी। उन्होने कहा, लेकिन हम ऐसा करे, उससे पहले आपके पास खुद सामने आने का मौका है, जैसा कि बुधवार को कुछ लोगो ने किया है। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव मे अपनी हार स्वीकार नही की है और वह तीन नवम्बर को हुए चुनाव मे धोखाधड़ी के बेबुनियाद दावे लगातार करते रहे है। उनके इन दावो के बीच ही, कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) मे ट्रंप के समर्थको ने धावा बोला था और हिंसा की थी, जिसमे कैपिटल पुलिस के एक अधिकारी तथा चार अन्य लोगो की मौत हो गई थी।

### अमेरिका में करीब सात दशक बाद किसी महिला कैदी को मौत की सजा के लिए लगाया गया इंजेक्शन

**टेरे हौटे (अमेरिका)।** अमेरिका के कंसास मे रहने वाली एक महिला को एक गर्भवती महिला की गला दबा कर हत्या करने और गर्भ काट कर भ्रूण निकालने के जुर्म मे मौत की सजा दी गई। अमेरिकी सरकार ने करीब सात दशक मे पहली बार किसी महिला कैदी को मौत की सजा दी है। महिला कैदी लीसा मॉन्टगोमरी (52) को इंडियाना प्रांत के टेरे हौटे के संघीय जेल परिसर मे जहरीला इंजेक्शन लगाए जाने के बाद रात।:31 बजे मृत घोषत कर दिया गया। मौत की सजा पर तामील होने की प्रक्रिया के दौरान मॉन्टगोमरी के के पास खड़ी महिला ने झुक कर उसके चेहरे से मास्क हटाया और पूछा कि क्या उसे अंतिम बार कुछ कहना है। इस पर दोषी महिला ने कहा, नही। महिला के वकील केली हेनरे ने कहा , लीसा को मौत की सजा देने की प्रक्रिया मे शामिल लोगो को शर्म आनी चाहिए। मामले के अनुसार मॉन्टगोमरी ने 2004 मे मिसूरी के स्किडमोर शहर मे 23 वर्षीय बॉबी जो स्टीनेट की हत्या कर दी थी। उसने एक रस्सी से बॉबी की गला दबा कर हत्या कर दी थी और एक चाकू से उसका पेट काट कर बच्ची को निकाल लिया था। उस वक्त बॉबी आठ माह की गर्भवती थी। बाद मे मॉन्टगोमरी बच्ची को अपने साथ ले गई थी और उसे अपना बताने लगी।

### भारतीय मूल के मंत्री के इस्तीफे के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री ने मंत्रिमंडल में किया फेरबदल

**टोरंटो।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक पूर्व अंतरिक्ष यात्री को नया विदेश मंत्री नियुक्त किया है। भारतीय मूल के कनाडाई सिख मंत्री नवदीप बैंस के अचानक इस्तीफे के बाद मंत्रिमंडल मे यह फेरबदल किया गया है। ट्रूडो ने मंत्रिमंडल मे फेरबदल के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुए मंगलवार को ट्विटर पर कहा, नवदीप बैंस ने घोषणा की है कि वह अपने परिवार के साथ अधिक वक्त बिताने के लिए नवाचार, विज्ञान एवं उद्योग मंत्री पद से इस्तीफा दे रहे है। उनकी घोषणा से उत्पन्न रिक्ति को भरने के लिए हम कनाडा के मंत्रिमंडल मे कुछ बदलावो की घोषणा कर रहे है।

# अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने 25वां संशोधन लागू करने की पेंस से अपील करने संबंधी प्रस्ताव किया पारित

**भाषा।** वाशिंगटन



**डेमोक्रेटिक नेताओं** के नियंत्रण वाली अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने एक प्रस्ताव पारित करके देश के निवर्तमान उपराष्ट्रपति माइक पेंस से अपील की है, वह निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पद से हटाने के लिए 25वां संशोधन लागू करें।

इस प्रस्ताव को मंगलवार को 205 के मुकाबले 223 मतों से पारित किया गया। प्रस्ताव में पेंस से अपील की गई कि वह कैबिनेट से 25वां संधोशन लागू करने को कहें।इस संशोधन को पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी की हत्या के मद्देनजर 50 साल से अधिक समय पहले पारित किया गया था। यदि कोई व्यक्ति राष्ट्रपति पद पर सेवा देने उपयुक्त नहीं रह जाता, तो उसकी जगह किसी और की नियुक्त किए जाने का प्रावधान करने के लिए इस संशोधन का उपयोग किया जाता है।इससे पहले पेंस ने प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी से कहा था वह 25वां संशोधन लागू नहीं करेंगे। पेंस ने प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी को लिखे पत्र में कहा, हमारे संविधान में, 25वां संशोधन सजा देने या अधिकार छीनने का जरिया नहीं है। इस प्रकार से 25वां संशोधन लागू करना खराब उदाहरण पेश करेगा। पेलोसी ने सदन में कहा कि छह जनवरी को ट्रंप ने अमेरिका के खिलाफ एक घातक विद्रोह को भड़काया, जिसने इसके लोकतंत्र के दिल यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) पर हमला किया। उन्होंने कहा कि तथ्य बिल्कुल स्पष्ट हैं कि इस राजद्रोही हमले के पीछे राष्ट्रपति का हाथ था और उन्होंने अपने समर्थकों को इसके लिए उकसाया।इस बीच ट्रंप ने यूएस कैपिटल पर छह जनवरी को किए हमले के बाद अपने पहले भाषण में कहा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पहले कभी इतने खतरे में नहीं थी। मुझे 25वें संशोधन से ज़रा सा भी खतरा नहीं है, लेकिन नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके प्रशासन के लिए यह आगे खतरा जरूर बन सकता है। उन्होंने कहा, देश के इतिहास में जानबूझकर किसी (ट्रंप) को परेशान करने के सबसे निंदनीय कृत्य को आगे बढ़ाते हुए महाभियोग का इस्तेमाल किया जा रहा है और इससे काफी क्रोध एवं विभाजन की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

इसका दर्द इतना अधिक है कि कुछ लोग इसे समझ भी नहीं सकते, जो कि खासकर इस नाजुक समय में अमेरिका के लिए बेहद खतरनाक है। पेलोसी ने कहा कि ट्रंप के कदम दर्शाते हैं कि वह अपने कार्यालय की मूलभूत दायित्वों का निवर्हन करने में बिल्कुल अक्षम हैं, इसलिए उन्हें तत्काल पद से हटा दिया जाना चाहिए। कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) पर पिछले सप्ताह हुए हिंसक हमले के मद्देनजर ट्रंप के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर डेमोक्रेटिक नेताओं के नियंत्रण वाली अमेरिकी प्रतिनिधि सभा बुधवार को मतदान करने के लिए तैयार है।महाभियोग प्रस्ताव पर मतदान के साथ ही ट्रंप अमेरिका के इतिहास में पहले ऐसे राष्ट्रपति बन सकते हैं जिनके खिलाफ दो बार महाभियोग चलाया गया।सांसद जैमी रस्किन, डेविड सिसिलिने और टेड लियू ने महाभियोग का प्रस्ताव तैयार किया है जिसे प्रतिनिधि सभा के 211 सदस्यों ने सह-प्रायोजित किया।

इसे सोमवार को पेश किया गया था।इस महाभियोग प्रस्ताव में निर्वतमान राष्ट्रपति पर अपने कदमों के जरिए छह जनवरी को राजद्रोह के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया है। इसमें कहा गया है कि ट्रंप ने अपने समर्थकों को कैपिटल बिल्डिंग (संसद परिसर) की घेराबंदी के लिए तब उकसाया, जब वहां इलेक्टोरल कॉलेज के मतों की गिनती चल रही थी और लोगों के धावा बोलने की वजह से यह प्रक्रिया बाधित हुई। इस घटना में एक पुलिस अधिकारी समेत पांच लोगों की मौत हो गई।इससे पहले प्रतिनिधि सभा की न्यायिक समिति के अध्यक्ष जेरोल्ड नैडलर ने ट्रंप के खिलाफ महाभियोग के लिए 50 पन्नों की एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें महाभियोग चलाने के लिए मजबूत आधार पेश किए गए हैं।प्रतिनिधि सभा ने 18 दिसंबर, 2019 में ट्रंप के खिलाफ महाभियोग के आरोप को पारित किया था, लेकिन रिपब्लिकन पार्टी के नियंत्रण वाले सीनेट ने फरवरी 2020 में उन्हें आरोपों से बरी कर दिया था।

उस दौरान आरोप लगाए गए थे कि ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति पर दबाव डाला कि वे बाइडन और उनके बेटे के खिलाफ भ्रष्टाचार के दावों की जांच करवाए। इससे पहले, सदन में बहुमत के नेता स्टेनी होयर ने सोमवार को अपने पार्टी सहकर्मियों के साथ कान्फ्रेंस कॉल के दौरान कहा था कि महाभियोग को लेकर मतदान बुधवार को होगा।डेमोक्रेटिक सांसदों के पास ट्रंप के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित करने के लिए प्रतिनिधि सभा में पर्याप्त मत है, लेकिन सीनेट में रिपब्लिकन नेताओं के पास 50 के मुकाबले 51 का मामूली अंतर से बहुमत है। सीनेट में महाभियोग प्रस्ताव पारित करने के लिए दो तिहाई सदस्यों के मतों की आवश्यकता होती है।

# अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म समारोह में सत्यजीत रे को दी जाएगी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** इक्यावनवें अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म समारोह (आईएफएफआई) में महान फिल्मकार सत्यजीत रे की पांच प्रमुख फिल्मों का प्रदर्शन करके उनके योगदान को याद किया जाएगा। हर वर्ष 20-28 नवंबर के दौरान गोवा में होने वाला यह समारोह पिछले साल कोरोना वायरस महामारी के चलते स्थगित कर दिया गया था जो अब 16-24 जनवरी के दौरान होगा। रे को श्रदांजलि के तौर पर इस समारोह में उनकी पाथेर पांचाली , चारूलता, सोनार केल्ला , पहली हिंदी फिल्म शतरंज के खिलाड़ी और घरे बैरे प्रदर्शित की जाएगी। इस समारोह के पैनोरमा खंड में तुषार हीरानंदानी की निर्देशित फिल्म सांढ की आंख पहली फिल्म होगी। उसमें तापसू पन्नू और भूमि पेडनेकर ने अभिनय किया है। इस 51 वें फिल्म समारोह में विभिन्न खंडों में 224 फिल्में दिखाई जाएंगी। यह समारोह कोरोना वायरस महामारी के चलते हाइब्रिड प्रारूप में होगा। इस साल बांग्लादेश मुख्य केंद्र देश हैं और वहां की चार फिल्में दिखाई जाएंगी।



# 'नए कलाकार के लिए एक ही विकल्प होता है- अपना सर्वश्रेष्ठ देना'

लंबे अंतराल के बाद एंड टीवी चैनल पर चलने वाले शो में गोरी मेम की वापसी हो रही है। पायनियर संवाददाता **मुस्बा हाशमी** ने बात की नई गोरी मेम के लिए प्रस्तावित अभिनेत्री **नेहा पेंडसे** से और जाना इस चरित्र को निभाने की राह में उनके लिए प्रस्तुत चुनौतियों के बारे में। इसके अलावा बातचीत में उन्होंने बताया कि इस रोल को लेने के पीछे उन्हें क्या सर्वाधिक आकर्षक लगा-

**चमकदार साड़ी** पहने अभिनेत्री नेहा पेंडसे टीवी जगत की जानी मानी अभिनेत्री हैं। लेकिन पूर्व गोरी मेम का चरित्र करने वाली अभिनेत्री सौम्या टंडन के जाने से दर्शकों को काफी निराशा हुई कि अब वे पुरानी गोरी मेम को लंबे समय से सीरियल में नहीं दे पा रहे थे। लेकिन अब ये प्रतीक्षा समाप्त होने वाली है नेहा पेंडसे अब सौम्या टंडन के स्थान पर 'भाभी जी घर पर हैं' में गोरी मेम अर्थात अनीता मिश्रा का चरित्र करती दिखाई देंगी। पेंडसे ने बताया, 'मैं अनीता का चरित्र निभाने के लिए अत्यंत उत्साहित हूं। मुझे पता है कि दर्षकों को मेरे चरित्र को लेकर कुछ अपेक्षाएं हैं लेकिन मैं आशा करती हूं कि इन अपेक्षाओं पर मैं खरी उतर सकूंगी।' लेकिन, जैसा कि हर अभिनेत्री के साथ होता है, जब उन्हें पहले से चल रहे शो में किसी चरित्र को बीच से निभानेके लिए कहा जाता है तो ये एक बड़ी चुनौती होती है, विषेष रूप से किसी ऐसे शो में जो जनता के बीच लोकप्रिय भी हो। लेकिन पेंडसे का कहना है कि वो दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए अपनी ओर से कोई कोर कसर शेष नहीं छोड़ेंगी।

नेहा ने बताया, 'ऐसे में सदा ही एक दबाव जैसा होता है क्योंकि एक कलाकार जो एक चरित्र को निभाते हुए लोकप्रिय हो चुका था, अचानक दर्शकों के सामने से हट जाता है और दूसरे को उसी चरित्र में लाना उस नए कलाकार के लिए एक बड़ी चुनौती साबित होता है। ऐसे में नए कलाकार के लिए केवल एक ही विकल्प शेष रहता है और वो है कि चरित्र को अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ देना। लेकिन इस संबंध में ये बताना उचित होगा कि अनीता बनी सौम्या अपने व्यक्तिगत कारणों के चलते शो से पहले ही हट चुकी थी। लेकिन दर्शकों की ओर से नई अनीता भाभी की प्रतीक्षा हो रही है, ये पहली बार देखा जा रहा है।

ऐसे में नई अनीता भाभी को देखना दर्शकों के लिए कोई अचानक से होने वाली घटना नहीं होगी क्योंकि अनीता भाभी सीरीज़ से पहले ही विदा हो चुकी हैं। दर्शकों को ऐसे में इस तथ्य को पचाना कठिन कार्य नहीं होना चाहिये क्योंकि वे पहले से ही किसी नए चेहरे की प्रतीक्षा कर रहे हैं। दर्षक एक प्रकार से नए कलाकार का स्वागत करने के लिए व्यग्र हैं और यही बात मेरे हित में है।

नेहा ने अभी इसकी शूटिंग प्रारंभ नहीं की है लेकिन उनका कहना है कि उनके लिए इस चरित्र को करना कोई बड़ी चुनौती नहीं होगी क्योंकि अपने वास्तविक जीवन में वो कुछ कुछ अनीता भाभी जैसी ही हैं। उनका कहना है, 'यदि मुझे अंगूरी भाभी का चरित्र निभाने के लिए कहा जाता तो ये मेरे लिए बड़ी चुनौती होती क्योंकि मुझे उनके जैसा बनने के लिए काफी तैयारी करनी पड़ती। लेकिन अनीता तो वैसी ही है जैसी मैं अपने वास्तविक जीवन में हूं। इसमें मेरे लिए कुछ भी नया करना नहीं है। मुझे लगता है कि मैं ये रोल सरलता से निभा सकती हूं।'

अनीता ही नहीं पेंडसे भी लंबे समय से टीवी के परदे से दूर रही हैं। उनके लिए भी किसी नए शो में नए चरित्र के साथ वापसी करना आसान नहीं था। नेहा ने बताया, 'हर किसी को ऐसे में सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध भूमिका की तलाष होती है और किसी ऐसे प्रोजेक्ट को चुनना होता है जिसके साथ वो सरलता से सामंजस्य स्थापित कर सके। किसी नए प्रोजेक्ट को लेकर मुझे भी तरह तरह की आषंकाएं हो रही थीं मेरे पास कुछ दूसरे प्रस्ताव भी थे लेकिन उनमें से 'भाभी जी घर पर हैं' ही सर्वश्रेष्ठ विकल्प लगा। इसके अलावा मुझे कुछ आतरिक प्रेरणा भी इसी रोल को करने के लिए कह रही थी। बस मैंने इसे स्वीकार कर लिया।'

ऐसा नहीं है कि पेंडसे हमेषा अंतप्रेरणा पर ही चलती हैं। उनके लिए भी शो के निर्देषक, निर्माता और शो की कहानी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है जितनी किसी दूसरे कलाकार के लिए।

उन्होंने बताया, 'मैं हमेषा कुछ बातों का ध्यान रखती हूं। यदि मैं इस शो की बात करूं तो कह सकती हूं कि इसके निर्माता से मैं परिचित हूं और वे इस जॉनर के लिए जाने जाते हैं। अत: मैं इस क्षेत्र के अनुभवी लोगों के साथ जुड़ने जा रही हूं। एक और बात ये है कि ये ऐसा चरित्र है जो लंबे समय तक रहने वाला है क्योंकि शो पिछले पांच सालों से चल रहा है और इसके चलते रहने की ही आषा है अत: ये इसे अस्वीकारकरने का कोई कारण नहीं है। ये शो मेरी हर मापदंड पर खरा उतरता है।' पेंडसे इससे पहले 1995 में कैप्टेन हाउस, नामक शो में काम कर चुकी हैं।

लेकिन ये काम भी उन्हें एक संयोग से ही मिला था ऐसा लगता है जैसे अभिनय ने ही उन्हें चुना हो, 'मैं अत्यंत लजीली लड़की थी जब मैं 10 साल की थी तो मेरी मां ने मुझे व्यक्तित्व निखारने की एक कक्षा में प्रवेष करा दिया। वहां मुझे एकता कपूर ने देखा। उन्हें कुछ बच्चों की तलाष थी लेकिन बच्चे मिलना उन दिनों उतना सरल नहीं हुआ करता था। अत: निर्माताओं को ऐसे व्यक्तित्व सुधार क्लासेज़ के चक्कर लगाने पड़ते थे। मैं इस प्रकार उनकी नजर में आई और मुझे रोल मिल गया। मेरी मां को मेरा काम अच्छा लगा और मुझे उनका पूरा सहयोग मिलने लगा।'

अपने कॅरियर में पेंडसे ने काफी कुछ सीखा है और कुछ ऐसी बातें भी हैं जिनका उन्हें आज पछतावा भी है। उन्होंने बताया, 'मैंने बचपन से ही काम करना प्रारंभ कर दिया था और मुझे काम निरंतर मिलता चला गया। मुझे काम मांगना नहीं पड़ा। मैंने कहीं से अभिनय सीखा भी नहीं है। मैंने अभिनय ऐसे ही चलते फिरते सीखा है। मुझे इसका खेद भी है। मुझे लगता है कि मुझे अभिनय से जुड़ी कुछ पेषेवर जानकारी के लिए कोई व्यावसायिक कोर्स आदि करना चाहिये था ताकि इस कला का मुझे और अच्छा ज्ञान होता तो संभवत: मुझे मिलने वाले अवसरों में तथा मेरे चयन में भी एक प्रकार की गुणवत्ता होती।'

# अनुष्का और विराट ने पापारात्सी से बेटी की निजता का सम्मान करने की अपील की

भाषा। मुम्बई



**अभिनेत्री एवं** निर्माता अनुष्का शर्मा और उनके पति एवं क्रिकेटर विराट कोहली ने बुधवार को पापारात्सी से उनकी बेटी की निजता का सम्मान करने और उसकी तस्वीरें या अन्य कोई जानकारी प्रकाशित ना करने की अपील की।


पापारात्सी उन स्वतन्त्र फोटोग्राफरों को कहते हैं, जो खिलाड़ियों, अभिनेताओं, राजनेताओं तथा अन्य प्रसिद्ध व्यक्तियों की तस्वीरें लेते हैं। कोहली ने 11 जनवरी को अपनी बेटी के जन्म की घोषणा की थी और कहा था कि अनुष्का और उनकी बेटी दोनों स्वस्थ हैं। दम्पति ने अब मुम्बई में पापारात्सी से उनकी बेटी की निजता का सम्मान करने की अपील की। साथ ही उन्होंने शुभकामनाओं के लिए भी सभी का शुक्रिया अदा किया। दम्पति ने एक बयान में कहा, माता-पिता होने के नाते , हम आपसे बस एक छोटी से विनती करना चाहते हैं। हम अपनी बेटी की निजता की रक्षा करना चाहते हैं और हमें इसमें आपका सहयोग चाहिए। उन्होंने मीडिया को आश्वासन दिया वह सही समय आने पर खुद उससे जुड़ी जानकारी साझा करेंगे। उन्होंने कहा, हम हमेशा यह सुनिश्चित करेंगे कि आपको हमसे संबंधित जानकारी देने के लिए जो सामग्री चाहिए वे मुहैया कराएं। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि ऐसी कोई सामग्री जारी ना करें, जो हमारी बच्ची से जुड़ी हो। हमें पता है कि आप हमारी बात समझ रहे होंगे और इसके लिए हम आपका शुक्रिया अदा करते हैं। अनुष्का और विराट 11 दिसम्बर 2017 को इटली में एक निजी समारोह में शादी के बंधन में बंध गए थे।

# अच्छी स्क्रिप्ट मुश्किल से हाथ आती है : काजोल



**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध अभिनेत्री काजोल का कहना है कि वह आने वाली फिल्म त्रिभंग में अपने किरदार को जीवन के साथ जोड़ कर देख सकती हैं। त्रिभंग में खास तौर से मां और बेटी के बीच के संबंधों को दिखाया गया है। अभिनेत्री रेणुका सहाणे की इस फिल्म में उस विषय को उठाया गया है, जिसपर अकसर कोई बात नहीं करता। सामान्य तौर पर हिन्दी सिनेमा में बाप-बेटे के संबंधों पर चर्चा होती है, लेकिन मां को हमेशा दरकिनार कर दिया जाता है या उसे त्याग की मूर्ति के रूप में दिखाया जाता है। बाजीगर , दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, कुछ कुछ होता है और कभी खुशी, कभी गम जैसे बॉलीवुड ब्लॉकबस्टर में काम की चुकी काजोल का कहना है कि वह अपने करियर को लेकर कभी कोई योजना नहीं बनाती हैं। अभिनेत्री का कहना है कि सबकुछ अच्छा स्क्रिप्ट मिलने पर निर्भर करता है। जूम पर पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में काजोल ने कहा, मैंने हमेशा अच्छे स्क्रिप्ट पर काम किया है। अगर मुझे कुछ अच्छा लगता है तो मैं वह करुंगी, अगर अच्छा नहीं लगता है तो मैं नहीं करुंगी। मैं कभी योजना नहीं बनाती कि मेरा अगला किरदार क्या होगा या कैसी फिल्म करूगी। अच्छी स्क्रिप्ट मुश्किल से हाथ आती है। उन्होंने कहा, मैं कह सकती हूं कि मैं ऐसा किरदार निभाना चाहती हूं या ऐसी फिल्म करना चाहती हूं, लेकिन अंत में आपको अच्छी स्क्रिप्ट पर ही काम करना होगा। यह जुआ है, कभी आपकी किस्मत अच्छी होती है और कभी नहीं होती है। त्रिभंग में लोकप्रिय बॉलीवुड स्टार और ओडिशी नृत्यांगना अनु की भूमिका निभा रही काजोल का फिल्म में अपनी मां नयन के साथ बेहद कड़वा संबंध है। काजोल का कहना है कि उन्हें यह किरदार एक नजर में भा गया था। फिल्म में तन्वी आजमी, मिथिला पाल्कर और कुणाल रॉय कपूर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का प्रीमियर नेटफ्लिक्स पर शुक्रवार को होना है।

## वेब वर्ल्ड




### हिस्ट्री ऑफ स्वेयर वर्ड्स

**निकोलस** केज इस शैक्षिक सीरीज़ में सर्वाधिक कुख्यात स्वेयर वर्ड्स के इतिहास और प्रभाव के बारे में जानकारी देने का प्रयास किया गया है। शो जनवरी के पहले सप्ताह से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।



### ल्यूपिन

**ये सीरीज़** आर्सेन ल्यूपिन की साहसिक गाथाओं से प्रेरित है जिसमें एक सरल व्यक्तित्व वाला चोर एक समृद्ध परिवार द्वारा अपने पिता के अपमान का बदला लेता है। इसमें ओमर सी, लुड्विन हेस्मे जैसे दिग्गज कलाकार हैं और ये नेटफ्लिक्स पर जनवरी के पहले सप्ताह से उपलब्ध है।



### ब्लिंग एंपायर

**लॉस** एंजेल्स के एक अमीर एशियाई और अमेरिकी लोगों द्वारा ली जा रही मस्ती ही इसकी कहानी का कथानक है। वे पार्टियां करते हैं, ग्लैमर और नाटकीयता लिये ये रियलिटी सीरीज़ काफी रोचक बन पड़ी है। 15 जनवरी से ये नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ होगी।


# तमिल फिल्म मास्टर के साथ खुले केरल के सिनेमा घर




**तिरुवनंतपुरम।** कोविड-19 के कारण 10 महीने तक बंद रहे केरल के सिनेमाघर अभिनेता विजय की तमिल फिल्म मास्टर के साथ खुले हैं। फिल्म एक्जिबिटर्स यूनाइटेड ऑर्गेनाइजेशन ऑफ करेल (एफईयूओके) का कहना है कि फिल्म को राज्य की 500 से ज्यादा स्क्रीन (पर्दे) पर प्रदर्शित किया गया है। सिनेमाघर मालिकों का कहना है कि ज्यादातर सिनेमाघरों के खुलते ही पहले कुछ घंटों में सारे टिकट बिक गए। तमाम युवा सुबह नौ बजे फिल्म के पहले शो के लिए सिनेमाघर के आगे लाइन में लगे हुए थे। कोच्चि में अभिनेता विजय के प्रशंसकों ने उनके बड़े पोस्टर का दूध से अभिषेक किया। एफईयूओके के महासचिव एम. सी. बॉबी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कई सिनेमाघरों में मरम्मत और उन्हें संक्रमण मुक्त करने का काम चल रहा है, इसलिए बुधवार को वह नहीं खुले। सिनेमाघरों में सिर्फ 50 प्रतिशत सीटें भरी जाएंगी यानी प्रत्एक दर्शक के बीच एक सीट खाली रखी जाएगी। कोविड-19 से जुड़े अन्य प्रोटोकॉल का भी पालन किया जाएगा।

# घर को सजाने-संवारने का सपना

**ड्रीम होम मेकओवर**
नेटफ्क्सि
प्रस्तुतकर्ता: शी एंड सिड
रेटिंग: 7/10



**कोविड** 19 के कारण घरों को संवारने की बात की चाहे अनदेखी की गई हो लेकिन इससे अधिक कुछ हानि नहीं होती यदि एक दंपत्ति द्वारा अपने ग्राहक के स्थान को सुंदर बनाने को ही अपनी प्राथमिकता बना लिया गया हो तो ये काफी रोचक लग सकता है। हम सभी अपने घरों के बारे में भी ऐसा ही सोच सकते हैं। इसके सीज़न2 में भी दंपत्ति द्वारा अपने काम और अपनी छोटी पुत्रियों के साथ बिताए गए समय में सामंजस्य स्थापित करने पर ही जोर दिया गया है।

बड़े घरों के स्थान पर यदि बाथरूम को ही किचेन और केबिन होम को तीन लोगों के एक छोटे से परिवार के लिए सुंदर सजीले स्थान में परिवर्तित करना भी उनके जीवन का एक हिस्सा बन गया। इस सीरीज़ से लोगों को अपने घरों के ही पुनरुद्धार करने की प्रेरणा मिल सकती है। घर को हर प्रकार से सुविधासंपन्न बनाने के लिए धन नहीं बस एक विचार की आवश्यकता होती है। इस बार इसके दूसरे संस्करण में कहानी को इसी थीम पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

**- शालिनी सक्सेना**

सीतापुर में सबसे बड़ा किसान आंदोलन...

# आंदोलनरत किसानों को सीता की नगरी का बड़ा समर्थन

● सात किमी लंबी मानव श्रृंखला बनाकर दिया संदेश, हम भी हैं आपके साथ

**संवाददाता।** सीतापुर

**कड़ाके की** ठंड में जब अमीर घरानों के लोग घरों में दुबके थे और बोल्ओवर और हीटर की आग ले रहे थे, उस वक्त मिश्रिख इलाके में बच्चों के संग सैकड़ों महिला, पुरुष किसान-मजदूर मिश्रिख-पिसावां मार्ग पर करीब सात से आठ किमी लंबी मानव श्रृंखला बनाकर दिल्ली बॉर्डर पर बैठे आंदोलनकारियों को यह संदेश दिया कि वो खुद को अकेला मत समझें, उनके साध्थ में गंवई इलाकों का छोटा किसान और मजदूर भी हैं। कृषि कानून के विरोध में सीतापुर में अब तक सबसे बड़ा शांतिपूर्ण प्रदर्शन माना जा रहा है। इससे पहले ट्रैक्टर आंदोलन, थाली बजाओ आंदोलन व अन्य विरोध प्रदर्शन हो चुके हैं। संगतिन किसान मजदूर संगठन की नेत्री ऋचा सिंह की अगुवाई में जलसत्याग्रह, बेरोजगारी भत्ता आंदोलन और गुड़िया झुलाने की डाली गई परंपरा के बाद सात किमी की मानव श्रृंखला में जुटी महिलाओं की भारी भीड़ एक नया कीर्तिमान बनाई गई। आंदोलनरत किसानों के समर्थन में दिखाई गई एकजुटता में अनुशासन इस कदर था, कि न तो ट्रैफ्कि का कोई आवागमन रूका और न ही किसी को कोई दिक्कत हुई। वो भी तब जब पुलिस की भी कोई व्यवस्था नहीं थी। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने हाथ्थों में तख्तियों को लेकर यह संदेश दिया कि कौन बनाता हिंदुस्तान, भारत का मजदूर किसान, बीज हमारे-रेट तुम्हारे, नहीं चलेगा-नहीं चलेगा। आपको बता दें कि कृषि कानून मसले को लेकर सरकार और किसानों के बीच काफी समय से रार छिड़ी हैं, लेकिन यह थम नहीं रही। इस गतिरोध को कम करने को खुद मामले का संज्ञान लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को फ्टकार लगाई और कृषि बिलों पर रोक लगाते हुए उसने किसानों से मशविरा के लिए चार सदस्यीय टीम भी गठित् कर दी है। लेकिन आंदोलनकारियों को यह मंजूर नहीं। दिल्ली बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन के समर्थन में बुधवार को सीतापुर के मिश्रिख इलाके के सैकड़ों किसान-मजदूरों ने मानव श्रृंखला बनाई। यहां के घ्कुतुबनगर से शुरू मानव श्रृंखला मिश्रिख के नहर चौराहा तक बनाई गई। करीब सात से आठ किमी लंबी मानव श्रृंखला में इलाके के सैकड़ों के गांवों से महिला, पुरुष किसान और मजदूर शामिल हुए। महिलाएं अपने संग छोटे-छोटे बच्चों को भी साथ लाई थीं। किसान-मजदूरों का कहना था कि वे सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करते हैं, मगर उनकी बात केवल केंद्र सरकार से होगी और किसी से भी नहीं, क्योंकि यह कानून सरकार ने पास किया है, वहीं उसे वापस लेगी। इसलिए जब तक सरकार इस कानून को वापस नहीं लेगी, तब तक आंदोलन करते रहेंगे।


सीतापुर-मानव श्रृंखला बनाकर पैदल मार्च प्रदर्शन करती संगतिन कार्यकत्री


प्रदर्शन करती संगतिन नेत्री

**सरकार,** शासन और प्रशासन के तमाम प्रयासों, जोर- जबरदस्ती के बावजूद किसानों का विरोध प्रदर्शन कम होने के बजाए बढ़ता ही जा रहा है। संगतिन किसान मजदूर संगठन की नेत्री ऋचा सिंह की नजरबंदी के बाद भी सात किमी की मानव श्रृंखला ने यह संदेश दे दिया है कि उनका हौंसला अडिग है।

## तेंदुए के पगचिन्ह दिखने से ग्रामीणों में हड़कंप

**नेरी सीतापुर।** महोली कोतवाली की ग्राम पंचायत जहाँसापुर अमिर्ता में किसी जानवर के पगचिन्ह देखे जाने के बाद ग्रामीण दहशत में है जहाँसापुर गांव का मुख्य व्यवसाय खेती है लोग सुबह होते ही अपने खेत की तरफ निकल लेते है किसान धनेश ने बताया कि वो गांव के पश्चिम अपने खेत मे खड़ी गेहू की फ्सल में पानी लगाने के लिए अपने खेत गए थे जहाँ पर उन्हें किसी जानवर के पगचिन्ह दिखाई दिए धनेश ने गांव जाकर अन्य ग्रामीणों को इकट्ठा कर पगचिन्ह दिखाए पगचिन्ह देखने से तेंदुए के मालूम पड़ते है अभी 20 से 25 दिनों पूर्व ही इसी गांव में तेंदुवा देखा गया था फ्रि से पगचिन्ह देखे जाने से ग्रामीण दहशत में है ग्राम जहाँसापुर का मुख्य व्यवसाय खेती है रामकृष्ण ने बताया कि वन छेत्रा अधिकारी को सूचित कर दिया गया है मुनेंद्र यादव विक्रांत धनेश पाल चोपराम रोहित पांडेय विश्राम लाल आदि ने बताया कि पगचिन्ह देखे जाने के बाद से खेती का सारा काम बन्द हो गया है डर की वजह से हम लोग गांव में समूह बनाकर रह रहे है।



**ग्रामीणों** द्वारा सूचना मिली थी मौके पर टीम भेज दी गयी है ग्रामीणों को सतर्क रहने को कहा गया है।

**राम मूर्ति सिं, वन क्षेत्राअधिकारी।**

सीतापुर पहुंची 19 हजार 810 वैक्सीन...

## सीतापुर में 19 केंद्रों पर लगेंगी कोरोना वैक्सीन

● 1900 स्वास्थ्य कर्मियों का होगा वैक्सीनेशन

**संवाददाता।** सीतापुर

**कोरोना खात्मे** के लिए स्वास्थ्य महकमे की तैयारियों अंतिम दौर में है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर वैक्सीन को सुरक्षित रखने को रेफ्रिजरेटर पहुंच चुके हैं। अब तक 11 लाख सिरिंजों की आपूर्ति हो चुकी हैं। हर सीएचसी पर 50 हजार सिरिंजों की खेम पहुंच गई। टीकाकरण का रिहर्सल भी हो चुका है। टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य कर्मचारी भी तैयार हैं। अब सिर्फ वैक्सीन के आने का इंतजार हैं।16 जनवरी से कोरोना वैक्सीन के टीके लगेंगे। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पीके सिंह कहते हैं कि सीतापुर में पहले चरण में हेल्थ, बाल विकास परियोजना के वर्करों समेत चिकित्सकों को टीके लगेंगे।करीब 16625 लाभार्थियों को सूचीबद्ध कर डाटा ऑनलाइन कर दिया गया। यह प्रक्रिया पूरी ऑन लाइन रहेंगी, इसलिए प्रत्येक लाभार्थी को अपनी फोटो आइडी व आधार कार्ड लाना जरूरी है। लाभार्थी टीकाकरण स्थल पर बिना मास्क धारण किए नहीं प्रवेश करेंगे और वेटिंग रूम में भी आपस में दो गज की दूरी रखेंगे। ऑब्जरवेशन रूम में टीकाकरण के बाद लाभार्थी में प्रतिकूल प्रभाव देखने को उसे करीब आधे घंटे तक बिठाया जाएगा। संबंधित मेडिकल ऑफिसर का मोबाइल नंबर देकर घर जाने दिया जाएगा। टीकाकरण के पहले दिन जिले में 19 स्थलों पर टीके लगेंगे। यहां के कसमंडा, बिसवां और रामपुर मथुरा सीएचसी को छोड़कर शेष सभी 16 सीएचसी समेत जिला महिला चिकित्सालय, सीतापुर आंख अस्पताल और अटरिया के हिन्द अस्पताल में कोरोना से बचाव को वैक्सीन लगेगी। प्रत्येक स्थल पर एकही सत्र पहले दिन होगा। सीएचसी पर कोरोना वैक्सीन पहुंचाने को वाहनों का इंतजाम कर लिया गया है। प्रत्येक वाहन पर पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। पुलिस की निगरानी में ही वैक्सीन पहुंचाई जाएगी। जिस दिन वैक्सीन सीएचसी पर पहुंचेगी, उस दौरान अधीक्षक वहां पर मौजूद रहकर वैक्सीन को प्राप्त करेंगे, जहां पर वैक्सीन रखी जाएगी, वहां पर फोर्स की तैनाती बनी रहेगी।एसीएमओ सिंह कहते हैं कि आगामी 16 जनवरी को कोरोना वैक्सीनेशन की राष्ट्रीय स्तर पर लांचिंग होगी। उसी दिन लाभार्थियों व चिकित्सा कर्मियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण का लाइव प्रसारण होगा। इसके लिए प्रत्येक टीकाकरण स्थल पर नेट कनेक्टिविटी और एलईडी की व्यवस्था की जा रही है। इसी दिन से जिले में 1,900 लोगों को कोरोना से बचाव का टीका लगाया जाएगा।


सीतापुर-वैक्सीन उतारती स्वास्थ्य टीम

## सृजन अभियान में कार्यकर्ताओं में भरा गया जोश

**संवाददाता।** सीतापुर

**उत्तर प्रदेश** काँग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मा. अजय कुमार लल्लू जी के निर्देशानुसार 5 जनवरी से 25 जनवरी तक वार्ड संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत आज शहर कांग्रेस कमेटी सीतापुर के अध्यक्ष संतोष भार्गव की अध्यक्षता में वार्ड वार्ड बट्सगंज व वार्ड मिरदही टोला में संगठन सृजन बैठक का आयोजन हुवा, शहर अध्यक्ष संतोष भार्गव ने वार्ड बट्सगंज का अध्यक्ष संजय वाल्मिकी व वार्ड मिरदही टोला का अध्यक्ष जफ्रुल्ल हक जी को सर्व सहमति से बैठक के माध्यम से मनोनीत किया गया, अध्यक्ष सन्तोष भार्गव ने सभी वार्ड अध्यक्ष जनों का माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक में प्रमुख रूप से वार्ड प्रभारी उत्कर्ष शेखावत, वार्ड प्रभारी नोमान अन्सारी, शहर उपाध्यक्ष रिजवान खान, कार्यक्रम प्रभारी अनुज सिंह चौहान, शावेज मुख्तार, शहर महासचिव उपदेश गुप्ता, सचिव पीयूष मिश्रा, शहर प्रवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ,नावेद उर्फ रिंकू, नवील अहमद जी,सईद अनवर जी,मुनीर अहमद जी, पूर्व सभासद प्रत्यासी जय देवी वाल्मिकी, अस्वनी सिंह, अमरेन्द्र सिंह, अभिषेक सिंह, अभय प्रताप, पदुम राज, मनोज सिंह, शिवेंद्र सिंह, आर्यक सिंह, अजय पटेल, जावेद अख्तर, अयजुल, काशिफ् मो.राशिद, हाजी अदीप खान, अफ्जाल अहमद ,मो.फ्हीम खान, मो. अनवर अन्सारी आदि काँग्रेस के साथी उपस्थित रहे।


सीतापुर-बैठक के बाद मौजूद नगर अध्यक्ष संतोष भार्गव व अन्य

सरदार सिंह कान्वेंट इण्टर कालेज प्रबंधक का बड़ा फैसला...

## नर्सरी से कक्षा आठ तक विद्यार्थियों का पूरे वर्ष का शुल्क माफः अजय वर्मा

**संवाददाता।** महमूदाबाद सीतापुर

**कोविड- 19** महामारी से समाज मे उत्पन्न हुई आर्थिक समस्या व अभिभावकों की मांग को ध्यान में रखते हुए सरदार सिंह कान्वेंट इंटर कॉलेज ने पूरे वर्ष की नर्सरी से जूनियर हाईस्कूल तक की फीस माफकरने का निर्णय किया है। संस्था द्वारा लिये गये इस फैसले पर अभिभावकों के साथ-साथ क्षेत्रीय नागरिकों ने भी प्रशंसा की है। सरदार सिंह कान्वेण्ट इण्टर कालेज के प्रबंधक अजय वर्मा ने बताया कि विद्यालय एक परिवार है और हमारे अभिभावक भी इसका हिस्सा हैं। कोविड -19 महामारी के कारण हर वर्ग आर्थिक रूप से कमजोर हुआ है ऐसे हालात में हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती थी कि फीस में बच्चों व उनके अभिभावकों को पूर्ण राहत दी जाय।विद्यालय प्रबंधन ने निर्णय लेकर इसे लागू किया और नर्सरी से कक्षा 8 तक के लगभग 1300 बच्चों की फीस माफ कर दी गई। फीस माफ किये जाने से महमूदाबाद तहसील ही नही अपितु सीतापुर जिले समेत आसपास जनपदों से नर्सरी से कक्षा 8 तक शिक्षा प्राप्त करने वाले हजारों छात्र- छात्राओं को इसका सीधा लाभ मिला है। संस्था के अभिभावक धनपाल यादव,राजीव बंशवार,चंदन जोशी, सुलेमान खां,राकेश भार्गव,अनिल राठौर आदि ने बताया कि कोविड 19 महामारी और ऊपर से महीनों चले लॉक डाउन ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है ऐसे हालात में बच्चों की फीस जमा करना बहुत ही कठिन लगता था और फीस की हर पल चिंता थी सरदार सिंह कान्वेंट इंटर कॉलेज के प्रबंधक अजय वर्मा ने हम अभिभावकों के दर्द को समझा और हमारे बच्चों की वर्ष भर फीस माफकर उदार ह्रदय का परिचय दिया है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधक व प्रबंधतंत्र को इस पुनीत व सामाजिक हित मे लिए गए बड़े निर्णय के लिये बधाई भी दी। संस्था द्वारा की गई इस पहल पर क्षेत्रीय विधायक नरेंद्र सिंह वर्मा, पूर्व विधायक डॉ रामनारायण वर्मा, लोकतंत्र सेनानी उमाशंकर वर्मा,बड़े व्यवसायी राजकुमार वर्मा, ब्लॉक प्रमुख मुकेश वर्मा, सदस्य जिला पंचायत ,ओंकार नाथ, पूर्व चेयरमैन सुरेश वर्मा, भाजपा नेता रामकुमार वर्मा सहित नगर के दर्जनों लोगों ने विद्यालय प्रबंधक को ,बधाई दी है।



## अन्नपूर्णा सेवा संस्थान की हुई गोष्ठी

**संवाददाता।** सीतापुर

**अन्नपूर्णा सेवा** संस्थान परिवार ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद को याद किया। संस्थान के अध्यक्ष अनिल द्विवेदी, संरक्षिका पुष्पा अवस्थी, कार्यालय प्रमुख शैलेन्द्री तिवारी, अन्नपूर्णा संगम सचिव यासीन इब्ने उमर, व अन्य सदस्यगणों ने जयन्ती पर पुष्पार्चन आदि ने संस्थान कार्यालय में स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुश्पार्चन किया और उनके जीवन वृत्त पर प्रकाष डाला। इस मौके पर विन्देश्वरी पाल, कौशल शुक्ला, इकरार अहमद, रामसेवक मंगल आदि मौजूद थे।

## पूर्व विधायक ने टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

**रेउसा सीतापुर।** सेवता के बांसुरा कस्बे में क्रिकेट रोमांच शबाब पर है। यहां आयोजित चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का का शुभारम्भ पूर्व विधायक महेंद्र कुमार सिंह ''झीन बाबू'' ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद बल्लेबाजी करके किया। इस मौके पर वहीदुल खांन, कफील काजी, मो इम्तियाज, मो इरफान, गुड्डू प्रधान, सामून बीडीसी, अर्जुन चौहान, सफ्वान अंसारी, मुस्लिम अंसारी, ताबू अंसारी, जीशान अंसारी आदि मौजूद थे।

## नुक्कड़ चौपाल का हुआ आयोजन

**संवाददाता।** सीतापुर

**आगा खां** फाउंडेशन की ओर से कसमंडा ब्लॉक की ग्राम पंचायत जयरामपुर और महोत्तेपुर में नुक्कड़ चौपालों का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रमीणों को कोरोना के प्रति जागरूक किया गया। फाउंडेशन के बीसीसी अधिकारी मधुकर पांडेय ने कहा कि कोरोना का संकट अभी खत्म नहीं हुआ है, वायरस से बचाव के लिये नियमित रूप से मास्क लगाना जरूरी है। इस दौरान पवन बाजपेयी, आशा कार्यकर्ता मीना कुमारी, संगीता, आंगनबाड़ी सहायिका कांती देवी आदि मौजूद थीं।

किसान कल्याण मिशन के अन्तर्गत लगा किसान मेला...

## किसानों को उन्नत खेती करने के लिए किया गया प्रेरित

● जिलाधिकारी ने ऐलिया में फीता काटकर किया किसान मेले का उद्घाटन

**संवाददाता।** सीतापुर

**किसान कल्याण** मिशन के अन्तर्गत कृषि एवं कृषि आधारित गतिविधियों के माध्यम से किसान कल्याण तथा किसानों की आमदनी को दोगुना करने के अभियान अन्तर्गत जनपद के सिधौली, पहला, मिश्रिख, सकरन, परसेण्डी, ऐलिया एवं पिसावां विकास खण्डों में मेला एवं गोष्ठी आयोजित किये गये, जिनमें मा0 जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। विकास खण्ड एलिया में किसान कल्याण मिशन के अन्तर्गत आयोजित मेला एवं गोष्ठी का उद्घाटन जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने फीता काटकर किया। उन्होंने यहां लगाये गये स्टालों को भी देखा। कार्यक्रम में दौरान कृषि विभाग, गन्ना विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, सिंचाई विभाग, पंचायती राज विभाग, बाल विकास पुष्टाहार विभाग, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग आदि विभागों द्वारा स्टाल लगाकर किसानों को आवश्यक जानकारियां दी गयीं तथा उनकी समस्याओं का भी निराकरण किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डा0 शैलेन्द्र सिंह ने कृषि विविधीकरण पर किसानों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिलाधिकारी ने प्रगतिशील किसानों एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत प्रस्तावित लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किये। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने सभी को कृषि विविधीकरण अपनाकर उन्नत खेती करने के लिये प्रेरित किया। जैविक कृषि के लिये प्रेरित करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि जैविक खेती के माध्यम से उत्पादित उत्पादों की मांग शहरों में अधिक रहती है तथा किसान बेहतर प्रबन्धन से अधिक लाभ भी कमा सकते हैं। उन्होंने खेती के अतिरिक्त मत्स्य पालन, कुक्कुट पालन, शहद उद्योग आदि के द्वारा भी आमदनी बढ़ाये जाने के लिये किसान भाइयों को प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने किसान कल्याण मिशन के अन्तर्गत आयोजित इस कार्यक्रम की उपयोगिता के विषय में बताते हुये सभी को प्रेरित किया कि यहां पर लगाये गये स्टालों से लाभान्वित हों एवं अपनी समस्याओं का निराकरण करायें। साथ ही कृषि वैज्ञानिकों द्वारा बताये गये उपायों को करके कम लागत में अधिक उत्पादन करके लाभान्वित हों। जिलाधिकारी ने कहा कि जैसा कि हम सभी अवगत हैं भारत कृषि प्रधान देश है। जनपद सीतापुर की अधिकांश जनसंख्या भी कृषि एवं कृषि आधारित उद्योगों पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि जैसा कि कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में पहले मूंगफ्ली का उत्पादन अधिक था तथा बाद में लोग अधिकांशत: गन्ने की कृषि करने लगे। यद्यपि जनपद सीतापुर में गन्ने का उत्पादन अधिक होने के साथ-साथ मिलों के माध्यम से उनकी अच्छी खरीद है तथा अन्य जनपदों से भुगतान की स्थिति भी बेहतर है। फ्रि भी हमें कृषि में विविधीकरण को अपनाना चाहिये। सरकार का यह प्रयास भी है कि उन फ्सलों का उत्पादन अधिक किया जाये, जिनकी मांग अधिक है तथा किसान अधिक से अधिक लाभान्वित हों। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी एलिया, ब्लॉक प्रमुख सहित संबंधित अधिकारी व बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों से आये कृषक उपस्थित रहे।


सीतापुरी- सम्बोधित करते डीएम विशाल भारद्वाज

# युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

● अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी।

**सदर कोतवाली** क्षेत्र के गांव मीरपुर के पास बुधवार की अलसुबह सड़क के किनारे लोगों को एक युवक का शव पड़ा दिखायी दिया। जिसकी जानकारी पुलिस को दी गयी। किसी तरह परिजनों को भी इसकी जानकारी हुई तो सभी मौके पर पहुंचे। शव की शिनाख्त प्रदीप कुमार (32) पुत्र मेवालाल निवासी रसौरा मीरपुर के रूप में हुई। बताते हैं कि प्रदीप कल शाम करीब छह बजे अपने घर से किसी काम के लिए निकला था। देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने ढूंढना शुरू किया। सुबह एक बार पुनः प्रदीप को खोजा जाता इससे पहले ही उसका शव बरामद हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शव के गुप्तांग पर किसी भारी चीज से प्रहार किया गया जिससे चोटें आयी हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को सीलकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूरे मामले में एसपी विजय ढुल ने बताया कि शव बरामद होने की जानकारी मिली थी जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने हत्या की धारा में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिलहाल घटना के अनावरण के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद धाराएं बढ़ाई जायेगी।

## ओवरलोड वाहन ने ली किशोर की जान

**मोहम्मदी-खीरी।** आज फिर गन्ने से भरी ओवर लोड ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदी के अमीर नगर चौकी के एक विद्यालय का छात्र मोहम्मद दीन 15 वर्ष पढ़ने के लिए जा रहा था। तभी ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली से भरे वाहन की चपेट में आ गया। घायल अवस्था में बालक को गांव वालों ने मोहम्मदी अस्पताल पहुंचाया। गंभीर हालत देखते हुए शाहजहांपुर के लिए रेफर किया गया। रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। लगातार ओवरलोड वाहनों से घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं लेकिन ऐसे वाहनों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती। किन कारणों से पुलिस, प्रशासन या आरटीओ इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है इसका कारण तो जग जाहिर है। वहीं मिल मालिक अपनी हठधर्मिता के चलते मनमानी कर रहे हैं जिससे दाल में काला भी नजर आ रहा है। लगातार खबरें प्रकाशित करने पर भी अधिकारी कानों में तेल डाले बैठे रहते हैं। नतीजन न केवल वाहन बेरोक टोक चल रहे हैं बल्कि लोगों को मौत के मुंह में भी ढकेल रहे हैं।

## दहशत:फिर दिखा बाघ

**निघासन-खीरी।** लुधौरी के मजरा जोखीपुरवा निवासी रामू अपने गन्ने के खेत देखने गया था। खेत में किसी जानवर की आहट सुनायी पड़ी। कुछ दूर पर स्थित गन्ना कोल्हू पर रह रहे गांव के ही सोनू व सुधीर शौच के लिये उधर आये थे। रामू उन लोगों को बता ही रहा था कि बाघ उसके खेत से निकल बुद्धा के खेत में घुस गया। बाघ देखते ही तीनों भाग खड़े हुये और गांव वालों को जानकारी दी। इस पर ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और वन विभाग को सूचना दी। रेंजर राम मिलन, वनदरोगा शिव बाबू सरोज, भूपेंद्र कुमार एवं अशोक कुमार समेत वन विभाग की टीम ने खेतों की काम्बिंग की व पदचिन्ह देखे। इस बावत रेंजर राम मिलन ने बताया कि पद चिन्हों से बाघ की पुष्टि हुई है। ग्रामीणों को समूह में रहने की सलाह दी गयी है। गस्त के लिये वन विभाग की टीम लगायी गयी है।

## ठण्ड लगने से किसान की मौत

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र. के ग्राम सरौली में बीती रात ठण्ड लग जाने से एक लगभग 50 वर्षीय अधेड की हालत बिगड गयी जिसकी कुछ देर बाद घर में ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार सरौली गांव निवासी रामबाबू मंगलवार की शाम खेतो में घूम रहे अन्ना मवेशियो को भगाने गया था तभी उसे ठण्ड लग गयी। लौटकर आने पर वह अपने विस्तर में लेट गया और उसकी मौत हो गयी आज सुबह वह विस्तर से न उठा तो परिजनो ने रजाई उठाकर देखा तो रामबाबू मृत अवस्था में पडा हादसे के बाद घर में कोहराम मच गया।

# नकहा में अपर मुख्य सचिव ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

● सात ब्लाकों में आयोजित हुए किसान कल्याण मेले

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**नकहा,** बेहजम, रमियाबेहड़, बांकेगंज, पसगवां, ईसानगर व बिजुआ ब्लाक में किसान कल्याण मिशन के तहत किसान कल्याण मेले एवं प्रदर्शनी के आयोजन हुए।

नकहा में शुभारंभ अपर मुख्य सचिव कृषि डा. देवेश चतुर्वेदी, विधायक सदर योगेश वर्मा ने डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह की मौजूदगी में संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ देवेश चतुर्वेदी ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से कृषकों से संवाद कर उन्हें योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया जाए। किसानों के खातों में सीधे डीबीटी के माध्यम से धनराशि भेजी जा रही है। किसानों की फसलों का उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ आमदनी बढ़ाने के लिए आवश्यक है कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर संतुलित मात्रा में खाद का प्रयोग हो। प्रदेश में यूरिया की कोई कमी नहीं है। गन्ने साथ अन्य सहफसली खेती, उन्नत कृषि तकनीकों सोलर, स्प्रिंकलर व ड्रिप आदि नवीन कृषि तकनीकों का प्रयोग किसान करें। उन्होंने मौजूद किसानों को जैविक, प्राकृतिक एवं गौ आधारित खेती के लिए प्रोत्साहित किया।

विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि जागरूकता के अभाव में किसान योजनाओं से वंचित न रह जाएं इसके लिए जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो किसान त्रुटिवश किसान सम्मान निधि नहीं पा सके उनके लिए भी जल्द ही शिविरों का आयोजन होगा। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि किसान गन्ना, गेहूं, धान के अतिरिक्त अन्य फसलों के भी उत्पादन पर जोर दें ताकि जमीन की उर्वरा शक्ति बनी रहे। संयुक्त कृषि निदेशक लखनऊ मंडल वीके सिसोदिया ने कहा कि खेतों की मिट्टी का स्वास्थ्य सुधारने व फसल का उत्पादन पोषक युक्त करने के लिए किसानों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।

इस दौरान प्रदर्शनी और गोष्ठी का आयोजन किया गया। उप निदेशक लखनऊ मंडल भूमि संरक्षण एसपी सिंह ने इंटीग्रेटेड फार्मिंग के लाभ बताएं। एफपीओ के संचालक विकास सिंह तोमर ने कम लागत में अधिक उत्पादन आदि के टिप्स दिए। प्रगतिशील किसान यदुनंदन पुजारी ने केला, पपीता, स्ट्रॉबेरी व गेंदा की खेती की व्यवसायिक जानकारी दी। जैविक, प्राकृतिक एवं गो आधारित खेती के विषय में किसान मुरलीधर शर्मा ने जानकारी दी। प्रगतिशील किसान अनुराग अग्रवाल ने मशरूम खेती के टिप्स दिए। किसान विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक डा. पीके विसेन ने विभिन्न फसलों एवं उनकी प्रजातियों में लगने वाले रोग एवं उनकी रोकथाम के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन जिला कृषि अधिकारी सत्येंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस दौरान सीडीओ अरविंद सिंह, ब्लाक प्रमुख नकहा पवन गुप्ता, डीडी कृषि डा. योगेश प्रताप सिंह, पीडी रामकृपाल चौधरी, अधीक्षण अभियंता विद्युत अरविंद सिंघल, एक्सईएन सिंचाई राजीव कुमार, एक्सईएन नलकूप शैलेंद्र यादव, सहायक निदेशक रेशम रामानंद मल्ल, सहायक अभियंता लघु सिंचाई कल्पना वर्मा, डीएसओ विजय प्रताप सिंह, डीसीएनआरएलएम अजय प्रताप सिंह, जिला कृषि अधिकारी सत्येंद्र प्रताप सिंह व मंडल अध्यक्ष भाजपा संदीप मौर्य मौजूद रहे।

# एससी विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा की सौगात



**लखीमपुर-खीरी।** पैसों की किल्लत से उच्च शिक्षा हासिल करने से वंचित अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के लिए मोदी सरकार ने बुधवार को एक बड़ी सौगात दी। अगले पांच वर्षों में इस वर्ग के पांच करोड़ से अधिक छात्र-छात्राओं को लाभ पहुंचाने के लिये पीएमएसएससी की केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम को और बड़े रूपान्तरात्मक परिवर्तनों के साथ अनुमोदित कर दिया गया है। यह बात लखीमपुर पहुंचे सांसद बाराबंकी एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति उपेन्द्र रावत ने भाजपा कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया कि मंत्री मंडल ने 59048 करोड़ रुपये के कुल निवेश को अनुमोदन प्रदान किया है। जिसमें 60% का खर्च केंद्र व 40% का खर्च राज्य सरकार करेंगी। एसएसी छात्र-छात्राओं के लिये मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति स्कीम में भारत सरकार का सर्वाधिक एकल हस्तक्षेप है। आगामी पांच वर्षों के भीतर उच्च शिक्षा राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सके। इस स्कीम में भुगतान की प्रक्रिया व्यापक जवाबदेही पूर्ण निरंतर निगरानी और पूर्ण पारदर्शिता भरी रहे इसके लिये भी मंत्रीमण्डल ने नियम बनाये हैं। गरीब से गरीब परिवारों के बच्चों को उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों में नामित करने के लिये एक अभियान चलाया जायेगा। एक अनुमान के अनुसार करीब 1.63 करोड़ गरीब छात्र.छात्रायें हैं जो हाईस्कूल के बाद अपनी शिक्षा जारी नहीं रख पाते हैं। इन सभी को इसी प्रणाली के अन्तर्गत लाया जायेगा। राज्य पात्रता जातिगत स्थिति, आधार पहचान तथा बैंक खातों के ब्यौरे की ऑनलाइन पोर्टल पर जांच करायी जायेगी। केन्द्रीय सहायता जो वर्ष 2017-18 से 2019-20 के दौरान लगभग 11000 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष थी उसे 2020-21 से वर्ष 2025-26 के दौरान पांच गुणा से अधिक बढ़ा कर लगभग छह हजार करोड़ प्रतिवर्ष किया जायेगा। प्रेसवार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह सोनू, जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण, कोषाध्यक्ष रामजी मौर्या, मीडिया प्रभारी रमेश मिश्रा, रामजी दीक्षित, सौर्य सक्सेना, प्रथम रस्तोगी व विवेक दीक्षित आदि उपस्थित रहे। इसी दौरान 15 लोगों ने भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण की।

# डीपीए एसोसिएशन की बैठक आयोजित



**लखीमपुर-खीरी।** जिला चिकित्सालय के सभागार में डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन की एक बैठक अध्यक्ष डीपीए खीरी डा. अशोक कुमार कनौजिया की अध्यक्षता में हुई। इसमें सीएचसी, पीएचसी, जिला महिला चिकित्सालय तथा जिला चिकित्सालय के फार्मेसिस्टों ने सहभाग किया। नवनियुक्ति पर आए फार्मेसिस्टों का स्वागत किया गया। इस दौरान स्थानीय समस्याएं, वेतन तथा एरियर आदि विषयों पर चर्चा हुई। मंत्री डा. अनिल कुमार ने संगठन के कोष को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सदस्यता शुल्क तथा वार्षिक शुल्क शीघ्र जमा करने को कहा। पंचायत चुनाव से पूर्व जिला स्तरीय अधिवेशन कराये जाने पर भी सदस्यों ने विचार रखे। लंबित समस्याओं के निराकरण के लिए सीएमओ व सीएमएस को पत्र लिखने या मुलाकात करने का सुझाव दिया गया। बैठक में डा. सुशील शुक्ला, डा. शेषनाथ यादव, डा. सहदेव सचान, डा. संदीप वर्मा, डा. आशीष निरंकारी, डा. सीपी पांडे, डा. सर्वेश कुमार, डा. प्रसून श्रीवास्तव, डा. रामेंद्र मौर्या तथा डा. अमित कुमार सिंह ने सहभाग किया।

# अल्पसंख्यक अधिकारी ने किट का किया वितरण

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**अल्पसंख्यक** कार्य मंत्रालय द्वारा अनुमोदित नई रोशनी 6 दिवसीय महिला नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम में ऑक्सीजन एईस इंस्टीट्यूट में 2019-20 प्रस्तावित 125 महिलाओं के प्रशिक्षण के तहत द्वितीय बैच का आरंभ हुआ। इसका उद्घाटन जिला अल्पसंख्यक अधिकारी वीर पाल द्वारा किट वितरण करके किया गया। उन्होंने महिला नेतृत्व प्रशिक्षण से होने वाले लाभ के बारे में और अल्पसंख्यक महिलाओं को इससे उनके जीवन स्तर में क्या लाभ मिलेगा इस बारे में जानकारी दी। शहरी आजीविका मिशन डूडा से ऋचा तिवारी ने महिलाओं को स्वयं सहायता समूह बनाने उसकी उपयोगिता, किस तरह के लोन महिलाओं के लिए, उससे संबंधित ट्रेनिंग को उपलब्ध कराने, उनको कैसे रोजगार से जोड़ा जाए, बैंक किस तरह से उनकी सहायता करेगी इसके बारे में बताया। दो ट्रेनर सैयद वकार अहमद और अमित श्रीवास्तव ने महिलाओं को पहले दिन प्रशिक्षण दिया। संस्था प्रबंधक राहुल अवस्थी ने बताया कि इस ट्रेनिंग का मुख्य लक्ष्य अल्पसंख्यक महिलाओं को रोजगार से जोड़ना है। 6 दिन हम इसी क्षेत्र में प्रयास करेंगे। महिला स्वयं सहायता समूहों के बारे में विशेष चर्चा को गई। अंत में सभी महिलाओं तथा ट्रेनर को लंच वितरित किया गया।

## सात उत्पाद मानक में फेल

मैगलगंज-खीरी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश की फूड सेफ्टी बैन की टीम के द्वारा मिठाई एवं हैंडपंप के पानी का परीक्षण किया गया। पूरे मैगलगंज के लगभग 19 उत्पादों की जांच की गई। करीब 7 उत्पाद मानक में फेल निकले। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों में कुलदीप कुमार दीक्षित, विवेक वर्मा, अनूप सिंह व राकेश कुमार मौजूद रहे।

# एनसीआरएमयू चुनाव: निर्विरोध अध्यक्ष बने अभय सिंह



**फतेहपुर।** नार्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन की शाखा का प्री वार्षिक अधिवेशन एवं शाखा के पदाधिकारियों का चुनाव यूनियन के सहायक महामंत्री कामरेड मोहिबुल्लाह के पर्यवेक्षण में चुनाव अधिकारी केंद्रीय कोषाध्यक्ष कामरेड राम सिंह एवं ब्रांच के वर्तमान प्रभारी कामरेड नरेश कुमार सिंह मंडल अध्यक्ष प्रयागराज मंडल कामरेड एसपी यादव, सहायक मंडल मंत्री कामरेड विकास सिंह की देखरेख में शाखा का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें 11 पदाधिकारियों सहित 29 डेलीगेट निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिसमें अध्यक्ष पद पर अभय सिंह लोधी, कार्यकारी अध्यक्ष पद पर अनूप सिंह, शाखा मंत्री पद पर विक्रम सिंह व कोषाध्यक्ष पद पर रमेश सोनकर चुने गए। इससे पूर्व चौरी चौरा एक्सप्रेस ट्रेन से प्रयागराज से फतेहपुर स्टेशन पर आगमन पर केंद्रीय एवं मंडलीय पदाधिकारियों का फूल मालाओं से गाजे-बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया गया तत्पश्चात यूनियन कार्यालय में चुनाव प्रक्रिया के पश्चात आमसभा की गई। जिसमें नेताओं द्वारा कर्मचारियों को भविष्य में आने वाली चुनौतियों के प्रति सजग रहने एवं आपसी तालमेल पर जोर देने की बात कही गई। इस अवसर पर रजनीश कुमार, रामबाबू यादव, शैलेंद्र सिंह, गंगा प्रसाद, धर्मराज, नरेश सिंह, प्रेम कुमार, गौरव द्विवेदी, धर्मेंद्र, महेंद्र कुमार, संजय पटेल, अमर सिंह, अभिनव, उमेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

# साइबर क्राइम सेल ने लोगों को किया जागरूक

संवाददाता। फतेहपुर

**पुलिस अधीक्षक** के निर्देशन में चलाये जा रहे साइबर अपराधों के विरूद्ध लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य के अभियान के तहत साइबर क्राइम सेल जनपद की टीम द्वारा जनपद के थाना मलवां, कल्यानपुर क्षेत्र में जाकर भारतीय स्टेट बैंक शाखा चौडगरा, बडौदा उ0प्र0 ग्रामीण बैंक शाखा कल्यानपुर, डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक चौडगरा व बैंक आफ इंडिया शाखा चौडगरा कल्यानपुर तथा बैंक आफ बड़ौदा शाखा चक्की मलवा व इन शाखाओं के बाहर लगे एटीएम का भ्रमण किया गया। इस दौरान इन जगहों पर उपस्थित बैंक खाताधारकों व अन्य उपस्थित आमजन को साइबर अपराध के प्रकार बताते हुये उससे बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साइबर क्राइम सेल की टीम द्वारा लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि इन दिनों साइबर फ्राड के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं जिसमें बचाव के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी वेबसाइट से पुराने सामान/वाहन की खरीददारी करते समय विशेष सतर्कता बरतें व विक्रेता से व्यक्तिगत रूप से मिलें व सामान को स्वयं देखे बिना अग्रिम आनलाइन भुगतान न करें तथा अपने एटीएम, बैंक खाते, पैनकार्ड, आधार कार्ड आदि अन्य दस्तावेजों की जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति को फोन, मैसेज, ईमेल या अन्य किसी लिंक पर साझा न करें इससे आपके खाते से अवैध रूप से धन की निकासी की जा सकती है। बैंक की शाखाओं में उपस्थित बुजुर्ग महिलाओं व वृद्धजनों को उनके पेंशन आदि के नाम पर होने वाले अपराधों तथा बचाव हेतु जानकारी प्रदान की गयी। इसके अलावा अन्य बैंकिंग अपराध व सोशल मीडिया के दुरूपयोग से बचाव हेतु जानकारी प्रदान की गई। एटीएम गार्डों को आवश्यक हिदायत दी गयी एवं आसपास मौजूद लोगों को पम्पलेट वितरित कर एटीएम के सुरक्षित इस्तेमाल व एटीएम मशीन के प्रयोग करने के दौरान विशेष सावधानियाँ बरतने हेतु अवगत कराया गया।

## मार्ग दुर्घटनाओं में महिला समेत तीन घायल

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रो के अन्तर्गत हुये सडक हादसो में महिला समेत तीन लोग बुरी तरह घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा महिला की हालत गम्भीर देख कानपुर के लिये रिफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के मसवानी मोहल्ला निवासी हनी की 30 वर्षीय पत्नी रेनू आज दोपहर स्कूटी से रिस्तेदारी में जा रही थी जैसे ही वह नउवा बाइपास हाईवे पर पहुची तभी सामने से आ रही बाइक में भिडन्त हो गयी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गयी। इसी प्रकार कानपुर नगर के थाना सचेडी गांव नयापुरवा सोना गांव निवासी महिपाल का 22 वर्षीय पुत्र रोहित सिह मोटर साइकिल से फतेहपुर आ रहा था जैसे ही वह मलवा थाने के कुवरपुर के समीप पहुचा इसी बीच सामने से आ रही स्कूटी से भिडन्त हो गयी जिससे वह घायल हो गया जब कि असोथर थाना क्षेत्र के बाबा तारा गांव निवासी रामबहादुर का 24 वर्षीय पुत्र. अरविन्द साइकिल से सामान लेने जा रहा था तभी चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। मौके में पहुची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायलो के उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहा इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने रेनू की हालत चिन्ताजनक देखते हुये कानपुर मेडिकल कालेज के लिये रिफर कर दिया।

# क्विक न्यूज

## मण्डलायुक्त ने मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की देखी हकीकत

**संडीला (हरदोई)।** मण्डा आयुक्त लखनऊ मण्डल रंजन कुमार ने रोल प्रेक्षक के रुप में विधानसभा मतदाता पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया। आयुक्त लखनऊ मण्डल रंजन कुमार ने तिलोइयां कलां मतदान केन्द्र में स्थित बूथ संख्या 119, 120 तथा 121 का निरीक्षण किया और वहां मौजूद बीएलओ तथा अध्यापक से विस्तृत जानकारी ली। तीनों बूथों ईपी, जेन्डर रेशियों ठीक पाया गया। आयुक्त ने अध्यापकों को शिक्षा के स्तर के सम्बंध में विस्तार से वार्ता की तथा आन लाइन तथा आफलाइन कक्षाओं के सम्बंध में जानकारी ली। उन्होंने एक छात्रा के अभिभावक से फोन पर बात करके आन लाइन शिक्षण का फीडबैक लिया। इस अवसर पर तहसीलदार अम्बिका चौधरी, नायब तहसीलदार भीमचंद्र समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

## मां-पुत्र की ट्रेन से कटकर मौत

**फतेहपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के अस्ती गांव के किनारे रेलवे लाइन पार करते समय मंगलवार देर शाम ट्रेन की चपेट में आकर मां-बेटे की मौत हो गई। महिला की एक बेटी गंभीर रूप से घायल हुई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रवीन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि शहर के अस्ती गांव निवासी शरद कुमार पासवान की पत्नी सोनी 26 बेटे राज 5 वर्ष, बेटी दीपा 8 वर्ष को लेकर मायका पड़ोस के गांव परशुरामपुर जा रही थी। अस्ती रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर सोनी और राज की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन की टक्कर से दीपा उछलकर काफी दूर गिरी, उसे गंभीर चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि हादसा देखकर आसपास के लोग पहुंचे। ग्रामीणों ने रेलवे लाइन से शव हटाया। महिला के ससुर होरीलाल ने बताया बेटा शरद गुजरात के सूरत में फैक्ट्री कर्मी है। बहू बच्चों को लेकर मकर संक्रांति पर्व पर मायके जा रही थी तभी हादसा हुआ है। जेल चौकी प्रभारी सुरेश कुमार तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया गया है। परिजनों की तहरीर पर हादसे की सूचना दर्ज की गई है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो भाइयों की मौत

**फतेहपुर।** हुसेनगंज थाना क्षेत्र के सातमील के समीप मंगलवार की देर शाम बेकाबू टैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे दो सगे भाईयो की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर सहित भाग जाने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार थाने के राधानगर मजरे लकडी मथईयापुर गांव निवासी रामेश्वर का 35 वर्षीय पुत्र धर्मेन्द्र उर्फ मुन्ना अपने छोटे भाई विनोद कुमार विश्वकर्मा के साथ मोटर साइकिल द्वारा शहर से गांव जा रहे थे। देर शाम रात लगभग 7 बजे बाइक जब थाने के सातमील के समीप पहुची तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे दोनो भाई गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गया। जहा चिकित्सक ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस ने सदर अस्पताल मर्चरी पहुचकर दोनो शवो को अपने कब्जे मे लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतको के परिजनो में कोहराम मच गया।

## बाइक की टक्कर से साइकिल सवार की जान गई

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम रारा मोड के समीप मंगलवार की देर शाम साइकिल से घर जा रहे एक लगभग 25 वर्षीय युवक को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गया। जहा चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी छोटेलाल का पुत्र प्रमोद कुमार मंगलवार की शाम लगभग 7:30 बजे त्रिलोकीपुर से घर जा रहा था। जैसे ही वह रारा मोड के समीप पहुचा तभी बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गयां। जहा चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## सड़क हादसे में महिला की मौत

**फतेहपुर।** जहानाबाद थाना क्षेत्र के दुर्गापुर मोड के समीप मंगलवार की शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से एक लगभग 37 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार जहानाबाद कस्बे के अम्बेडकर नगर निवासी मानसिंह की पत्नी सपना यादव कल शाम दूध दुहाने जा रही थी जब वह दुर्गापुर मोड के समीप पहुच सडक पार करने लगी तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मारते हुये निकल गया जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेंदन गृह भेज दिया।

## ओम घाट में खिचड़ी भोज, कंबल वितरण आज

**फतेहपुर।** स्वास्थ्य एवं जनकल्याण संस्थान के तत्वाधान में गत वर्षों की भांति इस बार खिचड़ी भोज एवं कम्बल वितरण समारोह का आयोजन भिटौरा ब्लाक के ओम घाट में कल किये जाने का निर्णय लिया गया है।

# बरेली में खुलेगा पहला मल्टी स्पेशलिटी आयुर्वेद हॉस्पिटल



संवाददाता। बरेली

**आयुर्वेद चिकित्सा** पद्धति के प्रति लोगों के बढ़ते रुझान की देखते हुये बरेली के भोजीपुरा में काया बन्धु मल्टी स्पेशलिटी आयुर्वेद अस्पताल का आज शुभारम्भ शहर विधायक डॉक्टर अरुण कुमार करेंगे। पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुये संस्था के डायरेक्टर और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिनेश विश्वास ने बताया की कोरोना महामारी के बाद पूरे विश्व ने आयुर्वेद को अपनाया और लोग इलाज कराने दक्षिण भारत जाते थे। मरीजों की इस परेशानी को देखते हुये काया बन्धु परिवार ने पहला मल्टी स्पेशलिटी आयुर्वेदिक अस्पताल खोल रहा है। इसमें विशुद्ध आयुर्वेद से सर्वोत्तम चिकित्सा माहिर वैधों द्वारा दी जाएगी जैसे मधुमेह, मोटापा, थाइरोइड जोड़ दर्द, गुदा रोग, कमर दर्द इनफर्टिलिटी, आदि को इलाज किया जाएगा। दक्षिण भारत के प्रसिद्ध पंचकर्म विशेषज्ञ डॉक्टर अनिमेष मोहन ने बताया कि जो लोग अंग्रेजी दवा खा कर परेशान हो चुके है आयुर्वेद विधि द्वारा ठीक किया जाएगा। वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉक्टर धीरज शर्मा ने बताया कि आयुर्वेद की प्रसिद्ध क्षार सूत्र विधि द्वारा गुदा रोग का इलाज किया जाएगा और आयुर्वेद में बेहतर योगदान देने वालो को आयुर्वेद ज्योति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

## आईजी राजेश कुमार पांडेय ने किया खिचड़ी सहभोज का उद्घघाटन

**उत्तर प्रदेश** व्यापार संगठन बरेली की तरफसे खिचड़ी सहभोज का कार्यक्रम कोतवाली के सामने किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईजी जोन राजेश कुमार पाण्डेय ने उद्घघाटन किया। साथ मे विशिष्ट अतिथि एसएसपी रोहित सिंह सजवाण और सीओ प्रथम दिलीप कुमार साथ मे रहे। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 13 जनवरी को दिन बुधवार को खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कोतवाली की बाहरी परिसर में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया जिसमे जितेन्द्र रस्तोगी प्रदेश संगठन मंत्री, विजय अग्रवाल प्रदेश मंत्री, पवन सक्सेना संरक्षक, अनिल अग्रवाल जिलाध्यक्ष, एडवोकेट अजय अग्रवाल, आदेश प्रताप सिंह जिला महामंत्री, प्रदीप अग्रवाल महानगर महामंत्री, अजय जेटली, प्रदीप अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, हरप्रीत सिंह, , के के चंदानी, राजकुमार गुप्ता राजेश गुप्ता अजय प्रताप सिंह, आदि का सहयोग रहा।

# मोदी सरकार किसानों को जैविक खेती के लिए दे रही प्रोत्साहन: अवनीश पटेल



**संडीला (हरदोई)।** विधान परिषद सदस्य अवनीश कुमार पटेल ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने रासायनिक अर्वकों के प्रयोग के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जिससे भूमि की उर्वरता क्रमशः क्षीण हुई जबकि वर्तमान सरकार किसानों को जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित कर रही है ताकि उपज के साथ भूमि का स्वास्थ्य भी उत्तम रहे। श्री पटेल ब्लाक संडीला में किसान कल्याण मिशन के अर्न्तगत् किसान मेला गोष्ठी एवं प्रदर्शनी के आयोजन के अवसर किसानों को सम्बोधित कर रहे थे। इस मेले में पधारे अपर कृषि निदेशक एस के अग्निहोत्री ने कहा कि सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है। इसीलिए इस किसान मेले आयोजन किया गया ताकि किसानों को नवीन तकनीकि की जानकारी दी जा सके। उपनिदेशक कृषि आशुतोष मिश्रा ने कहा कि हमें जैविक खेती की ओर अग्रसर होना चाहिए और रसायनिक खादों से जहां तक हो सके बचना चाहिए।बीडीओ सुधीर कुमार ने किसानों को ब्लाक स्तर पर चल रही कृषि योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने सौ दिवस पूर्ण कर चुके चयनित पच्चीस श्रमिकों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान किये। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा आलोक कुमार अस्थाना ने मनरेगा योजना तथा व्यक्तिगत् लाभार्थी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सौ मानव दिवस पूर्ण कर चुके श्रमिकों और व्यक्तिगत लाभार्थी के चौबीस श्रमिकों को शील्ड प्रदान किये। मिशन मैनेजर निजामुद्दीन रिजवी ने स्वयं सहायता समूहों के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कुंवर सत्येन्द्र सिंह, जिला कृषि अधिकारी उमेश साहू, अब्दुल वली, जगदम्बा प्रसाद, एडीओ कृषि प्रेम सिंह, पी पी प्रमोद कुमार समेत स्वयं सहायता समूह की महिलायें उपस्थित रहीं।

# रोडवेज बस स्टैंड को मिली अतिक्रमण से आजादी



**संवाददाता। फर्रुखाबाद**

**दशको** को बाद आखिर शहर कोतवाली क्षेत्र के लाल दरवाजा स्थित रोडबेज बस अड्डे को अतिक्रमण से आजादी मिल गई।

बुधवार को दोपहर नगर मजिस्ट्रेट अशोक कुमार मौर्य व नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रविंद्र कुमार के नेतृत्व में शहर कोतवाली पुलिस रोडवेज बस अड्डा पहुंची जहां सिटी मजिस्ट्रेट ने अतिक्रमण हटाने का फरमान जारी किया। नगर पालिका की तीन जेसीबी और रोडबेज बस अड्डे के सामने बनी दुकानों पर कहर बनकर गरजी। दुकानों से सामान बाहर कराने के लिए नगर पालिका कर्मियों को लगाया गया। कुछ ही देर में दुकानों से सामान बाहर कर जेसीबी ने दुकानें तोड़ना शुरू किया। भारी पुलिस बल के आगे दुकानदारों का विरोध ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुआ और देखते ही देखते दशकों पुराना अतिक्रमण तोड़ दिया गया।

## करीब 70 वर्ष पुराना था अतिक्रमण

**रोडबेज** बस अड्डे के सामनें का अतिक्रमण लगभग 70 वर्षों पुराना है। पहले यह जगह विकास खंड बढपुर में आती थी। लेकिन बाद में वर्ष 1970 में विकास खंड से यह भूमि नगर पालिका परिषद में चली गयी। लगभग 70 वर्षों से गुलजार अतिक्रमण पालिका नें जमीदोज कर दिया।

## अतिक्रमण तो हटा लेकिन कई का घर और रोजगार भी टूटा

**पालिका** की अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही रोडबेज बस अड्डे पर कहर बनकर टूटी। हालांकि रोडबेज बसअड्डा साफ-साफदिखने ज़रूर लगा लेकिन कई परिवार और दुकानदार सड़क पर आ गये। अपना चलता हुआ रोजगार टूटता देखकर वह अपने आँखों से आंसू नही रोंक सके। दुकानदारों नें बताया कि मामला कोर्ट में था इसके बाद भी प्रशासन नें उसे तोड़ दिया।

## बद्री विशाल के सामने की दुकानों पर भी हो सकती कार्यवाही

**बद्री विशाल** डिग्रीकालेज के सामने बनी दुकानों पर भी पालिका की कार्यवाही होनें की चल रही है। लेकिन अभी अधिकारिक घोषणा नही की गयी। पालिका से जुड़े सूत्र बता रहें है कि दुकानों को तोड़ने की तैयारी अंदर खाने में चल रही। जल्द उन्हें भी हटाया जा सकता है ।

# आग दुकान व मकान में रखे सामान सहित लाखों का हुआ नुकसान



**संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद**

**नगर** कायमगंज की सीमा से सटे गांव गढी इज्जत खां निवासी डिंपल वर्मा के मकान तथा इसी के भाग में बाहर बनी दुकान रात अचानक धूँ.धूँ कर जलने लगी । उठती आग की लपटें और धुंए को देख कर पड़ोसी हैरान रह गए। बताया गया कि जिस समय अग्नि कांड की घटना घटित हुई । उस समय गृह स्वामी डिंपल अपने परिवार सहित अपनी ससुराल जनपद एटा गए हुए थे । तथा दुकानदार शाम को दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। इसी रात विद्युत शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लग गई । आग धीरे.धीरे प्रचंड रूप लेती गई। दुकान में रखे ?20000 नकद तथा काफी धनराशि का परचून का सामान जल कर राख हो गया। यहां से आग की लपटें मकान के अंदर प्रवेश कर गई। जिससे दुकान व मकान के गेट जलकर बिखर गए। तथा आवास में रखा सामान भी जलकर राख की ढेरी में बदल गया। एक अनुमान के अनुसार लगभग 12 लाख से ज्यादा का नुकसान होना बताया जा रहा है। इस अग्निकांड की जानकारी होते ही एकत्र हुए पड़ोसियों ने पानी उड़ेल कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया । साथ ही फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी । मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने भी प्रयास कर आग पर नियंत्रण पाया। किंतु तब तक मेहनत की कमाई खाक हो चुकी थी ।यहां तक कि आग के प्रकोप से मकान की दीवारें तक चटक गई हैं।

# कुक्कुट इकाइयों पर रखी जाये विशेष सर्तकता: जिलाधिकारी



**संवाददाता। कानपुर देहात**

**जिलाधिकारी** डॉ दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में जनपद में एवियन इन्फ्लुएन्जा (बर्ड फ्लू) से बचाव हेतु कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक की गयी। बैठक में कहा कि एवियन इन्फ्लुएन्जा (बर्ड फ्लू) की पुष्टि होती है तो टास्क फोर्स की तत्काल बैठक कि जाये तथा समस्त विभागों को उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यो से अवगत कराया जायेगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि संक्रमण से 01 किलोमीटर क्षेत्र को संक्रमित जोन के रुप में चिन्हित किया जायेगा। संक्रमित जोन में कन्ट्रोल रुम बनाया जायेगा जो कि 24 घंटे कार्य करेगा। संक्रमित क्षेत्र से जीवित पक्षियों का आवागमन पूर्णत: प्रतिबन्ध कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि तहसील स्तरीय आर0 आर0 टी0 टीम गठित है यह टीम संक्रमित क्षेत्र के पक्षियों की कलिंग, मृत पक्षियों का निस्तारण एवं उसके पश्चात संक्रमित फार्म पर डिसइन्फेक्शन का कार्य करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थय विभाग आर0 आर0 टी0 सदस्यों का परीक्षण करेगें तथा उन्हे कार्य पर जाने से पहले टैमीफ्लू (एण्टीवायरल) एक गोली प्रतिदिन 10 दिनों तक उपलब्ध करायेगें। जिला प्रशासन द्वारा कुक्कुट, मॉस, अण्डा बेचने वाली सभी दुकाने संक्रमण के केन्द्र बिन्दु से 10 किलोमीटर तक की परिधि में बन्द करा दी जायेगी। यह बन्दी कलिंग कार्य, सेनेटाइजेशन तक लागू रहेगी। कलिंग कार्य बाहर से प्रारम्भ करके केन्द्र तक किया जायेगा। कलिंग सरवाइकल डिसलोकशन विधि से किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि पक्षियों की कलिंग, डिसइन्फेक्शन का कार्य की दैनिक रिपोर्ट भारत सरकार को भेजी जायेगी। यह कार्य पूर्ण करने पर परिसर सील कर दिया जायेगा तथा राज्य सरकार सेनेटाइजेशन सर्टिफिक्रेट जारी करेगी। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर रैपिड रिस्पान्स टीम (उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी, पशुचिकित्साधिकारियों, पशुधन प्रसार अधिकारियों) गठित कर दी गई है। विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, कुक्कुट पालकों से लगातार संपर्क में रहे ताकि किसी भी असामयिक बीमारी, मृत्यु की दशा में तत्काल सूचना मिल सके। कुक्कुट ईकाईयों पर विशेष सर्तकता रखी जाये। उन्होंने कहा कि वन विभाग के अधिकारी पशुपालन विभाग के अधिकारियों के संपर्क में रहे जिससे किसी भी प्रकार के वन पक्षियों की आकस्मिक, असाधारण मृत्यु में तत्काल कार्यवाही की जा सकें। एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) की किसी भी स्थिति से निपटने हेतु समस्त उपकरणों, सामग्री डिसइन्फेक्टेन्ट, मास्क, सेनेटाइजर इत्यादि की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) की आशंका की स्थिति में जनपद में कही भी पक्षियों की आकस्मिक, आसमायिक मृत्यु पर आर0आर0टी0 टीम द्वरा भ्रमण किया जाये। भ्रमण के समय पी0पी0ई0 किट का प्रयोग किया जायेगा। संक्रमण के स्थान पर पक्षियों एवं मनुष्यों का परिगमन प्रतिबन्धित कर दिया जायेगा। यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि पोस्टमार्टम हेतु पक्षी का शव विच्छेदन न किया जाये। संक्रमण के स्थान की पूर्ण सूचना जैसे मालिक का नाम, मोबाइल नम्बर, ग्राम, फर्म का प्रकार, पक्षियों की संख्या, तिथिवार मृत्यु विवरण, उपकरण, मनुष्यों के आवागमन आदि अंकित किये जायेगें ।जिलाधिकारी ने कहा कि संक्रमित कार्यस्थल से कोई भी वाहन बाहर नही जायेगा तथा बाहर से कोई भी वाहन संक्रमित क्षेत्र में प्रवेश नही करेगा। संक्रमित कार्यस्थल से पक्षी, अंण्डा, मृत पक्षियों, बीट, बिछावन, उपकरण आदि काई भी सामग्री बाहर नही जायेगी। फार्म पर कार्य करने वाले सभी कार्मिक पी0पी0ई0 किट पहनेंगे तथा फार्म पर ही छोड़कर जायेगें जिसको नष्ट कर दिया जायेगा अलर्ट जोन में लगातार सर्विलेन्स रखा जायेगा। बैठक में मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा0 डीएन लावनिया ने बताया कि पोल्ट्री एवं प्रवासी पक्षियों का गहनता पूर्वक सर्विलांस किया जा रहा है। जनपद में छोटे- बड़े कुल 118 पोल्ट्री फार्म है। जिनमें कुल लेयर एवं ब्रायलर पक्षियों की संख्या कुल दो लाख 38 हजार पक्षी है। एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) वायरस जनित रोग है।

# वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने नए वकीलों का बैज बांधकर किया स्वागत

**संवाददाता। कानपुर देहात**

**एक** अच्छा वकील होनाए एक महान वकील होने से कहीं ज्यादा कठिन हैएयह बात बार कौंसिल में अधिवक्ता रोल में पंजीयन के बाद वकालत के ब्यवसाय में प्रवेश कर रही अधिवक्ता अंकिता सिंह तोमरएरीता यादवएकृष्णा एवम साजेब सोलंकी के बैंड बांध कर उनके वकालत के पेशे गुरु शिष्य परम्परा को बढ़ा उनके स्वागत के अवसर पर सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने कही ।उन्होंने कहाकि वकालत पेशे के शुरुआती दौर में नए अधिवक्ता को अनुभव और ज्ञान हासिल करने पर जोर देना चाहिए और कुछ वर्षों तक सफलता के लिए इंतजार करना चाहिए और इस दौरान उसे लगातार मेहनत करते रहना चाहिए और वकालत को एक धंधे के तौर पर नहीं बल्कि इसे एक महान पेशे के तौर पर देखना चाहिए ।कहाकि कई बार नए अधिवक्ता सफलता के लिए शॉर्टकट लेते हैं जोकि उचित



नहीं है ।कहाकि अपने पेशेवर जीवन का कुछ समय समाज मे विधिक ज्ञान के प्रचार प्रसार व सामाजिक हित के मामलों में निशुल्क सेवा में भी देना चाहिएएइससे न केवल गरीब एवं निम्न आय वर्ग को न्याय तक पहुँच प्राप्त करने में मदद मिलेगी बल्कि अधिवक्ता को स्वयं संतुष्टि भी हासिल होगी। जितेन्द्र चौहान ने कहाकिए वर्षों तक किसी वरिष्ठ अधिवक्ता के सानिध्य में रह कर वकालत शुरू करनी चाहिए और उन्हें अपने मुवक्किलएचेम्बर और न्यायालय के प्रति हमेशा ईमानदार रहना चाहिए ।कहाकि एक वकील के लिए अपने मुवक्किलों के प्रति सहानुभूति रखनी आवश्यक होती हैए इसके जरिये उसे किसी भी मामले की तह तक जाने और क्लाइंट की चिंताओं को समझने में मदद मिलती है ।कहाकि एक वकील यदि अपने मुवक्किल के प्रतिए अदालत के प्रतिए अपनी तैयारी एवं मेहनत के प्रतिए और अपने ब्रीफको लेकर ईमानदार है तो उसे किसी अन्य चीज़ की जरुरत नहीं होती है। यहाँ तक की उसे किसी चीज़ का डर भी नहीं होता है श्री पोरवाल ने कहाकि हमेशा तथ्यों पर पकड़ बनाये रखनी चाहिए और ड्राफ्टिंग में निपुण होना चाहिए। इस पेशे में अच्छा कार्य करते रहना चाहिएए हिम्मत बनाये रखनी चाहिए और धैर्यपूर्वक अपना कार्य करते रहने से अच्छे परिणाम अवश्य आते हैं ।महिला अधिवक्ताओं की इस पेशे में आवश्यकता बताते हुए कहाकि अक्सर महिलाएं अपनी पीड़ाए अपनी शिकायत पुरुष अधिवक्ता से बताने में हिचकती हैंएवही महिला अधिवक्ता से पीड़िता अपनी बातें खुल कर शेयर करती हैंए ऐसे में महिला अधिवक्ताओं की समाज मे पेशेगत भूमिका अहम हो जाती है ।इस अवसर पर जितेन्द्र चौहान व राजू पोरवाल ने अंकिता सिंह तोमरएसाजेब सोलंकीएरीता यादवएएवम कृष्णा को बैंड बांध कर व मिष्ठान खिला कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दे उन्हें बधाई दी ।घनश्याम सिंह राठौरएसान्या तिवारी रहे।

वरिष्ठ अधिवक्ताओं का ही नहीं बल्कि न्यायाधीशों को भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वह अदालत में मैंने हमेशा ही युवा वकीलों को प्रोत्साहित करें क्योंकि ये युवा ही हमारे पेशे का भविष्य हैं ।जिला शासकीय अधिवक्ता राजू पोरवाल ने कहाकि वकालत के पेशे में प्रवेश कर रहे नए अधिवक्ताओं प्रारम्भिक स्तर पर कुछ

## अमीन संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

**घाटमपुर।** राजस्व संग्रह अमीन संध के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को आज तहसील भवन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के जिला अध्यक्ष पी0के मिश्रा व महामंत्री अजय सिंह चन्देल ने शपथ दिलायी, इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने अपने संवोधन में कहा कि राजस्व संग्रह अमीन संघ के तहसील अध्यक्ष के रुप में प्रवीण त्रिवेदी व उनकी कार्य कारणी के अन्य पदाधिकारियों ने मिलकर संगठन को जो मजबूती दी है उसी का नतीजा है कि यहाँ सभी पदाधिकारियों को दुबारा दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने राजस्व संग्रह अमीन संध के सभी पदाधिकारी व सदस्यों से मिलकर संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। इसके अलावा जिला महामंत्री अजय सिंह चंन्देल के अलावा अन्य पदाधिकारियों ने संवोधित किया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव व तहसीलदार बिनीत कुमार ने भी शिरकत कर पदाधिकारियों को बधाई दी।

# किसान कल्याण मिशन के तहत किसान गोष्ठी व मेले का आयोजन

**संवाददाता। कानपुर देहात**

**किसान** कल्याण मिशन योजना के द्वितीय चरण में मैथा, झींझक, संदलपुर एवं अमरौधा में ब्लाक स्तरीय कृषक मेला/गोष्ठी का आयोजन किया गया। संदलपुर में आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में मा0 राज्यमंत्री उ0प्र0 अजीत सिंह पाल एवं मा0 विधान परिषद सदस्य अरूण पाठक ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन वब्बन रॉय खण्ड विकास अधिकारी संदलपुर द्वारा किया गया। कृषि विभाग से सुमित पटेल जिला कृषि अधिकारी का0दे0 कार्यक्रम में उपस्थित रहे। गोष्ठी में कुल 24 प्रर्दषनी/स्टाल लगाये गये जिसमें 610 कृषको ने प्रतिभाग किया। कृषको को कृषि, उद्यान, पषुपालन, मण्डी समिति, ग्राम्य विकास/पंचायतीराज, लधु सिंचाई विभाग, महिला कल्याण मिषन शक्ति एवं अन्य विभागों में चल रहीं लाभकारी योजनाओं के बारे में



विस्तृत जानकारी दी गयी। मौके पर कृषि विभाग द्वारा 7 कृषको को कृषि यंत्रों से लाभान्वित किया गया एवं 100 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया। महिला कल्याण मिशन योजनान्तर्गत कन्या सुमंगला के लिए 148 बालिकाओं का पंजीकरण किया गया। मैथा विकास खण्ड में आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में मा0 विधायिका अकबरपुर रनियां प्रतिभा शुक्ला एवं मा0 पूर्व सांसद अनिल शुक्ल वारसी ने भाग किया। कार्यक्रम का संचालन सच्चिदानंद प्रसाद खण्ड विकास अधिकारी मैथा द्वारा किया गया। कृषि विभाग से जिला कृषि रक्षा अधिकारी विकास सेठ कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मा0 विधायिका ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी देने के लिए जिले के अधिकारियों की सराहना की तथा किसानों को एफ0पी0ओ0 बनाकर अपनी आय को दोगुनी करने के लिए प्रेरित किया। मैथा गोष्ठी में कुल 10 प्रर्दषनी/स्टाल लगाये गये जिसमें 605 कृषको ने प्रतिभाग किया। गोष्ठी में कृषि विभाग द्वारा 2 कृषको को कृषि यंत्रों से लाभान्वित किया गया एवं 217 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया। झींझक विकास खण्ड में गोष्ठी का आयोजन मुख्य अतिथि मा0 विधायिका रसूलाबाद निर्मला संखवार की अध्यक्षता में किया गया। उद्यान विभाग की ओर से सुभाष चन्द्र जिला उद्यान अधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री विनीत त्रिपाठी श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा किया गया तथा सेवानिवृत प्रोफेसर डा0 एम0एम0 अग्रवाल एवं डा0 आर0एस0 कमलवंषी ने कृषको को मृदा स्वास्थ्य एवं कृषि रक्षा से सम्बन्धित विस्तृत तकनीकी जानकारी दी। ऋषीकेष अवस्थी प्राविधक सहायक ग्रुप बी द्वारा कृषको को कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी कृषको को दी गयी।

# गांधी पर्यावरण योद्धा शान्या ने पक्षियों को मारने का किया विरोध, कहा-दायर करूँगी पक्षी हित याचिक




**संवाददाता। रुरा कानपुर देहात**

**बर्डफ्लू** के नाम पर पक्षियों के मारे जाने का पर्यावरण प्रेमियों ने यह कहते हुए विरोध करना प्रारंभ कर दिया है कि हर पक्षी बर्डफ्लू संक्रमित हो यह आवश्यक नहीं है ठंड और भूख प्यास से भी तो पक्षी मरते रहे हैं अगर कोई व्यक्ति बिना परीक्षण के बर्डफ्लू के नाम पर किसी भी पक्षी की हत्या करता है या विधि स्थापित विधिक प्रक्रिया का दुरूपयोग करता है तो पक्षियों के हित में पी एल आई अर्थात जनहित याचिका की ही तरह पक्षी हित याचिका दायर करके माननीय न्यायालय से बेजुबान पक्षियों को न्याय दिलाने का कार्य करूँगी उक्त बात नेपाल देश के राज्यपालध्प्रदेश प्रमुख रत्नेश्वर कायस्थ जी से गांधी पर्यावरण योद्धा सम्मान प्राप्त शान्या ने अकबरपुर रोड रुरा में मण्डी समिति के पास पक्षी पंचायत की मार्मिक प्रदर्शनी लगाते हुए कही आगे उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जैसे मनुष्य को क्वारंटीन किया गया था वैसे ही पक्षियों से दूरी बनाकर रहें

पक्षी आपकी वसीयत कराने नहीं आते हैं अपना हक माँगने आते हैं सारी जमीन मानव ने लिखाली थ्रेसर लगाकर एक एक दाना घर में भर लिया बाकी जीव कहाँ जाएँ! कोई पक्षी मानव को छूना पसंद नहीं करता तो मानव को खतरे की सम्भावना ही नहीं है बर्डफ्लू का वायरस एच 5 एन 1 दस दिन से अधिक जीवित नहीं रहता पक्षियों के लार और आखों के बहने वाले पानी को छूने की जरुरत ही नहीं है।

## दो युवतियों ने खाया जहर

**कायमगंज फर्रुखाबाद ।** क्या जीवन इतना सस्ता है कि छोटी.छोटी बात पर ही आत्महत्या जैसा घातक कदम उठा लिया जाए । वास्तव में ऐसा नहीं एयदि है तो बिगड़ते संस्कार तथा आपसी सामंजस की कमी ए जिसके कारण बात.बात पर आज का युवा उत्तेजित होकर गुस्से में घातक कदम उठा लेता है । यह एक प्रकार से समाज की बिगड़ती स्थिति का नमूना भी कहा जा सकता है। खैर जो भी हो जीवन जीने के लिए होता है। धैर्य रखना तथा गुस्से में कोई निर्णय न लेना ही जिंदगी का एक अनमोल संस्कार भी है । किंतु इन सब की कमी आज समाज में स्पष्ट दिखाई दे रही है। जिसका एक ताजा उदाहरण उस समय सामने आया जब कायमगंज नगर के मोहल्ला पृथ्वी दरवाजा निवासी श्यामाचरण की 18 वर्ष की बेटी सीमा ने वही रेलवे रोड कायमगंज निवासी सर्वेंद्र कुमार की 22 वर्षीय बेटी शिखा ने किन्हीं अज्ञात कारणों से उत्पन्न घरेलू कलह से खिन्न होकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया । हालत गंभीर होती देख दोनों के परिजन अलग.अलग समय में जहर पीड़ितों को उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए।

# 20.85 करोड़ से सुधरेगी शहरी क्षेत्र की बिजली व्यवस्था

**संवाददाता। फर्रुखाबाद**

**जिले** के लोगों को जल्द ही बिजली की समस्या से काफी हद तक राहत मिल जाएगी। इसके लिये तैयारी तेज कर दी गई है। जनपद में एक नए विद्युत उप केंद्र का निर्माण किया जाएगा और तीस स्थानों पर नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। फाल्ट तथा ट्रिपिंग की समस्या को रोकने के लिये दस किलोमीटर लंबी जर्जर लाइन बदली जाएगी और आठ किलोमीटर भूमिगत केबल भी डलवाई जाएगी। इसके लिये शासन ने 20.85 करोड़ की योजना को हरी झंडी देने के साथ ही बजट उपलब्ध करा दिया है।

योजना में शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं का विशेष ध्यान रखा गया है। इस क्षेत्र में अब बेहतर विद्युत व्यवस्था मिलेगी। इसको लेकर एक उपकेंद्र का निर्माण होगा तो दो उपकेंद्रों की क्षमता बढ़ाई जाएगी।

सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने अधिशासी अभियंता शहरी राजेंद्र बहादुर यादव के साथ बुधवार को पत्रकारों से वार्ता में बताया कि शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए 20०85 करोड़ का प्रस्ताव तैयार किया गया थाए जिसे शासन से स्वीकृति मिल गई है। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने बजट भी स्वीकृत कर दिया है। इसमें 250 केवीए के 12 व 100 केवीए के 18 ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। पांचालघाट व कुटरा उपकेंद्र की क्षमता पांच एमवीए के स्थान पर 10 एमवीए कर दी जाएगी।

## नया बिजलीघर बनाने की तैयारी शुरू

**एक** नया बिजलीघर भी बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। आठ किलोमीटर भूमिगत केबल भी डाली जाएगी। दो हजार नए विद्युत पोल भी खरीदकर स्टोर में रखे जाएंगे। 13 ट्रांसफार्मरों की फैंसिग का कार्य कराया जाएगा। विधायक ने बताया कि शहर क्षेत्र में फाल्ट की समस्या को देखते हुए 11 हजार केवीए की 10 किलोमीटर लंबी लाइनों के जर्जर तार भी बदलवाने का काम कराया जाएगा। इस दौरान उपखंड अधिकारी जितेंद्र सिंहए अवर अभियंता राकेश प्रजापति आदि मौजूद रहे।

सदर विधायक के सामने शहर क्षेत्र में लाइनलॉस का मामला उठाया गया। इस पर उन्होंने विद्युत अधिकारियों को लाइनलॉस कम करने के निर्देश दिए। बिना कनेक्शन के ही नलकूप कालोनी में विद्युत आपूर्ति की जानकारी पर विधायक ने नाराजगी जताई और नियमानुसार कनेक्शन जारी करने को कहा। अधिशासी अभियंता राजेंद्र बहादुर यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। शीघ्र ही कार्रवाई कराई जाएगी।

## दोपहर तक कोहरा, शाम को गलन भरी सर्दी

**घाटमपुर।** उत्तर की बर्फीली हवा ने मंगलवार की तरह आज बुद्यवार को भी अपना असर दिया और पारा 4 डिग्री पर पंहुच जाने से सूर्य भगवान भी दोपहर बाद चमके तब कहीं जाकर सर्दी से कुछ राहत मिली। उधर मौसम बिभाग ने अगले दो-तीन दिनों तक येसा ही मौसम रहने की संम्भावना ब्यक्त की है। उधर कल की तरह आज भी भोर पहर से ही घना कोहरा पड़ने से सड़कों पर इक्का-दुक्का वाहन रेंगते रहे। दो-तीन दिनों से पड़ रहे कोहरे व सर्दी से किसानों के चेहरे पर मायूसी छाने लगी है उनका कहना है कि कोहरे से लाही, चना मटर और आलू-टमाटर की फसल को भारी नुकसान होगा।

**कोहरे से डंफर और मैजिक भिड़े चालक सहित 3 घायल:** घाटमपुर-घने कोहरे के कारण कानुपर से शिक्षकों को लेकर जा रही एक मैजिक हमीरपुर रोड पर स्थित गांव स्योदी ललईपुर के पास डंफर से भिड़ गयी जिससे चालक सहित 3 लोग घायल हो गये जिन्हे इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# मकर संक्राति में जैविक अन्न प्रयोग करने का लिया संकल्प

● जैविक अन्न के प्रति इतनी रुचि पहली मर्तवा देखने को मिली



मेले में जैविक उत्पाद बिक्री करते किसान

**सरीला ( हमीरपुर )।** सरीला व मौदहा ब्लाक परिसर में आज कृषि विभाग द्वारा किसान कल्याण मेला एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया,जिमसे जैविक उत्पादों का अलग जलवा देखने को मिला, ज्यादातर किसानों ने अन्य लोगों ने मकर संक्राति में जैविक अन्न उत्पादन खाने की निश्चय किया, जैविक अन्न के प्रति लोगों का इतना रुचि पहली मर्तवा देखने को मिली। सरीला व मौदहा में कृषि विभाग द्वारा किसान कल्याण मिशन के अन्तर्गत आयोजित किसान मेला व कृषि गोष्ठी का आयोजन किया गया 36 विभागो द्वारा स्टाल लगाकर किसानों को जानकारी दी गयी, मौदहा, गोहांड सरीला आर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी प्रमुख रुप प्रतिभाग करते हुये किसानों को एफ्पीओ से जुडने के लिये प्रेरित किया, एफ्पंप आर्गेनिक सर्टिफिकेशन एंजेंसी द्वारा भी मेले में स्टाल लगाकर किसानो को जैविक खेती करने की तकनीकि जानकारी दी गयी। स्टाल में तिल चना अरहर, दाल मूग उरद, दलिया एवं मटर ब्राडिंग कर विक्री की जा रही है, एफ्पीओ के निदेशकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मेला का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायिका मनीषा अनुरागी द्वारा फीता काटकर किया गया।किसान मेला में आधुनिक तकनीक से संबंधित प्रदर्शनी लगायी गयी। एसडीएम सरीला जुबेर बेग, उप कृषि निदेशक जे एम श्रीवास्तव, भूमि संरक्षण अधिकारी अशोक कुमार, वैज्ञानिक डॉ वरुण कुमार सिंह, डॉ एसएन कुशवाहा,डॉ शालिनी, डॉ चंचल, विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी, मंडल अध्यक्ष अरुण राजपूत,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि दृगपाल राजपूत, विधायक प्रतिनिधि सरीला अरविन्द राजपूत सहित क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

# जेई की हैवानियत के शिकार बच्चों से साक्ष्य जुटाएगा एम्स के डॉक्टरों का पैनल

**बांदा।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सकों की टीम करीब दस से बारह वर्ष पहले गंदे अंकल की हैवानियत का शिकार बच्चों की जांच करेगी। इस जांच के सहारे सीबीआई हैवान जेई के खिलाफ मजबूत साक्ष्य जुटाएगी। बच्चों की जांच करने के लिए डाक्टरों का पैनल तैयार हो गया है। दिल्ली से डॉक्टरों की टीम जल्द ही पहुंचेगी। कयास है कि दो से तीन दिनों के अंदर जांच की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बांदा और चित्रकूट के वह पीड़ित बच्चे भी शामिल हैं जो अब जवानी की दहलीज पर कदम रख चुके हैं।

पचास से ज्यादा बच्चों को अपनी हैवानियत का शिकार बनाने वाले आरोपित निलंबित जेई रामभवन पर सीबीआइ की शिकंजा तेजी से कसता जा रहा है। एम्स के विशेषज्ञ चिकित्सकों का पैनल बनाया गया है पीड़ितों की जांच करेगा। सीबीआइ ने अभी तक ऐसे 39 बच्चों की पहचान कर ली है जो करीब दस से बारह साल पहले के वीडियो फुटेज में नजर आ रहे हैं। इनमें कुछ बालिग भी हो चुके हैं। हालांकि पीड़ितों की संख्या करीब अस्सी के आसपास पहुंचने की संभावना है।

सीबीआइ के हाथ करीब सात सौ ऐसे वीडियो फुटेज हाथ लगे हैं जिसमें आरोपित घिनौनी हरकत करते साफ दिख रहा है। उसके शिकंजे में फंसे कुछ बच्चे चीखते तो कुछ छटपटाते नजर आ रहे हैं। महज दो कमरों के मकान में रहने वाले आरोपित की पत्नी भी चीख सुन पहुंची लेकिन मदद के बजाए उल्टे पैर लौट गई। कड़ी मशक्कत के बाद सीबीआइ ने जिनकी पहचान की उनमें कई ने बताया कि मोबाइल गेम व अन्य लालच देकर उनके साथ घिनौनी हरकत की गई। करीब दस से बारह वर्ष पहले शिकार कई बच्चों की उम्र अब बालिग होने तक पहुंच गई जबकि कुछ हो चुके हैं।

सीबीआइ सूत्र बताते हैं कि चित्रकूट के कैंप कार्यालय में पीड़ितों की जांच की जाएगी। जल्द ही टीम दिल्ली से आ सकती है। सीबीआइ उन बच्चों की सूची तैयार कर चुकी है जिनकी जांच कराई जानी है।

# मकर संक्रान्ति मेला सकुशल कराएं सम्पन्नः डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने अमावस्या मेला व मकर संक्रान्ति पर्व पर रामघाट, परिक्रमा मार्ग समेत पूरे मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बुधवार को डीएम-एसपी ने रामघाट व परिक्रमा मार्ग की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, मन्दाकिनी की सफाई, रामघाट में लगी एलईडी को देखा। ईओ नगर पालिका को निर्देश दिये कि फुटओवरब्रिज रामघाट में मनभावन श्लोगन लिखाये जायें। पूरे मेला क्षेत्र की साफ-सफाई निरंतर जारी रहे। एलईडी के माध्यम से पर्यटन के विकास, मन्दाकिनी गंगा की आरती, लेजर शो, मठ-मन्दिरों के बारे में व साधु-संतों के विचारों को दिखाया जाये। एक्सईएन सिंचाई आशुतोष कुमार को निर्देश दिये कि नाव लगाकर मन्दाकिनी की सफाई करायें। मेला क्षेत्र में लगे जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि पुलिस अधिकारियों के साथ तालमेल कर मेला को सकुशल सम्पन्न करायें।

## विवक न्यूज

### डीएम ने राठ, मौदहा में अतिक्रमण हटाने के दिये आदेश

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी की अध्यक्षता में उद्योग बंधुओं व व्यापार बंधुओं की समीक्षा बैठक में डीएम ने राठ तथा मौदहा में मुख्य बाजार में अतिक्रमण एवं जाम की समस्या बताए जाने पर अतिक्रमण हटाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। साप्ताहिक बंदी का ठीक ढंग से पालन न होने की समस्या पर व्यापार बंधुओं द्वारा बताए जाने पर जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों एवं श्रम विभाग को निर्देशित किया, कहा कि इसका पालन न करने वालों पर कार्रवाई की जाए। मौदहा बाजार में पेयजल एवं शौचालय तथा साफसफाई की समस्या पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि श्रम विभाग द्वारा पंजीयन हेतु राठ एवं हमीरपुर में पंजीयन कैंप लगाया जाए। उद्योग विभाग द्वारा व्यापारियों का जेम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किए जाने हेतु जरूरी व्यवस्था की जाए। व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के संबंध में कैंप लगाकर व्यापारी बंधुओं को जागरूक किया जाए।

### छात्रा ने दर्ज करायी छेड़छाड़ की रिपोर्ट

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के परसी डेरा गांव निवासी छात्रा ने कोचिंग पढने आने जाने में मनचलों द्वारा छेड़छाड़ करने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी है। गांव की नाबालिक छात्रा मीना देवी पुत्री जगमोहन ने पुलिस को बताया कि आज दोपहर में कुरारा से कोचिंग पढ़कर साइकिल से अपने गांव को जा रही थी। तभी रास्ता गांव निवासी पप्पू पुत्र पूरन बाइक से पीछा करते हुए अश्लील बाते करने लगा तथा मेरी सायकिल के आगे बाइक खड़ी कर छेड़खानी करने लगा तथा गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। घटना की जानकारी अपने पिता को दी। तब उनके साथ थाने में आकर आरोपी के खिलाफ छेड़खानी सहित पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र से कस्बा विद्यालय व कोचिंग आने वाली छात्राओं के साथ आये दिन छेड़छाड़ की घटनाएं हो रही हैं।

### जिला महिला अस्पताल का नायाब कारनामा

**हमीरपुर।** जिला महिला अस्पताल में स्टेट टीम के निरीक्षण में अस्पताल के ठीक बगल में करीब एक साल से लाखों रुपये की लागत से स्थापित लिफ्ट की जानकारी न देकर टीम से अस्पताल प्रबंधन ने बेरी गुड़ प्राप्त कर लिया है। सूबे में गोरखपुर व जिला महिला अस्पताल हमीरपुर को निरीक्षण के लिये चयन किया था यदि सब कुछ ठाक रह तो अस्पताल प्रबंधन को कम से कम दस लाख रुपये का इनाम मिलेगा, इसके लिये नेशनल टीम दिल्ली को आना था मगर उसके न आने से स्टेट टीम ने फ्लोरपुर जिला अस्पताल से डा. सचिन, डा राजेश समेत तीन लोग व्यवस्थाओं का जायजा लेने आये थे जिसमें सब कुछ ठीक ठाक पाया गया था, मगर अस्पताल के ठीक बगल में करीब सात लाख कीमत की बनी लिफ्ट को नहीं प्रबंधन ने टीम से चर्चा तक नहीं की न ही कोई जिक्र किया जब कि एक साल व्यतीत हो गये आज तक लिफ्ट का उद्घाटन नहीं हुआ है। संचालन न होने से धूल फांक रही है लिफ्ट नष्ट हो जायेगी। अस्पताल में लिफ्ट की कोई आवश्यकता नहीं थी मगर उसे कार्यदायी संस्था ने जबरदस्ती लगा दिया था यही नहीं तत्कालीन डीएम ने जब इसकी जांच कराना शुरू किया तो उसके अभिलेख ही गायब कर दिये गये थे, यदि टीम को लिफ्ट की जानकारी मिल जाती तो बेरीगुड के स्थान पर बेरी बैड श्रेणी में अस्पताल आ जाता।

### संत प्रेमदास पर हमला करने वाले पांच आरोपी दबोचे

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर बहिलपुरवा थानाध्यक्ष दीनदयाल सिंह की टीम ने 19 दिसम्बर को पम्पासुर आश्रम के संत प्रेमदास के साथ हुई मारपीट का खुलासा कर पांच लोगों को मय असलहों के दबोचा है। बुधवार को बहिलपुरवा थानाध्यक्ष ने सोनू पुत्र श्यामलाल, गुड्डू पुत्र स्व भगवानदीन के कब्जे से एक राइफल व तमंचा बरामद कर पूंछताछ में बताया कि पम्पासुर आश्रम में घुसकर मारपीट की थी। बदमाशों के बताने पर प्रेमचन्द्र पुत्र स्व भगवानदीन निवासी कैम्प का पुरवा मजरा डेलौरा, कुशल अहिरवार पुत्र भूरा निवासी नयागांव व शिवपूजन पुत्र चिट्टू केवट निवासी मडकाताला मजरा डेलौरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से असलहे, कारतूस व बुलेरो गाडी बरामद कर एमबी एक्ट में सीज किया है।

### सुरभि ने इविवि में टॉप कर जिले का रोशन किया नाम

**चित्रकूट।** विशेष क्षेत्र प्राधिकरण में कार्यरत एकाउंटेन्ट दीप रिछारिया की सुपुत्री सुरभि रिछारिया ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में एमएससी जुलोजी की चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में टॉपकर जिले का गौरव बढाया है। सुरभि सीएमपी डिग्री कालेज में एमएससी जुलोजी के तहत पर्यावरण विज्ञान में खासतौर पर पूरे विश्वविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त किये हैं। जिले का ही नहीं पूरे बुन्देलखण्ड का नाम रोशन किया है। सुरभि आगे चलकर वैज्ञानिक बनना चाहती हैं। वह शुरु से ही पढने में तेज रही हैं। अपनी सफलता के लिए वह माता-पिता को श्रेष्ठ गुरु मान रही हैं। गुरुजनों के मार्गदर्शन से इस मुकाम पर पहुंची हैं।

### जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** पुरानी रंजिश के चलते एक पक्ष से जुटे एक दर्जन से अधिक लोगों ने युवक के घर में घुसकर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया जिसमें वह बाल-बाल बच गया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम डुंडवा बुजुर्ग निवासी जुनेद खान पुत्र मंसूर खान द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीते दिन वह अपने घर में था उसी समय पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही इस्तियाक, मुस्ताक, इमरान, साजिद, आदिल, अयाज, गुफरान, परवेज, कदीर, राशिद, निसारउद्दीन सहित कई लोग एक राय होकर घर में घुस आए और जान से मारने की नियत से उस पर फायर कर दिया जिससे वह बाल-बाल बच गया। तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

### अवैध निर्माण को रोकने गई पुलिस से दबंगों ने की हाथापाई

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** जमीनी विवाद को लेकर हो रहे अवैध निर्माण को रोकने पहुंची पुलिस टीम से आरोपियों ने अभद्रता व हाथापाई की जिस पर पुलिस बल द्वारा दो लोगों को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बुधवार को क्षेत्र के ग्राम खिवराजपुरवा में विवादित जमीन पर हो रहे निर्माण कार्य को रोकने गए चौकी मझपुरवा के दीवान कमलेश कुमार सहित आरक्षी से दबंगों ने अभद्रता व हाथापाई कर दी। जिस पर कोतवाली पुलिस द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर अखिलेश व सुमित को हिरासत में ले लिया गया। मामले के संबन्ध में कोतवाली प्रभारी राजा दिनेश सिंह का कहना है कि आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

### पुलिस पर महिलाओं ने किया हमला, दारोगा घायल

**हमीरपुर।** सुमेरपुर क्षेत्र में आज शाम जुआडियों को पकड़ने गयी पुलिस पर गांव की महिलाओ ने हमला कर एक दारोगा को जख्मी कर दिया, पुलिस ने इस मामले में तीन लोगो को गिरफ्तार कर किया है। क्षेत्र के धुंधपुर गांव में जुआ खेलने की सूचना मिलने पर पुलिस ने शाम चार बजे दल बल के साथ छापा मार कर तीन जुआडियों को पकड़ लिया तभी आसपास की महिलाएं एकत्र होकर पुलिस से उलझ गयी और जुआडियों को छुडा लिया, तभी पुलिस व महिलाओं मे धक्का मुक्की शुरु हो गयी तभी एक महिला ने दारोगा रवीन्द्र सिंह के मुंह में थप्पड़ जड़ दिया जिससे उसके नाक से खून बहने लगा, दारोगा ने तुरंत सुमेरपुर थाने को हमले की सूचना दी थानाध्यक्ष भारी फोर्स लेकर मौके पर पहुच गये और तीन जुआडियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# महिला अस्पताल के पास मृत मिला नवजात

**बांदा।** महिला अस्पताल परिसर की नली के पास कपड़े में लिपटा मृत नवजात मिलने से सनसनी फैली है। तीमारदार भ्रूण हत्या की आशंका जाहिर कर रहे हैं। पुलिस ने नवजात का शव कब्जे में लिया है। हालांकि नवजात का शव लड़की का है या लड़के का यह अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। शहर कोतवाली क्षेत्र के जिला महिला अस्पताल परिसर में बनी नाली के पास मंगलवार शाम कुछ स्वान लड़ रहे थे। इससे वहां मौजूद तीमारदारों का ध्यान एंबुलेंस के नजदीक की नाली के पास गया। पीले रंग के कपड़े में लिपटा नवजात का शव देखकर लोगों के मुंह से आह निकल गई। भीड़ देखकर अस्पताल चौकी के पुलिस कर्मियों ने लड़ रहे स्वानों को दूर भगाया। बाद में सफाई कर्मियों को बुलाकर बच्ची के शव को मोर्चरी में रखवाया। इस बीच नवजात 4.5 माह का होने से यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पा रहा था कि वह लड़की का है या फिर लड़के का शव है। प्रत्यक्षदर्शी तीमारदारों ने आशंका जाहिर किया कि महिला अस्पताल के नजदीक इस तरह मृत नवजात का मिला संदिग्ध लग रहा है। इसमें भ्रूण हत्या का भी मामला हो सकता है। मामले की जांच कराई जाना चाहिए। उधर अस्पताल के कर्मचारियों से पुलिस ने इस संबंध में पूछा तो उन्होंने नवजात के शव के बारे में पूरी तरह अनभिज्ञता जाहिर की है। सीएमओ डॉ. एनडी शर्मा ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से वास्तविकता का पता चल सकेगा। उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्वामी विवेकानंद की तरह युवा अपने जनपद का नाम रोशन करें: राजा बुंदेला

● विवेकानंद जयंती पर राजकीय मेडिकल कालेज उरई में हुआ समारोह

**उरई ( जालौन )।** जिस प्रकार से स्वामी विवेकानंद जी ने अपने विचारों से समूचे विश्व में भारत का नाम रोशन किया उसी तरह से हम सभी को अपने बुंदेलखंड के संपूर्ण उत्थान का संकल्प लेकर अपने-अपने हिस्से की जिम्मेदारी को निभाना होगा इतना ही नहीं अपनी क्षमताओं का सौ प्रतिशत प्रयोग कर अपने क्षेत्र के विकास में युवा जुट जायेंगे तो असंभव दिखने वाले कार्य संपूर्ण होंगे और बुंदेलखंड का चहुंमुखी विकास होगा। उक्त बात राजकीय मेडिकल कालेज उरई में स्वामी विवेकानंद जी जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष राजा बुंदेला ने कही।

जिस प्रकार स्वामी विवेकानंद जी ने भारत का नाम विश्व में रोशन किया उसी प्रकार हमें भी उनके विचारों से प्रेरणा लेकर अपने जनपद का नाम रोशन करना है।



राजा बुंदेला को स्मृति चिन्ह भेंट करते प्रधानाचार्य डा. द्विजेंद्रनाथ।

उन्होनें केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार को आभार व्यक्त किया जिनके कुशल मार्गदर्शन में देश एवं प्रदेश आगे बढ़ रहा है एवं जनता को सभी सुविधायें मिल रही है। कार्यक्रम में कोरोना वारियर्स को मोमेन्टो प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। डा. आरएन कुशवाहा, डा. आरके सिंह, डा. मनोज वर्मा, डा. जितेन्द्र मिश्रा, डा. कुलदीप चन्देल, डा. छवि जायसवाल, डा. रेनू सिंह, डा. आलोक सिंह इत्यादि चिकित्सक शामिल थे। चिकित्सालय में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ को भी उनके सराहनीय कार्य के लिए प्रमाण पत्र एवं मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया जिसमें सुश्री सुमन दुबे, सुश्री शिखा मिश्रा, सुश्री, ऋतु भाटी, सुश्री वैशाली सिंह, सुश्री हेमलता तिवारी, सुश्री नीलम भदौरिया इत्यादि शामिल थे। कार्यक्रम में राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन (उरई) के चिकित्सकीय सेवाओं में उत्थान के लिए मुख्य अतिथि राजा बुन्देला के द्वारा प्रधानाचार्य को उनके कुशल नेतृत्व एवं कोरोना महामारी की रोकथाम में सराहनीय योगदान हेतु प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य एवं चिकित्सकीय टीम के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में यूथ आइकन, सेलिब्रिटी एवं बुन्देलखण्ड की जनता के नायक राजा बुंदेला को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित कर उनके बहुमूल्य समय के लिए आभार प्रकट किया गया। राजा बुन्देला ने सभी उपस्थित कोरोना वारियर्स को सर्वप्रथम आभार व्यक्त किया जिन्होनें इस वैश्विक महामारी में अपनी जान की परवाह किये बिना बुन्देलखण्ड की जनता को चिकित्सकीय सेवायें प्रदान की। डा. द्विजेन्द्र नाथ प्रधानाचार्य राजकीय मेडिकल कालेज उरई ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुये कहा कि स्वामी वेदांत के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक एवं हिन्दुत्व के ध्वजवाहक गुरू थे। उनका वास्तविक नाम नरेन्द्र नाथ दत्त था। उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में सन् 1893 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। भारत का आध्यात्मिकता से परिपूर्ण वेदांत (वेदान्त) दर्शन अमेरिका और यूरोप के हर एक देश में स्वामी विवेकानन्द की जग विख्यात अतुलनीय प्रतिभा के कारण ही पहुंचा।

# गौवंश आश्रय स्थलों में अब नहीं चलेगा खानापूर्ति का ढर्राः सीडीओ

● विकास कार्यों में गुणवत्ता से नहीं होगा कोई समझौता

● पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता होगी

**उरई ( जालौन )।** गौवंश आश्रय स्थलों में व्यवस्थाओं के नाम पर खानापूर्ति करने वालों पर नकेल कसने का काम किया जायेगा। यदि निरीक्षण के दौरान किसी गौवंश आश्रय स्थल में कमियां पायी जाती है तो संबंधित जिम्मेदार को दोषी मानकर उसके विरुद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उक्त मुख्य विकास अधिकारी एके श्रीवास्तव ने एक भेंटवार्ता ने दौरान कही।



सीडीओ एके श्रीवास्तव

प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में गौवंश आश्रय स्थल हैं लिहाजा ऐसे स्थानों पर व्यवस्थाओं के नाम पर ग्रामीणांचल के अधिकारी गुमराह करने से नहीं चूकते थे। अब ऐसे लापरवाह अधिकारियों को गुमराह करना भारी पड़ेगा इतना ही नहीं जनपद में सभी गौवंश आश्रय स्थलों का समय-समय पर निरीक्षण किया जायेगा साथ ही ग्रामीणों की इस संबंध में आने वाली शिकायतों को भी गंभीरता से लिया जायेगा।

इसके अलावा सीडीओ ने स्पष्ट किया निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं होगा। यदि निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का मामला आता है तो उसकी जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करायी जायेगी। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक सुलभता से पहुंचे इसके लिये विशेष ध्यान दिया जायेगा। श्री श्रीवास्तव का कहना था कि सरकार की मंशा भी यही है और उसका पूरी तरह से पालन किया जायेगा ताकि जरूरतमंद व्यक्ति को शासन की योजना का लाभ मिले और वह अपना जीवन स्तर सुधार सके।

# 502 स्वास्थ्य कर्मियों को लगेगा पहले चरण में टीका, तैयारियां पूर्ण

● ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की सीएचसी में हुई बैठक

**कदौरा ( जालौन )।** बुधवार को सीएचसी परिसर में कोविड 19 टीकाकरण के सम्बंध में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अशोक कुमार ने की। एसएमओ डॉ. रूपल श्रीवास्तव ने कहा कि 16 जनवरी को सीएचसी परिसर में प्रथम फेज के अंतर्गत आने वाले 502 लाभार्थियों का टीकाकरण होगा जिसमें आशा बहु, एएनएम, आंगनबाड़ी, पैरामेडिकल स्टाफ व डॉक्टर्स शामिल होंगे। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि टीकाकरण के लिए दो टीमों को लगाया गया है, जिसमें छह-छह सदस्य है। टीकाकरण शासन द्वारा नामित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की देखरेख में होगा। जिसके लिए पुलिस कर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगाया गया है। बीडीओ अतिरंजन सिंह ने कहा कि उन्होंने ब्लॉक कार्यालय में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों की सूची सौंपकर उनको सूचित कर दिया गया है। समयानुसार सभी को टीके लग सके। प्रभारी सीडीपीओ गोमती ने कहा की प्रथम फेज में टीकाकरण के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अवगत करा दिया है जिन कार्यकर्ताओं की डयूटी लगी है उनको भी सूचित कर दिया गया है। साथ ही गांव गांव जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इस मौके पर गोविंद सिंह बीसीपीएम, उप निरीक्षक सत्यदेव त्रिपाठी, अखलेश, इंद्रकुमार, विजय प्रताप सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी भी मौजूद रहे।



कोविड 19 टीकाकरण के संबंध में बैठक करते प्रशासनिक अधिकारी।

# राम मंदिर निर्माण के लिए तपोभूमि में निकाली गई जनजागरण यात्रा

● धर्म नगरी के प्रमुख संतों के नेतृत्व में गाजे - बाजे के साथ निकली यात्रा



यात्रा निकालते संत।

**चित्रकूट।** जन्मभूमि अयोध्या में बनने जा रहे भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण में सहयोग को लेकर जय श्रीराम के नारो के उद्घोष के साथ तपोभूमि चित्रकूट में महासंपर्क अभियान के तहत जनजागरण यात्रा निकाली गई। बुद्धवार को मुख्यालय स्थित रामलीला मैदान से कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपाल दास महाराज, रामायणी कुटी के महंत रामहृदय दास महाराज, गायत्री शक्ति पीठ के व्यवस्थापक डॉ रामनारायण त्रिपाठी, राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, संघ के जिला प्रचारक राजकुमार जी, जिला कार्यवाह अतुल प्रताप सिंह, जिला संचालक श्यामसुंदर मिश्रा, नगर प्रचारक सचिन कुमार, भाजपा के प्रदेश मंत्री अशोक जाटव, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील पटेल, नगर अध्यक्ष श्याम गुप्ता आदि की मौजूदगी में नगर के प्रमुख मार्गों में गाजे- बाजे के साथ विशाल जनजागरण यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान लोगो से मंदिर निर्माण के लिए सहयोग करने की अपील की गई।

इस मौके पर कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपाल दास महाराज ने कहा कि राम जन्म भूमि मंदिर निर्माण के लिए संपर्क महा अभियान के तहत आज चित्रकूट में जनजागरण रैली निकाली गई। उन्होंने कहा कि हमें खुशी है कि अपने जीवन काल में ही हम राम मंदिर निर्माण के प्रयासों की परिणिति एक मंदिर के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने राम मंदिर निर्माण के लिए लगभग 500 वर्ष से चल रहे संघर्ष और प्रयासों की चर्चा करते हुए कि, युवाओं को धर्म और संस्कृति के लिए किए गए राम भक्तों के बलिदान को याद रखना चाहिए। भव्य मंदिर के निर्माण में सभी रामभक्तो को आर्थिक सहयोग करना चाहिए।वहीं रामायणी कुटी के महंत रामहृदय दास महाराज ने कहा कि वर्षो के संघर्षों के बाद यह गौरवशाली पल आया कि जन्मभूमि अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण का शुभ समय आया है। सभी को इस पुनीत कार्य मे सहयोग देने की जरूरत है।

उन्होने कहा कि पांच सदी का स्वप्न प्रधानमंत्री के संकल्प और रणनीति के कारण साकार हुआ है। इससे पूर्व धर्म नगरी चित्रकूट में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए हर घर से योगदान के लिए धर्म नगरी में भव्य कीर्तन रैली निकाली गई। कीर्तन रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को ये बताना था कि हर घर से राम मंदिर निर्माण के लिए कुछ न कुछ सहयोग जरूरी है। घंटा, घड़ियाल, शंख की आवाज के बीच कीर्तन रैली में मौजूद लोगों ने कहा कि राम मंदिर निर्माण के लिए हर सनातनी को इससे जोड़ना है। रैली में बीजेपी, विश्व हिंदू परिषद और आरएसएस समेत शहर के तमाम महिला, बच्चे और आम लोग शामिल हुए। रैली में सबसे आगे भगवान श्रीराम का रथ और पीछे-पीछे लोग कीर्तन करते हुए मंदिर निर्माण को लेकर जन जागरूकता कर रहे थे।

# किसानों के हित में हैं तीन कानूनः राज्यमंत्री

**चित्रकूट।** कृषि विभाग ने किसान कल्याण मिशन के तहत मेगा कैम्प व प्रदर्शनी ब्लाक पहाड़ी में लगाई। सूबे के राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय व विधायक आनन्द शुक्ला ने किसानों से कहा कि सरकार के तीन कानून किसानों के हित में हैं। किसी के बहकावे में न आयें। बुधवार को कृषि मेला में सूबे के राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ किसान उठायें। सिंचाई को पहाड़ी-राजापुर में यमुना नदी से सिंचाई की व्यवस्था कराई जायेगी। जिले के हर घर में नल योजना लागू की गई है। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को तकनीकी जानकारी दी। विभिन्न विभागों की मेले में प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में सरकार से संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर कृषि निदेशालय उत्तर प्रदेश के शेषनारायण दुबे, जिला कृषि अधिकारी बसंत कुमार दुबे, जिला उद्यान अधिकारी डॉ रमेश पाठक, डीडीओ विपिन सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# मकर संक्रांति के त्यौहार को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं: जिलाधिकारी

● डीएम ने गंगाघाटों का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिये निर्देश

**कन्नौज।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर श्रद्धालु द्वारा कोविड 19 के दृष्टिगत मास्क का प्रयोग अनिवार्य है। सुरक्षा व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएं। गोताखोरों के साथ स्टीमर मौके पर तैयार रखे जाएं। किसी प्रकार की जनहानि न होने पाए। उक्त निर्देश बुधवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने मेहन्दीघाट के तटों का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए। 14 जनवरी को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर जनपद में मेहदीघाट, जलेसर, चियासर में गंगा स्नान पर बड़े पैमाने पर आने वाले श्रद्धालुओं को वर्तमान में कोविड 19 के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुये संदेश दिया कि सभी जनमानस बड़े वाहनों में एक साथ न आएं। उन्होनें कहा कि सभी जनमानस पूर्ण सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए मकर संक्रांति के त्यौहार को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें। जिलाधिकारी ने जिला पंचायतीराज अधिकारी को तटों की साफ सफाई किये जाने एवं महिलाओं हेतु अस्थायी चेंजिंग रूम भी निर्मित किये जाने के निर्देश दिए, जिससे महिलाओं को असुविधा न हो।

उन्होंने तटों पर बल्ली आदि को गहराई के अनुसार लगाते हुए रस्से 2 कतार में लगाया जाने के निर्देश दिए, जिससे बहाव में बहने की संभावना न रहे। उन्होंने सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए स्टीमर में सभी तटों पर गोताखोरों, एवं अन्य वालंटियर को तैनात रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूर्ण सजगता से आज ही समस्त तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। मौके पर पुलिस अधीक्षक ने भी सुरक्षा व्यवस्था एवं कोविड 19 संक्रमण से बचाव हेतु उपस्थित क्षेत्राधिकारी सदर एवं थानाध्यक्ष को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एएमए, क्षेत्राधिकारी सदर, थानाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



गंगाघाट पर निरीक्षण व निर्देशित करते डीएम व अन्य।

# सांसद ने सुनी समस्याएं



**संवाददाता।** सुलतानपुर

**संसदीय** क्षेत्र दौरे के तीसरे दिन आज मेनका संजय गांधी ने धनपतगंज ब्लॉक के दर्जनभर गांव में जन चौपाल के माध्यम से नागरिकों को आश्वस्त किया कि आगामी पंचायत चुनाव में किसी भी अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, श्रीमती गांधी ने नागरिकों को भरोसा दिलाया की पंचायत चुनाव की मतगणना जिला मुख्यालय पर कराई जाएगी। धनपतगंज विकासखंड जिले का सबसे संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है,जहां के समस्त मतदान केंद्रों को अति संवेदनशील का दर्जा प्राप्त रहता है। पंचायत चुनाव में क्षेत्रीय नागरिकों को गड़बड़ी की आशंका के चलते सांसद मेनका संजय गांधी ने राज्य निर्वाचन आयोग से जिला मुख्यालय पर मतगणना कराने का सुझाव दिया है।

सांसद श्रीमती गांधी ने संजयनगर, पकड़ मोड़, मायंग पिपरी साईनाथपुर, कुट्टा, बिनगी सहित लगभग एक दर्जन जन चौपाल को संबोधित करते कहा कि सुल्तानपुर जनपद में पिछले दो माह में 10000 जमीनी विवादों का निस्तारण किया गया है,जिसके कारण जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि मैने जिलाधिकारी से जमीनी व आपसी विवादों को जड़ से खत्म करने के लिए कहा है और मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में एक भी जमीनी विवाद नही रहेगा। श्रीमती गांधी ने पिपरी साईनाथपुर में पत्रकारों के पूछे गये सवाल का जबाव देते हुए कहा कि भ्रष्ट प्रधानों के विरुद्ध जांच जारी रहेगी, उन्हें हर हाल में सरकारी धन वापस ही करना पड़ेगा, नहीं तो उन्हें जेल भी जाना पड़ेगा।

# फिर से शुरू हुई ऑस्था हॉस्पिटल की स्वास्थ्य सेवाएं

**● डॉ. मंजूला त्रिपाठी की मौत के बाद प्रभावित रहा अस्पताल का संचालन, गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. केसी त्रिपाठी ने कहा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराना अस्पताल का है मुख्य उद्देश्य**

**संवाददाता।** सुलतानपुर

**शहर** के गोलाघाट स्थित आस्था हॉस्पिटल का संचालन कोरोना कॉल के बाद पुन: शुरू होने से मरीजों व तीमारदारों में खुशी की लहर दौड़ गई है। गंभीर से गंभीर मरीजों का बेहतर इलाज करने वाला आस्था हॉस्पिटल अपनी अव्वल दर्जे की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहा है।



गौरतलब हो कि नगर क्षेत्र के गोलाघाट स्थित आस्था हॉस्पिटल का संचालन एक बार फिर शुरू हो गया है। कोराना कॉल में जहां समूचे देश में हाहाकार मच गया था वहीं जनपद भी इससे अछूता नही रहा। जिले में भी आवश्यक सेवाएं भी प्रभावित रहीं। इसी बीच आस्था हॉस्पिटल के संचालक व गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. केसी त्रिपाठी की पत्नी डॉ. मंजूला त्रिपाठी भी कोविड-19 महामारी की चपेट में आ गईं और उनका निधन हो गया। उनकी मौत की खबर जिले में फैली तो चिकित्सकों के साथ-साथ पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई थी। इस दुख की घड़ी में नामी-गिरामी डाक्टरों के साथ-साथ जिले के सम्भ्रान्त लोगों ने उनके आवास पहुंच शोक-संवेदना जताते हुए ईश्वर से परिवार को संबल प्रदान करने की कामना की थी। डॉ. मंजूला त्रिपाठी की मौत के बाद हॉस्पिटल की स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित हुईं और मरीजों को बेहतर इलाज के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। काफी दिनों बाद एक बार पुन: ऑस्था हॉस्पिटल की स्वास्थ्य सुविधाएं पटरी पर आईं तो मरीजों और उनके तीमारदारों में खुशी की लहर दौड़ गई। हॉस्पिटल के संचालक व गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. केसी त्रिपाठी ने बताया कि हॉस्पिटल की स्वास्थ्य सेवाएं बहाल हो गई हैं। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना अस्पताल का मुख्य उद्देश्य है।

## क्विक न्यूज

### सीनियर सेक्शन इंजीनियर ने की आत्महत्या

**लालगंज,रायबरेली।** आरेडिका में कार्यरत एक सीनियर सेक्शन इंजीनियर ने घर के कमरे में पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। उल्लेखनीय है कि मुजफ्फरपुर जिले का रहने वाला विश्वजीत आरेडिका के ह्वील शाप में सीनियर सेक्शन इंजीनियर के पद पर तैनात था। बुधवार की दोपहर ड्यूटी से लौटने के बाद उसने अपने आवास के कमरे में पंखे से लटकर कर आत्महत्या कर ली। उसकी पत्नी के आवाज देने पर जब विश्वजीत ने कमरे का दरवाजा नही खोला तो उसने पड़ोसियों को बताया।पड़ोसियों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर उसे अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने विश्वजीत को मृत घोषित कर दिया। मृतक दो बच्चों का पिता था।

### शांतिभंग में चार पाबंद

**लालगंज,रायबरेली।** विश्वहिंदू परिषद के प्रांतीय मंत्री रामगोपाल त्रिपाठी के घर बमबाजी व फायरिंग के मामले में जांच करने पहुंची पुलिस ने चार युवकों को पकड़ा है।युवकों का कहना है कि उन्होंने खेतों में घुसे मवेशियों को भगाने के लिए दो पटाखे दागे थे। पुलिस ने पकड़े गए चारों युवकों कृपाशंकर पांडेय, संतोष, रोहित व जीतू के विरूद्ध बुधवार को धारा 151 के तहत कार्रवाई की है। कोतवाल अरूण कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को इसी मामले में दर्ज मुकदमें के पांच आरोपितो को भी शांतिभंग की धाराओ में पाबंद किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि श्रीत्रिपाठी का गांव में ही नाली का विवाद चल रहा है। रविवार की रात श्रीत्रिपाठी ने पुलिस को सूचना देते हुए एक दर्जन लोगों द्वारा उनके दरवाजे बम दागने व फायरिंग करने का आरोप लगाया था। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसी मामले में दो बार उपजिलाधिकारी भी राजस्व टीम के साथ भूमि विवाद की जांच करने जा चुके हैं।

### विद्यार्थियों ने जीता गोल्ड मेडल

**सुलतानपुर।** ताइक्वांडो नेशनल चौंपियनशिप में राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के चार विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल जीता है। गोल्ड मेडल लेकर आने के बाद महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों का सम्मान किया गया । हरियाणा के सोनीपत में भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद द्वारा आठ जनवरी से दस जनवरी के बीच नेशनल गेम्स प्रतियोगितायें आयोजित की गई थीं। जिसमें अंतिम दिन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में राणा प्रताप पीजी कालेज के बी.ए.अंतिम वर्ष की आकांक्षा द्विवेदी, ममता मिश्र, आकांक्षा श्रीवास्तव व बी. ए.द्वितीय वर्ष के शुभम धुरिया ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। महाविद्यालय पहुंचने पर महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन में प्राचार्य डॉ.एम.पी.सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह 'रवि' व कार्यालय अधीक्षक दिलीप कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे। प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। यह समूचे जनपद के लिए गर्व का विषय है।

### डीएम ने करायी सैम्पलिंग

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता नवनिर्मित सखी वन स्टॉप सेन्टर, पांचोपीरन निजामपट्टी सुलतानपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा नवनिर्मित भवन में ईट व सरिया की गुणवत्ता परखने के लिये सैम्पल लेकर उसकी जॉच पीडब्ल्यूडी लैब भेजने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिया। उन्होंने भवन की खिड़कियों की ग्रिल की मजबूती को भी परखा। निरीक्षण के समय मौके पर उपस्थित जिला प्रोबेशन अधिकारी अशोक कुमार एवं अधिशाषी अभियन्ता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि सखी वन स्टॉप सेन्टर 48 लाख 69 हजार रूपये की लागत से भवन तैयार किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सरिया एक टुकड़ा काटी जाय तथा ईट आदि की गुणवत्ता पीडब्ल्यूडी के लैब से करायी जाय, ताकि मानक एवं गुणवत्ता को परखा जा सके।

### अपर पुलिस अधीक्षक ने की समीक्षा

**श्रावस्ती।** जमुनहा. अपर पुलिस अधीक्षक बी0सी0 दूबे ने थाना मल्हीपुर का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया तथा थाने पर तैनात सभी विवेचको के साथ बैठक कर लंबित मुकदमों की समीक्षा की। इस दौरान थाने पर लंबित विवेचनाओं का 10 दिन में निस्तारण करने तथा वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण यथाशीघ्र निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर सहित सभी विवेचकों को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात थाना परिसरए आगन्तुक कक्ष ए हवालातए बैरकए मालखानाए भोजनालयए थाना कार्यालय में रजिस्टरों को चेक किया गया। शस्त्रों व रजिस्टरों के रखरखाव व परिसर की साफसफाई संतोषजनक रही। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

### 11 वर्षीय मासूम घर से निकलने के बाद से लापता

**श्रावस्ती।** जमुनहा मल्हीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुलायम पुरवा में दो दिन पूर्व घर से शाम को बाहर किसी काम से निकला 11 वर्षीय मासूम लापता हो गया जिसकी परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कही पता नही चल सका मासूम के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना मल्हीपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत पटपरगंज के मजरा मुलायम पुरवा में 11 वर्षीय अबू मोहम्मद पुत्र छोटकाऊ 10 जनवरी की शाम को घर से लापता हो गया लेकिन रात तक जब मासूम घर नही लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। बच्चे के पिता छोटकाऊ सऊदी में रहते है। घर पर रह रहे मासूम के बड़े भाई हाफिज इरफान ने मासूम की काफी तलाश की लेकिन उसका अभी कोई पता नही चल सका है । लापता मासूम के बड़े भाई हाफिज इरफान ने बताया कि अबू मोहम्मद 10 जनवरी को शाम 4 बजे घर से बाहर निकला और रात्रि 7 बजे तक वापस नही लौटा तो उसकी तलाश शुरू की गई तीन दिनों में गांव के आसपास व सभी रिश्तेदारों में मासूम की काफी तलाश की गई परन्तु कोई सुराग नही लगा है थक हार कर परिजन अब पुलिस की मदद लेने की सोच रहे है।

### पुरानी रंजिश में लगाई आग

**बछरावां रायबरेली** स्थानीय थाना अंतर्गत महेरी निवासी मनोज सिंह पुत्र पवन कुमार सिंह द्वारा अपने ही गांव के संतोष सिंह पुत्र स्वर्गीय हरि भजन सिंह अमित सिंह पुत्र दशरथ सिंह संजय वअंकुर पुत्र रामनरेश सिंह पर आग लगाकर जानवरों को जलाने का आरोप लगाया गया है !भुक्तभोगी मनोज सिंह द्वारा पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में अवगत कराया गया है कि नामजदलोग आए दिन उनके साथ मारपीट करते हैं तथा खेतों को जाने का रास्ता रोकते हैं जिसके चलते उन्होंने चकरोड निकलवाने की मांग की थी उसको लेकर इन लोगों के द्वारा काफी बवाल किया गया विगत 11 ध्12 की रात्रि जब वह लोग अपने घर में सो रहे थे तो अचानक पुलिस वालों ने आकर बताया कि जहां उनके जानवर बंधे हुए हैं वहां आग लगी हुई है जब उन लोगों ने उठकर देखा तो पाया कि जानवरों के बांधने वाले स्थान के बगल में लगे पुआल की खरही तथा ठंड से बचाव के लिए लगाई गई प्लास्टिक आदि जल रही है जिसकी चपेट में आकर उनकी कई भैंस जल गई है मौके पर आई फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा किसी तरह आग पर काबू पाया गया इस पूरे प्रकरण में सबसे विवादास्पद बात यह है कि जिस समय आग लगी उस समय मनोज सिंह का पूरा परिवार घर के अंदर सो रहा था उनके द्वारा जिन लोगों पर आरोप लगाया जा रहा है उन्हीं लोगों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई अगर उनके द्वारा पुलिस को सूचना न दी गई होती और पुलिस ने समय से मनोज सिंह के परिवार कोजगा कर आग लगने की जानकारी न दी होती तो शायद उनके पूरे जानवर जल चुके होते जो भी हो इस पूरे प्रकरण में सच क्या है इसकी जांच पुलिस द्वारा शुरू कर दी गई है।

### नगदी समेत चोरों ने गायब किए आभूषण

**लालगंज,रायबरेली।**जगतपुर भिचकौरा गांव निवासी राजकुमार पासी के घर घुसे चोरों ने दो लाख से अधिक कीमत के आभूषण गायब कर दिए। पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि बीती रात छत के रास्ते घर में घुसे चोरों ने बख्शे में रखी 70 हजार रूपये आदि चुरा ले गए।

## प्रतियां जलाकर किया विरोध

**बछरावां रायबरेली।** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीनों कृषि संबंधित तीनों बिल के विरोध में भले ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा फिलहाल उस पर रोक लगा दी गई है और 4 सदस्यी कमेटी का गठन कर दिया गया हो ,परंतु दिल्ली से लेकर पूरे देश के अंदर किसानों का विरोध लगातार जारी है इसी क्रम में अपने नेताओं के आवाहन पर भारतीय किसान यूनियन की बछरावां इकाई द्वारा आज विरोध प्रदर्शन निकाला गया और उक्त कानूनों को काला कानून करार देते हुए उनकी प्रतियां जलाई गई, यह दीगर बात थी कि जुलूस निकाल रहे किसानों को बछरावां में पुलिस द्वारा थाने के सामने रोका गया और उनकी प्रतियां छीनने का प्रयास किया गया परंतु किसानों का विरोध लगातार जारी रहा किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम लाल विश्वकर्मा ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जिन चार लोगों की समिति बनाई गई है यह पूरी तरह सरकार के पिट्ठू हैं।

# विधायक ने बांटे आवासीय प्रमाण पत्र व कृषि यंत्र



**संवाददाता।** लालगंज,रायबरेली

**भारतीय** जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूलमंत्र पर काम करने वाली पार्टी है। भाजपा द्वारा जारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान तक पात्र व्यक्ति को सीधे मिल रहा है। यह बात बुधवार को ब्लाक परिसर लालगंज में आयोजित किसान गोष्ठी, मेला एवं प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए सरेनी विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कही।उन्होंने कहा कि सरेनी विधानसभा पिछड़ी विधानसभा के रूप में थी लेकिन वर्तमान में केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने यहां पर नहरों में पानी, ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली, सड़कों का चौड़ीकरण आदि कराकर यहां का इतिहास बदलने का काम किया है। जिन गांवो में दशकों से बिजली नही पहुंची थी वहां घर घर नि:शुल्क विद्युत कनेक्शन देने के साथ ही उज्ज्वला योजना के तहत गैस देने का काम भाजपा सरकार ने किया है। उन्हेंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योजना के तहत वर्ष 2022 तक सभी पात्रों को आवास व शौचालय उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए किसी बिचौलिए या दलाल से मिलने की आवश्यकता नहीं है।यदि कोई व्यक्ति या अधिकारी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर धन की मांग करता है तो तत्काल उन्हें सूचित करें,उसके विरूद्ध कड़ी कार्रवाही कराई जाएगी। श्रीसिंह ने कहा कि लालगंज विकास खंड में 88 मुख्यमंत्री आवास तथा 1042 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुए हैं। शीघ्र इनका निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

# एनटीपीसी महिला क्लब ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**संवाददाता।** ऊंचाहार

**नारी** सशक्तिकरण के प्रति सर्वथा संवेदनशील रहने वाली एनटीपीसी ऊंचाहार की महिला संस्था प्रियदर्शिनी महिला क्लब ने परियोजना प्रभावित ग्रामीण लोगों को कंबल वितरित किए स एनटीपीसी ऊंचाहार अपनी स्थापना के समय से एक प्रतिबद्ध और सामाजिक रूप से जिम्मेदार संगठन रहा है स आस-पास के गाँवों में नैगम सामाजिक दायित्व बोध के तहत निरंतर विभिन्न सामाजिक व कल्याणकारी गतिविधियाँ करता रहा है। इसी अनुक्रम में श्याम सुंदर इंटर कालेज में प्रियदर्शिनी महिला क्लब ने ग्रामीणों को कंबल वितरित किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती चंद्रकला मिश्रा थी स वितरण कार्यक्रम में अपनी भावनाए व्यक्त करते हुए श्रीमती चंद्रकला मिश्रा ने कहा प्रियदर्शिनी महिला क्लब हर जरूरतमन्द की मदद करने में सदैव तल्लीन रहती है आउर आगे भी उनके सुख दुख में ये संस्था खड़ी नजर आएगी प्रियदर्शिनी क्लब के साथ मालवीय मिशन ने मिलकर एक सार्थक पहल की है, इसे आगे भी सक्रिय रूप से संचालित किया जाएगा।

## तीन अधिवक्ताओं ने भरा पर्चा

**लालगंज,रायबरेली।** बैसवारा अधिवक्ता एसोसिएशन चुनाव को लेकर बुधवार को नामांकन प्रक्रिया पूरी हुई। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए तीन अधिवक्ताओं ज्योतिरेंद्र मिश्र, योगेश सिंह, राजेंद्र चौधरी ने पर्चा भरा। वहीं महामंत्री पद के लिए सुरेश कुमार निगम, सुरेंद्र सिंह, योगेंद्र बहादुर सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए कैलाश नाथ यादव, संजय सिंह, हीरेंद्र सिंह ने नामांकन किया है। मतदान 27 जनवरी को होगा।

# नेशनल मोबाइल यूनिट ने किया 80 लोगों का इलाज

**संवाददाता।** श्रावस्ती

**जमुनहा.** गाँव मे लोगो को घर पर ही बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने की मंशा से सरकार द्वारा चलाई जा रही नेशनल मोबाइल मेडिकल यूनिट की वैन विकास खण्ड जमुनहा के इमली गाँव पहुँची जहाँ पर एलटी मुख्तार आलम ने मरीजो की जांच की और डॉणअरशद अली ने चिकित्सीय परीक्षण किया तो वहीं एलटी मुख्तार आलम ने शुगरए टीएलसीएडीएलसी सहित अन्य जांचे की और फार्मासिस्ट शेषमणि पांडेय ने सभी मरीजो को दवाएं उपलब्ध कराई।केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही इस नेशनल मोबाइल मेडिकल यूनिट को ग्रामीण क्षेत्रों में राहतमंद माना जा रहा हैण्ग्रामीण लोग इस सेवा को सरकार की सराहनीय पहल बता रहे हैंण्इस दौरान आर्थराइटिस फीवर कोलिक



पेन माइग्रेन सहित अन्य बीमारी से ग्रसित लगभग 80 लोगो ने अपना इलाज हुआ। इस टीम में 5 से 6 लोगों का स्टाफहोता है। जिसमें एक डठठै डॉक्टर स्टोर कीपर लैब टेक्नीशियन फार्मासिस्ट और स्टाफ नर्स के बैठने की पूरी सुविधा होती है साथ ही यहां ईसीजी ब्लड टीएलसी। डीएलसी शुगर हाई ब्लड प्रेशर और वायरल की जांच भी की जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में जाने से उनका पूरा दिन उपचार कराने में निकल जाता था लेकिन जिला व तहसील मुख्यालय से दूर के इलाकों में लोगों के लिए ये सुविधा वरदान बन रही है।नेशनल मोबाइल मेडिकल यूनिट टीम के डॉणअरशद अली ने बताया कि कई लोगों को ये भी नहीं पता रहता कि वे बीमार हैं।

# विधायक ने किया किसान मेले का उद्घाटन



**संवाददाता।** श्रावस्ती

**सोनवा** बुधवार को कृषक कल्याण मिशन योजना के अंतर्गत विकास खण्ड गिलौला के उच्च प्राथमिक विद्यालय गिलौली में किसान मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक श्रावस्ती रामफेरन पाण्डेय ने फीता काटकर मेले का उदघाटन किया। इस मेले में विभिन्न सरकारी विभागों की तरफसे स्टॉल लगाए गए विधायक और डीएम ने मेले में लगे स्टालों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विधायक रामफेरन पाण्डेय ने कहा किसानों की आय बढ़ाने और उन्नति तकनीक को अपनाने में सरकार प्रयासरत है किसानों को परम्परागत खेती से हटकर सरकार द्वारा दी जा रही सब्जी फल और जौविक खेती सहित अन्य योजनाओं को लाभ लेने के बारे में बताया। मेले में धान रोपाई की मशीन आकर्षण का केंद्र था। दर्जनों स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने हस्त निर्मित उत्पाद स्टॉल द्वारा लगाकर लोगों को जागरूक किया। बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से शिक्षण अधिगम सामग्री का स्टॉल लगाया गया जिसमें खेल.खेल के माध्यम से बच्चों को आसानी से पढ़ाने के बारे में प्रियंका मिश्रा बता रही थी। भगवान बुद्ध किसान उत्पादक संगठन द्वारा जैविक खेती से उत्पादित सब्जियां और काले गेँहू की प्रदर्शनी लगायी गयी। रेशम कीट वर्मीकम्पोस्ट जैविक खेती के उत्पाद कृषि बीज सम्बन्धी प्रदर्शनी लगाकर किसानों को उनके लाभ के बारे में प्रेरित किया गया। डीएम टी के शिबु ने कहा गांव को समग्र बनाकर किसानों को खुशहाल बनाना है महिलाओं को स्वयं सहायता समूह और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जोड़कर अधिक.अधिक लाभ देना सरकार की मंशा है। गाँव के बच्चों को अधिक से अधिक विद्यालय भेजने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया।

# अपने कार्यालयों में सुनवाई करें अधिकारी: डीएम

**संवाददाता।** गोंडा

**जिलाधिकारी** मार्कण्डेय शाही ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समस्त अधिकारी अपने-2 कार्यालय में समय से उपस्थित रहकर तथा सुबह ग्यारह बजे से दोपहर एक बजे तक जनता से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याओं की सुनवाई व निस्तारण सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त विभागीय अधिकारी अपने कार्यालय में कार्यरत समस्त कर्मियों की समय से एवं पूरे कार्यालय समय तक उपस्थिति सुनिश्चित कराए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि यदि उनका अधीनस्थ कार्मिक क्षेत्र भ्रमण या किसी अन्य कार्यवश कार्यालय से बाहर जाता है तो उसका अंकन कार्यालय की भ्रमण पंजिका में दर्ज किया जाये तथा वापस आने के बाद कृत कार्यवाही का ब्यौरा भी पंजिका में दर्ज कराया जाए।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी जनसुनवाई के उपरान्त प्रतिदिन अपने अधीनस्थ कम से कम 01 कार्यालय का विस्तृत एवं गहन निरीक्षण करेंगे तथा निरीक्षण आख्या, संक्षिप्त किन्तु बिन्दुवार एवं निरीक्षण करते हुए अपने फोटोग्राफसहित उन्हें उपलब्ध कराएंगे। इसके अलावा कार्यालयाध्यक्ष द्वारा अपने-2 विभाग से सम्बन्धित कम से कम 01 निर्माणाधीन परियोजना का भी निरीक्षण कर आख्या मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से उन्हें उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि आदेश का शत-प्रतिशत व कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यकतानुसार निरीक्षण भवन में स्थित जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी के कार्यालय में कन्ट्रोल रूम भी स्थापित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि कन्ट्रोल रूम द्वारा जनपद में विभिन्न विभागों, कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के लिए गठित जिला टास्क फोर्स, कमियों तथा कार्यवाही योग्य बिन्दुओं के बारे में विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया जाएगा।

# आईजी ने दिये जरूरी दिशा-निर्देश



**संवाददाता।** गोंडा

**पुलिस** महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र डा0 राकेश सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा में परिक्षेत्रीय जनपदों के पुलिस कर्मियों के साथ मण्डलीय गोष्ठी किया। जिसमे उन्होंने पुलिस कर्मियों के समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके त्वरित निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारीगणों को निर्देशित किया।

आईजी ने गोष्ठी में वर्तमान समय में चल रहे किसान आन्दोलन, वैश्विक महामारी कोविड 19 की वैक्सीनेशन की तैयारियों व आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर चल रही तैयारियों पर विस्तृत चर्चा कर अधीनस्थों को दिशा-निर्देश निर्गत किया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं की सुरक्षा हेतु चलाये गये अभियान मिशन शक्ति के तहत सभी थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मचारियों को पीड़ित महिलाओं से सम्बन्धित समस्याओं के शत प्रतिशत समाधान हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि महिला समस्याओं से सम्बन्धित हेल्प नं0 1090, 112, 108 व 181 के अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर ग्रामीण महिलाओं व बालिकाओं से संवाद स्थापित करने पर जोर दिया। वहीं थाना स्तर पर गठित एन्टी रोमियो टीम को स्कूलों, कालेजों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर निगरानी बढ़ाने व शोहदों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिये। इस मौके पर आईजी ने अपने कार्यो के प्रति जागरूक व अच्छी जानकारी रखने वाले जनपद गोण्डा के थाना परसपुर में नियुक्त आरक्षी अखिलेश यादव, जनपद गोण्डा के मीडिया सेल में कार्यरत आरक्षी सजल नयन, थाना परसपुर की महिला आरक्षी नीशू सिंह व जनपद श्रावस्ती के थाना मल्हीपुर में कार्यरत महिला आरक्षी निशा सिंह को पुरस्कृत भी किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गोण्डा शैलेश कुमार पांडेय, प्रतिसार निराक्षक गोण्डा, वाचक पुलिस महानिरीक्षक गोण्डा गिरीश चन्द्र आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने तय किया उत्तरदायित्व

**गोंडा।** जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने पंचायत चुनाव में खलल डालने की मंशा रखने वालों पर नकेल कसने का काम शुरू कर दिया हैं। डीएम श्री शाही ने त्रुटिहीन मतदाता सूची तैयार कराने के लिए उत्तरदायी अधिकारियों-कर्मचारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए चुनाव में खलल डालने की मंशा रखने वालों तथा अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ सख्त निरोधात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि जहाँ वृहद स्तर पर मतदाता सूची में किसी प्रकार का परिवर्तन हो रहा है, पिछले छ: माह में विवाद काफी रहे हों, लगातार कच्ची शराब या अवैध असलहे सम्बन्धी सूचना मिल रही हो, जाति-धर्म विशेष की अधिकता या दो वर्ग बराबर-बराबर हों तथा जहाँ पिछले चुनाव में संवेदनशीलता रही हो व अप्रिय घटना हुई हो, ऐसी ग्राम पंचायतों तथा व्यक्तियों का चिन्हांकन कर लें जिनके द्वारा निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने में व्यवधान डाले जाने की संभावना हो।

# मगहर में हो रहे निर्माण कार्यों की प्रगति को पर्यटन मंत्री ने देखा

संवाददाता। संतकबीरनगर

**पर्यटन राज्यमंत्री** नीलकंठ तिवारी ने बुधवार को मगहर कबीर चौरा स्थली पर पहुँचकर भारत सरकार के विशेष बजट से बन रहे निर्माण कार्यो को जॉचा। उन्होने प्रगति की जानकारी लेते हुए प्रशासनिक एवं कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ, सीडीओ अतुल मिश्र एवं नगर पंचायत मगहर अधिशासी अधिकारी मगहर प्रभारी/अतिरिक्त उपजिलाधिकारी नवीन श्रीवास्तव एवं कार्यदायी संस्था से सम्बन्धित लोग उपस्थित रहे। उन्होने इस दौरान कबीर स्थली पर पहुँचकर माथा टेका तथा कबीर के विचारो को मीडिया से साझा किया। उन्होनें कहा कि कबीर अकादमी के बनने से देश ही नहीं विदेशों के विद्यार्थी शोध करने के लिए मगहर में आएंगे। जहां पर उनको कबीर के जीवन के बारे शोध करने के मदद मिलेगी। इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होनें एक सवाल के जवाब में कहाकि मगहर महोत्सव के आयोजन के बारे में नगर पंचायत मगहर के द्वारा पहले कोई जानकारी नहीं दी गई। उन्हें यहां पर आने पर पता चला की एक सप्ताह तक मगहर महोत्सव का आयोजन किया जाता है। जो स्थगित कर दिया गया है। पर्यटन मंत्री के आगमन पर नगर पंचायत मगहर अध्यक्षा श्रीमती संगीता वर्मा ने उनका स्वागत किया। इस दौरान चेयरमैन पति राजेश उर्फ गुड्डू वर्मा, महंत विचार दास, केशव दास, अरविंद दास शास्त्री, शान्ति दास पुजारी, राम शंकर यादव, सभासद सिब्तैन मुस्तफा, मेहदी हसन, टीएन वर्मा, मो असअद अंसारी, अत्रेश श्रीवास्तव सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी तथा स्थानीय सभ्रान्त नागरिक उपस्थित रहे।



जानकारी लेते पर्यटन मंत्री

● नगर पंचायत अध्यक्षा संगीता वर्मा ने पर्यटन मंत्री का किया स्वागत

## एपीओ ने रोजगार सेवकों के साथ की समीक्षा बैठक, दिया निर्देश

**सेमरियावां (संतकबीरनगर)।** बुधवार को ब्लॉक सभागार में एपीओ सूर्य प्रकाश चौधरी ने रोजगार सेवकों के साथ समीक्षा बैठक कर निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मनरेगा मजदूरों को सौ दिन का रोजगार मुहैया कराने के लिए निरंतर कार्यशैली में तेजी लाने के लिए कहा। साथ ही जीओ टैग कल तक पूर्ण करने और जाब चार्ट के तहत सौ दिन का रोजगार दिलाने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सौ दिन का रोजगार पूर्ण करने पर आवास, शादी सहित 17 योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को दिया जायेगा। बैठक में मानव सृजन दिवस की रिपोर्ट खराब होने पर सुधार लाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान राम सजीवन मिश्रा धरमपुरा गरथवलिया को अच्छा काम करने पर नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मो. अकरम, अली असगर, बृजेश यादव, विनोद कुमार, महेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र, सुबोध कांत, अनिल, विजय सिंह, राम सजीवन मिश्रा, शंकर स्वरूप त्रिपाठी, राज कुमार गुप्ता, आरफा खातून, आराधना गुलाबा मौर्या, सरमीला देवी आदि लोग मौजूद रहे।

# ओठघनपुर कला को देख गद्‌गद्‌ हुए केन्द्र के डायरेक्टर

संवाददाता। बस्ती

**स्वच्छ भारत** मिषन ग्रामीण के फेस दो के कार्यप्रगति और सर्वेक्षण को देखने के लिए भारत सरकार पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के क्यूसीआई के डायरेक्टर जुगल किषोर जोषी ने जिले के कई गांव को देखा। पहली बार किसी अधिकारी ने गांव का निरीक्षण प्रषासन के द्वारा चयनित नहीं बल्कि गांव का चयन खुद किया। रास्ते में वाहन रोक कर वह गांव वालों से स्वच्छता और गांव के विकास के बारे में जानकारी लेते देखे गए। एक गांव में वह देर सांय तक इस लिए रुक गए, ताकि वह देख सके कोई खुले में षौच करने तो नहीं जा रहा है। डायरेक्टर जब सदर ब्लॉक के ओठघनपुर कला गांव पहुंचे तो उन्हें वहां वह सब कुछ मिला जो वह चाहते थे। गांव की साफ-सफाई, षौचालय, सोक्ता पिट, सामुदायिक षौचालय और माडल प्राइमरी को देख, उन्होंने प्रधान राम तौल यादव की जमकर प्रषंसा की, जब उन्हें यह बताया कि इस गांव में मात्र दस लाख खर्च किया, और यह गांव विकास के मामले में नंबर एक हुआ तो वह और खुष हुए, और इसके लिए उन्होंने डीपीआरओ, बीडीओ, डीपीसी, सेक्रेटरी और एडीओ पंचायत को बधाई दी। बाद में प्राइमरी स्कूल में प्रधान की ओर से उन्हें अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर गांव वालों ने सम्मानित किया। गांव में कचरा और प्लास्टिक मुक्त होने के बारे में सफाई कर्मी सुषीला देवी ने बताया कि वह इसके लिए बराबर गांववालों को जागरुक करती रहती है, और कचरा एवं प्लास्टिक गांव के बाहर फेंकने की निरंतर सलाह देती रहती है। गांव के मूड़ाप्रबंधन से लेकर जल निकासी की खूब तारीफ की। डायरेक्टर ने सीडीओ के उस योजना की जमकर तारीफ की, जिसमें प्लास्टिक को इक्ठठा कर उसे बेचा जाता है, और धन को ग्राम निधि में जमा किया जाता है। उन्होंने जनपद अयोध्या के उस सोक्ता पिट को माडल के रुप में लेने की सलाह दी, जिसकी लागत आठ हजार है, और डम की तरह है। बताया कि इसकी रिचार्जिगं कैपाटीसिटी अधिक है। उन्होंने गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखने की निर्देष दिया। उन्होंने विकासखंड सदर के मदनपुर गांव, बहादुरपुर के पोखरनी एवं सेंधवां, मुस्तफाबाद सहित अन्य गांव कादौरा किया। अधिकतर निरीक्षण उन्होंने अकेले किया। अधिकारियों और कर्मचारियों को वह अपने साथ नहीं ले गए। इस दौरान डीपीआरओ विनय सिंह, डीसी मनरेगा इंद्रपाल सिंह, डीसी स्वच्छ भारत मिषन राजाषेर सिंह एवं विष्णु देव तिवारी सहित एडीओ पंचायत मौजूद रहे।



# जांच अधिकारी पर लगा जांच में हीलाहवाली करने का आरोप

संवाददाता। बस्ती

**अनियमितता की** जांच कराना षिकायतकर्त्ताओं के काफी कठिन हो रहा है। कार्रवाई कराना तो दूर की बात है, जांच हो जाए वही बड़ी बात है। हालत यह है कि थकहार कर लोग जांच कराने के लिए लोग कोर्ट का सहारा लेने को मजबूर हो रहे है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर भ्रष्टाचार का खात्मा होगा तो कैसे होगा? यही कारण है कि लोगों का विष्वास सरकारी तंत्र से उठता जा रहा है। यह दर्द विकास खंड सल्टौआ गोपालपुर के ग्राम घूरहूपुर निवासी परमात्मा प्रसाद का है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा गया ग्राम पंचायत में प्रधान और सेक्रेटरी के द्वारा किए गए घोटाले की जांच साक्ष्य के साथ प्रभारी मंत्री, डीएम और सीडीओ को षपथ-पत्र के साथ दे चुके है। अनषन करने तक की चेतावनी दी गई, मगर न तो जांच हुई और कार्रवाई हुई। जिस जिला आबकारी अधिकारी को जांच अधिकारी बनाया गया वह जांच करने में कोई रुचि नहीं ले रहे हैं। कहा कि मजबूर होकर भ्रष्टाचार को लेकर हाईकोर्ट में केस फाइल करना पड़ा। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में षिकायतकर्त्ता परमात्मा प्रसाद ने कहा कि पंचायती विभाग और ग्राम्य विकास विभाग में भ्रष्टाचार का काकस काम कर रहा है। यह काकस न सिर्फ भ्रष्टाचार कराने में मदद करता है, अपितु भ्रष्टाचारियों को बचाने में भी सहयोग कर रहा है। प्रत्येक ब्लॉकों में काकस सक्रिय है। ब्लॉक प्रषासन भी इन्हीं लोगों का सहयोग कर रहा है। यहां तक कि षिकायत को रददी की टोकरी में या तो डाल दिया जाता है, या फिर जांच को ही प्रभावित कर दिया जाता है। कहा कि जिले में जीरो टालरेंस के नाम पर हर विभाग में लूट मची हुई है। षिकायतकर्त्ता ने जांच न होने की दषा में भूख हड़ताल पर बैठने की बात कही है। वहीं जांच अधिकारी नवीन कुमार सिंह का कहना है कि उन्होंने बीडीओ को जांच की तिथि पर ग्राम पंचायत अधिकारी को अभिलेखों के साथ मौजूद रहने को लिखा है। षिकायतकर्त्ता का कहना है कि जांच अधिकारी निर्धारित तिथि पर जांच करने पहुंचे ही नहीं।

● सीएम को लिखे पत्र में शिकायकर्त्ता ने बयां किया अपना दर्द

● विकास खंड सल्टौआ गोपालपुर के ग्राम घूरहूपुर का मामला

# दो माह के अन्दर पूरा करायें सभी निर्माण कार्य: कमिश्नर

संवाददाता। संतकबीरनगर

**संत कबीर** की महापरिनिर्वाण पर चल रहे विकास कार्यों का मण्डलायुक्त बस्ती मंडल अनिल सागर मंगलवार देर शाम को निरीक्षण करने मगहर पहुंचे। इस दौरान निर्माणाधीन भवनों का स्थली निरीक्षण कर सम्बंधित कार्यदायी संस्था से जानकारी हासिल की। इसके साथ ही कार्य में तेजी लाने के साथ मार्च तक हर हाल में सभी कार्यों को पूर्ण करने को कहा। संत कबीर की महापरिनिर्वाण स्थली को विश्व पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने के लिए पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार ने स्वदेश दर्शन योजना में शामिल किया है। जिसके तहत कबीर चौरा परिसर में कबीर अकादमी, कबीर वीथिका, आर्ट गैलरी, ध्वनी एवं प्रकाश, घाटों का निर्माण, बेंच, नौकायन, सोलर लाईट, हाई मास्क लाईट, पार्क निर्माण, चहार दीवारी आदि का निर्माण कार्य करने की योजना में शामिल है। जिसमे कबीर अकादमी और हास्टल का निर्माण कार्य लगभग अस्सी प्रतिशत हो चुका है। जब कि कबीर वीथिका, आर्ट गैलरी, लाईट एंड साउंड सिस्टम, घाटों का निर्माण, पार्क, चार हाई मास्क लाईट, नावें, बेंच, डस्टबिन का कार्य अभी बाकी है। वहीं कैफेटएरिया, शौचालय, सोलर लाइट का कार्य पूरा किया जा चुका है। शेष कार्यों को किया जा रहा है। इस सम्बंध में मण्डलायुक्त अनिल सागर ने कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल, आवास विकास और वैप्कोश के लोगों से जानकारी लेने के साथ ही कार्य में देरी होने की वजह भी जाना उसके मार्च तक हर हाल में सभी कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस प्रशासन एवं कार्यदायी संस्था



# चुनाव नजदीक, आप सक्रिय

**संतकबीरनगर।** आम आदमी पार्टी, के गौरापार, मगहर तथा मोहम्मदपुर कठार में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ, जिसमे दिल्ली मॉडल टाउन विधायक व् पंचायत चुनाव प्रभारी अखिलेश पति त्रिपाठी व प्रदेश अध्यक्ष, छात्र युवा संघर्ष समिति वंशराज दूबे उपस्थित रहें। कार्यक्रम की शुरुवात जिलाअध्यक्ष, सीवाईएसएस संस्कार मिश्र व छात्रों की टीम द्वारा समय माता मंदिर, गोला बाजार, बैंक चौराहा, मोती चौराहा, डिग्री कॉलेज चौराहा, सरैया बायपास पर स्वागत कार्यक्रम होते हुए गौरापार गांव में गाँव-चौपाल का भव्य कार्यक्रम हुआ। जिसकी अध्यक्षता राम गोपाल तिवारी, डॉ0 अजय चौधरी, रामनाथ शर्मा, पंकज शर्मा द्वारा किया गया। गांव वालों को संबोधित करते हुए दिल्ली के मॉडल टाउन विधायक व पंचायत चुनाव प्रभारी अखिलेश पति त्रिपाठी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की ग्रामीण जनता भी अब प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार से ऊँब चुकी है। जिस प्रकार से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा पूरे दिल्ली प्रदेश में बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, बिजली-पानी, बेहतर सड़को पर काम किया गया है, उसी तर्ज पर अब आम आदमी पार्टी और आपके द्वारा चुने जाने वाले जनप्रतिनिधियों द्वारा उत्तर प्रदेश में भी विकास के कार्य किये जायेंगे। प्रत्येक ग्रामीण तक 200 यूनिट बिजली-पानी तथा घर-घर राशन की व्यवस्था की जाएगी। इसी क्रम में छात्र युवा संघर्ष समिति (सीवाईएसएस) के प्रदेश अध्यक्ष वंशराज दूबे ने ग्रामीणों व छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी छात्रों, नौजवानों तथा बेरोजगारों के लिए हर स्तर पर आगे बढ़ने तथा उनके सामने रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्धित है। आज ग्रामीणांचल में छात्रों-नौजवानों के लिए सबसे विकट समस्या जीवकोपार्जन की है, जिसके लिए आम आदमी पार्टी नए रोजगार का सृजन करेगी तथा छात्रों के हितों के लिए हमेशा संघर्षों पर खड़े रहने का कार्य आम आदमी पार्टी करती रहेगी।

# रोजगार मेले में युवाओं को सौंपा कम्पनियों का ऑफर लेटर

संवाददाता। बस्ती

**सेवायोजन कार्यालय** परिसर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। नरेन्द्र कुमार, संगीता कुमारी, धीरज कुमार, कुशुम, शुभम शर्मा, कल्पना, रजनीश, कंचन भारती, मनीषा, सुमन भारती सेविका को कम्पनियों द्वारा दिया गया आफर लेटर, भारत सरकार के कौशल विकास मिशन द्वारा प्रशिक्षित युवाओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए उनको प्रशिक्षित करने के साथ रोजगार मेला भी आयोजित कर रही है। भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने बताया कि 13 कम्पनियों द्वारा लगभग 2 हजार युवाओं को रोजगार रोजगार मेले में दिया जाएगा। बताया कि निकट भविष्य में पुनः रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। स्वामी विवेकानन्द का उल्लेख करते हुए कहा कि लक्ष्य प्राप्ति होने तक प्रयास करने का संकल्प ले। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक पुरूषोत्तम मिश्रा, प्रधानाचार्य आईटीआई पीके श्रीवास्तव, सहायक निदेशक सेवा योजन टीडी वर्मा,कौशल विकास मिशन के प्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



# फसल बीमा का क्लेम न मिलने से किसानों में मायूसी

संवाददाता। बस्ती

**फसल** बीमा के नाम पर किसानों के साथ लगातार धोखा किया जा रहा है। प्रीमियम की मोटी रकम जमा करने के बाद भी किसान ठगा महसूस कर रहा है। जब फसलो से नुकसान के बाद बीमा क्लेम की राषि पाने की बारी आती है तो किसान दर ब दर भटकने के बाद भी खाली हाथ रहता है। न तो उसे बीमा का क्लेम ही मिल पाता है और न ही नुकसान की भरपाई के लिए कोई सरकारी सहायता। बैक द्वारा किसानो की 5 एकड भूमि केकेसी लिमिट बनाई जाती है तो रवी या खरीफ में उससे 5 एकड भूमि का प्रीमियम ले लिया जाता है चाहे उसने गेंहू या धान की खेती 2 बीघा ही की हो।खरीफकी फसल में धान की खेती में किसानो को जल जमाव से हुए नुकसान पर फसल बीमा का लाभ नही मिल पाता है। जबकि प्राकृतिक आपदा की यदि बात करे तो बीमा अधिनियम में किसानो को बिजली से फसल जलने सहित कई मामलो के साथ जंगली जानवरो से हुए नुकसान पर भी बीमा राषि नही मिल पाती है।

वहीं जिला कृषि अधिकारी संजेष कुमार ने बताया कि जनपद में 2019-20 में रवी फसल के लिए 33260 किसानो की 28278 हेक्टेयर भूमि बीमित थी। जिसमें 17178 किसानों को लगभग 8 करोड से अधिक बीमा राषि मिली। अब तक जनपद में रवी फसल बीमा के लिए 38728 किसानों ने बीमा कराया है। कहा कि किसान यदि बीमा नही कराना चाहते है तो बैंक को प्रार्थना पत्र देकर बीमा राषि जमा करने से मुक्त हो सकते है। 1972 से अब तक फसल बीमा में कई बदलाब के बाद भी हालात यह है कि किसान अब भी नियमों के मकड़जाल में उलझे है। बहादुर ब्लाक के चंदो गांव के प्रगतिषील किसान चंदन सिंह ने बताया कि उन्होंने आईसीआईसीआई बैक से फसल बीमा कराया था। उनकी तैयार गेहूं की फसल में बिजली शार्टसर्किट से आग लग गई। फसल के नुकसान की भरपाई के लिए काफी भाग दौड किया, लेकिन उन्हे फसल बीमा का लाभ नही मिला। बैंक द्वारा यह कहा गया कि खलिहान में फसल जलने पर बीमा कम्पनी भुगतान कर पाएगी, खडी फसल जलने पर नही। प्रगतिषील किसान राम मूर्ति मिश्रा कहते है कि ज्यादातर किसान जानकारी के अभाव यह लिखकर नही दे पाते है,और हर फसल में यह कहां तक संभव है। किसानों का कहना है कि फसल बीमा के नाम पर प्रीमियम की धनराषि तो काट ली जाती है लेकिन जब फसल के नुकसान के भरपाई की बात आती है तो अनेक नियम कायदों के मकड़जाल में फंसा दिया जाता है।

## टीएसआई ने वाहनो से उतारा काली पन्नी

संवाददाता। संतकबीरनगर

**पुलिस अधीक्षक** डॉ0 कौस्तुभ के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी यातायात गयादत्त मिश्र के मार्गदर्शन में बुधवार को प्रभारी यातायात संतोष मिश्र के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने चार पहिया वाहनों पर लगे काली फिल्म के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया। अभियान के अन्तर्गत मेहदावल बाईपास पर यातायात पुलिस ने चार पहिया वाहनों पर लगे काली फिल्म को उतरवाया गया व मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गयी तथा भविष्य में वाहन स्वामियों को वाहन पर काली फिल्म ना लगाने की कड़ी चेतावनी दी गयी। प्रभारी यातायात द्वारा अभियान के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में भी जागरूक किया गया।

## क्विक न्यूज

### टीबी हारेगा देश जीतेगा अभियान के दूसरे चरण में मिले 183 रोगी

**सोनभद्र।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी हारेगा देश जीतेगा अभियान जनपद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा है। दूसरे चरण में चलाए गए अभियान के दौरान कुल 183 टीबी के रोगी पाए गए। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ बीके अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2025 तक टीबी रोग को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से जिले में टीबी हारेगा देश जीतेगा अभियान तीन चरणों में 26 दिसंबर से चलाया जा रहा है। दूसरे चरण का अभियान 2 जनवरी से 12 जनवरी तक चलाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जनपद के 89,826 घरों का भ्रमण कर 4,51,007 लोगों की स्क्रीनिंग किया जिसमें से 2686 संभावित टीबी लक्षण वाले व्यक्ति पाए गए। जांच के उपरांत कुल 183 टीबी के मरीज मिले जिनमें से 151 रोगियों का निशुल्क इलाज शुरू करा दिया गया है ।उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य टीम घर-घर जाकर लोगों को क्षय रोग तथा कोविड-19 संक्रमण से बचाव के लिए जहां लोगों को सुझाव दिया वहीं इसके प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया ।उन्होंने बताया कि जिले में 26 दिसंबर से 1 जनवरी 2021 तक प्रथम चरण का अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान टीबी का कोई रोगी नहीं पाया गया था। तीसरे चरण का अभियान 13 जनवरी से चलाया जा रहा है जो 25 जनवरी तक चलेगा। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को 2 हफ्ते से ज्यादा खांसी आ रही हो और खांसते समय खून आता हो, सीने में दर्द व बुखार आता हो तथा वजन कम होने की शिकायत हो तो वे तत्काल अपने बलगम की जांच जरूर कराएं।

### कोटेदार पर कालाबाजारी का मुकदमा हुआ दर्ज

**बीजपुर/सोनभद्र।** मंगलवार की सायं आपूर्ति निरीक्षक म्योरपुर राम लाल यादव ने बीजपुर सरकारी सस्ते गल्ले के दुकानदार प्रेमचंद्र गुप्ता के बिरुद्ध तहरीर देकर आवश्यक वस्तु अधिनियम कालाबाजारी करने का मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक बीजपुर श्याम बहादुर यादव ने बताया कि आपूर्ति निरीक्षक म्योरपुर को शिकायत मिली थी कि बीजपुर के कोटेदार प्रेमचन्द गुप्ता के 35 कार्ड धारकों का ओ टी पी एक ही मोबाईल पर आ रहा था। जब इस मामले की गम्भीरता से जाँच की गई तो सात कार्ड धारक मौके पर मिले जबकि शेष 28 मौके पर नही मिले।जाँच में दोष सिद्ध होने पर आपूर्ति निरीक्षक म्योरपुर श्री यादव ने तहरीर देकर दुकानदार के बिरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 पंजीकृत कर दोषी कोटेदार के बिरुद्ध कार्रवाई में जुट गई। आपूर्ति निरीक्षक के इस कार्रवाई की जानकारी होने पर अन्य क्षेत्रीय कोटेदारों में हड़कम्प मच गया है। इस बाबत जब आपूर्ति निरीक्षक म्योरपुर श्री यादव से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि प्रॉक्सी के तहत तारीख 25 के बाद अंगूठा नही लगने वाले कार्ड धारकों को रजिस्टर में लिखकर बितरण करना है उसमें कोटेदार श्री गुप्ता द्वारा धांधली की गई थी।

### रिहंद स्टेशन को मिला एनर्जी कंजर्वेसन पुरस्कार

**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन को 30वां नेशनल एनर्जि कंजर्वेसन अवार्ड के तहत ब्युरो ऑफएनर्जि एफीश्यंसी के द्वारा सर्टिफिकेट ऑफमेरिट इन थर्मल पावर प्लांट सैक्टर प्राप्त हुआ यह पुरस्कार वर्ष 2020 के लिए रिहंद स्टेशन को प्राप्त हुआ है जिसे कार्यकारी निदेशक रिहंद बालाजी आयंगर ने वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण सोमवार को एम एस टीम द्वारा प्राप्त किया इस पुरस्कार की उपलब्धि पर कार्यकारी निदेशक श्री आयंगर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये रिहंद स्टेशन के कर्मचारियों को बधाई दी।

### रुद्राभिषेक व भूमि पूजन आज

**सोनभद्र।** जनपद मुख्यालय स्थित शीतला माता मंदिर के बगल में भगवान शिव के मंदिर के जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण को लेकर 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन भूमि पूजन व भंडारे का आयोजन किया गया है उक्त आशय की जानकारी देते हुए महादेव मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी सचिन कुमार गुप्ता मोनू ने बताया कि उत्तर मोहाल सब्जी मंडी वार्ड नंबर 5 शीतला मंदिर के पास मेन रोड पर स्थित भगवान शंकर मंदिर के जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण को लेकर 14 जनवरी गुरुवार मकर संक्रांति के दिन को प्रातः रुद्राभिषेक के पश्चात भगवान शिव के मंदिर के निर्माण को लेकर नीव भूमि पूजन किया जाएगा।

### राकेश कुमार मिश्र मीरा देवी इंटर कालेज बोर्ड परीक्षा केन्द्र के लिए प्रतिबंधित

**बस्ती।** राकेष कुमार मिश्र मीरा देवी इंटर कालेज केवटली को तीन वर्ष तक परीक्षा केन्द्र बनाने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। साथ ही वर्ष 2020 की परीक्षा में केन्द्र व्यवस्थापक और कक्ष निरीक्षकों को भी माध्यमिक षिक्षा परिषद के सभी पारिश्रमिक कार्यो के लिए तीन वर्ष तक आमंत्रित न करने का आदेष दिया गया है। माध्यमिक षिक्षा परिषद सचिव प्रयागराज की ओर से कालेज के केन्द्र व्यवस्थापक/ प्रधानाचार्य को भी परीक्षा समिति के इस निर्णय से अवगत कराया गया है। बता दें कि वर्ष 2020 की बोर्ड परीक्षा में केन्द्र बनाए गए राकेष कुमार मिश्र मीरा देवी इंटर कालेज केवटली में इंटरमीडिएट अर्थषास्त्र संकेताक 329 का लिफाफा निर्धारित तिथि से पूर्व खोल दिया गया था।

# मण्डलायुक्त ने विकास प्राथमिकता वाले कार्यकमों के प्रगति की समीक्षा की

संवाददाता। मीरजापुर

**आयुक्त विन्ध्याचल** मण्डल , श्रीमती प्रीति शुक्ला एवं आई0जी0 श्री पीयूष श्रीवास्तव ने आज आयुक्त कार्यालय के सभागार में मण्डल के तीनों जनपदों यथा. मीरजापुर, सोनभद्र एवं भदोही जिलों के जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सहित मण्डलीय अधिकारियों के साथ बैठक कर शासन की 37 बिन्दु विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों से सम्बन्धित कराये जा रहे कार्यो की प्रगति, कर एवं करेत्तर, मुख्य देय व राजस्व वसूली तथा कानून व्यवस्थाओं से सम्बंधित प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गयीं ।बैठक मण्डलायुक्त द्वारा आत्म निर्भर भारत अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में बनाये जा रहे सामुदायिक शौलचालयों एवं पंचायत भवनों की समीक्षा के दौरान उप निदेशक पंचायती राज को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन सभी सामुदायिक शौचालयों एवं पंचायत भवनों के कार्यो में तेजी लाते कार्य को पूर्ण कराया जाए उन्होंने कहा कि सम्बंधित विभाग के अधिकारी कार्य कही गुणवत्ता की जॉच समय.समय पर करें, यदि कहीं गुणवत्ता खराब पायी जाती है तो सम्बंधित विभाग के अधिकारी कों जिम्मेदार मानते हुये कायर्ध्वाही की जायेगीं इसि प्रकार कायाकल्प योजना के सभी विद्यालयों को आच्छादित करने का निर्देश दिया गयां आयुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योयजना ष्शहरी एवं ग्रामीण की समीक्षा के दौरान कहा कि प्राप्त धनराशि के सापेक्ष लाभार्थियों को द्धितीय व तृतीय किशत दिया जाये तथा निर्माणधीन आवासों को पूर्ण करायें । उनहोंने विद्यत विभागी की समीक्षा के दौरान सभी सरकारी विभगीय अधिकारियों को निर्देशित किया विभाग में लम्मित विजली बकाया बिलों को तत्काल जमा करान सुनिष्चित करायें यदि विभाग के धनराधि न हो तो अपने विभाग से पत्राचार करारक धनराशि की मांग अवश्य कर लें। नर्द सडकों के निर्माण व अनुरक्षण में जनपद भदोही की प्रगति कम होने अधीक्षण अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि कार्य में तेजी लायें जिस पर जिलाधिकारी भदोही के द्वारा अवगत कराया गया कि धनराशि प्राप्त न होने के कारण प्रगति है धनराशि की मांग के जिये पत्राचार किया गया हे। इसी प्रकार राज्य मार्गो के अनुरक्ष में जनपद सोनभद्र की प्रगति बतायी गयीं निराश्रित गांवंश आश्रय स्थलों की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने कहा कि आश्रयों में रह रहे सभी पशुओं का इयर टैगिंग शत प्रतिशत करायें। आयुक्त द्वारा 50 लाख से उपर के निर्माण कार्यो की समीक्षा के दोरान सभी जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो की गुणवत्ता की जांच के लिये स्थलीय निरीक्षण करें तथा टीम गठित कर गुणवत्ता की जॉच करायी जाय तथा जॉच टीम सत्यापन के बाद रिपोर्ट सम्बंधित जिलाधिकारी व मण्डलायुक्त के कार्यालय में समय से उपलब्ध करायें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान आयुक्त द्वारा आगामी 16 जनवरी को कोविड वैक्सीन लगाने की सभी तैयारियों पर जनपदवार समीक्षा की तथा कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न होने पायें। वैक्सीन के रख.रखव सभी केन्द्रों पर पहुँचाने के लिये सभी तैयारियों पूर्व में ही कर ली जाये। उन्होंने यह भी कह कि प्रथम चरण में जिसे वैक्सीन का टीककरण किया जाना है उन सभी का रजिस्ट्रेशन हुआ हो। आयुक्त द्वारा मनरेगा, अमृत योजना, पेयजल योजना, सेतु निगम, पेंशन, छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला की भी समीक्षा की गयी। मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के लिये कहा कि गोल्डेन कार्ड आरोग्य स्वास्थ्य के दौरान भी बनाया जाये। समीक्षा के दौरान शादी अनुदान, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अभ्यिन, रिक्त दुकानों का आवंटन, वृक्षारोपण की तैयारी, श्रम मानधन योजना, सहित नहरों में टेल तक पानी पहुँचाला, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, चिकित्सकों की उपलब्धत, आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, दवाओं की उपलब्धता, हैण्डपम्पों का रीबोर, अपशिष्ट प्रबन्धन, स्वच्छ भारत मिशन, कन्या सुंगला योजना, सहित सभी बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी तथा प्रगति लाने का निर्देश दिया गया।

# 13 व्यक्तियों पर गुण्डा एक्ट के तहत जिला बदर की हुई कार्रवाई

संवाददाता। सोनभद्र

**अपर जिला** मजिस्ट्रेट योगेन्द्र बहादुर सिंह ने जिले के अमन व चैन कायम रखने के लिए जिले के 13 व्यक्तियों को गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही कर 6 महीने के लिए जिला बदर कर दिया है। सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के थाना विढंमगंज क्षेत्र के गोइठा निवासी संजय कुमार पुत्र श्रवण कुमार थाना घोरावल क्षेत्र के हरनखुरी निवासी कमलेश पाल पुत्र तौलन पाल थाना बीजपुर क्षेत्र के अंजानी निवासी सुरेश अगरिया पुत्र सोमशाह थाना बीजपुर क्षेत्र के अंजानी निवासी दिनेश अगरिया पुत्र सोमशाह थाना अनपरा क्षेत्र के डिबुलगंज वार्ड न015 निवासी छोटू उर्फ सुल्तान खॉ पुत्र अयाबू खॉ थाना ओबरा क्षेत्र के चकाडी निवासी मुलायम यादव पुत्र जगदीश यादव थाना करमा क्षेत्र के पतेरी निवासी संतोष कुमार सिंह पुत्र रामगहन थाना ओबरा क्षेत्र के बिल्ली मारकुण्डी निवासी प्रदीप पुत्र धरमजीत प्रजापति, थाना चोपन क्षेत्र के चोपन बैरियर निवासी सोनू उर्फ रसीद पुत्र सकिर अली थाना चोपन क्षेत्र के घटाईडण्डी कोटा निवासी मुन्ना पुत्र ब्रजपाल थाना जुगैल क्षेत्र के जुगैल निवासी हीरालाल खरवार पुत्र तुलसीदास थाना शक्तिनगर क्षेत्र के शक्तिनगर बस स्टैण्ड निवासी विशाल मिश्रा उर्फ वृषकेतु पुत्र दुखेश्वर मिश्रा तथा थाना शक्तिनगर क्षेत्र के शक्तिनगर बस स्टैण्ड निवासी राजकुमार मिश्रा पुत्र दुखेश्वर मिश्रा को 6 महीने के लिए जिला बदर किया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने कहा है कि अवांछनीय कार्य करने और गुण्डा होने की जानकारी मिलने पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही जारी रहेगी।



# आधुनिक भारत के रचनाकार हैं विवेकानन्दः विधायक

संवाददाता। जौनपुर



**कलकत्ता** में जन्मे विवेकानंद जी रामकृष्ण परमहंस को अपना गुरु मानते थे। हिंदुत्व की जो व्याख्या विवेकानंद जी ने शिकागो में की, उससे पूरी दुनिया में सनातन धर्म का परचम लहराया। युवाओं को उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उपरोक्त बातें कैंट (वाराणसी) से विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जौनपुर द्वारा नगर के बीआरपी इण्टर कालेज के सभागार में आयोजित स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने कहा कि स्वामी जी कायस्थ समाज के मार्गदर्शक व प्रेरणास्रोत हैं। उनके बताए रास्ते पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि उठो चलो, चलते रहो, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाय। युवा जिलाध्यक्ष संजय अस्थाना ने विवेकानंद जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए उनसे जुड़े कई प्रसंग बताये। साथ ही साथी युवाओं को महासभा से जुड़ने का आह्वान भी किया। इसके पहले कार्यक्रम की शुरुआत भगवान चित्रगुप्त व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित से हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि डा. अशोक अस्थाना, कायस्थ नेता आरुणि चन्द्र सिन्हाए युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने स्वामी जी के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही डा. सुभाष चन्द्र सिंह, डा, इंद्रसेन श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, आंनद मोहन श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव आदि ने स्वामी जी के जीवन पर प्रकाश डाला।

# अवैध कब्जों के निस्तारण के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स गठित

संवाददाता। देवरिया

**जिलाधिकारी** अमित किशोर ने बताया है कि शासकीय एवं निजी भूमियों पर अवैध कब्जे के संबंध में विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई एवं कार्रवाई का विवरण पोर्टल पर अंकित किये जाने के लिए एक टास्क फोर्स गठन का निर्देश शासन द्वारा दिया गया है। इस संबंध में तहसील स्तर पर भी एक तहसील स्तरीय टास्क फोर्स का गठन कर चिन्हित अतिक्रमण, अवैध कब्जे के संबंध में प्राप्त शिकायतों पर निस्तारण व कब्जा हटाने के संबध में की जाने वाली कार्रवाई की समीक्षा भी जिला स्तरीय टास्क फोर्स को किये जाने तथा प्रत्येक माह में अपनी आख्या मण्डल स्तरीय टास्क फोर्स को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश द्वारा दिये गये है। यह भी निर्देश दिया गया है कि तहसील स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा जिन अवैध कब्जों पर कब्जा नहीं हटाया जा सका है उसके संबंध में विशिष्ट कारणों की गहन समीक्षा कर सम्यक निर्णय लेते हुए बिन्दुवार आवश्यक कार्रवाई का निर्देश भी तहसील स्तरीय टास्क फोर्स को दिया जाए। जिलाधिकारी ने बताया है कि शासन के इस निर्देश के क्रम में मेरी अध्यक्षता में जनपद स्तरीय एंटी भू माफिया टास्क फोर्स का गठन किया गया है, जिसमें पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, अधीक्षण अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, प्रभागीय वनाधिकारीए अधीक्षण अभियन्ता सिंचाई, जनपद के समस्त अधिशासी अधिकारी स्थानीय निकाय, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को सदस्य नामित किया गया है।

# महामारी के चलते मृतक आश्रितों के भविष्य पर लटकी तलवार

## बीटीसी आवेदन को लेकर अभी तक कोई सूचना नहीं हुई जारी कई अभ्यर्थियों के पास बचा है मात्र दो साल का समय

संवाददाता। जौनपुर

**कोविड**-19 की महामारी का पूरी दुनिया पर असर रहा है। इसकी त्रासदी झेल रहे लोगों को सही स्थिति में आने में काफी समय लगेगा। इन सभी स्थितियों से बेसिक शिक्षा विभाग में मृतक आश्रित पद पर नौकरी पाने वालों के भविष्य पर खतरा मंडराने लगा है। कई अभ्यर्थी काफी दिनों से बीटीसी के आवेदन पत्र आने का इंतजार कर रहे हैं। सरकार की ओर से अभी तक इस दिशा में कोई सूचना जारी नहीं की गई है। सूचना मिलने की स्थिति में आवेदक परेशान है। सही सूचना के अभाव में अभ्यर्थी इधर उधर भटक रहे हैं। गौरतलब है कि पूर्व में बेसिक शिक्षा विभाग में स्नातक मृतक आश्रितों को अनट्रेंड टीचर के रूप में नौकरी दे दी जाती थी। बाद में उनको पत्राचार या अन्य माध्यमों से बीटीसी और दूसरे प्रकार के शिक्षक प्रशिक्षण लेने की अनुमति दे दी जाती थी। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उनको नियमित शिक्षक या क्लर्क के रूप में नियुक्त कर दिया जाता था। हालांकि कुछ समय बाद नियमों में बदलाव कर दिया गया और मृतक आश्रितों को चपरासी के पद पर नियुक्ति दी जा रही है। नए नियमों के मुताबिक ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट होने के बावजूद उनको चपरासी के पद पर ही नौकरी मिल रही है। मृतक आश्रित पद पर नियुक्ति का लाभ अभ्यर्थी को एक ही बार मिलता है। स्थिति मेंकी नौकरी कोटे के अंतर्गत नहीं मिल पाती है। दुखद बात यह है कि कुछ महिलाएं और लड़कियां भी ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट हैए उनको भी मजबूरी में चपरासी के पद पर नौकरी करनी पड़ेगी। उत्तर प्रदेश में कई ऐसे मृतक आश्रित हैं जिनके पास सरकार द्वारा तय समय के अनुसार बीएड और बीटीसी का कोर्स पूरा होते ही उनका समय खत्म हो जाएगा। मृतक आश्रित को पद पर नियुक्ति देने के लिए पांच साल का समय देती है। के कारण वे समय पर बीटीसी नहीं कर पाए हैं। पेंशन या दूसरे अन्य आर्थिक संसाधन उपलब्ध होने के बाद अब वे बीएड और बीटीसी करने की स्थिति में है। महामारी के चलते अभी तक बीटीसी का आवेदन पत्र निकल नहीं पाया है। ऐसी स्थिति में कई अभ्यर्थी असमंजस की स्थिति में है और उनके भविष्य पर खतरा मंडराने लगा है। एक महिला अभ्यर्थी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मेरे पिता बेसिक शिक्षा विभाग में अध्यापक थे।

# किसान बिल की प्रति जलाकर महासभा ने जताया विरोध

सकलडीहा (**चन्दौली**)। केन्द्र और प्रदेश सरकार किसान बिल को किसान हित में कह रही है, लेकिन विभिन्न किसान संगठन मानने को तैयार नही है। बुधवार को भाकियू और अखिल भारतीय किसान महासभा तहसील मुख्यालय पर भारत सरकार द्वारा जारी किसान बिल की तीन प्रति जलाकर विरोध जताया। इस दौरान किसान बिल को रद्द करने की मांग किया।

वक्ताओं ने आरोप लगाया कि किसान बिल के खिलाफ 50 दिनों से ठंड के मौसम में धरना पर बैठे हुए ह, लेकिन केन्द्र की तानाशाही सरकार किसान बिल को वापस करने के बजाय किसानों को मारने पर तुली है। प्रदेश सरकार जगह जगह भाजपा की किसान गोष्ठी कराकर वाहवाही लूट रही है। राष्ट्रीय आवाहन पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक दल और अखिल भारतीय किसान महासभा तहसील मुख्यालय गेट पर किसान बिल की तीन तीन प्रति जलाकर विरोध जताया।

# राज्य मंत्री ने जरूरतमंदों को वितरित किया कंबल

संवाददाता। देवरिया



**मकर** संक्रांति की पूर्व संध्या पर राज्य मंत्री जयप्रकाश निषाद ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लक्ष्मीपुर स्थित अपने आवास पर सहभोज आयोजित कर जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किया। इस समारोह को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अजय नारायन ने कहा कि अपने जीवन में खुशियों के पल का लोग कई प्रकार से आनंद उठाते हैं। कोई सेवा के कार्य से तो कोई अपनों के साथ मिल बैठ कर किसी ना किसी रूप से आनंदित होने वाले कार्य कर खुशी बांटता है। उसी कड़ी में आज हम सभी ने सहभोज के सहित निर्धन एवं असहायों को कम्बल वितरण कर अपनों के साथ इस शुभ अवसर के भागी बने। इस नेक और सराहनीय कार्य के लिये आयोजकगण को मैं साधुवाद देता हूं। राज्य मंत्री जयप्रकाश निषाद ने कहा कि ईश्वर ने मानव जीवन परोपकार कार्य हेतु पिछले जन्म के पुण्य कार्य के प्रतिफल में दिया है।हमें किसी ना किसी खुशी के अवसर पर गरीब और असहाय लोगों की सेवा कर अपने खुशी को व्यक्त करना चाहिए। मानवीय संवेदना को प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में धारण कर ले तो सम्पूर्ण जगत खुशहाल जीवन व्यतीत कर सकता है। कम्बल वितरण के समय डा. अजयमणि त्रिपाठी, वीरेन्द्र, कृष्णानाथ राय, विश्वविजय निषाद, जितेंद्र गुप्ता, महेश मणि, अम्बिकेश पाण्डेय, नवीन सिंह, मारकंडेय तिवारी, रामशंकर निषाद, कर्मवीर सिंह सोलंकी, अनिरुद्ध चौधरी आदि मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से बालक की मौत

संवाददाता। सिद्धार्थ नगर

**बुधवार** को सुबह बांसी डुमरियागंज मुख्य मार्ग पर स्थित मिठवल चौराहे पर साइकिल से दूध लेकर जा रहे दो बालक सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गए। जिससे एक बालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना बुधवार सुबह लगभग नौ बजे के आसपास की है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पाला निवासी बालकेश का 14 बर्षीय पुत्र धर्मेन्द्र अपने साथी शमशाद पुत्र फ्जलुर्रहमान (13 वर्ष) के साथ बुधवार की सुबह लगभग नौ बजे साइकिल से मिठवल चौराहे की एक दुकान पर दूध बेचने के लिए लेकर जा रहा था कि सामने से भूसी लेकर आ रही ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गए। ट्रैक्टर की चपेट में आने से धर्मेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शमशाद गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में पहुंचे परिजन शमसाद को इलाज के लिए प्रास्वा केंद्र बांसी ले गये जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए इलाज़ के लिए चिकित्साधिकारी ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया।

## राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति कार्यालय का हुआ उदघाटन

**सिद्धार्थनगर।** बांसी क्षेत्र के बहादुरगंज चौराहे से श्री राम भक्तों की रैली बांसी के लिए निकाली गई। इस रैली का आयोजन युवा समाजसेवी चित्रांश प्रत्युष अमर गोल्हौरा द्वारा आयोजित किया गया। रैली में सैकड़ों मोटरसाइकिल सवार श्री रामभक्तों ने भाग लिया और वें श्री राम के नारों का उदघोष करते हुए गाजे बाजे के साथ बांसी में श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति कार्यालय के उदघाटन समारोह में पहुँचे।

# इंस्पायर अवार्ड में चयनित बच्चों को किया गया सम्मानित



संवाददाता। देवरिया

**विकास** भवन स्थित गांधी सभागार में इंस्पायर अवार्ड हेतु चयनित बच्चों तथा कायाकल्प, बाला पेंटिंग व आईसीटी से लेकर विभिन्न शिक्षण विधाओं में बेहतर कार्य करने शिक्षकों को मुख्य विकास अधिकारी ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इंस्पायर अवार्ड में चयनित 11 बच्चों में आठ बच्चे परिषदीय स्कूलों से हैं जो एक अच्छा संकेत है। लॉकडाउन में बच्चों ने घर पर कड़ी मेहनत करके अपने मॉडल को इंस्पायर अवार्ड में स्थान दिलाया ये गौरव की बात है। इनके गाइड शिक्षकों ने भी बच्चों में वैज्ञानिक विचार व दृष्टिकोण विकसित कर उन्हें अच्छे प्रदर्शन के लिए तैयार किया है। अच्छे कार्य करने वाले लोगों को प्रशासन सम्मानित करेगा। बीएसए संतोष कुमार राय ने कहा कि आपरेशन कायाकल्प, बाला पेंटिंग व आईसीटी तकनीक पर जनपद में बेहतर कार्य हो रहा है। इसमें बेहतर उदाहरण प्रस्तुत करने वाले शिक्षकों को विभाग प्रोत्साहित करेगा। जीआईसी के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने बच्चों को लगन व मेहनत से कार्य करने को प्रेरित किया। सम्मानित होने वालों में पूर्व माध्यमिक विद्यालय योगीराजपुर के छात्र सुजीत कुमार व गाइड टीचर अभिजीत शुक्ला, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सांडा की छात्रा मुस्कान व गाइड टीचर प्रीति दुबे, पूर्व माध्यमिक विद्यालय वंशहिया राज मद्देशिया तथा गाइड टीचर वंदना सिंह, पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरवलिया की निधि विश्वकर्मा व गाइड टीचर रमेन्द्र सिंह, पूर्व माध्यमिक विद्यालय संहवा की आलिया व गाइड टीचर खुर्शीद अहमदए पूर्व माध्यमिक विद्यालय चैनपुर की अपर्णा ओझा गाइड टीचर विश्वजीत पटेल, कंपोजिट स्कूल हरैया अभिषेक राजभर तथा गाइड टीचर गोपालजी मिश्र, पूर्व माध्यमिक विद्यालय करमेल विजय कुमार तथा गाइड टीचर जीरामती, कुमकुम रावत तथा गाइड टीचर विनोद कुमार सिंहए मनीषा कांडू तथा विनीत कुशवाहा गाइड टीचर सत्येंद्र प्रसाद कुशवाहा आदि को सम्मानित किया गया।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान



संवाददाता। मऊ

**स्थानीय** मुन्नी देवी सरस्वती विद्या मंदिर बड़ा पोखरा के सभागार में आयोजित स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह की अध्यक्षता करते हुए रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ. एचएन सिंह ने कहा कि युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों एवं विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। इसके बिना राष्ट्र का उत्थान संभव नहीं है। यहां श्री सिंह ने जयंती समारोह में छात्र छात्राओं को पठन-पाठन एवं खाद्य सामग्री वितरित करने के बाद आयोजित सभा में बोल रहे थे। श्री सिंह ने कहा कि मौजूदा समय में स्वामी जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। कहा कि स्वामी विवेकानंद दाम गरीबों की सहायता करने को सेवा कहते थे, उसे दान कहना अनुचित मानते थे। विशिष्ट अतिथि रोटरी क्लब के सचिव प्रदीप सिंह ने कहा कि बच्चों को आज से ही अपने लक्ष्य निर्धारित कर लेना चाहिए और उसके लिए सतत प्रयास करना चाहिएए तभी मुकाम की प्राप्ति संभव है। इससे ही राष्ट्र की उन्नति होगी युवाओं के बल पर राष्ट्र के निर्माण की आधारशिला टिकी हुई है। वरिष्ठ रोटेरियन डॉ पी के गुप्ता ने कहा कि स्वामी विवेकानंद सदैव शिक्षित होने पर बल देते रहे नतीजा है कि समूचा विश्व उनके बताए रास्ते पर चलने के लिए अग्रसर है। उपाध्यक्ष डॉक्टर असगर अली ने कहा कि बच्चों को समय.समय पर प्रोत्साहन मिलना चाहिए तभी उनका विकास हो पाता है। पूर्व सचिव रोटेरियन अजीत सिंह ने बच्चों को उच्च शिक्षा प्राथमिकता के तौर पर दिलाने का आहवान किया।

# सैकड़ों लाभार्थियों को पीएम सीएम आवास का आवंटन पत्र सौंपा

धानापुर (**चन्दौली**)। किसान कल्याण मिशन के अंतर्गत बुधवार को ब्लॉक परिसर में बृहद किसान मेले का आयोजन किया गया। जिसमें अलग अलग विभाग से जुड़े अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को खेती बाड़ी के गुर सिखाए। किसान मेला का शुभारंभ सैयदराजा विधायक सुशील सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने सैकड़ों लाभार्थियों को पीएम एवं सीएम आवास का प्रमाणपत्र का वितरण किया। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के छह साल के कार्यकाल में देश की जो प्रगति हुई है, उसने विपक्ष को मुद्दा विहीन कर दिया।

श्री सिंह ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर घर मे शौचालय का निर्माण हुआ। लेकिन सर्वांगीण विकास के लिए किसी भी सरकार को पर्याप्त समय चाहिए होता है, लेकिन जनता को कत्तई चिंतित होने की जरूरत नहीं है।

# शहीद पार्क में टीन शेड का किया गया लोकार्पण



**धानापुर/चन्दौली।** कस्बा स्थित शहीद पार्क के प्रांगड़ में जिला पंचायत द्वारा निर्मित टीन शेड का लोकार्पण बुद्धवार को जिला पंचायत अध्यक्ष सरिता सिंह ने किया। बताया जाता है कि शहीद स्मारक समिति की मांग पर जिला पंचायत सदस्य राजेश यादव द्वारा स्वीकृत कराकर टीन शेड निर्माण का कार्य कराया गया। सरिता सिंह ने फीता काटकर शेड का लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छात्रबली सिंहए पूर्व प्रमुख्य देवेंद्र प्रताप सिंहए कमलाकांत मिश्राए राधेश्याम सिंहए मृत्युंजय सिंहए श्यामलाल बर्मनए शाहआलम खानए सुरेश सिंहए मृत्युंजय सिंहए अनिल यादवए अध्यक्षता डॉ नरेंद्रदेव शर्मा एवं संचालन जिला पंचायत सदस्य राजेश यादव ने किया।

## विधायक ने उर्वरक गोदाम बनाने का दिया आश्वासन

**धानापुर/चन्दौली।** सैयदराजा विधायक सुशील सिंह ने बुधवार को ब्लॉक परिसर में रखे 80 अलग अलग गांवो में निर्मित सामुदायिक शौचालय के शिलापट्ट का लोकार्पण किया। इस बीच किसान मृत्युंजय सिंह की मांग पर उन्होंने कस्बे में खाद गोदाम के निर्माण के लिए एडीओ सहकारिता संजीव सिंह से जानकारी लिया। और किसानों को इसके जल्द निर्माण का भरोसा दिलाया।

# अधिवक्ता परिषद् ने मनाया युवा दिवस

संवाददाता। गाजीपुर

**अधिवक्ता** परिषद उत्तर प्रदेश गाजीपुर इकाई ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री अमित देव के गीत से किया गया। वक्ता के रूप में सह विभाग कार्यवाह आनंद ने विवेकानंद जी के जीवन वृत्त पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि विवेकानंद जी एवं उनके पिताजी के बीच में विपरीत ध्रुव जैसा संबंध था इनके पिता पाश्चात्य शैली के तथा स्वामी विवेकानंद जी अपनी संस्कृति से लगाव रखने वाले व्यक्ति थे। काशी प्रांत के कार्यकारिणी सदस्य दीनानाथ ने कहा की स्वामी जी चरित्र के बहुत ऊंचे थे भगिनी निवेदिता के प्रणय निवेदन को स्वामी जी ने दृढ़ता से इंकार कर दियाए बाद में भगिनी निवेदिता स्वामी जी की परम भक्त बन गई उनके विचारों का प्रचार.प्रसार किया। मुख्य अतिथि प्रवीण सिंह जी ने भी विस्तार से स्वामी जी के बारे में बताया।

# युवा धर्म व संस्कृति से ग्रहण करें प्रेरणाः डॉ. नम्रता




संवाददाता। मऊ

**नगर** क्षेत्र के गाजीपुर तिराहा स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारम्भ स्वामी विवेकानंद व मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त होम्योपैथिक चिकित्सक डा. हवलदार सिंह सिसोदिया ने कहा कि आज के दौर में युवाओं को अपने धर्म व संस्कृति से भी अधिक से अधिक प्रेरणा लेने की जरुरत है। जिससे युवा राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन कर सके। वरिष्ठ होम्योपैथ चिकित्सक डॉण् अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने की जरुरत है। स्वामी जी का पूरा जीवन राष्ट्र के सम्पूर्ण विकास पर ही केन्द्रीय रहा है। कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है इसलिए हमें इस संसार में जो भी जीवात्मा है चाहे वह मनुष्य हो पशु पक्षियों पेड़ पौधे हो उन सब के प्रति कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए क्योंकि उनके बगैर जीवन असंभव है। जिला संयुक्त चिकित्सालय की होम्योपैथ चिकित्साधिकारी डॉण् नम्रता श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में विज्ञान के साथ ही अध्यात्म की भी काफी अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति सबसे प्राचीन व प्रेरणादायी संस्कृति है। इसलिए युवाओं को अपनी भारतीय संस्कृति व परम्परा को कायम रखने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि छोटी.छोटी घटनाओं से बड़े.बड़े सीख हमें मिलते हैं हमें हर उस छोटी से छोटी अच्छी बात को अपनी जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए।

# डीएम से शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार पर नकेल कसने की लगाई गुहार

## मांगों पर ध्यान नहीं देने पर आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता। गाजीपुर

**माध्यमिक** शिक्षक संघ (शर्मा गुट) जिला इकाई के तत्वावधान में शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह से मुलाकात कर शिक्षा विभाग कार्यालय में फैले भ्रष्टाचार पर नकेल कसने की गुहार लगाई।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल पदाधिकारियों का कहना है कि शिक्षकों और कर्मचारियों को परेशान कर धन उगाही होती है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने संगठन की बात सुनी और जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा अध्यापकों व कर्मचारियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक से लेने का आदेश निर्गत किया गया है। जिसे कोरोना महामारी के कारण वैक्सीन लगने तक इस पर रोक लगा दी जाए।

क्योंकि विभिन्न स्थानों से चलकर आए शिक्षकों कर्मचारियों एवं छात्रों के बीच बायोमेट्रिक लगने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है और विसंगतियां उत्पन्न हो सकती है। साथ ही विदित हो कि वाराणसी मंडल के अधिकतर जिलों में बायोमेट्रिक हाजिरी नहीं लग रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में अधिकारियों की सहमति से शिक्षकों, कर्मचारियों के समस्याओं का निस्तारण में विलम्ब करके धन उगाही की जा रही है। जिससे शिक्षक त्रस्त और क्षुब्ध है। साथ ही अधिकारियों के सह पर प्रबंधकों द्वारा प्रधानाचार्यों को दबाव में लेकर शिक्षकों व कर्मचारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है और भारी धनराशि लेकर गलत तरीके से मामलों का निस्तारण किया जा रहा है। इसका जीता जा करा इसका जीता जागता उदाहरण महावीर इंटर कॉलेज मलिकपुरा के शिक्षक शिव कुमार सिंह और नेशनल इंटर कॉलेज मच्छटी के प्रवक्ता कमरुद्दीन है। डीआईओएस का व्यवहार एवं आचरण प्रधानाचार्य व शिक्षकों के साथ अमर्यादित है। शिक्षकों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वह आंदोलन को विवश होंगे। प्रतिनिधिमण्डल में चौधरी दिनेश चंद्र राय, जिलाध्यक्ष नारायण उपाध्याय, राणा प्रताप सिंह, सौरभ पाण्डेय, अमित कुमार राय, डा, रेयाज अहमद, रत्नेश कुमार राय, शैलेन्द्र कुमार यादव आदि शामिल रहे।

# संस्थाओं को छात्र-छात्राओं के डाटा को फिर सत्यापित करने के निर्देश

संवाददाता। देवरिया

**जिला** अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नीरज अग्रवाल ने बताया कि नेशनल स्कालरशिप पोर्टल पर अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना हेतु संस्थाओं को छात्र-छात्राओं के डाटा को पुन सत्यापित करने के निर्देश निर्गत किये गये है, जिसके अन्तर्गत शिक्षण संस्थाओं द्वारा गत 31 दिसम्बर तक अपने जिन छात्र- छात्राओं के आवेदन पत्र को अग्रसारित किया है, उन आवेदनों को भारत सरकार द्वारा पुनः संस्था की लॉगिन पर वापस प्रेषित किया गया है, जिसका पुर्नसत्यापन संस्था स्तर से किया जाना है। इस पुर्नसत्यापन के अन्तर्गत संस्थाओं को छात्रों द्वारा अपने आनलाइन आवेदन की हार्ड कापी व उसमें संलग्न समस्त अभिलेखों का संस्था के रिकार्ड से मिलान करना है, साथ ही आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाणपत्र, अंक प्रमाणपत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि समस्त अभिलेखों को विधिवत सत्यापन करने के उपरान्त ही संस्थाओं को छात्र-छात्राओं के आवेदनो को पुर्नसत्यापन करना है। इस सत्यापन में यदि कोई आवेदन पत्र अवैध पाया जाय तो उसे संस्था द्वारा तत्काल रिजेक्ट कर दिया जाए जबकि आवेदन यदि पुर्नसत्यापन उपरान्त सही पाया जाय और कोई अभिलेख यथा आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्रए अंक प्रमाण पत्रए जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड संलग्न नही है या मानवीय त्रुटि है तो उन आवेदनो को संस्था द्वारा अपनी लॉगिंन से डिफेक्टिव आप्शन से डिफेक्ट कर दिया जाए।

# श्रीराम मंदिर निर्माण अभियान कार्यालय का उद्घाटन

संवाददाता। गाजीपुर



**श्रीराम** जन्मभूमि मंदिर निमार्ण अभियान के जनपद कार्यालय का का वैदिक मंत्रों के साथ बुढ़ेनाथ महादेव मंदिर के महंत भोलानाथ जी महाराज ने किया। कार्यक्रम में जिला अभियान प्रमुख विनोद उपाध्याय, विभाग संघचालक सच्चिदानन्द राय, काशीप्रान्त कार्यकारिणी सदस्य भोलेनाथ, दीनानाथ, नारी शक्ति के रूप में ईश्वरी ब्रम्हकुमारी की दीदी निर्मला, व सामाजिक संगठन के व्यक्तियों ने मिलकर यज्ञ आहुति दी। इस मौके पर महंत भोलानाथ ने श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए कारसेवकों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए बताया कि जो श्रंद्धा व आस्था कारसेवकों में था, वही श्रंद्धा व आस्था आज लोगो के मन व मस्तिष्क में देखने और सुनने को मिल रहा है। आज हमारी परिकल्पना पूर्ण होने जा रही है आज हम श्रीराम मंदिर निर्माण हमारे सहयोग से पूर्ण होने जा रहा है। जिसमें हमारे राष्ट्र के करोड़ो श्रंद्धालुओं की आस्था जुड़ी हैए हिन्दुओं के स्वर्णिम इतिहास का ये युग पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा बनेगा। इस क्रम प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य भोलेन जी ने बताया कि हमारी वर्षो के आस्था को मुर्तरूप देने का समय आ गया है। जिसके लिए हम अपना सर्वत्र नेव्यक्षावर करना चाहते ह, इस आस्था व श्रंद्धा में अभिभूत होकर अपना महत्वपूर्ण समर्पण कर इस अभियान को सफल बनावे। इस अवसर पर जिला संघचालक अशोक राय, डा, ओमप्रकाश सिंह, तेजनरायण सिंह, अर्जुन सेठ, ओमप्रकाश तिवारी आदि मौजूद रहे।

दबंगों की दबंगई

# परिवार पर किया हमला, घर में लगाई आग

संवाददाता। तिलोई अमेठी



**मोहनगंज** थाना क्षेत्र के फतेपुर गांव में पहले दबंगों ने पूरे परिवार पर जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।इसके बाद दबंगो को जब इस पर भी संतोष नही हुआ तो घटना के चार दिन बाद दबंगो ने पीड़ित परिवार की कारएस्कूटी व साइकिल को आग के हवाले कर दिया जिससे तीनो वाहन जलकर नष्ट हो गए।मामले पर पीड़ित परिवार ने पुलिस की कार्यशैली पर भी नाराजगी जताई है।पुलिस अधीक्षक अमेठी ने पीड़ित परिवार से मिलकर त्वरित न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।

जानकारी के मुताबिक मोहनगंज थाना क्षेत्र के राजाफतेपुर गांव निवासी देवेंद्र कुमार मिश्रा के परिवार पर बीती आठ जनवरी को दबंगो ने लाठी डंडेए धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था जिसमे देवेन्द्र की माँ कमला देवी एभाई अग्निवेश मिश्राएबुआ राजकुमारी को गंभीर चोटें आई थी।मामले में मोहनगंज पुलिस ने द्विपक्षीय कार्यवाही करते हुए पीड़ित के साथ ही दबंगों की तरफ से भी मुकदमा दर्ज कर लिया था जिससे दबंगो के हौसले बुलंद हो गए थे। मंगलवारध्बुधवार की रात पुन: दबंगो ने पीड़ित के घर पर खड़ी कार में आग लगा दी जिससे पास में खड़ी स्कूटी व साइकिल भी जलकर खाक हो गई।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष मोहनगंज विश्वनाथ यादव ने मामले की पड़ताल की । पुलिस अधीक्षक अमेठी दिनेश सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन देकर मोहनगंज पुलिस को तत्काल आरोपियों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। पुलिस अधीक्षक अमेठी ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तरफसे आरोपियों पर हत्या के प्रयास व आगजनी का मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में गोवंश आश्रय स्थलों की स्थापनाए क्रियान्वयनए संचालन व प्रबन्धन हेतु जनपद स्तरीय अनुश्रवणए मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों से उनके विकासखंड अंतर्गत 4.4 आश्रय स्थल संचालित किए जाने की समीक्षा किया उन्होंने कहा कि जो आश्रय स्थल निर्माणाधीन है उन्हें शीघ्र पूर्ण कर संचालित किया जाए। उन्होने यह भी निर्देशित किया कि पशुओं को हरा चाराए भूसा इत्यादि की व्यवस्था भी सभी गो आश्रय स्थल पर सुनिश्चित करे। उन्होंने प्रभारी सीवीओ को निर्देश दिया कि सहभागिता योजना अंतर्गत जितने भी पशुओं की सुपुर्दगी की गई है उनका नियमित रूप से डाक्टरों द्वारा परीक्षण किया जाए साथ ही उनकी रिपोर्ट भी उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने प्रभारी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को सभी गो आश्रय स्थलों पर स्टॉक रजिस्टर व निरीक्षण रजिस्टर रखने के निर्देश दिएए जिससे किसी भी अधिकारी द्वारा निरीक्षण करने पर उसमें अंकित किया जा सके। चौकीदारों के भुगतान के संबंध में जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि चौकीदारों का भुगतान की कार्यवाही समय से सुनिश्चित की जाएए इसके साथ ही जिलाधिकारी ने ब्लॉक स्तरीय समिति की नियमित बैठक कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठरए प्रभारी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी समस्त खंड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने किसानों को नहीं जलाने दी कृषि बिल की प्रतियां

संवाददाता। बाराबंकी



**भाकियू** के राष्ट्रीय आह्वान पर कृषि कानूनो के खिलाफबुधवार को किसानों बिलों की प्रतियां जलाए जाने के ऐलान पर सुबह से ही प्रशाशनिक अफसर व पुलिस बल मुस्तैद दिखा।प्रतियां जलाने का निश्चित स्थान छाया चौराहा पर दोपहर को जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा व प्रदेश उपाध्यक्ष राम किशोर पटेल के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ता एकत्र हुए और प्रदर्शन करने लगे।पहले से मौके पर मौजूद एसडीएमएसीओ सहित तमाम पुलिस फोर्स से काफी गहमा गहमी के बीच किसानो को प्रतियां नहीं जलाने दी। किसान नेताओ ने भाजपा सरकार को अंग्रेजो की संज्ञा देते हुए जमकर भड़ास निकाली और लोकतंत्र के लिए खतरा बताया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के आह्वान पर बुधवार को छाया चौराहे पर कृषि कानूनो की प्रतियां जलाने का ऐलान किया गया था।इसकी जानकारी मिलते ही पूरा जिला प्रशासन रात से ही एलर्ट था।बुधवार की सुबह से ही एसडीएम नवाबगंज और सीओ सिटी ने भाकियू के छाया स्थित कार्यालय पर तमाम पुलिस फोर्स सहित डेरा डाल दिया था।बावजूद इसके दोपहर तक सैकड़ो कार्यकर्ता कार्यालय पर जमा हो गए।जिलाध्यक्ष अनिल वर्माए प्रदेश उपाध्यक्ष राम किशोर पटेल व हरिनाम सिंह वर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए कार्यालय से कानून विरोधी नारे लगाते हुए अपने निश्चित स्थान पर बढ़ने लगे।छाया चौराहा पहुंचते ही एसडीएम अभय पांडेएसीओ सीमा यादव ने पुलिस बल के साथ किसानों के सामने आ गए और आगे न बढ़ने की अपील की जिसपर किसान नेताओ और अफसरों में काफी देर तक गहमा गहमी होती रही।

# जिपं सदस्य ने किया एक करोड़ तीस लाख की लागत से बनी सड़कों का लोकार्पण

संवाददाता। बाराबंकी



**विधानसभा** जैदपुर के अन्तर्गत शहजादपुर निजामपुर खजुरिहा गोठिया बाकरगंज लोहारपुर में लगभग 1करोड 30लाख की लागत से जनहित में अति आवश्यक मार्गो का उद्घाटन करते हुए जिला पंचायत सदस्य इं कृष्ण कुमार रावत ने कहा कि हमारे द्वारा किए गए सभी कार्य आप सभी को समर्पित है आने वाला समय जैसा भी हो पर हम आपकी सेवा में सदैव ऐसे ही आपके साथ खड़े नजर आएंगे जब भी आपको हमारी जरूरत महसूस हो निसंकोच हमे बताएं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कमी न आए यही हमारी प्राथमिकता रही हैं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सपने को साकार करने के लिए हम निरन्तर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहेंगे अखिलेश यादव का सपना था कि गांव के अंतिम व्यक्ति को भी बिजली पानी सड़क जैसी अन्य सुविधाएं उपलब्ध हों पर आज भाजपा सरकार की मानसिकता जग जाहिर है जो किसान नौजवान विरोधी होने के साथ साथ भारतीय संविधान को भी झूठा साबित कर हमारी संस्कृति को खत्म करना चाहती हैं देश के किसानों को दर दर? की ठोकरें खानी पड़ रही है जंगलराज में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं प्रदेश ही नहीं देश में भय का माहौल? व्याप्त है पर सरकार समाजवादियों के द्वारा किए गए कार्यों को अपना बताकर फीता काटने को ही विकास बता रही हैं।इस अवसर पर प्रधान संघ महामंत्री पवन वर्माएवंशराज वर्मा प्रधानएप्रधान गोठिया फूलचंद वर्माए प्रधान अजपुरा सोमिल वर्माए जितेंद्र वर्मा प्रधानए रमेश बीडी सीएअशोक वर्माए शानू सिंह राजेश यादवए डाण्नारेन्द्र वर्माएकन्धाई लाल रावतए प्रमोद कुमार रावत आदि मौजूद रहे।

# वृद्ध की मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

संवाददाता। लालगंज, प्रतापगढ़

**नेशनल** हाइवे के किनारे मिले वृद्ध के शव को लेकर हत्या की आशंका को लेकर तहरीर दी गई है। परिजनों ने पीएम के बाद मृतक का शव घर पहुंचने पर मुकदमा दर्ज किये जाने की मांग शुरू कर दी। करीब एक घंटे तक हंगामा के बाद परिजन अंतिम संस्कार को राजी हो सके। स्थानीय कोतवाली के बासूपुर गांव मे सोमवार को कालिका प्रसाद तिवारी अचानक लापता हो गया। मंगलवार की सुबह ढकवा पूरे बीरबल के समीप हाइवे के किनारे झाडी मे कालिका का शव मिला। इसके बाद पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजवा दिया। मंगलवार की देर शाम मृतक का शव गांव पहुंचा तो परिजनों मे कोहराम मच गया। बुधवार को मृतक के भतीजे स्व. बंशीलाल के पुत्र मनोज तिवारी ने पुलिस को कालिका प्रसाद की हत्या होने की आशंका को लेकर तहरीर सौपी । परिजन मुकदमा लिखे जाने की जिद पर अड़ गये और शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। सूचना मिलने पर प्रभारी कोतवाल रामअधार तथा लीलापुर चौकी इंचार्ज बंशीधर राय आननफानन मे मृतक के घर पहुंचे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किये जाने का परिजनों को आश्वासन देते हुए घटना का खुलासा का भी भरोसा दिलाया। काफी मानमनौवल के बाद परिजन मृतक का शव घर से अंतिम संस्कार के लिए लेकर निकले। तब कहीं जाकर पुलिस ने राहत की सांस महसूस की। इस बाबत प्रभारी कोतवाल रामअधार का कहना है, तहरीर मिली है घटना की जांच की जा रही है, कार्रवाई होगी।

## किसान मेले में लगी प्रदर्शनी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर ब्लाक मुख्यालय पर बुधवार को किसान मेले तथा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। किसान मेले का शुभारंभ प्रमुख अशोक सिंह बब्लू व खण्ड विकास अधिकारी शमा सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके बाद जैविक खेती तथा कृषक उन्नयन से जुड़ी कल्याणकारी नीतियों पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख अशोक सिंह बब्लू ने किसानो से उन्नतशील पैदावार के लिए जैविक खेती पर जोर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भूमि विकास बैंक लालगंज के अध्यक्ष सूबेदार सिंह ने केन्द्रीय सरकार द्वारा किसानो के हित मे चलाई जा रही योजनाओं का बखान किया। रहमानखेड़ा प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ के वैज्ञानिक डॉ. अनिल जायसवाल ने खेती को उपजपरक बनाए जाने को लेकर किसानो को गुर बताये। कार्यक्रम को राकेश सिंह, डा. विपिन सागर आदि मौजूद रहे।

# ड्राइवर से लूटे सोलह लाख रुपए

संवाददाता। प्रतापगढ़

**बुधवार** सुबह राइस मिल संचालक से बेखौफ बदमाशो ने लूट की घटना को अंजाम दिया। कंधई थाना क्षेत्र के मंगरौरा बाजार में सुबह करीब 9 बजे बाइक सवार बदमाश कारोबारी के ड्राइवर से 15.90 लाख रुपये भरा बैग उस समय लूट लिया जब वह सीढ़ी चढ़ रहा था। पीछा करने पर बदमाशों ने कारोबारी पर फायर भी किया। जानकारी मिलने पर भारी पुलिस के साथ है एसपी भी मौके पर पहुंचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार कंधई इलाके के मंगरौरा बाजार निवासी अमरजीत चौरसिया राइस मिल संचालित करने के साथ ही गल्ले और शराब का भी कारोबार करते हैं। वह बुधवार सुबह करीब 9 बजे जिला मुख्यालय के अपने आवास से मंगरौरा बाजार स्थित कार्यालय पहुंचे। अमरजीत फॉर्च्यूनर गाड़ी से उतरकर लघुशंका के लिए चले गए। उनका ड्राइवर सूबेदार पटेल रुपए से भरा बैग सड़क किनारे पहली मंजिल पर बने ऑफिस में ले जाने लगा। जैसे वह 3 सीढ़ी चढ़ा, लाल व काली पल्सर से आए तो नकाबपोश बदमाशों ने तमंचा सटाकर रुपए से भरा बैग लूट लिया। बदमाश पट्टी की ओर भागे, तभी घटना देख रहे अमरजीत ने फॉर्च्यूनर गाड़ी से उनका पीछा कर लिया। करीब 300 मीटर आगे जाकर फॉर्च्यूनर गाड़ी ने बदमाशों को ओवरटेक किया।अमरजीत अपनी गाड़ी से उतरे ही थे कि बदमाशों ने उन पर फायर झोंक दिया। हालांकि गोली उन्हें नहीं लगी लेकिन वह जमीन पर गिर पड़े। बदमाश ड्राइवर को धमकाने के लिए एक हवाई फायर कर पट्टी की ओर भाग निकले। व्यापारी अमरजीत चौरसिया ने बताया कि उनके बैग में 15.90 लाख रुपए थे। सूचना मिलने पर कंधई, पट्टी, कोहंडौर पुलिस के साथ ही एएसपी पूर्वी सुरेंद्र द्विवेदी और एसपी शिवहरि मीना भी पहुंच गए। एसपी ने व्यापारी और उसके ड्राइवर से 15 मिनट तक बंद कमरे में पूछताछ की। एएसपी ने बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरे से बदमाशों का फुटेज लिया। एसपी शिवहरि मीणा ने बताया कि सीसीटीवी से बदमाशों को चिन्हित किया जा रहा है। संदिग्ध बदमाशों की तलाश में दबिश के लिए पुलिस टीमें गठित की गई हैं। एक अन्य लूट की घटना आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के ढाढर कल्लू चौराहे पर बदमाशों ने तमंचा सटाकर ट्रैक्टर एजेंसी के एजेंट और कोटेदार से की। पीड़ितों ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कंधई थाना क्षेत्र के सहसपुर निवासी चंद्रशेखर तिवारी ट्रैक्टर एजेंसी पर एजेंट हैं। मंगलवार रात रात आठ बजे वह ढांढर से पट्टी वापस आ रहे थे। कल्लू नगर चौराहे पर उनके परिचित कोटेदार विश्वनाथ वर्मा उन्हें मिल गए। दोनों लोग आपस में बात कर रहे थे। इस बीच तीन नकाबपोश बदमाश बाइक से पहुंचे। चंद्रशेखर को तमंचा सटा दिया और जेब से 35 सौ रुपये व मोबाइल फोन फोन छीन लिया।

# किसान को किया गया सम्मानित

संवाददाता। ललितपुर

**राज्यमंत्री** श्रम एवं सेवायोजन विभाग उप्रमनोहर लाल पंथ के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाधिकारी अन्नावि दिनेशकुमार की अध्यक्षता में किसान कल्याण मिशन के अंतर्गत कृषि गोष्ठी का आयोजन विकासखण्ड सभागार महरौनी मेंकिया गया।गोष्ठी के पूर्व राज्यमंत्री सहित अन्य अतिथियों द्वारा परिसर में विभिन्न विभागोंद्वारा लगाये गए स्टॉलों का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात माँ सरस्वती जी के चित्र पर दीपप्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर मंचासीन अतिथियों कापुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया।इसके उपरान्त खण्ड विकास अधिकारी बिरधा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहाकि सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों का कल्याण करना है। इस गोष्ठी का आयोजनकिसानों को खेती के विकास में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की जानकारी प्रदान करने तथाजनपद में कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों को सम्मानित करने के लिए कियागया है।कार्यक्रम में राधाकृष्ण स्वयं सहायता समूह सौजना की अध्यक्षा गुड्डी ने बताया किस्वयं सहायता समूह से जुड़ने के पश्चात उनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में विकास हुआहै। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों में अधिक से अधिक महिलाएं जुड़कर लाभ लें।कार्यक्रम को सम्बोधितकरते हुए जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि आज के कार्यक्रमके आयोजन का उद्देश्य आमजनमानस को सरकारी की जनकल्याणकारी योजनाओं सेअवगत कराना है। योजनाओं की जानकारी होने से आप सभी इन योजनाओं का लाभ लेंसकते हैं। अधिकांश लाभकारी योजनाओं में आवेदन भरने में निर्धारित समयावधि का प्रावधानहोता हैए जानकारी के अभाव के कारण कई पात्र व्यक्ति इन योजनाओं के लाभ से वंचित रहजाते हैंए इसलिए प्रत्येक व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी होनाअति आवश्यक है जिससे पात्र व्यक्तियों को समय से योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।उन्होंने कहा कि जनपद में पूर्व की अपेक्षा इस वर्ष नहरों की सिल्ट सफाई का कार्य बेहतरहुआ है। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सम्बंधित अधिकारियों को अवगत करायें।इसके उपरान्त राज्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि किसान कल्याण मिशनके अंतर्गत आज इस कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया है। पांच कृषकों को गेहूंढकने के लिए तरपाल के वितरण के साथ.साथ कृषि उपकरण वितरित किये गए हैं। उन्होंनेकहा कि वर्तमान सरकार के सत्ता में आने के पश्चात महिलाओं को उज्वला योजना के तहतगैस चूला एवं सिलैण्डर वितरित किये गए हैं। इस सरकार में प्रत्येक व्यक्ति को एक समानदृष्टि से देखा जाता है। सभी विभागों में सरकार द्वारा संचालित किसी न किसी कल्याणकारीयोजना का संचालन किया जा रहा हैं। भारत के प्रधानमंत्री एवं उप्रके मुख्यमंत्री कामुख्य उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना है। हमारे देश की महिलाएं देश के विकास मेंपूर्ण मनोवेग के साथ कार्य कर रही हैं। प्रत्येक व्यक्ति को महिलाओं का सम्मान करना चाहिए।

## ग्रीष्म कालीन सब्जियां उगाने के लिए प्रशिक्षण

**ललितपुर।** लो टनल में ग्रीष्मकालीन सब्जियों की नर्सरी उत्पादन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम बांदा कृषि एवं प्रौधोगिकी विश्वविद्यालय बांदा के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र ललितपुर द्वारा ग्राम खितवांस में जैविक विधि से लो टनल में नर्सरी उत्पादन पर प्रशिक्षण कार्यक्रमआयोजित किया गया ।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषकों को ग्रीष्मकालीन सब्जियों की अगेती पौध तैयार कर अधिक मुनाफा कमाने से है डा अर्चना दीक्षित ने किसानो को बताया की तो टनल के लिए तार या फिर बांस का प्रयोग किया जा सकता है जिसे 2.2०5 मी पर गोत आकार में मोड़ कर नर्सरी बेड पर लगाना है । बेड की चौड़ाई 60.80 सेमी रखी जा सकती है एवं लो टनल की ऊंचाई 60 सेमी रखना चाहिए इस पर सफेद जातीदार कपडा लगा कर मिट्टी में दबा देना चाहिए। इस टनल के अंदर तापमान बाहर की अपेक्षा ज्यादा रहेगा जो कि बीज के जमाव को बढ़ाएगा एवं कीड़े बीमारी को भी नियंत्रित करेगा।

# मेडिकल कॉलेज का निर्माण समय से हो पूरा: डीएम

संवाददाता। प्रतापगढ़

**जिलाधिकारी** डा0 नितिन बंसल ने आज गायघाट रोड के पास निर्माणाधीन मेडिकल कालेज के निर्माण कार्यो की गुणवत्ता की परख हेतु औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर संजय वर्मा से निर्माण कार्य की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी ली तो बताया गया कि मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम द्वारा नामित एजेन्सी शिवांश इन्फ्रास्ट्रक्चर द्वारा किया जा रहा है, मेडिकल कालेज की कुल लागत 213 करोड़ रूपये निर्धारित है जिसमें प्रथम किस्त के रूप में 99.14 करोड़ रूपये की धनराशि प्राप्त हुई है जिसके द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य में अब तक प्रशासनिक भवन, शैक्षिक भवन, स्टाफ रूम, स्टाफ के रहने के लिये आवास, टाईप-2, टाईप-3, टाईप-4, टाईप-5 के आवास तैयार कर लिये गये है, एसटीपी शिवेज की व्यवस्था हेतु एस0के0सी0 कम्पनी से अनुबन्ध किया गया है जिसके द्वारा 5 वर्षो तक इसका संचालन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य पूर्ण होने की अवधि के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त तो प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि फरवरी 2021 तक मेडिकल कालेज के निर्माण का कार्य पूर्ण होना था लेकिन कोविड-19 के कारण निर्माण कार्य पूर्ण होने की अवधि को अगस्त 2021 तक बढ़ा दिया गया है। मेडिकल कालेज में 120 बच्चों के रहने के लिये हास्टल भी तैयार कर लिया गया है। निरीक्षण के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि मेडिकल कालेज तक पहुँचने हेतु कच्चा मार्ग ही बना है जिस पर जिलाधिकारी ने मेडिकल कालेज से पक्की सड़क तक अप्रोच मार्ग बनाने हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि जल निकासी की समस्या भी यहां पर है।

## क्विक न्यूज

### मृत कौवों की बर्ड फ्लू से मरने की जांच रिपोर्ट में पुष्टि नहीं

**बाराबंकी।** गत दिनो तहसील सिरौलीगौसपुर में मृत पाये गये दो दर्जन से अधिक कौवों की मौत बर्ड फ्लू से होने की पुष्टि नही हुई है। बुधवार को मिली रिर्पोट के बाद पशुपालन विभाग ने राहत की सांस ली है।बताया कि तहसील सिरौलीगौसपुर के अंतर्गत बदोसराय के निकट स्थित एक बाग में 8 जनवरी को दो दर्जन से अधिक कौवे मृत पाये गये थें। बर्ड फ्लू की आशंका के आधार पर मृत कौवों की सैंपल परीक्षण हेतु राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग आनन्द नगर भोपाल, मध्य प्रदेश भेजा गया था, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 मार्कडेण्य ने बताया कि परीक्षण उपरान्त जाँच रिर्पोट निगेटिव आयी है। जिससे यह साफहो गया है कि कौवों के मरने का कोई और कारण है। जिसके पश्चात पशुपालन विभाग ने राहत की सांस ली है।

### बकाया वेतन न देने पर कर्मचारी ने डीएम से लगाई गुहार

**जगदीशपुर अमेठी।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित रूनीचा टेकसटाइल के कर्मचारियो द्वारा बकाया वेतन न दिए जाने की शिकायत डीएम से की । कमरौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत रुनीचा टेक्सटाइल का मामला है जहाँ कर्मचारी गया प्रसाद मिश्रा निवासी पूरे मूँगा मजरे जामो जनपद अमेठी ने जिलाधिकारी अमेठी अरुण कुमार को दिए गए प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि उक्त फैक्ट्री में हम सभी लोग काम करते हैं और अपनें परिवार का भरण.पोषण करते हैं जहाँ हम सभी लोगों को पिछले दिनों से वेतन नहीं दिया गया है जिसके समबन्ध में फैक्ट्री मालिक को भी विस्तृत जानकारी दी गई और बकाया राशि देने के लिए औपचारिकताए पूरी करवाई गई लेकिन कोई समाधान नहीं किया गया ।तत्पश्चात थाना कमरौली को भी इस समबन्ध में अवगत कराया गया लेकिन कहीं से भी कोई मदद नहीं हो पाई ।वहीं उन्होंने बताया कि इस समय फैक्ट्री की मशीनो को उखाड़ कर ले जाया जा रहा है जहां कर्मचारियों में काफी आक्रोश है और कहा कि जब सारी मशीनें यहाँ से चली जाएगी तो हमें बकाया वेतन का भुगतान कौन करेगा ।

### ट्रेन की चपेट में आकर बुजुर्ग महिला की हुई मौत

**बाराबंकी।** शौच के लिये सुबह घर से निकली एक बुजुर्ग महिला की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। प्राप्त विवरण के मुताबिक लोनी कटरा थाना क्षेत्र के ग्राम लदई का पुरवा निवासी 62 वर्षीय शिवप्यारी भोर पहर करीब 5 बजे शौच के लिये गांव के पास में स्थित एक खेत मे गई थी वहां से गुजरी रेल लाइन से निकलते समय अत्यधिक कोहरे के कारण जब तक कुछ समझ पाती तब तक वहां से गुज़र रही एक ट्रेन की चपेट में आ गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई सूचना मिलते मौके पर लोनी कटरा पुलिस पंहुची शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम करवाया है।वहीं प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार यादव ने बताया कि ट्रेन से ही कटकर मौत हुई है सूचना मिली थी पोस्टमार्टम कराया जा रहा किसी प्रकार की कोई तहरीर नही मिली है।

### उपनिरीक्षक अंकित त्रिपाठी होंगे स्वाट टीम के अहम हिस्से

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक यमुना प्रसाद ने गैर जिले से स्थानांतरित होकर आए उपनिरीक्षक अंकित त्रिपाठी को पुलिस लाइन से स्वाट टीम में नवीन तैनाती दी है।मंगलवार देरशाम जारी विज्ञप्ति के अनुसार पुलिस अधीक्षक यमुना प्रसाद ने पुलिस की विशेष टीम स्वाट में शामिल किया है।जिले में पुलिस अधीक्षक ने कार्यभार संभालने के बाद जिले में पहली तैनाती की है और इस तैनाती को जनहित में भी बताया है।

### दो शातिर वाहन चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ललितपुर** पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार द्वारा अपराधों की रोकधाम और अपराधियों की धडपकड हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के तहत गिरार पुलिस को भ्रमण के दोरान दो वाहन चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली पुलिस दुवारा वाहन चोर आरोपियों से जिंदा कारतूस के साथ एक 315 बोर का तमंचा और पांच वाहन मोटर साइकिल बरामद किये पकडे गये आरोपी शाकिर पुत्र नूर मुहम्मद और दयालु पुत्र बसू यादव से चोरी गई पांच मोटर साइकिल के साथ साथ एक जिन्दा कारतूस और 315 बोर का तमंचा बरामद किया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार शाकिर पूर्व से ही अपराध में संलिप्त है इस पर जनपद के मदनपुर थाने में दो गिरार में दो सागर में तीन टीकमगढ़ में एक और सदर कोतवाली में एक कुल नौ मामले दर्ज हैं आरोपियों को गिरफ्तार करने में गिरार प्रभारी एस एच ओ आनंद कुमार पांन्डे मनोहर लाल विजय शंकर मिश्रा सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

### पुलिस के हाथ खाली

**बाराबंकी।** बिहार परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक का रुपयों से भरा ब्रीफकेस चोरी होने की घटना के 24 घण्टे बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है।चोर का सीसीटीवी फुटेज होने बाद भी पुलिस अभी तक चोर का पता लगाने में नाकाम दिख रही है।प्राप्त विवरण मुताबिक सफदरगंज थाना क्षेत्र के जलालपुर स्थित एक ढाबे पर मंगलवार की सुबह बिहार परिवहन की एक बस आकर रुकी थी उसमें पटना के रोडवेज के आरएम पवन कुमार शांडिल्य का रुपयों से भरा ब्रीफकेस एक चोरलेकर फुर्र हो गया था उसके बाद हड़कम्प मच गया था सूचना पर क्षेत्राधिकारी सदर आरएस सोनकर सफदरगंज थाने की पुलिस व स्वाट टीम ने मौके का जायज़ा लिया था और शीघ्र खुलासे के लिये एसपी ने पुलिस टीमे गठित की थी एसओ सफदरगंज श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीमे लगी हुई है शीघ्र ही खुलासा कर दिया जाएगा।

### दुर्घटना मे व्यापारी की मौत, पुत्र रेफर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ठेला व्यापारी की दुर्घटना मे दर्दनाक मौत हो गयी। कोतवाली के कैथौला गांव निवासी इंद्रपाल सरोज 50 अपने पुत्र कुलदीप 24 के साथ लालगंज मे ठेले पर चाऊमीन की बिक्री किया करता था। मंगलवार की रात करीब पौने दस बजे पिता पुत्र दुकान बंद कर बाइक से घर जा रहा था। रास्ते मे नेशनल हाइवे लखनऊ वाराणसी के मेढावां गांव के समीप पीछे से आ रही एक तीव्र गति के वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना मे पिता पुत्र जख्मी हो गये। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को स्थानीय सीएचसी इलाज के लिए ले आयी। यहां चिकित्सको ने घायल इंद्रपाल को मृत घोषित कर दिया। इधर गंभीर रूप से घायल मृतक के बेटे कुलदीप को चिकित्सको ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतक का शव पंचनामा कर पीएम के लिए बुधवार को जिला अस्पताल भेजवाया। इधर दुर्घटना की जानकारी होने पर मृतक के परिजनों मे चीखपुकार मच गयी।

### हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक यमुना प्रसाद के निर्देशानुसार विशेष धर.पकड़ अभियान के तहत कुर्सी पुलिस ने एक इनामी व हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार किया है और हिस्ट्रीशीटर के पास से अवैध तमंचा भी बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक कुर्सी शशिकांत यादव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने थाने के हिस्ट्रीशीटर सहजराम उर्फटाइगर पुत्र कालीचरण निवासी अनवारी कुर्सी को गिरफ्तार किया है सहजराम कुर्सी थाने में हिस्ट्रीशीटर बदमाश है और विभिन्न थानों उसके विरुद्ध 11 आपराधिक मुकदमे दर्ज है। दूसरे शातिर बदमाश राहुल वर्मा पुत्र राजेंद्र वर्मा निवासी इसरौली थाना फतेहपुर के पास से पुलिस का दावा किया है।राहुल काफी शातिर किस्म का बदमाश बताया जा रहा उसपर पुलिस ने गिरफ्तारी के लिये दस हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। उसके ऊपर यूपी गैंगस्टर एक्ट लगा हुआ है और वह लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार था दोनो ही बदमाशों को जेल भेजने की पुलिस कार्यवाई कर रही है।

### खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता हुई आयोजित

**अमेठी** । जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल द्वारा आज विकासखंड स्तरीय ग्रामीण खुली महिलाध्पुरुष खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन श्री कालू बाबा जूनियर हाई स्कूलए रामगंज विकासखंड. जामो जनपद. अमेठी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व जेष्ठ प्रमुख विकासखंड जामो द्वारा किया गया।